दैनिक

# लोकमित्र

सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :30

प्रतापगढ़ | सोमवार , 2 दिसम्बर -2024

पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री ने बीएसएफ स्थापना दिवस पर दी शुभकामना- साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सतर्कता और साहस हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में योगदान करते हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में लिखा, ÷सीमा सुरक्षा बल को उनके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! बीएसएफ रक्षा की महत्वपूर्ण पंक्ति के रूप में खड़ा है, जो साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। उनकी सतर्कता और साहस हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में योगदान करते हैं।बीएसएफ, जो लगभग 2.65 लाख कर्मियों की ताकत के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है, हर साल 1 दिसंबर को स्थापना दिवस मनाता है।

### भारतवंशी काश पटेल को ट्रम्प ने बनाया एफबीआई का डायरेक्टर, भरपूर विश्वास जताया



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतवंशी कश्यप काश पटेल को जांच एजेंसी 'फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (एफबीआई) का अगला डायरेक्टर नियुक्त किया है। ट्रम्प ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इसकी घोषणा की। पोस्ट में ट्रम्प ने काश पटेल के पिछले कामों की तारीफ भी की। ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान काश पटेल रक्षा मंत्रालय में चीफ ऑफ स्टाफ, नेशनल इंटेलिजेंस में डिप्टी डायरेक्टर और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल में आतंकवाद विरोधी कार्यक्रमों के सीनियर डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं।ट्रम्प के बेहद भरोसेमंद भारतवंशी काश पटेल एफबीआई डायरेक्टर पद पर 20 जनवरी 2025 को नई सरकार के कार्यकाल के साथ काबिज हो जाएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ऽ लेटफॉर्म पर लिखा, ÷मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि कश्यप 'काश' एफबीई के अगले निदेशक के रूप में काम करेंगे। काश एक शानदार वकील, इंवेस्टिगेटर और 'अमेरिका फर्स्ट' वॉरियर हैं, जिन्होंने अपना करियर भ्रष्टाचार उजागर करने, न्याय की रक्षा करने और अमेरिकी लोगों की रक्षा करने में बिताया है।÷काश पटेल का पूरा नाम कश्यप पटेल है।

### जय शाह संभालेंगे आईसीसी चेयरमैन का पद, शीर्ष पद पर पहुंचने वाले 5वें भारतीय



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** बीसीसीआई सचिव जय शाह आज (01 दिसंबर) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन का पद संभालेंगे। वे मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले का स्थान लेंगे। क्रिकेट की इस शीर्ष संस्था के सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाले जय शाह पांचवें भारतीय हैं।उल्लेखनीय है कि जय शाह 27 अगस्त, 2024 को आईसीसी चेयरमैन चुने गए। उनका चयन निर्विरोध हुआ। आईसीसी चेयरमैन का पद संभालने के लिए जय शाह को बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा। उन्होंने 2019 में बीसीसीआई सचिव का पद संभाला था। हालांकि अभी बीसीसीआई की तरफ से साफ नहीं है कि जय शाह के बाद बोर्ड में सचिव पद की जिम्मेदारी कौन संभालेगा।जय शाह आईसीसी के शीर्ष पद तक पहुंचने वाले पांचवें भारतीय हैं। सबसे पहले जगमोहन डालमिया भारत की तरफ से 1997 से 2000 के बीच आईसीसी के अध्यक्ष रहे। इसके बाद वरिष्ठ राजनेता शरद पवार ने 2010 से 2012 तक आईसीसी अध्यक्ष के रूप में काम किया। फिर उद्योगपति तथा चेन्नई सुपर किंग्स के सहमालिक एन श्रीनिवासन ने 2014 से 2015 के बीच आईसीसी चेयरमैन की भूमिका निभाई। इसके बाद शशांक मनोहर ने 2015 से 2020 तक आईसीसी चेयरमैन के रूप में काम किया।उल्लेखनीय है कि आईसीसी ने 2016 में संस्था का अध्यक्ष पद खत्म कर उसे चेयरमैन में बदल दिया था। जहीर अब्बास आईसीसी के आखिरी अध्यक्ष थे। आईसीसी ने पहली बार 2014 में चेयरमैन नियुक्त किया था, तब एन श्रीनिवासन को यह जिम्मेदारी मिली थी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायिक आयोग के सदस्यों ने किया संभल में हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा

**● जांच जारी रहेगी**



**संभल ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले महीने शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच चल रही है। इसके लिए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच समिति गठित की गयी थी, जिसमें रविवार को इलाके का दौरा किया। आयोग के प्रमुख एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अरोड़ा और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन ने कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद सहित शहर के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया।आयोग के तीसरे सदस्य पूर्व आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद रविवार के दौरे के दौरान मौजूद नहीं थे। अरोड़ा और जैन के साथ मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी, संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार भी थे।

संभल का दौरा पूरा होने के बाद अरविंद कुमार जैन ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जांच जारी रहेगी, यह दो महीने तक जारी रहेगी। बता दें, आयोग को दो महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है।संभल हिंसा की जांच कर रही न्यायिक जांच समिति के सदस्य और उत्तर प्रदेश के पूर्व ष्ठत्रक्क ए.के. जैन ने कहा, ÷जांच जारी रहेगी, यह दो महीने तक जारी रहेगी।आयोग इस बात की जांच कर रहा है कि क्या पिछली 24 नवंबर को हुई हिंसक झड़पें स्वतःस्फूर्त थीं या किसी सुनियोजित आपराधिक साजिश का हिस्सा थीं। इसके साथ ही स्थिति को संभालने में पुलिस और प्रशासन की तैयारियों की भी जांच होगी। आयोग हिंसा के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों का भी विश्लेषण करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपायों की सिफारिश करेगा।संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान चार लोगों की मौत हो गई थी और अनेक अन्य घायल हो गए थे। सर्वेक्षण का आदेश एक याचिका पर दिया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि मस्जिद स्थल पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।

# महाराष्ट्र सीएम पर सस्पेंस बरकरार

**▶▶ एकनाथ शिंदे ले सकते हैं बड़ा फैसला**



**मुंबई, एजेंसियॉ।** महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर हो रही राजनीति पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। शपथ ग्रहण समारोह की घोषणा के बाद भी सीएम पद के उम्मीदवार के नाम पर सस्पेंस बना हुआ है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस सबसे आगे हैं। अजित पवार ने भी कह दिया है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। इन सब के बीच अटकलें हैं कि पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे नयी सरकार को आकार देने के तौर-तरीकों से वह खुश नहीं हैं। उनकी पार्टी के एक नेता ने कहा है कि वह जल्द कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं।प्रदेश भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले शनिवार को घोषणा की कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा। उन्होंने बताया कि समारोह दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में शाम पांच बजे होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस समारोह में शामिल होंगे।अभी तक यह घोषणा नहीं की गई है कि महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कौन होगा, लेकिन भाजपा सूत्रों ने बताया कि फडणवीस इस शीर्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। एक भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी के विधायक दल का नेता चुनने के लिए दो दिसंबर को बैठक होगी। उन्होंने कहा कि इस बार फडणवीस को मुख्यमंत्री पद मिलने की संभावना है। एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने शनिवार को कहा, %महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा और महायुति के अन्य घटकों से दो उपमुख्यमंत्री होंगे।मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम पर सस्पेंस के बीच, शिंदे के करीबी एवं शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार तक कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं। मंत्रालय आवंटित करने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनकी पार्टी को गृह विभाग मिलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि शिंदे को दरकिनार करने की कोशिशें की गई।बता दें, शिंदे ने स्पष्ट कर दिया था कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री पद पर कोई भी फैसला उन्हें स्वीकार्य होगा। लेकिन उनपर शिवसेना नेताओं के एक समूह का दबाव है, जो मानते हैं कि उन्हें उप मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहिए, क्योंकि वह दो साल से अधिक समय से मुख्यमंत्री हैं। पार्टी नेताओं का एक और समूह इस बात पर जोर दे रहा है कि उन्हें नयी सरकार का हिस्सा होना चाहिए।

# ब्रिक्स देशों को ट्रम्प की धमकी

**● नई करेंसी बनाई तो लगा देंगे सौ फीसदी टैरिफ**



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को ब्रिक्े स देशों को धमकाया है। ट्रम्प ने धमकी दी है कि अगर ब्रिक्े स देश अपनी कोई नई करेंसी लेकर आते हैं और अमेरिकी डॉलर से ेयापार नहीं करते तो उन पर सौ फीसदी टैरिफ लगाया जा सकता है। ब्रिक्स के सदस्य देशों में भारत के साथ-साथ रूस, चीन, ब्राजील, साउथ अफ्रीका, मिस्र, ईरान, यूएई और इथियोपिया शामिल हैं।नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पद संभालने से पहले ही अपने तेवर दिखा दिए हैं।

ट्रम्प ने मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, %हमें इन देशों से एक प्रतिबद्धता की जरूरत है कि वे न तो एक नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर को बदलने के लिए किसी अन्य मुद्रा को वापस लेंगे या उन्हें 100त्न टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। या फिर अमेरिका के बाजार को अलविदा कहना होगा।इसके साथ ही उन्‍होंने लिखा, %ऐसे देश किसी अन्‍य मार्केट की तलाश कर सकते हैं। ऐसी कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह ले लेगा और जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा उसे अमेरिका को अलविदा कह देना चाहिए।खास बात यह है कि हाल के महीनों में ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर के बजाय अपनी नई करेंसी या अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पिछले महीने ही ब्रिक्स समिट हुआ था जिसमें नई करेंसी पर चर्चा हुई थी। मगर डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी के बाद ब्रिक्स देशों को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है।उल्लेखनीय है कि इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की कि पदभार ग्रहण करते ही वह कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि वह तब तक टैरिफ लागू रखेंगे, जब तक दोनों देश अपने क्षेत्रों से अवैध रूप से अमेरिका में ड्रग्स और अप्रवासियों के प्रवाह को नहीं रोकते।

**▶▶ ▶▶ अरविंद केजरीवाल का दावा**

# अमित शाह ने करवाया उन पर हमला

**▶▶ नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर भी उठाए सवाल**




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** अरविंद केजरीवाल पर शनिवार रात मालवीय नगर में पद यात्रा के दौरान एक व्यक्ति ने तरल पदार्थ फेंका। इस घटना पर आम आदमी पार्टी ने राजनीति शुरू कर दी है। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने दावा किया है कि अमित शाह ने उनपर यह हमला कराया है क्योंकि उन्होंने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया था।

दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में पूर्व सीएम ने कहा, %मैंने दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया तो अमित शाह ने कल मुझपर ही हमला करा दिया।% उन्होंने कहा कि मुझ पर तरल पदार्थ फेंका गया, यह हानिरहित था, लेकिन यह हानिकारक हो सकता था। पिछले 35 दिन में मुझ पर हुआ यह तीसरा हमला है।दिल्ली में गैंगस्टरों का कब्ज़ा, केजरीवाल जी ने सवाल उठाया तो उन्हीं पर हमला करवा दिया केजरीवाल ने 'आप' विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी की भी आलोचना की, जिन्होंने पहले गैंगस्टरों द्वारा जबरन वसूली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। केजरीवाल ने कहा, %कल हमारे एक विधायक को गिरफ्तार किया गया। उसका (नरेश बाल्यान) कसूर यह था कि वह बदमाशों का शिकार हुए। उन्हें एक से दो साल पहले बदमाशों से फिरौती और धमकियों के लिए कॉल आए थे। उन्होंने इसकी कई शिकायतें दिल्ली पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया और कल उन्हें ही गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर यह संदेश देने का भी आरोप लगाया कि अपराधियों के बजाय शिकायतकर्ताओं को ही गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, %नरेश बाल्यान को गिरफ्तार कर अमित शाह ने दो संदेश दिए। एक अगर कोई गैंगस्टर की शिकायत करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दूसरा गैंगस्टरों को भी संदेश दिया है कि अमित शाह उनकी सुरक्षा करेंगे, उन्हें कुछ नहीं होने देंगे।केजरीवाल ने अमित शाह को चैलेंज करते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो दिल्ली के गैंगस्टरों और गुंडों को गिरफ्तार करके दिखाइये। महिलाओं के साथ बलात्कार करने वालों को गिरफ्तार करके दिखाइये। आखिर में उन्होंने गृह मंत्री से सवाल किया कि मुझपर हमला कराकर और मेरे विधायक को गिरफ्तार करके क्या दिल्ली के लोग सुरक्षित हो जायेंगे? इसी के साथ उन्होंने दिल्ली के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए असली अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले जारी

**● इस्कॉन के दुनियाभर के मंदिरों में हुई विशेष प्रार्थना**

**● इस्कॉन की प्रशासनिक निकाय बांग्लादेश के इस्कॉन के संपर्क में**



**कोलकाता ,एजेंसियॉ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं, बौद्ध और जैन समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब इन हमलों के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। चिन्मय कृष्ण दास प्रभु समेत इस्कॉन से जुड़े चार ब्रह्मचारियों को भी बांग्लादेश की सरकार ने गिरफ्तार कर लिया है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और उनकी सुरक्षा के लिए दुनिया भर के इस्कॉन मंदिरों में रविवार को विशेष प्रार्थना आयोजित की गई। बांग्लादेश मुद्दे पर इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी के कमिश्नर गौरांग दास ने कहा कि, %जो कीर्तन हम हर रविवार को आयोजित करते हैं, वह आज बांग्लादेश के सभी भक्तों और हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए किया गया। साथ ही भारत के नेतृत्व, बांग्लादेश में हिंदुओं के नेतृत्व के लिए विशेष कीर्तन किया गया। इस्कॉन और इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी एक दूसरे के संपर्क में हैं। बांग्लादेश में मौजूद भारत के उच्चायुक्त भी हालात बेहतर करने के लिए सभी के संपर्क में हैं और मिलकर काम कर रहे हैं।इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन ने बताया कि %अब तक बांग्लादेश में 4 इस्कॉन ब्रह्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में से दो चिन्मय दास प्रभु को दवा देने गए, लेकिन पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। चिन्मय दास के सचिव को भी गिरफ्तार किया गया है। पहले एक मंदिर बंद कर दिया गया था, कल एक और मंदिर नष्ट कर दिया गया। उन्होंने गिरफ्तारी का कोई कारण नहीं बताया है। सभी इस्कॉन स्वयंसेवक आज असहाय महसूस कर रहे हैं। हमारे 150 देशों में मंदिर हैं, 850 बड़े मंदिर, एक हजार से अधिक सेंटर्स और करोड़ों इस्कॉन भक्त बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।26 नवंबर को बांग्लादेश के सनातनी जागरण जोत संगठन के प्रवक्ता और पुंडरीक धाम के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जिसे लेकर बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार की खूब आलोचना हुई। हालांकि गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेशी इस्कॉन ने चिन्मय कृष्ण दास प्रभु से दूरी बना ली है। बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग उठी थी, लेकिन बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने इससे इनकार कर दिया।बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद से ही बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं। इसके खिलाफ बांग्लादेश के हिंदुओं ने कई बार विरोध प्रदर्शन किया। ये विरोध प्रदर्शन सनातनी जागरण जोत संगठन के बैनर तले ही हुए, जिसके प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास प्रभु हैं। बीते दिनों चटगांव में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान चिन्मय कृष्ण दास समेत 19 लोगों के खिलाफ बांग्लादेश के राष्ट्रध्वज के अपमान के आरोप में राजद्रोह का मामला दर्ज हुआ था। इसी मामले में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी हुई थी। इस गिरफ्तारी के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई, जिसमें एक वकील की मौत हो गई थी।

## प्रजनन दर में गिरावट चिंताजनक - डॉ. मोहन भागवत



**नागपुर, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने जनसंख्या वृद्धि दर (प्रजनन दर) में गिरावट पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि घटती जनसंख्या दर चिंता का विषय है। जनसांख्यिकी के नियमों के मुताबिक जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए।नागपुर में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि आधुनिक जनसंख्या विज्ञान के अनुसार जब किसी समाज की संख्या वृद्धि (प्रजनन दर) 2.1 से कम हो जाती है तो वह समाज संसार से विलुप्त हो जाता है। यदि उस समाज पर कोई संकट न आये तो भी वह समाज विलुप्त हो जाता है। इस प्रकार अनेक भाषाएँ, अनेक समाज नष्ट हो गये। उन्होंने कहा कि इसलिए जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। हमारे देश ने जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तैयार की थी। इसमें कहा गया है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। यदि हम 2.1 जनसंख्या वृद्धि दर पर विचार करें, तो हमें दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है। तीन तो होने ही चाहिए। जनसंख्या विज्ञान यही कहता है। भागवत ने कहा कि समाज के जीवित रहने के लिए संख्याएं महत्वपूर्ण हैं।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार बंद हो - माणिक साहा



**अगरतला (त्रिपुरा), (हि.स.)।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ.) माणिक साहा ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है वह बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वहां की अंतरिम सरकार को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। मुख्यमंत्री माणिक साहा रविवार को यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।मुख्यमंत्री साहा ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दू पुजारी एवं संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसको लेकर त्रिपुरा के साथ ही पूरे भारत में आक्रोश है। मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार जेल में बंद उग्रवादियों को छोड़ दिया गया है, वह अत्यंत चिंता का विषय है। जेल से निकलने के बाद ये कहां हैं इसका कोई अता-पता नहीं है।माणिक साहा ने कहा कि त्रिपुरा तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा हुआ है। बांग्लादेश में अपराधियों को इस प्रकार छोड़ दिया जाना त्रिपुरा के लिए भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार पूरी स्थिति पर नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दिनों में बांग्लादेश की जीडीपी काफी ऊपर जा रही थी, लेकिन आज यह लगातार धराशाही हो रही है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को स्थिति को नियंत्रित करनी चाहिए।

# चक्रवात फेंजल के बाद सेना ने पुडुचेरी में बचाव अभियान चलाकर 100 नागरिकों को बचाया

**▶▶ बाढ़ पीड़ितों को आवश्यक चिकित्सा सहायता, भोजन और पीने का पानी उपलब्ध कराया गया**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चक्रवात फेंजल आने के बाद लगातार बारिश से पुडुचेरी के कुछ हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण भारतीय सेना बचाव और राहत अभियान चला रही है। सेना के जवानों ने बचाव अभियान के दौरान बाढ़ में फंसे हुए 100 नागरिकों को बचाया है। प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना नागरिक प्रशासन को हर तरह की सुविधाएं मुहैया करवा रही है। बचाए गए सभी व्यक्तियों को आवश्यक चिकित्सा सहायता, भोजन और पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।सेना ने एक बयान में बताया कि चक्रवात फेंजल के बाद पुडुचेरी के जिला कलेक्टर के बुलावे पर चेन्नई से भारतीय सेना के जवानों को भेजा गया। मेजर अजय सांगवान के नेतृत्व में 70 सदस्यीय राहत एवं बचाव टीम रविवार को सुबह 05ः30 बजे पुडुचेरी पहुंची। गंभीर रूप से बाढ़ग्रस्त कृष्णा नगर क्षेत्र में सुबह 06ः15 बजे बचाव अभियान शुरू हुआ, जहां पानी का स्तर 5 फीट तक बढ़ गया था। इस टीम ने अटूट समर्पण का परिचय देते हुए 100 फंसे हुए नागरिकों को बचाया है। प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहत प्रयास जारी हैं।भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने बताया कि पुडुचेरी में चक्रवात फेंजल के कारण आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी राहत और बचाव अभियान चला रही है। भारतीय सेना इस आपदा के दौरान फंसे हुए लोगों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुडुचेरी में भारतीय सेना का बचाव अभियान जोरों पर है, जिसमें एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राज्य बचाव दल के समन्वित प्रयास शामिल हैं।

# महाकुम्भ को ईकोफेंडली स्वरूप दे रहे हैं अन्य प्रदेशों से आए श्रमिक

## बांस और लकड़ी से साधु संतो और अखाड़ों के शिविर और प्रवेश द्वार का कर रहे हैं निर्माण

**बिहार ,गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आए 25 हजार से अधिक कारीगर और श्रमिक दे रहे हैं सेवा**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जनवरी 2025 से संगम की रेती पर आस्था का महा समागम महाकुम्भ आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में पुण्य का भागीदार बनने के लिए देश विदेश से लाखों लोग प्रयाग की इस पुण्य भूमि में वास करेंगे। इसके लिए यहां बड़ी संख्या में अस्थाई शिविरों का निर्माण हो रहा है। कई राज्यों से कामगार और श्रमिक इसमें अपनी सेवा दे रहे हैं। यानी महाकुम्भ दूसरे प्रदेश से आए हजारों लोगों के लिए भी रोजगार का माध्यम बन रहा है। यही नहीं, दूसरे प्रदेशों से आए ये श्रमिक यहां इको फेंडली शिविरों के निर्माण में भी अपना योगदान दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य भव्य, स्वच्छ और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान कर रही है। सरकार की मंशा कुम्भ मेला क्षेत्र को पॉलीथीन मुक्त रखने की है। सरकार की इस मंशा को आगे बढ़ा रहे हैं यहां अस्थाई शिविर लगाने वाली संस्थाएं और साधु संत। अपर कुम्भ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि महाकुम्भ क्षेत्र में इस बार 8 हजार से अधिक संस्थाएं बसनी हैं जो पिछले कुम्भ की तुलना में डेढ़ गुना अधिक हैं। इन संस्थाओं में 4500 संस्थाएं ऐसी हैं जो महाकुम्भ में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए अपने शिविर लगाती हैं। इन सभी संस्थाओं ने अपने अपने शिविर निर्माण में इस बार बांस से बने शिविर और प्रवेश द्वार निर्माण को प्राथमिकता दी है। शास्त्री पुल के नीचे शिविर का निर्माण करा रहे देवरहा बाबा न्यास मंच के महंत राम दास का कहना है कि महाकुम्भ हो या माघ मेला त्याग और संयम के साथ त्रिवेणी की रेती पर वास करने की परम्परा रही है। इसके लिए कुटिया संस्कृति का भाव बांस से बने शिविरों में ही आता है। इसलिए धार्मिक संस्थाओं में बन रहे शिविरों में ईको फेंडली शिविर बनाने को प्राथमिकता दी जा रही है।

### श्रमिकों और कामगारों के लिए रोजगार का जरिया बना महाकुंभ

### इस बार चार हजार हेक्टेयर में

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेला बसाया जा रहा है। मेला क्षेत्र में 25 सेक्टर बनाए जा रहे हैं और हर सेक्टर में 400 से अधिक संस्थाएं बसाई जा रही हैं। इन संस्थाओं को बसाने में हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। बाहर के प्रदेशों से आए कामगारों के अलावा स्थानीय स्तर पर भी हजारों लोगों को इससे काम मिला है। स्थानीय स्तर पर दारागंज, हेतापट्टी, मलवा छतनाग, झूंसी में माघ मेला में शिविरों का निर्माण करने वाले कारीगरों की यहां बहुत मांग है। इसके अलावा टेंटेज का काम करने वाले स्थानीय लोगों को भी महाकुंभ से रोजगार मिल रहा है।

अखाड़ा क्षेत्र में श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी में भी 32 कॉटेज बन रही हैं जो बांस के हैं।

इन शिविरों और प्रवेश द्वार को तैयार करने के लिए देश के पांच से अधिक राज्यों से कारीगर और श्रमिक भी महाकुम्भ आए हैं। बिहार , गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश से 25 हजार से अधिक लोग इस समय महाकुम्भ में इस कार्य में लगे हैं। बिहार के पूर्णिया से आए शिविर बनाने वाले कारीगर शंभू का कहना है कि बिहार के चार जिलों से सात हजार से अधिक लोग महाकुम्भ में यह काम कर रहे हैं। शिविर की कुटिया, यज्ञशाला और एकांत साधना कक्ष के निर्माण के लिए बांस और सरपट से बनाए जा रहे शिविरों की मांग अधिक है। अखाड़ों में कॉटेज बना रहे रजत निषाद कहते हैं कि 15 दिनों के अंदर उन्हें 32 कुटिया निर्माण करने का काम मिला है।

# रामायण मेला में भारत के सर्वांगीण विकास में युवा शक्ति की भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुरधाम में राष्ट्रीय रामायण मिले के चौथे दिन महिला सशक्तिकरण सामाजिक उत्थान का अभिनय प्रयोग युवा सक्ति की भूमिका के कार्यक्रम में डॉ जेपी श्रीवास्तव, डॉ एसके त्रिपाठी, रामायण मेला के अध्यक्ष डॉ बालकृष्ण पांडे व बायो वेद संस्थान के डायरेक्टर डॉक्टर बृजेश कांत द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जेपी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को रामायण से सीखना चाहिए कि किस प्रकार से महिलाओं के सम्मान में प्रभु श्री रामचंद्र जी ने कार्य किया था उन्होंने शबरी के झूठे बेर खाकर के एकता का परिचय दिया। डॉ बृजेश कांत द्विवेदी ने बताया की आयुर्वेद संस्थान के माध्यम से आज की युवाओं को महिलाओं को रोजगार से जोड़कर कि उनको मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। क्योंकि जब सब रोजगार से जुड़े रहेंगे तो उनके भरण पोषण में उनका सहायता मिलेगी तो वह समाज का उत्थान के संदर्भ में सहयोग करेंगे। प्रधान संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने सभी ग्राम सभा के प्रधान लोगों के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। रामायण मेला के अध्यक्ष डॉ बालकृष्ण पांडे, उपाध्यक्ष सिया राम सरोज, संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी ने सभी प्रधान लोगों को अंग वस्त्र भेंट कर प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के बाद राम कथा के मर्मज्ञ दंडी स्वामी श्री विनोद आनंद सरस्वती जी महाराज जी ने राम कथा पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में कथा वाचक पंडित राजेश शुक्ला, छत्तीसगढ़ से आई कथावाचक कौशल्या, रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी, प्रधान राजेश कुमार सोनी, लाली सिंह, राजेश सरोज, उमेश गुप्ता, अजय शुक्ला, रामचंद्र यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बौद्ध श्रद्धालुओं की टूरिस्ट वैन रोड रोलर से टकराई

## दर्जन भर बौद्ध श्रद्धालु घायल निजी अस्पताल में कराया गया इलाज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा,कौशाम्बी।** दिल्ली से कौशाम्बी भ्रमण पर आए बौद्ध श्रद्धालुओं की टूरिस्ट गाड़ी कोखराज थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर चल रहे रोड रोलर से टकरा गई,हादसे में दर्जन भर टूरिस्ट घायल हो गए,मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में इलाज कराया और अपनी गाड़ी से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की।इस दौरान कोई भी श्रद्धालु गंभीर घायल नहीं हुआ।

जानकारी के मुताबिक टूरिस्ट बस से दिल्ली से चलकर बौद्ध श्रद्धालुओ का एक जत्था कौशाम्बी जिले के बौद्ध स्थलों के भ्रमण के लिए जा रहा था जैसे ही वह कोखराज थाना के पास पहुंचे उनकी टूरिस्ट वैन एक रोड रोलर से टकरा गई,टक्कर से टूरिस्ट वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,हादसे के बाद श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई,मौके पर पहुँचे स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में अपने साधन से ले गयी और भर्ती कराया,जहा उनका इलाज कर उन्हें निजी साधन से कौशाम्बी बौद्ध स्थल के लिए रवाना कर दिया।घटना के संबंध में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि बौद्ध श्रद्धालुओं की एक टूरिस्ट वैन दिल्ली से कौशाम्बी भ्रमण के लिए आई थी,कोखराज थाना के पास वह रोड रोलर से टकरा गई।

जिसमे दो श्रद्धालु घायल हुए है,जिनका इलाज कराकर निजी साधन से कंबोडिया बौद्ध विहार कौशाम्बी के लिए भेज दिया गया।

# ग्राम पंचायत में हाई स्कूल व इंटर की टॉपर छात्राओं का हुआ सम्मान



**प्रयागराज।** लोक कल्याण विकास मंच गैंदा द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में ग्राम पंचायत उमरिया बादल उर्फ़ गैंदा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली दो छात्राओं संचिता यादव व निहारिका पाण्डेय को सम्मानित किया गया।

लोक कल्याण विकास मंच गैंदा एक स्वयंसेवी संस्था है जो कि पूर्णतया गैर राजनीतिक है और जन कल्याण का कार्य करती रहती है। उसी कड़ी में मंच द्वारा घोषित किया गया था कि वर्ष 2024 की हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा में जो भी विद्यार्थी ग्राम पंचायत उमरिया बादल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करेंगे ऐसे विद्यार्थियों को मंच द्वारा साइकिल एवं कलाई घड़ी देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाएगा। जिससे ग्राम पंचायत के अन्य विद्यार्थी उनका अनुकरण कर सके और आने वाले समय में वह भी अत्यधिक परिश्रम करके हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट तथा अन्य परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर सकें।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रधान बुंदेल सिंह के अलावा समारोह में पूर्व प्रधान शिवाकांत मिश्र, पूर्व प्रधान राधेश्याम मौर्य, सेवानिवृत शिक्षक राज नारायण पाण्डेय, हरि ओम मिश्र तथा मंच के अध्यक्ष मल्लू यादव, उपाध्यक्ष संतोष सिंह, राजेश कुमार उर्फ मुन्ना शुक्ल, बृजेश कुमार उर्फ बीरबल मिश्र, संजय सिंह, इंद्र बहादुर सिंह, दीपक पाण्डेय, अनुज पाण्डेय, अजीत सिंह, संजय यादव, आशीष सिंह, बबलू सिंह, राजा रंगीला, दीपू बलुआ, लल्ला विश्वकर्मा, सूरज बलुआ, नंदलाल, कमल तिवारी, विजय कुमार, मिठाई लाल मोहम्मद असलम, सद्दाम एवं अनन्त राम कुशवाहा सहित ग्राम सभा के बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर वाली दो मारुति वैन में लगी आग

## कब्रिस्तान के पास खड़ी गाड़ियां जलीं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** चकिया मुहल्ले में रविवार की दोपहर सड़क किनारे खड़ी दो मारुति वैन में आग लगने अफरातफरी मच गई। पहले एक वैन से लपटें उठीं। कुछ ही मिनट में आग ने पूरी वैन को चपेट में ले लिया। भीषण लपटें उठने की वजह से सड़क पर यातायात रोक दिया गया। इसके बाद पीछे खड़ी दूसरी वैन में आग लग गई। हालांकि तब सूचना पर फायर सर्विस की गाड़ी पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया।घटना चकिया कब्रिस्तान के पास हुई। दोनों ही गाड़ियों में गैस सिलेंडर लगे थे। अवैध तरीके से गैस सिलेंडर रिफलिंग कर वैन चलाई जा रही थीं। इन्हीं वैनों से स्कूली बच्चों को पहुंचाया जाता है। रविवार होने की वजह से गाड़ियों को कब्रिस्तान बाउंड्री के पास खड़ा कर दिया गया था। गनीमत रही कि वैन में लगे गैस सिलेंडर फटे नहीं अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता।

# फोर्ड स्कूल ने जीता मैच व फ्रेंड्स क्लब ने जीती सीरीज



**प्रयागराज।** फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ने फोर्ड स्कूल क्रिकेट सीरीज के तीसरे व अंतिम मैच में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराया। हालांकि फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने दो - एक से सीरीज पर कब्ज़ा कर लिया है।

रविवार को फोर्ड स्कूल मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 116 रन ( कर्तव्य पटेल 32, धुर्व सिंह 25, शौर्य 20 रन, अनिकेत श्रीवास्तव 2/14, सौरव तिवारी 2/15, आदित्य कुमार 2/19 ) पर सिमट गई। जवाब में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ने 14 ओवर में दो विकेट पर 117 रन ( अभिमन्यु सिंह 56 नाबाद, कनिष्क श्रीवास्तव 21, आयुष मिश्रा 16 अविजित रन, लक्ष्य आनंद 2/18 ) पर बना लिए।

# गौ रक्षा के मंडल प्रभारी नीरज कुमार द्विवेदी को गुरु गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान



**प्रयागराज।** विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अधिवेशन प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे तीन दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र में विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा के मंडल प्रभारी नीरज कुमार द्विवेदी को गुरु गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गौ रक्षा में सर्व श्रेष्ठ उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया। वही संभाग प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी को गोरक्षनाथ मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में भिखारी प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती अस्मिता भंडारी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री महंत नारायण गिरी जी पीठाधीश्वर देवदेव सर्तनाथ मंदिर, बाईसा करिश्मा हाडा राष्ट्रीय अध्यक्ष मातृ, श्रीमती सृष्टि नारायण सिंह प्रदेश अध्यक्ष मातृ शक्ति छत्तीसगढ़, श्रीमती सुमिती विधानी प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सहित कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने भाग लिया।

महामंडलेश्वर झाँसी धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम पाठक ने नीरज कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया। यह सम्मान गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्य नाथ के गोरखपुर मठ से निर्धारित लोगों को दिया गया है। श्रीं महंत दिग्विजय नाथ पत्रकारिता सम्मान अमिताभ अग्निहोत्री को और राष्ट संत अवेद्यनाथ समरसता सम्मान श्रीं महंत विद्या चैतन्य जी महराज नैमिषारण्य एवं योगी आदित्यनाथ संत सम्मान श्रीं महंत प्रेम गिरी जी महराज को दिया गया।

इस अवसर पर डॉ हरिओम पाठक ओम प्रकाश यादव, दिग्विजय सिंह राणा, प्रवीन दुबे, भगवान सिंह यादव श्रींमती संतोष मिश्रा, शनि विश्वकर्मा, माधव शुक्ला, अरुण सिंह अरविन्द प्रताप अजय मिश्रा, नरेश योगी बिल्लू प्रधान मौजूद रहे।

# अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य मे दिव्यांग सम्मान समारोह 8 दिसंबर को



**प्रयागराज।** अनाम स्नेह संस्था की बैठक बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षा विद ब्रह्माप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता मे आज सम्पन्न हुई। बैठक को बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव ने सम्बोधित करते हुये बताया की अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य मे 8 दिसम्बर को प्रयागराज सहित पूरे देश के दिव्यांग अयोध्या मे दिव्यांगजन सम्मान समारोह 2024 सेमिनार एवं कवि सम्मेलन मे पहुँच रहे हैं। उपरोक्त कार्यक्रम मे देश के विद्वान् कवि एवं दिव्यांग व दिव्यांग क्षेत्र मे कार्य करने वाले विभिन्न प्रदेश के गणमान्य लोगों का सम्मान न्यायमूर्ति विपिन दीक्षित उच्च न्यायलय इलाहाबाद के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। मेजबानी प्रयागराज की अनाम स्नेह संस्था कर रही है इसलिए यहाँ के दिव्यांग भाई बहनों एवं संस्था के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी अधिक बनती है।गाँधी अकादमिक संस्थान के निदेशक ओमप्रकाश शुक्ल ने कहा कि दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं रामलला विराज के दर्शन का पुण्य लाभ दिव्यांगजन को मिलना अनाम स्नेह संस्था द्वारा उत्कृष्ट कार्य तारीफे काबिल है उपरोक्त जानकारी संस्था के प्रवक्ता कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने दिया बैठक मे पी एल यादव, कपिल त्रिपाठी, श्रीमती मधू, लवलेश सिंह, अनुराधा,पदमा, ममता यादव, निशा गुप्ता, सीमा श्रीवास्तव, सुनीता जायसवाल, सुलोचना, भैरो, प्रशांत मौर्य, चंदन, रघुनाथ, गुड्डू पंडित, सुबोध, रवि कुमार, दीप चंद, अजय कुमार, तरुण सहित दर्जनों दिव्यांग उपस्थिति रहे।

# डॉ. रवि वर्मा बी डिवीजन लीग स्थगित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) द्वारा सत्र 2024-25 में आयोजित होने वाली डॉ. रवि वर्मा बी डिवीजन लीग, कुछ टीमों के खिलाड़ी पंजीकरण फार्म और लीग शुल्क नहीं जमा करने एवं महाकुंभ के चलते मैदान की उपलब्धता में कमी के कारण स्थगित कर दी गई है।एसीए की लीग कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस सत्र में होने वाली इस लीग के लिए कायस्थ पाठशाला क्लब, चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब, विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल, दौलत हुसैन इंटर कालेज, स्पोर्ट्स टैलेंट क्लब, प्रयाग क्लब, ईश्वर शरण डिग्री कालेज, विराट स्पोर्ट्स क्लब, वाईएमसीए, फाफामऊ क्लब, इफको और राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन क्लब ने 30 नवंबर तक खिलाड़ी पंजीकरण फार्म जमा नहीं किया है जबकि कायस्थ पाठशाला क्लब, चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब, विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल, प्रयाग क्लब और राइजिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन क्लब ने 30 नवंबर तक लीग प्रवेश शुल्क भी जमा नहीं किया है।

इसके अलावा जनवरी-फरवरी 2025 में होने वाले महाकुंभ के कारण क्रिकेट मैदान की उपलब्धता की कमी हो जायेगी। ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बी डिवीजन लीग को स्थगित किया जा रहा है।

लीग कमेटी ने यह भी तय किया कि जिन टीमों ने लीग शुल्क एसीए में जमा कर दिया है वह एसीए कार्यालय से जमा लीग शुल्क वापस ले सकते हैं। यदि जो भी टीम अपनी लीग शुल्क वापस नहीं लेना चाहती है, उनके लीग शुल्क को अगले सत्र (2025-26) में समायोजित कर दी जायेगी। यह जानकारी संयुक्त संयोजक (लीग एवं मंडल) एलबी काला ने दी है।

# कोचिंग संस्थान की तरफ से नि:शुल्क परीक्षा आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सुपर 25 फ्री नीट कोचिंग संस्थान की तरफ से भदोही सहित प्रयागराज, जौनपुर, मिर्जापुर के जिलों में सुपर 25 फ्री नीट कोचिंग सेंटर के एक दिवसीय परीक्षा कराई गई। जिसमें भदोही जिले के पांच हजार, प्रयागराज से दो हजार, जौनपुर से पांच सौ, तथा मिर्जापुर से तीन हजार बच्चों ने प्रतिभाग कर अपने योग्यता का परिचय दिया।



संस्थान के संस्थापक डॉ मिथलेश कुमार बिंद ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देना है। उन जरूरत मंद बच्चों तक नीट की तैयारी कराने के उद्देश्य से हमारी कोचिंग सभी जिलों में टेस्ट के माध्यम से उन सभी जरूरत मंद 25 बच्चो को फ्री शिक्षा प्रदान करती है। संस्थान के एमडी अनुप बिंद ने बताया कि सुपर 25 में चयनित होने वाले छात्रों को संस्थान की तरफ से फ्री कोचिंग के साथ-साथ फ्री हॉस्टल, फ्री लाइब्रेरी, फ्री बुक, और मॉक टेस्ट निशुल्क प्रदान किया जाएगा जो सुविधा शहर में रहे छात्रों को सुविधा मिलती है।यह परीक्षा भदोही के सुपर 25 कोचिंग सेंटर सुभाष नगर भदोही, प्रेमा देवी इंटर कॉलेज वहीदा मोड़, शांति शिक्षा सदन कुशौली चौराहा भदोही में कराई गई। जिसमें मुख्य रुप से एडीएम प्रयागराज अम्बरीष बिंद रहे। साथ ही साथ सुरेश, नीरज, डॉ उमेश, मुकेश बिंद, राकेश भारती, हरिकिशन शुक्ला, त्रिवेणी पाल, पुरन बिंद, डॉ मनीष बिंद, सुरेंद्र, निलेश, अमर साहनी, अरुण कुमार, मनीष बिंद, राजकुमार, अजीत, डेविड आदि लोगों का परीक्षा कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कामेश व अमन के दम पर एएलसी बनी चैंपियन

**प्रयागराज।** एएलसी ने पाँचवी स्वर्गीय ए डी गिरी स्मारक हाईकोर्ट टी -20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एएचसीएस नौ विकेट से हराकर चैंपियन होने का गौरव हासिल किए हैं। विजेता टीम के कामेश द्विवेदी की सटीक गेंदबाजी ( 4 - 0 - 15 - 5 ) व अमन शास्त्री के नाबाद धमाकेदार अर्धशातकीय पारी ( 57 रन, 35 गेंद, 10 चौके व एक छक्का ) खेल अपनी टीम को खिताब दिलवाया।

रविवार को गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एएचसीएस की पूरी टीम 18.4 ओवर में महज 94 रन ( अमित चौधरी 21, आदित्य कुमार 16, आनंद कुमार सिंह 12 रन, कामेश द्विवेदी 5/15, उत्कर्ष मिश्रा 3/11, हर्ष द्विवेदी व अमन शास्त्री 1 -1 विकेट ) पर बिखर गई। जवाब में एएलसी की टीम ने 9.4 ओवर में एक विकेट पर 99 रन ( अमन शास्त्री 57 नाबाद, आशीष सिंह 41 अविजित रन, अभिलाष सिंह 1/31 ) पर बना लिए। मैच में रंजन भारतीय व रॉकी राज ने अंपायरिंग एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे और अनवर सिद्दीकी ने कमेंट्री की।



मैच के बाद फाइनल मैच के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद माननीय न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी व न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व पुरुस्कार दिया, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ, न्यायमूर्ति अरुण कुमार देशवाल ने हर मैच के मैन ऑफ द मैच के खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया, और न्यायमूर्ति अरुण टंडन व न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र ने मैन ऑफ डी फाइनल व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज कामेश द्विवेदी व सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व मैन ऑफ डी टूर्नामेंट आशीष सिंह को पुरुस्कार दिया। आयोजन सचिव ईशान देव गिरी ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया, एस अवसर पर रवि किरण जैन ( वरिष्ठ अधिवक्ता ), देश रतन चौधरी, नविन सिन्हा, अशोक भटनागर, राहुल सिंह, अजय पाण्डेय, सैफ अहमद, शिवम यादव व मुकेश सागर आदि उपस्थित रहे।

# मॉडल ग्राम पंचायत अल्हवा में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**कोरांव(प्रयागराज)।** कोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत अल्हवा में स्थित प्राइमरी पाठशाला अल्हवा प्रांगण में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसे पूर्व ग्राम प्रधान अलहवा अजीज अहमद सिद्दिकी उर्फ अच्छे ने ग्राम प्रधान शहजादे की अनुपस्थिति में फीता काट कर उद्घाटन किया।



कबड्डी प्रतियोगिता में मुख मुकाबला ग्राम अलहवा और ग्राम सभा पियरी के मध्य रहा। जिसमें पियरी की टीम ने शानदार जीत दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे के प्रतिनिधि अनस ने किया और पुरस्कार वितरण अजीज अहमद सिद्दीकी और अवधेश सिंह अध्यापक पियरी तथा भोला नाथ कोल,भाई लाल कोल, राम बहादुर कोल टीचर ने विजेताओं को उपहार वितरित किया।

# जिला गंगा पार के मंडल चुनाव अधिकारी घोषित

**प्रयागराज।** भाजपा में संगठनात्मक चुनाव को लेकर जिला गंगा पार के चुनाव अधिकारी विनोद राने, चुनाव सह अधिकारी ईश्वर चंद्र बिन्द एवं सुरेश मौर्य ने गंगा पार जिले में बूथ पर होने वाली चुनाव चयन प्रक्रिया को लेकर मंडल चुनाव अधिकारियों का गठन किया।जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि फूलपुर उप विधानसभा चुनाव के कारण संगठन पर्व के अंतर्गत होने वाले संगठन की बूथ चुनाव की चयन प्रक्रिया देर में शुरुआत हुई जो 1 दिसंबर से 10 दिसंबर तक कर लिए जाएंगे। घोषित किए गए मंडल चुनाव के अधिकारियों में सोरांव मंडल में तुलसी राम सरोज, मऊआईमा ग्रामीण में गोपीनाथ स्वर्णकार, मऊआईमा नगर चंद्रकेश पाल, बहरिया में श्याम बिहारी पांडे, कमलानगर में अनिरुद्ध सिंह पटेल, श्रृंगवेरपुर में जीत लाल त्रिपाठी, नवाबगंज में विष्णु देव,कौडिहार में राम पलट पटेल, पाण्डेश्वर नाथ धाम में अनीता सिंह, होलागढ़ में आशीष भारतीय, जंघई में मनोज निषाद,देसेर में सी वी यादव, प्रतापपुर में महेश पांडे, वरुणा में सुरेश विश्वकर्मा, बलीपुर में बृजेश त्रिपाठी, फूलपुर में सभाजीत मिश्रा, सहसों में हरी भूषण सिंह, बहादुर पुर में संतोष शुक्ला, झूंसी में डां क्रांति तिवारी, दुर्वासा धाम में कुंवर मगेंन्द्र सिंह, सैदाबाद में कमलेश पाल, हंडिया में विमलेश पटेल ,धनुपुर में दिलीप यादव कटहरा में ऊषा रानी और बरौत मंडल में अमरजीत कुशवाहा को मंडल का चुनाव अधिकारी घोषित किया गया।

# तहसील प्रेस क्लब के पदाधिकारियों का सम्मान व शपथ ग्रहण समारोह, संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** प्रेस क्लब के तहसील ईकाई मंझनपुर के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन करारी स्थित राम बाटिका में रविवार को किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जनपद के अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गौड, व विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिह के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद आये मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्रम व बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रेस क्लब मंझनपुर संरक्षक मनोज सिंह, अध्यक्ष कमलेश गौतम, विधि सलाहकार अंकित कुमार त्रिपाठी, सलाहकार इम्तियाज अहमद, सलाहकार बृजनंदन द्विवेदी, उपाध्यक् मो. हारून, उपाध्यक्ष मो. इरफान, उपाध्यक्ष निहाल शुक्ला,उपाध्यक्ष नित्यानंद सोनी,कोषाध्यक्ष संजीव कुमार,संगठन मंत्री मंगला प्रसाद, मंत्री राहुल यादव,मंत्री कृष्ण कुमार उर्फ राजू केशरवानी आय व्यय निरीक्षक शैलेन्द्र मौर्य, संयुक्त मंत्री शिवा यादव, और मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र चौधरी समेत नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सभी को बधाई देते हुए कहा आधुनिक दुनिया में लोकतंत्र का विकास हुआ है। प्रेस का कितना महत्व है, उसे इस बात से समझा जा सकता है कि अगर किसी शासक के खिलाफ लिखना शुरू कर दें तो उसकी पूरी सियासत हिल जाती है। प्रेस किसी भी समाज की प्रेरणा होती है, इसलिए शक्तिशाली शासक भी इसकी महत्ता को नजर अंदाज नहीं करते। कहा कि आज सरकार की जो भी नीतियां हैं, प्रेस के माध्यम से एक आम जन तक बहुत आसानी से पहुँच जाती हैं। पत्रकार न किसी धर्म और न किसी जाति को देखते हैं। बस बहुत ही अच्छे ढंग से हर समाचार को कवरेज करते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले के पत्रकार निष्पक्ष होकर पत्रकारिता करें, पत्रकारिता जगत का ही योगदान होता है कि हम अपनी आवाज जन-जन तक आसानी से पंहुचा देते हैं। जिले के प्रेस क्लब के अध्यक्ष बृजेश गौतम ने कहा कि प्रेस क्लब ने पत्रकारों के हितों के लिए जो किया वो अभूतपूर्व कार्य है। पत्रकारिता हमेशा समाज को आईना दिखाने का काम करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रेस क्लब के संरक्षक रमेश चंद अकेला ने कार्यक्रम आए मुख्य अतिथियों का स्वागत सम्मान एवं तहसील इकाई के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग समाज के दर्पण हैं और आप लोगों की लेखनी से ही अंधेरे में प्रकाश पहुंचता है इसलिए आप सत्य निष्पक्षता ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुरेश सिंह पटेल ने किया, इस कार्यक्रम के आयोजक पत्रकार गणेश वर्मा, जैगम रिजवी, इम्तियाज सलमानी ने रात दिन एक करके इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आए सभी सम्मानित पत्रकार साथियों का तहसील इकाई के अध्यक्ष कमलेश गौतम ने मंच के माध्यम से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को कही, महामंत्री सुरेश गुप्ता ने पत्रकारों के हित की लड़ाई के लिए पत्रकारों के साथ 24 घंटे तन मन धन से समर्पित रहने की बात कही, दौरान जिले भर के इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के सैकड़ो पत्रकार कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए जनपद के चार बाल वैज्ञानिक चयनित

**▶▶ अयोध्या में 17 से 20 दिसंबर तक आयोजित होगी राज्य बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज के दिशा निर्देशन में 52वीं बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का मंडल स्तरीय आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज में किया गया। जिसमें कौशांबी जनपद के बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों से जूनियर वर्ग में वर्किंग तथा नॉन वर्किंग मॉडल के 28 बाल वैज्ञानिक तथा सीनियर वर्ग में वर्किंग मॉडल के 14 बाल वैज्ञानिक एवं पांच शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

जिसमें जनपद के चार बाल वैज्ञानिकों एवं दो शिक्षिकाओं का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने बताया कि इस वर्ष प्रदर्शनी का मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी एवं सात उप विषय निर्धारित किए गए है। चयनित सभी बाल वैज्ञानिकों ने उप विषय से संबंधित अपने मॉडल प्रदर्शित किए। राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु चयनित बाल वैज्ञानिकों मे सीनियर ग्रुप वर्किंग मॉडल में महगांव इंटर कॉलेज महागांव के रोहित कुमार, धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार के आशुतोष विश्वकर्मा व जूनियर ग्रुप वर्किंग मॉडल में दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज अजुहा की अंशिका अग्रहरि, यूपीएस सिंहपुर चायल के उदय प्रताप शिक्षक संवर्ग में राज्य स्तर के लिए चयनित शिक्षिकाएं नीलिमा सिंह यूपीएस सकाढा मूरतगंज, शालिनी यूपीएस सिंहपुर चायल का चयन हुआ। सभी चयनित चार बाल वैज्ञानिक एवं दो शिक्षिकाएं को 17 से 20 दिसंबर तक एसएसवी इंटर कॉलेज राम पथ मार्ग अयोध्या में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर सच्चिदानंद यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर कमलेंद्र कुमार कुशवाहा एवं समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद, कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव डॉक्टर एस0के0 सिंह, आयुष साहू, संजय प्रजापति ने चयनित बाल वैज्ञानिकों एवं शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में हुआ दिव्यांग बच्चों के अविभावक का परामर्श कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** बी आर सी कड़ा में शनिवार को दिव्यांग बच्चों के अविभावक परामर्श के तृतीय परामर्श का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी कड़ा के संरक्षण में किया गया। जिसमे होम बेस्ड बच्चों एवं अन्य दिव्यांगता के बच्चों के पठन पाठन दिव्यांगता के प्रकार, रोकथाम, आदि से संबंधित बातो को रिसोर्स पर्सन के द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा परिचर्चा की गई। अविभावको से आग्रह किया गया कि अपने बच्चो को सामान्य बच्चों से कम न समझें इन्हे भी पूरा ध्यान से शिक्षा प्राप्त कराएं तो ये भी सामान्य बच्चों कि तरह अपनी शिक्षा पूरी कर समाज में अपना स्थान बना सकते हैं,पूर्व के कार्यक्रम मे आए हुए अविभवको से उनका फीड बैक लिया गया। कार्यक्रम में एआरपी प्रभाकर मिश्रा सहित सभी बीआरसी के स्टाप

# धरोहर के रूप में मनाया गया डॉ. रिजवी स्कूल की 25वीं वर्षगांठ





**लोकमित्र ब्यूरों**

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कस्बा स्थित डॉ. रिजवी स्कूल का 25 वीं वर्ष गांठ धरोहर के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। सुविख्यात कवि ने कविताओं से समा बांधा। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी वृजेश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही देश महान बनता है और शिक्षित व्यक्ति ही संपन्न राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्कूल के अतीत से वर्तमान तक की यात्रा को एवं आज के समाज के भिन्न-भिन्न रूपों को गीत-संगीत, नृत्य, नाटक आदि के रूप में प्रस्तुत किया। इसके लिए उनके शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा, लगन व मेहनत की हृदय से सराहना एवं प्रशंसा के पात्र हैं। डॉ. रिजवी एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव करार हुसैन रिजवी ने डॉ. रिजवी एजुकेशन को 25 साल में संस्था के सभी शिक्षक, कर्मचारी कड़ी तपस्या व मेहनत से काफी उच्चस्तर पर पहुंचाया हैं। वह एक धरोहर के रूप में हमारे पास है। हम सब की जिम्मेदारी है कि इस धरोहर को आगे ले जाया जाए। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं ने सरस्वती वंदना-वीणा वादिनी वर दे से किया। सुविख्यात कवि सुजीत ने राष्ट्र प्रेम पर कविता पढ़ा- आजादी मिली हमको अमर बलिदान दे देकर, विस्मिल, भगत, चंद्रशेखर की कुर्बानी दे देकर। भारत मां के लिए ओढ़ा कफन हमने तिरंगे का, करो जयकार वीरों का नमन आज नाम ले लेकर। इसके बाद आयो रे आयो रे आयो शुभ दिन ढोलना के गीत पर बच्चों ने जमकर धमाल किया। अशोका हॉउस ने एक किसान का संघर्ष ने नाटक के माध्यम से लोगों को भावविभोर कर दिया। टैगोर हॉउस के बच्चों ने रेट्रो टू मेट्रो पर नाटक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। शिवाजी हॉउस ने एकता में ताकत नाटक के माध्यम से हमेशा मिलजुलकर रहने का संदेश दिया। जूनियर के बच्चों ने जैसी करनी वैसी भरनी नाटक के माध्यम से हमेशा अच्छाई के रास्ते पर चलने की सीख दी। स्प्रिंग फील्ड के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पांडेय ने अतिथियों को बुकें व स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. रिजवी लर्नल अकाडमी जौनपुर की प्रिंसपल डॉ. रूचि शर्मा, लुबना फात्मा, राजेश सक्सेना, शमीम अहमद, इश्तियाक अहमद, आलोक श्रीवास्तव, मंतशा हसीब, शना अब्बास आदि लोग मौजूद रहे।

# कौशाम्बी बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियो को काग्रेश जिलाध्यक्ष ने दी बधाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी बार एसोसिएशन के चुनाव में आज जीते हुए सभी प्रत्याशियों को बहुत-बहुत बधाई हो कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने बार एशोशियेशन के चुनाव में जीत की सभी प्रत्याशियों को बधाई दी है जिला अध्यक्ष पद पर दिलीप पांडे जी की जीत की बहुत-बहुत बधाई महामंत्री तुषार त्रिपाठी जी को और कांग्रेस के महासचिव अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त हुए सभी शशि त्रिपाठी को सभी पद पर जीते हुए प्रत्याशियों को बहुत-बहुत बधाई हो कांग्रेस कमेटी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है एवं सभी की जीत के लिए बधाई हो इस मौके पर कांग्रेस उपाध्यक्ष पप्पू मिश्रा अलकमा उस्मानी जुगल किशोर त्रिपाठी सचिन पांडे तालतअजीम निक्की पांडे दीपक पांडे बाबूजी कौशलेश द्विवेदी हेमंत रावत डॉक्टर आरके मिश्रा नुरुत जमा, मोहम्मद शाहरुख, विजय यादव दुर्गेश प्रजापति बरसाती लाल पांडा बल्लू यादव भीम पाल सचिन शुक्ला तौसीफ खान सीताराम गोपाल पाल आज लोगों ने बधाई दी।

# एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**▶▶ जिला पंचायत अध्यक्ष ने युवाओ को किया सम्मानित**





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग कौशाम्बी एवं नेहरू युवा केंद्र कौशाम्बी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का आयोजन 30 नवम्बर 2024 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महर्षि कॉलेज आफ एजुकेशन भरवारी कौशाम्बी में किया गया और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर जी रही आपके द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया और समापन में प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अंशु मिश्रा एवं नेहरू युवा अधिकारी गोपेश पांडे जी के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संपादन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों के प्राचार्य आचार्य अध्यापक बंधू शामिल थे साथ ही विभिन्न विधाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अबकी बार विज्ञान मेला एकल एवं सामूहिक रूप से विशेष आकर्षण का केंद्र था सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एकल लोक नृत्य एकल लोकगीत सामूहिक लोक नृत्य सामूहिक लोकगीत का आयोजन किया गया। वहीं पर भाषण प्रतियोगिता पेंटिंग कहानी लेखन जैसी विधाओं में भी आयोजन संपन्न कराए गए विभिन्न विजेताओं एवं प्रतिभागियों को जहां नेहरू युवा केंद्र की ओर से नगद धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित कर पुरस्कृत किया गया वहीं युवा कल्याण विभाग की ओर से विभिन्न उपहार देकर प्रतिभागियों का सम्मान बढ़ाया गया और उन्हें प्रेरित किया गया जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त कलाकारों प्रतिभागियों को मंडल स्तर पर मौका दिया जाएगा।

## प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नेहरू युवा केंद्र ने किया पुरस्कृत



अजुहा, कौशाम्बी। नेहरू युवा केन्द्र एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला उत्सव प्रतियोगिता 2024 में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के छात्रों ने प्रतिभाग कर महत्वपूर्ण स्थान अर्जित किये। विज्ञान मेला एकल में प्रथम स्थान आशुतोष विश्वकर्मा , तृतीय स्थान पंकज कुमार ने प्राप्त किया। विज्ञान मेला सामूहिक में राज पाण्डेय और शिव सिंह ने द्वितीय स्थान व विराट भट्ट और अनुराग कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में याशमीन बानो प्रथम स्थान, इशिता केशरवानी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य सामूहिक में माही गुप्ता की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। काव्य, कहानी लेखन में आयुष जायसवाल द्वितीय स्थान, अंशिका मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मोबाइल फोटोग्राफी में आर्यन सिंह तृतीय स्थान व पंचप्रण भाषण प्रतियोगिता में गौरव द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान नेहरू युवा कल्याण अधिकारी गोपेश पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम समापन पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नकद राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रामशंकर सिंह, आदित्य कुमार द्विवेदी, पुनीत अग्रहरि, कल्पना, वरुण प्रकाश जोशी, दीपक कुमार, बलवंत कुमार मौजूद रहे।

# कवि सुजीत ने राष्ट्र प्रेम एवं कौमी एकता पर काव्य पाठ कर लूटी वाह वाही




**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** डॉ. अख्तर रिजवी शैक्षणिक संस्थान के सिल्वर जुब्ली वार्षिक समारोह मे रिजवी डिग्री कॉलेज से स्नातक की डिग्री अर्जित करने वाले पूर्व छात्र एवं नगर पंचायत सरायअकिल जनपद कौशाम्बी के राष्ट्रीय युवा कवि सुजीत जायसवाल जीत को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

दूरदर्शन जैसे राष्ट्रीय टी वी चौनल मे मंच संचालन व काव्य पाठ एवं बारह प्रदेशों के विभिन्न कार्यक्रमों मे काव्य पाठ करने कर रिजवी कॉलेज व कौशाम्बी जनपद का का नाम रोशन करने पर रिजवी स्प्रिंग फील्ड स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने कवि सुजीत को अंगवस्त्र से मंच पर साम्मनित किया। कवि सुजीत ने राष्ट्र प्रेम, कौमी एकता, साली साहिबा, माता पिता, एवं प्रेम श्रंगार पर शानदार काव्य करते हुए सुधी श्रोताओं को सम्मोहित कर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कवि सुजीत ने राष्ट्र प्रेम पर पढ़ा-ये आजादी मिली हमको अमर बलिदान दे देकर विस्मिल, भगत, चंद्रशेखर की कुर्बानी दे देकर भारत माँ हर लिए ओढ़ा कफन हमने तिरंगे का करो जयकार वीरों का नमन आज नाम ले लेकर। कवि सुजीत ने कौमी एकता पर पढ़ा-वो मंदिर मे बजे घंटा सुबह अजान होती है। नफरतों के दौर मे ही करुण चित्कार होती है। तेरा होली पे घर आना मेरा बकरीद मे जाना। भाईचारा प्रेम हो तो जीवन सागर मे मोती है। साली साहिबा पर कवि सुजीत ने पढ़ा-जीजा गाल पे रंग तुम मल देना देखे न कोई पड़ोसी, मुझे नैन नशीली कहते तुम मत पीना अंग्रेजी देशी। कवि सुजीत ने माता पिता पर पढ़ा-गृह शोभा मार्बल से नही न ही शोभित लग्जरी कार अरे मात पिता ही कुटुंब के हैं धन-सम्पदा अपार।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूरतगंज व सेलरहा में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया इस मेले में मरीजों की भीड़ लगी रही आरोग्य मेला में पहुंचने वाले मरीजों की जांच और इलाज चिकित्सकों ने किया डिप्टी सीएमओ डा0 हिन्द प्रकाश मणि ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूरतगंज व सेलरहा में लगाए गए आरोग्य मेला का निरीक्षण किया डॉक्टर आशीष कुमार ने आरोग्य मेला में 30 मरीजों को जांच कर सर्दी जुखाम के मरीज को दवाई दी।

# डॉक्टर के घर में लगी आग



## लाखों का सामान जला

कौशाम्बी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के कस्बे के अंदर रविवार की भोर में एक मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से उनके घर में आग लग गई देखते देखते आग में विकराल रूप ले लिया है जिसे देखकर मोहल्ले के लोगों का मौके पर मजमा लग गया है मामले की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई है मौके पर पहुँचे दमकल कर्मियों द्वारा पानी की बौछार डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया उनके आगे के कमरे का फर्नीचर व अन्य सामान सहित लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है घटनास्थल पर पुलिस फोर्स के साथ मंझनपुर कोतवाल भी मौजूद रहे।

# हमलावर हुई सूर्पनखा तो लक्ष्मण ने कटे नाक और कान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** ऐतिहासिक स्थल में चल रहे 6 दिवसीय रामलीला मंचन के पांचवें दिन सीता हरण की लीला का किया गया मंचन चौदह वर्ष के वनवास को बिताने के लिए चित्रकूट से श्रीराम लक्ष्मण सीता दंडक नामक वन में गए वही पर कुटिया बना कर रहने लगे एक दिन रावण की बहन सुपनखा उस दंडक वन में घूमने गई वहां राम और लक्ष्मण को देख मोहित हो गई और सुंदर स्त्री का रूप बनकर श्री राम लक्ष्मण से विवाह का प्रस्ताव रखा बार बार कभी राम के पास कभी लक्ष्मण के पास जाती और और जब राम लक्ष्मण विवाह को तैयार नहीं होते तो अपना भयंकर रूप दिखाती है तभी लक्ष्मण जी उसके नाक कान कट डालते है नाक कान करने से वह चिल्लाती हुई अपने भाई खर दूषण के पास गई और सारा हाल बताया खर दूषण सेना लेकर युद्ध के लिए गए लेकिन माया से श्री राम ने उनका वध किया सुपनखा ने खर दूषण का वध देखा और रावण से जा कर सर हाल बताया रावण विचार किया और समझ गया कि खर दूषण मेरे सामान योद्धा है

उनका वध नारायण के अलावा कोई नहीं कर सकता और फिर वह मारीच के पास गया मारीच सोने का मृग बना और रावण साधु सीता ने सोने के मृग को देख श्री राम से उसकी खाल मांगा राम जी उस मृग के पीछे गए इधर रावण आया और सीता का हरण कर अशोक वाटिका में ले जा कर रखा राम जी जब वापस आए और सीता को न देखा तो विलाप करते खोजते हुए सेवरी के आश्रम गए जहां सेवरी को नवधा भक्ति का जान दिया सुंदर लीला का मंचन देख जनता भाव विभोर हुई। इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष विनोद शंकर दुबे, मेला कमेटी अध्यक्ष शिवपूजन यादव, ग्राम प्रधान कोषाध्यक्ष मदन मोहन तिवारी, ग्रेजुएट रामलीला मंडल संचालक पारस नाथ दुबे, महंत कुलदीप दुबे आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए सरकार बनाये कानून- धनंजय सिंह

**रानीगंज ( प्रतापगढ़)** पूर्व लोक सभा प्रत्याशी धनंजय सिंह ने कहा कि किसानों की मेहनत पर आवारा पशु पानी फेर रहे है। खड़ी फसल खा जाने से क्षेत्र के कई किसानों का भारी नुकसान हो गया है, जिसके चलते किसान परेशान है। धनंजय सिंह ने सरकार से आवारा पशुओं के रोकथाम के लिए क़ानून बनाने की अपील की। साथ ही फसल सुरक्षा से जुड़े संसाधनों जैसे जाली व कटीले तार पर किसानों को सब्सिडी प्रदान किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोग रात्रि में आवारा पशु खेत में छोड़ देते है और सुबह तक आवारा पशु किसान की फसल बर्बाद कर के रख देते है। खेत से दूर किसान का घर होने की दशा में किसान रात्रि में देखभाल भी नही कर पाता। जिससे किसानों की क्षति की भरपाई नही हो पाती और किसान नष्ट फसल को देखकर अपने अंतरात्मा में दुःख प्रकट कर रह जाता है। आवारा पशुओं की वजह से 90 फीसदी किसानों का सीजन की कुछ फसल की बुआई से मोह भंग होता जा रहा है। सरकार को पशुओं को छोड़ने वालों पर भी उचित कार्यवायी किए जाने जैसे कानून पारित करने चाहिए। साथ ही छुट्टा पशुओं के रोकथाम की ब्यवस्था किये जाने की अवश्यकता है। उन्होंने रानीगंज क्षेत्र के अमापुर बेर्रा, बाँहीपुर, हरिहरगंज, घूरीपुर, धरी,कैलीडीह,भैसोना,रामापुर, सुवँसा व आसपास के गांवो के किसानों को आवारा पशु ना छोड़ने की अपील भी की और फसल की सुरक्षा के लिए कटीले तार व जाली लगाए जाने का सुझाव दिया।

## इंटरलॉकिंग का किया गया लोकार्पण

**दिलीपपुर-प्रतपगढ़।**आजादी के 77 वर्ष पूर्ण हो जाने पर भी आने जाने के लिए ठीक से रास्ता न होने के कारण ग्राम सभा शिवसत के दलित एवं पाल बस्ती के लोग बहुत परेशान रहते थे। कई बार जनप्रतिनिधियों से इसके लिए मांग की गई किन्तु किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। दलित एवं पाल बस्ती के लोगों की मंशा को पूरी करते हुए प्रधानपति ग्रामसभा शिवसत हैसिला प्रसाद सिंह ने इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंह, विपिन सिंह और दलित एवं पाल समाज के लोग एकत्रित रहे।

## युवती के साथ युवक का आपत्तिजनक वीडियो हुआ वायरल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के एक गांव के एक निर्माणाधीन मकान में युवती व युवक को कुछ लोगों द्वारा आपत्तिजनक स्थिति में देखने को लेकर वायरल वीडियो सुर्खियों में है। हालांकि समाचार पत्र इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक को युवती के साथ बंद कमरे में होने की आहट पाकर गांव के कुछ युवक निर्माणाधीन मकान में पहुंच गये। वहां मकान के दूसरे तल पर युवती व युवक को बंद कमरे में वार्तालाप करते देख युवकों ने शोरशराबा किया। पकड़े गये युवक को भरा बुरा कहते हुए दोनों को युवको ने डाटा फटकारा। पकड़ा गया युवक वायरल वीडियो में अपनी पहचान छिपाने का भरसक प्रयास करता देखा गया है। वीडियो वायरल होने की इलाके में तरह तरह की चर्चा है। हालांकि कोतवाली पुलिस का कहना है कि उसे वायरल वीडियो की जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि इस प्रकार की थाने में किसी भी पक्ष द्वारा कोई तहरीर भी नहीं दी गयी है।

## वारण्टी गिरफ्तार, गया जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़** मुकदमे में वांछित फरार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 राजेश कुमार ने मय हमराह विशाल वर्मा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0अ0सं0 250/97 धारा 323, 504, 506, 336 भादवि थाना लालगंज से संबंधित वारण्टी अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र मनसाराम शुक्ल निवासी ग्राम बनकटी थाना लालगंज को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया।

## सड़क हादसों में बालक समेत तीन घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।**महेशगंज थाना क्षेत्र के गोगहर गांव निवासी दिनेश कुमार यादव का नौ वर्षीय बेटा अभय कुमार यादव वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। दूसरी घटना में पहाड़पुर बनोही गांव निवासी 30 वर्षीय संजय पटेल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। इसी तरह नगर पंचायत के समापुर मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय सूरज गौतम बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भेजा।

## आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट समेत गंभीर धाराओं में दर्ज किया केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने पीड़ित को घर में घुसकर मारने पीटने व तोड़फोड़ को लेकर तीन नामजद तथा चार अज्ञात समेत आठ के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के नसीरपुर निवासी रूद्र प्रताप सिंह के पुत्र सतेन्द्र प्रताप सिंह ने दी गयी तहरीर में कहा है कि अट्ठाइस नवम्बर की रात वह आटाचक्की से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के जतिन सिंह पुत्र सुरेश सिंह तथा अर्पित सिंह पुत्र राकेश सिंह एवं बलवन्त सिंह पुत्र त्रिवेणी सिंह ने उसे रोककर मारापीटा। आरोपियों के साथ चार अज्ञात ने भी पीड़ित पर जानलेवा हमला बोला। पीड़ित किसी तरह शोर मचाते अपने घर में छिप गया तो आरोपियों ने घर में घुसकर भी मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपियों ने घरेलू सामान में तोड़फोड़ की। लोगों को जुटता देख आरोपी जान से मार डालने की धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ब्रेन हैमरेज से पूर्व प्रधान की मौत



**कुंडा प्रतापगढ़** महेशगंज थाना क्षेत्र के अहलादगंज रायगढ़ गांव निवासी 65 वर्षीय पूर्व प्रधान कन्हैयालाल मौर्या की शुक्रवार को शाम तबीयत खराब होने पर परिजन मंसूराबाद के एक डॉक्टर के पास ले गए। वहां उनकी हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज में ब्रेन हैमरेज होना बताया गया। शनिवार को रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार को शव का अंतिम संस्कार शृंग्वेरपुर गंगा घाट पर किया गया।

## जमीनी विवाद में पिता-पुत्रों को पीटकर किया घायल

**कुंडा प्रतापगढ़ ।**कोतवाली के खेमीपुर गांव निवासी अमरनाथ सरोज का पड़ोस के कुछ लोगों से जमीन का विवाद चल रहा है। उसी मामले को लेकर विपक्षियों ने 41 वर्षीय अमरनाथ, उसके 18 वर्षीय बेटे गोविन्द सरोज और 9 वर्षीय बेटे शिवा सरोज को गालियां देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी ले जाकर इलाज कराया और आरोपियों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच करके कार्रवाई की बात कही है।

# आईएमए ने निकाली एड्स जागरूकता रैली

▶▶ संगोष्ठी में दी गई बीमारी से बचाव की जानकारी
▶▶ हस्ताक्षर अभियान में लोगों ने अपने सुझाव साझा किए




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जिला शाखा की अगुवाई में एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। संगोष्ठी में बीमारी से बचाव की जानकारी दी गई। हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें लोगों ने अपने सुझाव को साझा किया। रविवार को कटरा रोड स्थित आईएमए के भवन से निकली रैली विकास भवन पर समाप्त हुई। इस दौरान डाक्टर एड्स जागरूकता अभियान का बैनर और पोस्टर लेकर आगे चलते रहे और लोगों को बीमारी के बारे में जागरूक करते रहे। इसके पूर्व भवन में एड्स विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा अध्यक्ष डॉक्टर एके कुलश्रेष्ठ ने बताया कि एड्स लाइलाज बीमारी नहीं है।

इसका इलाज है। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार नहीं किया जाना चाहिए। जिला अस्पताल के एआरटी सेंटर में इसका इलाज संभव है।

संचालन शाखा सचिव डॉक्टर अम्बर केसरवानी ने किया। इस मौके पर रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष अश्विनी केसरवानी, मसूद शरफुद्दीन, सचिव शरद केसरवानी, लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा, डेंटल एसोसिएशन के डाक्टर अजय कुमार सिंह, डाक्टर शमशुल, डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य, डाक्टर मनोज खत्री, एआरटी प्रभारी डाक्टर राकेश त्रिपाठी, डाक्टर संजय कपूर, डाक्टर दीपिका केसरवानी, डाक्टर रवि श्रीवास्तव, डॉ आरपी चौबे, डाक्टर शशि प्रभा गुप्ता समेत कई अन्य चिकित्सक और एमआर मौजूद थे।

## जिह्वा पर भगवान का नाम आना ही जीव के मंगल का पुण्य-आनन्दाश्रम जी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला क्षेत्र के पयागीपुर बड़ी में हो रही श्रीमद् भागवत कथा को सुनने श्रद्धालु रविवार को बड़ी संख्या में जुटे दिखे। कथाव्यास आनन्दाश्रम जी महराज ने कहा कि मनुष्य यदि भगवान का नाम अपनी जिह्वा पर एक बार भी जप लेता है तब प्रभु स्वयं उस पर कृपावान हो जाया करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का स्मरण एवं उनका दर्शन करने मात्र से जीव का उद्धार है। उन्होंने कहा कि भगवान सर्वोपरि हैं और जीव को सदैव भगवान को प्रसन्न रखने के लिए कर्म को पवित्र रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों को पीड़ा पहुंचाना ईश्वरीय सत्ता के लिए जीव का अक्षम्य अपराध है। वहीं आनन्दाश्रम जी द्वारा रूकमणि विवाह का प्रसंग सुनकर भी श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। विवाह प्रसंग के समय भजन व संकीर्तन में महिला श्रद्धालुओं को प्रसन्न देखा गया। कथा के संयोजक पं. अवधनारायण तिवारी व अन्नू तिवारी ने व्यासपीठ का पूजन किया। सुशीला तिवारी एवं शीतला प्रसाद ने कथाव्यास का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर समाजसेवी पप्पू तिवारी, केशवदत्त पाण्डेय, अतुल शुक्ला, आचार्य धीरेन्द्र तिवारी, आचार्य तीर्थराज पाण्डेय, आचार्य गुदुन तिवारी, देशराज शास्त्री आदि रहे।

## घर में घुसकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**उदयपुर प्रतापगढ़** स्थानीय थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव निवासी सतेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र रूप प्रताप सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि 28 नवंबर को रात लगभग आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के जतिन सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह,अर्पित सिंह पुत्र राकेश सिंह,बलवंत सिंह पुत्र विवेक सिंह तथा चार अज्ञात लोग भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। मना करने पर लात घूंसो से मारने पीटने लगे, किसी तरह जान बचाकर घर के अंदर घुस गया तो घर के अंदर भी घुसकर मारा पीटा। हल्ला गुहार लगाने पर बाहर कुर्सी तोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# उत्कृष्ट बाल कहानी संग्रह मन के अंकुर का भव्य लोकार्पण

**लोकमित्र ब्यूरो**




**प्रतापगढ़।**सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न द्वारा संपादित एवं समीक्षित बाल कहानी संग्रह मन के अंकुर का लोकार्पण शारदा संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में हुआ।संग्रह में डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न सहित अमरनाथ गुप्ता बेजोड़,कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री,प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, राधेश्याम दीवाना,श्रीनाथ मौर्य सरस,डॉ0 अनिल सिंह शलभ,राम लखन प्रजापति प्रतापगढ़ी एवं अनिल कुमार निलय की बालोपयोगी उत्कृष्ट कहानियां प्रकाशित हैं ।सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा बाल कहानी संग्रह का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् पूर्व प्राचार्य तिलक इंटर कॉलेज पंडित शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि मन के अंकुर में उच्च रचनाधर्मी कथाकारों की कहानियों को संकलित किया गया है, जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करेंगी। अध्यक्षता करते साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि कहानी संग्रह की कहानियाँ नियोजित ढंग से बच्चों में संस्कार और संघर्ष का भाव उत्पन्न करने के लिए लिखी गई हैं।इनको पढ़ने से बच्चे दूषित चिंतन से मुक्त होंगे।विशिष्ट अतिथि एलायंस क्लब के निदेशक समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि बच्चों की आदतों में सुधार हेतु मन के अंकुर की कहानी बहुत कारगर सिद्ध होंगी।विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि बेल्हा के साहित्यकार देश में सूर्य के भांति चमक रहे हैं।कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।इस अवसर पर अम्मा साहेब के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, डॉ0 शाहिदा सुनील कुमार सिंह,दिनेश प्रताप,दीपिका,राकेश मौर्य,आलोक कुशवाहा,विनोद पांडेय,शशि मौर्य आदि मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास में तीन वांछित गिरफ्तार, भेजा जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़** जानलेवा हमला करने के आरोप में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार करके जेल भेजे गए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर लालगंज रामसूरत सोनकर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक लालगंज नीरज यादव के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 सुनील कुमार यादव ने मय हमराह का0 रामकुमार यादव, का0 मुलायम सिंह यादव थाना लालगज द्वारा अभियुक्त. विकास सिंह पुत्र स्व0 जंगबहादुर चौहान व दीप चन्द्र चौहान पुत्र माता बदल चौहान व छोटे लाल यादव पुत्र राम लखन यादव निवासीगण पूरे फतेसिंह सन्तनगर थाना लालगंज को आज रविवार को पूरे फतेसिंह सन्तनगर के जंगल के पास से गिरफ्तार किया।

# भाजपा की जिला कार्य शाला आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे जिला मुख्यालय टेउंगा में संगठनात्मक पर्व के चलते द्वितीय चरण के जिला कार्यशाला की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला चुनाव अधिकारी श्रीमती अर्चना मिश्रा ने कार्यक्रम के माध्यम से बूथ सत्यापन एवं अवलोकन करके संगठन के विभिन्न विषयों से अवगत कराते हुए कार्यकर्ताओं को उनके कार्य दायित्व के विभिन्न बिंदुओं से मार्गदर्शन किया।मंच पर पूर्व सांसद एवं पिछड़ा मोर्चा राष्ट्रीय महासचिव संगम लाल गुप्ता ,जिला महामंत्री द्वैव सतीश चौरसिया ,पवन गौतम,पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम के सहभागिता में रहे भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा , महिला मोर्चा क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष काशी प्रांत श्रीमती प्रतिभा सिंह जिला उपाध्यक्ष अशोक सरोज ,राजन मिश्रा, जिला मंत्री में अनुराग मिश्रा ,राम जी मिश्रा ,अजय वर्मा,मंडल प्रभारी में आत्म प्रकाश मिश्रा,बृजेश पांडेय,विनोद शर्मा,बृजेंद्र सिंह,अंगद मौर्य,मंडल चुनाव अधिकारी डॉक्टर छोटेलाल पटेल,अमर नाथ शर्मा ,भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री द्वैव अतुल शुक्ला , पवन वर्मा जी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह,जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा,मंडल अध्यक्ष में विजय कौशल ,कृपा गिरी ,प्रमोद पाण्डेय सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकास की चकाचैंध में सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण सामाजिक पतन का कारण-शिवप्रसाद

● युवा चेतना मंच के तत्वावधान में संगोष्ठी में नैतिक मूल्यों की मजबूती पर दिया गया जोर




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पहाड़पुर स्थित बीडी दुबे इंटर कालेज के प्रांगण में रविवार को सामाजिक मूल्यों की सुरक्षा को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

युवा चेतना मंच के बैनर तले हुई संगोष्ठी में नैतिक मूल्यों की मजबूती पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। शिक्षाविद् शिव प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि आज देश में सामाजिक पतन से लोगों का विचार संक्रमित हो गया है। उन्होंने कहा कि देश ने आज आर्थिक उन्नति देश किया है। उन्होंने कहा कि विकास के चकाचैंध में हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को भूल जा रहे हैं। संगोष्ठी के ध्येय पर प्रकाश डालते हुए मंच के अध्यक्ष एवं समाजविद ललित पांडेय ने कहा कि समाज धर्म शिक्षा साहित्यिक परिवार समेत सभी जगहो पर पतन हुआ हैं। राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता डा छवि नारायण पांडेय व संचालन अधिवक्ता विनोद मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता राणा सुबेदार सिंह चैहान ने युवाओं को आगे बढ़ाने पर अपील किया। संयोजक भानू प्रताप पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी में शिक्षक नेता राजकिशोर शुक्ल, राजीव सिंह, डा केशरी शुक्ल, लव त्रिपाठी, डॉ देवमणि त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तव ,विद्युत मिश्र ने भी समाज में विचारों में परिवर्तन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर माता प्रसाद शुक्ल, राजकुमार दुबे, चंद्र प्रकाश मिश्र, आलोक जोनू, अनिल कुमार आदि रहे।

# रामभद्राचार्य पर मुकदमा दर्ज कराने को कांग्रेसियों ने थाने में दी तहरीर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।**महेशगंज पुलिस थाने में कांग्रेसियों ने रविवार को कथा वाचक धर्म गुरु रामभद्राचार्य पर मुकदमा लिखे जाने को लेकर हंगामा काटा है। कॉग्रेस नेता टीवी पैनलिस्ट संदीप त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी है कि, हिंदू एकता पदयात्रा के दौरान राम भद्राचार्य ने अपने संबोधन में कॉग्रेस नेता सांसद प्रियंका गांधी पर अभद्र टिप्पणी करते हुए असत्य और समाज में भ्रम फैलाने के लिए यह झूठ बोला है कि प्रियंका गांधी के सम्मान में गाय काटी गई तथा उसे गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे पंजा खूनी हो गया है। इसका प्रमाण मिला गया। इस तरीके के झूठे बयानों से समाज में विद्वेष फैलता है। बाबा जी अपने आप को त्रिकालदर्शी कहते हैं और सच और झूठ में फर्क नहीं समझते। इस झूठे बयान से नाराज़ कांग्रेसियों ने यह आरोप लगाया कि इससे पार्टी की छवि खराब हुई है और पार्टी की नेता प्रियंका गांधी के सम्मान को ठेस पहुंचा है। जिसको लेकर महेश गंज थाने में लिखित तहरीर दी गई। संदीप ने कहा ऐसे फर्जी बयानवीर पर कार्यवाही के लिए हम न्यायालय के माध्यम से भी कार्रवाई करेंगे क्योंकि एक धर्म गुरु को समाज में आपसी प्रेम भाव और धर्म का प्रचार प्रसार करना चाहिए, किंतु राम भद्राचार्य ने बीजेपी के इशारे पर कॉग्रेस की छवि खराब करके राजनीतिक और सामाजिक विद्वेष फैलाने का काम कर रहें है। ऐसा लगता है कि भाजपा ने उनको ठेके पर रखा हुआ है।यदि इनपर उचित कार्यवाही नहीं होती है, या वह अपने बयानों की मांगी नहीं मांगते है तो उनपर कार्यवाही के लिए कॉग्रेस के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। इस मौके पर कुंडा विधानसभा प्रत्याशी योगेश यादव,वकील पीयूष त्रिपाठी,पीसीसी सदस्य दिलीप गौतम,विनीत शुक्ला,मो.यूसुफ,जिला सचिव आनंद पटेल,राजेश सोनी,मुन्ना यादव,नागेन्द्र यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित कर महिलाओं को दी गई सुरक्षा की जानकारी



**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के सुख शांति गेस्ट हाउस में रविवार को हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को रसोई में सुरक्षा के पांच मंत्रों के बारे में बताया गया। जनपद स्तर पर आयोजित उक्त जागरूकता कार्यक्रम में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर गृहणियों को एलपीजी सिलेंडर से सुरक्षा संबंधी जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को प्रतापगढ़ क्षेत्र के बिक्री अधिकारी नकुल कैन ने भी सुरक्षा संबंधी टिप्स देकर जागरूक किया। कुकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली महिलाओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज बाजार व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव व प्रधानाध्यापिका बहोरिकपुर प्रियंका सिंह द्वारा उपहार देकर पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में श्रीयांसी इंडेन गैस एजेंसी रायगढ़ के विजय केसरवानी, लरू इंडेन ग्रामीण गैस एजेंसी के चंद्रदेव प्रसाद, गौरी नंदन इंडेन गैस सर्विस के मनोज यादव, बेंती गैस वितरक के नागेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया।इस दौरान मनोज कुमार, मो. शहजादे, प्रतीक्षा यादव, सुनीता, कुसुम सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

संक्षिप्त खबरें

## पिता ने पुत्र संग मामूली विवाद में बेटा-बहू को पीटा, मुकदमा दर्ज

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट कोतवाली क्षेत्र के मूरतगंज बाजार निवासी चंद्रेश केशरवानी के मुताबिक शुक्रवार की शाम वह अपने जूते चप्पल की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान उसका छोटा भाई रत्नेश केशरवानी पिता संतोष केशरवानी के साथ उसकी दुकान पर पहुंचे और उसे बुलाकर घर ले गए। वह गाड़ी खड़ी करने की जगह को लेकर उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने डंडों से उसे पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंची पत्नी दीक्षा को भी पीटा। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह झगड़े को शांत कराया। घायल दंपती ने थाने जाकर आरोपी भाई और पिता के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## भटक रही बालिका को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मनौरी गांव में रविवार सुबह घर से भटकी हुई एक बालिका ग्रामीणों को मिली। लोगों से सूचना मिलने के बाद गांव पहुंची पुलिस बालिका को लेकर थाने पहुंची। पुलिस बालिका से पूछताछ कर रही है। रविवार सुबह भटकते हुए एक 14 वर्षीय किशोरी मनौरी गांव पहुंच गई। वह अपना नाम आलिया बता रही थी। मां-बाप का नाम पूछने पर उसने अनभिज्ञता जताई। उसने बताया कि बचपन में ही उसके मां-बाप का देहांत हो चुका है। वह कौशाम्बी थाने के रजईपुर गांव निवासी शंकर पंड़ित के घर पर रहती थी। कुछ महिलाएं उसे बरगला कर एक सप्ताह पहले ले गई थी। शनिवार शाम को उसे कोखराज इलाके में छोड़कर महिलाएं फरार हो गई। इसके अलावा वह कुछ नहीं बता पा रही है। उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। बालिका के गांव पहुंचते ही लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मुस्लिम राष्ट्र मंच काशी प्रांत संयोजक युवा प्रकोष्ठ कुर्बान अली ने मामले की सूचना पूरामुफ्ती पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद उपनिरीक्षक सुशील कुमार महिला कांस्टेबल के साथ गांव पहुंचे। बालिका को सुपुर्दगी में लेकर पुलिस थाने पहुंची। पुलिस बालिका से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने चाइल्ड हेल्प लाइन को मामले की सूचना दे दी है।

## झांसा देकर बाइक लूटने वाले उचक्कों के खिलाफकेस दर्ज

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के नया तालाब के समीप झांसा देकर बाइक लूटने वाले उचक्कों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज करने के बाद पुलिस लुटेरों के तलाश में जुट गई है। रामनगर जलालपुर शाना गांव निवासी बबलू सरोज पुत्र शिवदर्शन मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसने बताया कि 26 नवम्बर को वह अपनी बहन नत्थी के साथ एक निमंत्रण में शामिल होने के लिए संदीपन घाट थाने के उजिहिनी आइमा गांव से बाइक से गया था। निमंत्रण में शामिल होने के बाद रात को ही वह अपने घर वापस जा रहा था। महगांव के समीप स्थित एक ढ़ाबे पर वह चाय पीने के लिए रुक गया। ढ़ाबे में मौजूद दो अन्य युवक रतगहां के लिए लिफ्ट मांगने लगे। बबलू दोनों को लिफ्ट देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। नया तालाब के समीप बबलू बाइक रोककर लघुशंका करने लगा। इसी दौरान दोनों युवक उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। बबलू जब तक कुछ समझ पाता दोनों उचक्के लापता हो गए। पीड़ित ने थाने जाकर दोनों युवकों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद शनिवार शाम पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## मार्ग हादसे में जख्मी बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत, मुकदमा

**सिराथू, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में एक हफ्ते पहले वाहन की टक्कर से जख्मी बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, युवक की मौत की खबर पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अंबाई बुजुर्ग निवासी सुदेवी पत्नी शत्रुघ्न सिंह ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 21 नवंबर की शाम उसके पति शत्रुघ्न सिंह बाइक से भट पुरवा बाजार से वापस घर लौट रहे थे, जैसे ही वह हुजरा मोड़ के नजदीक पहुंचे तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया हादसे में शत्रुघ्न सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें इलाज के लिए प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनका इलाज के दौरान 28 नवंबर को मौत हो गई, सुदेवी की सूचना पर पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## बहू ने सास-ससुर पर आलमारी से जेवरात चोरी करने का लगाया आरोप

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती महमूदपुर मनौरी बाजार की श्वेता गुप्ता पत्नी अखिल गुप्ता ने बताया कि एक सप्ताह पहले वह अपने मायके बिहार चली गई थी। शनिवार को वापस लौटने पर कमरे में रखी आलमारी का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। उसने आरोप लगाया है कि आलमारी का ताला तोड़कर उसके सास-ससुर ने सारे सोने-चांदी के जेवरात को पार कर दिया। महिला ने रविवार को चायल पुलिस चौकी जाकर सास-ससुर के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## हाथों को हथियार बनाकर सोहदों को सिखाएं सबक



**करारी, कौशाम्बी।** किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आपको साहस की जरूरत है। जब तक अपने अंदर के डर को नहीं निकालेंगी तब तक आप जीत नहीं सकती। इसलिए हाथों को हथियार बनाकर साहस से मनचलों को मात दें। यह बातें रविवार को एसपी वृजेश श्रीवास्तव, सीओ सदर सत्येन्द्र तिवारी व इंस्पेक्टर विनीत सिंह के कुशल निर्देशन पर महिला कांस्टेबल जागृति कश्यप, शालू यादव व अनीता राठौर द्वारा कस्बे के हौलीपर व गुलामनूर का पूरा गांव में जाकर मिशन शक्ति के तहत महिलाओ-बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कही। उन्होंने नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन व बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे में समझाया। इस अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090, वूमन पावर हेल्पलाइन व 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण कर जाना कौशाम्बी का इतिहास



लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के सौरई बुजुर्ग में स्थित कंपोजिट विद्यालय के कक्षा सात और कक्षा आठ में शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराने वाले बच्चों को अभिभावकों की सहमति से विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार साहू ने रविवार को प्रातः सात बजे बस में बिठाकर स्कूल के अन्य शिक्षकों के सहयोग से उन्हें बुद्ध की नगरी कौशाम्बी का शैक्षिक भ्रमण कराया। इस बीच बस से जाते समय जगह जगह पडने वाले रास्तों और चौराहों पर बने संकेताकों को दिखाते हुए शिक्षकों ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उन्हे सही तरह से चलने की जानकारी भी देते गए जिससे यातयात नियमों के उल्लंघन से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सके। बच्चों ने कौशाम्बी में बौद्ध स्तंभ, जैन मंदिर, बौद्ध मंदिर, यमुना नदी के किनारे अवशेष किला का स्वरूप, प्रभाषगिरी पर्वत व बहुला मंदिर का भ्रमण व दर्शन कर उनके ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व को समझा और जाना। भ्रमण के दौरान ही शिक्षिका राठौर शशि साहू ने बच्चों को बताया कि कालान्तर यही स्थान पर भगवान बुद्ध की तपोस्थली के रूप में रहा है। जैन अनुयायियों के छठवें तीर्थंकर पद्मप्रभु का जन्म भी कौशांबी की धरती में ही हुआ है। उन्होंने जैन धर्म का प्रचार और प्रसार किया। पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के नष्ट होने के बाद राजा कुरु ने इसे अपनी राजधानी बनाया था। इसे वत्स की स्वतंत्र राजधानी भी जाना जाता है। उस भारत के 16 महाजनपदों में एक जनपद कौशांबी भी हुआ करता था। इन अवशेषों में जनपद का पूरा इतिहास भरा हुआ हैं। प्रधानाध्यापक अजय साहू ने बताया कि बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराने का उद्देश्य यह है कि वे अपने जनपद के ऐतिहासिक गौरवशाली इतिहास से रूबरू हो सके और उसे घर परिवार और अन्य सहयोगी बच्चों के साथ साझा करते हुए उन्हें इसकी जानकारी से अवगत करा सके। बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण का जनपद के इतिहास और धर्म के बारे में जानकर उसके महत्व को समझा। भ्रमण में बच्चों के साथ अन्य शिक्षक शिवम केसरवानी व राजेश कुमार शर्मा भी शामिल रहे। बच्चों को कौशाम्बी का भ्रमण कराकर शाम छह बजे उन्हें अपने अपने घरों को वापस भेज दिया गया।

## कोहरे में सेफ्टी से वाहन चलाने हेतु चालकों को किया गया जागरूक



**अजुहा, कौशाम्बी।** सर्दी में कोहरे के कारण दृश्यता में कमी के बारे में राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को सचेत करने के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया हैं। कोहरे के मौसम में उपयोगकर्ता की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शीत ऋतु में धुंध व कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने हेतु रविवार को टोल बूथ व गुलामीपुर में पीआरओ कृष्ण मुरारी, मैनेजर देवेंद्र पाल व सीआरओ अजीत पांडेय ने वाहन चालकों को बताया कि धुंध व कोहरे में वाहन चलाते समय गति धीमी रखें। गाड़ियों की खिड़कियां थोड़ी खुली रखें। फॉग लाइट का प्रयोग करें। ब्लोअर चलाते समय गाड़ी में एयर पास होने दें। वाहन चलाते समय आगे और पीछे चल रहे वाहनों से निश्चित दूरी बनाकर रखें। हेड लाइट जलाकर रखें। सड़क अथवा सड़क के किनारे गाड़ी खराब होने पर इंडीकेटर देते रहें। यात्रा के समय बाई तरफ ही वाहन चलाएं। शहरी क्षेत्र में वाहन की गति धीमी रखें और एक्सप्रेसवे पर अपनी निर्धारित लेन पर ही यात्रा करें। निजी वाहन के पीछे लाल रेट्रो रिफ्लेक्टर और व्यावसायिक वाहनों में आगे सफेद व पीछे लाल रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाए। साथ नेशनल हाईवे पर वाहनों की पार्किंग न बनाए।

## प्राकृतिक व ऐतिहासिक स्थानों का किया भ्रमण



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के राजकीय हाईस्कूल अमिरतापुर के छात्र छात्राओं को रविवार को प्रकृति की सुंदरता निहारने व पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए ऐतिहासिक व प्राकृतिक रूप से रमणीक स्थान चित्रकूट का भ्रमण कराया गया। ईको क्लब से सौजन्य से चित्रकूट की प्रसिद्ध घाटी, व भगवान श्रीराम से जुड़े रामघाट, हनुमान धारा, गुप्त गोदावरी, सती अनुसुइया, कामता नाथ स्वामी मंदिर के दर्शन कराए गए। पहाड़ों एवं प्रकृति की सुंदरता देख छात्र अभिभूत हो गए। नोडल शिक्षक शंकरानन्द ने सभी स्थलों के ऐतिहासिक महत्व बताया। प्रधानाचार्य डा. रामधीरज के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार पटेल सहित 56 छात्र शैक्षिक भ्रमण पर गए।

# सूने पड़े घर को शातिर चोरों ने बनाया निशाना





लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के कमालपुर में सूने पड़े मकान को शातिर चोरों ने अपना निशाना बनाया है।मकान के मुख्य द्वार सहित अन्य कमरों का ताला तोड़कर शातिर चोरों ने कीमती जेवरात समेत नगदी पार कर दिया। सुबह भुक्तभोगी को मामले की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के कमालपुर निवासी मो आलम सलमानी पुत्र स्व करामत सलमानी ने बताया कि उसके पिता का गत 11 नवम्बर को निधन हो गया है। दो दिन पूर्व घर के सभी लोग फातिहा आदि के लिए गांव के ही पुराने मकान में चले गए। इसी बीच रविवार की देर रात सुनसान पड़े नए घर का ताला तोड़कर शातिर चोर मकान में घुस गए और अन्य कमरों व आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात सहित नगदी व विदेशी मुद्रा पार कर दिया।पीड़ित ने बताया कि शातिर चोरों ने दो अंगूठी, एक पायल, एक मंगलसूत्र, एक गले का हार सहित अस्सी हजार की नगदी व 1800 रियाल विदेशी मुद्रा पार कर दिया है। सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

## पानी भरने को लेकर पड़ोसियों ने की मारपीट

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव ने पानी भरने को लेकर पड़ोसी ने अपने परिवारजनों के साथ मिलकर पानी भरने गई महिला के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया, पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के निदूरा का मजरा जवाहर का पुरवा निवासी हीरामनी पत्नी मुन्ना ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार की शाम वह पड़ोस में लगे सरकारी नल में पानी भरने गई थी, हीरामनी का आरोप है कि इस दौरान पड़ोस की रहने वाली एक महिला गाली गलौच करने लगी जिसका विरोध करने पर महिला अपने दोनों पुत्रियों के साथ मिलकर मारपीट कर जख्मी कर दिया और धमकी देने लगी, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल ने जुट गई है।

# जल व पर्यावरण का दोहन होगा भविष्य के लिए घातक- डायट प्राचार्य

▶▶ जल व पर्यावरण-संरक्षण की दिलाई शपथ



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** डा. ए एच रिजवी डिग्री कॉलेज करारी के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित डिजिटल लिटरेसी की कार्यशाला के दौरान जल एवं प्रकृति सरंक्षण के प्रति जागरण मंच के तत्वावधान में बौद्धिक परिसंवाद का आयोजन राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हरिओम सिंह व रणविजय निषाद ने संयुक्तरूप में किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर की प्राचार्य निधि शुक्ला व रिजवी कालेज के प्राचार्य राजेश सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य निधि शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि जल एवं पेड़ पौधे प्रकृति द्वारा दिये गये ऐसे उपहार हैं, जो जीवन के आधार स्तंभ हैंय इनका दोहन भविष्य के लिए घातक होगा। हम सबको इस मुहिम में शामिल होकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

रणविजय निषाद ने कहा कि जल एक ऐसा रसायन है जिसे हम केवल बचा सकते हैं, लेकिन इसे बना नहीं सकते हैं। जल जीवन का पर्याय है। उन्होंने कहा कि सोखपिट के निर्माण, खुली हुई टोंटियों को बंद करने, बाथरूम में जग-मग के प्रयोग करने पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। बर्ड एंड नेचर प्रोटेक्शन कैंपेन के संयोजक, राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त हरिओम सिंह ने कृषक बन्धुओं को खेत में बागवानी करने, पेड़ पौधे को लगाने पर बल दिया। उन्होंने खेत का पानी खेत में रोकने की सलाह दिया।

उन्होंने अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया झीलों, तालाबों आदि का महत्व बताते हुए डायट प्रवक्ता डा. सुरेश चंद मिश्र ने कहा कि पेड़-पौधे, नदी-तालाब, मानव, पशु-पक्षी सभी एक-दूसरे पर आश्रित हैं। इनका सरंक्षण जरूरी है। शिक्षक अतुल प्रकाश प्रजापति ने जल के महत्त्व को बताते हुए कहा कि अतिथियों के आने आधा गिलास पानी दें, टोंटियों को बंद रखें। केपटाउन में जल की कितनी भयावहता है पर चर्चा किया।भास्कर मिश्र ने स्प्रिंकलर से सिंचाई करने के फायदे बताते हुए जल संरक्षण को रेखांकित किया। अंत में डायट प्राचार्य ने विलुप्त होती जा रही प्रजातियों जैसे गौरैया व अन्य पक्षी, जल एवं पौधों को बचाने का संकल्प भी दिलाया। इस मौके पर जल व प्रकृति संरक्षण पर विशेष रूप से काम कर रहे शिक्षक रामकृष्ण साहू, भास्कर मिश्रा, कमलेश तिवारी, अतुल कुमार प्रजापति, अनुराग मिश्र, वीरेंद्र केसरवानी को अंगवस्त्र व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऋचा चौधरी, पूनम शुक्ला, नरेश कुमार, कमलेश तिवारी, लवलेश सिंह, नीलिमा सिंह, पूजा, तैयबा तस्लीम सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के थूलगुला के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति जख्मी हो गए, आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। फतेहपुर जनपद के खागा थाना क्षेत्र के ऐरायां के आकीलपुर निवासी भूप सिंह पुत्र ऊदल सिंह ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका भाई पवन कुमार अपनी पत्नी प्रीति देवी के साथ रविवार को बाइक गंगा स्नान करने कड़ा धाम गया था, पवन गंगा स्नान करके वापस घर लौट रहा था तभी सैनी कोतवाली क्षेत्र के थूलगुला के टेडीमोड के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिसके बाद बाइक से गिरकर पवन कुमार व प्रीति देवी जख्मी हो गए, आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो एम्बुलेंस की मदद से घायल दंपत्ति को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया, भूप सिंह ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# बौद्ध श्रद्धालुओं की टूरिस्ट वैन रोड रोलर से टकराई

▶▶ बौद्ध श्रद्धालु घायल,निजी अस्पताल में पुलिस ने करवाए इलाज





लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** भरवारी कोखराज थाना क्षेत्र में रविवार को दिल्ली से कौशाम्बी भ्रमण पर आए बौद्ध श्रद्धालुओं की टूरिस्ट गाड़ी नेशनल हाइवे पर चल रहे रोड रोलर से टकरा गई, हादसे में कई श्रद्धालु घायल हो गए, मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों, पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में इलाज कराया और अपनी गाड़ी से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की।

इस दौरान कोई भी श्रद्धालु गंभीर घायल नहीं हुआ। घटना कोखराज थाना के पास की नेशनल हाइवे की है जहा दिल्ली से चलकर कौशाम्बी जिले के बौद्ध स्थलों के भ्रमण के लिए बौद्ध धर्म के श्रद्धालुओं का एक जत्था एक टूरिस्ट बस और एक टूरिस्ट गाड़ी से जा रहा था, जैसे ही वह कोखराज थाना के पास पहुंचे उनकी टूरिस्ट वैन एक रोड रोलर से टकरा गई, टक्कर से टूरिस्ट वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,हादसे के बाद श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई, मौके पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में अपने साधन से ले गए और भर्ती कराया, जहा उनका इलाज कर उन्हें निजी साधन से कौशाम्बी बौद्ध स्थल के लिए रवाना कर दिया।

इस संबंध में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि बौद्ध श्रद्धालुओं की एक टूरिस्ट वैन दिल्ली से कौशाम्बी भ्रमण के लिए आई थी, कोखराज थाना के पास वह रोड रोलर से टकरा गई, जिसमे दो श्रद्धालु घायल हुए है, जिनका इलाज कराकर निजी वाहन से उनके गंतव्य स्थान के लिए भेज दिया गया।

## विद्या ज्ञान स्कूल प्रारंभिक परीक्षा सकुशल सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** विद्या ज्ञान स्कूल प्रारंभिक परीक्षा सत्र 2025,26 रविवार को सकुशल सम्पन्न हुई, मंझनपुर के ओसा में स्थित श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज में आयोजित विद्या ज्ञान स्कूल प्रारंभिक परीक्षा में रविवार को पहली पारी में कुल पंजीकृत 790 छात्रों में 514 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए जबकि 276 छात्र अनुपस्थिति रहे वही दूसरी पाली की परीक्षा में पंजीकृत 763 छात्रों ने 508 उपस्थित व 255 छात्र अनुपस्थिति पाए गए।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 551 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## सम्पादकीय

# पुतिन की वचनबद्धता खत्म

रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है। इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस ÷नाटो के हमलों÷ से खुद को खतरे में पाएगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा।इस हफ्ते की दो घटनाओं ने तीसरे विश्व युद्ध को दुनिया के और करीब ला दिया है। पहले अमेरिका में निवर्तमान जो बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल का अधिकार दे दिया।उसकी प्रतिक्रिया में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने देश का परमाणु अस्त्र सिद्धांत बदलने के आदेश पर दस्तखत कर दिए। अमेरिका ने जब इन मिसाइलों की सप्लाई यूक्रेन को की थी, तभी पुतिन सरकार रूस की संसद ड्यूमा से परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन का प्रस्ताव पारित करा लिया था। एटीएसीएमसी अति-आधुनिक मिसाइलें हैं, जिनसे दुश्मन को भारी क्षति पहुंचाई जा सकती है।रूसी विशेषज्ञों के मुताबिक इन मिसाइलों को संचालित करने की क्षमता यूक्रेन के सैनिकों में नहीं है, इसलिए इन्हें चलाने के लिए विशेषज्ञ सैनिक भी नाटो के सदस्य देशों से भेजे गए हैं।पुतिन ने कहा था कि इन मिसाइलों से हमले का मतलब नाटो सेनाओं की यूक्रेन में सीधी भागीदारी होगी, जिससे पौने तीन साल से जारी इस जंग का स्वरूप बदल जाएगा।तब रूस यह मानेगा कि उसकी सीधे नाटो से जंग चल रही है। इस क्रम में नाटो के हर सदस्य देश उसके निशाने पर होंगे। परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन के तहत रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है।इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस ÷नाटो के हमलों÷ से खुद को खतरे में महसूस करेगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेगा। इस तरह यूक्रेन युद्ध ने बेहद गंभीर और खतरनाक रूप ले लिया है।राहत की बात सिर्फ यह है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टीम ने एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल की इजाजत देने के बाइडेन प्रशासन के निर्णय की आलोचना की है। ऐसे में यह संभव है कि कोई अत्यंत खतरनाक कदम उठाने से पहले रूस अगले 20 जनवरी को ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश का इंतजार करे।ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध रोकने का इरादा जताया हुआ है। वे अपने इस चुनावी वादे पर कायम रहे, तो दुनिया महाविनाश से बच जाएगी। वरना, संभावित स्थितियों की कल्पना भी भयावह लगती है।




# पाक में क्यों बह रहा शिया मुसलमानों का खून



**आर.के. सिन्हा**

मोहम्मद अली जिन्ना ने जिस इस्लामिक देश पाकिस्तान को बनवाया था, वहां मुसलमान ही अब मुसलमानों की जान के दुश्मन हो गये हैं। वहां सुन्नी और शिया समुदायों के बीच हुए हालिया संघर्ष में 100 से ज्यादा लोगों का खून बहा। हिंसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हुई। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में 24 करोड़ की आबादी में शिया मुस्लिम लगभग 15 प्रतिशत ही हैं। पाकिस्तान में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच का हालिया संघर्ष जटिल है, जिसके जड़ें सदियों पुरानी धार्मिक और राजनीतिक विभाजन के इतिहास पर टिकी हैं।वैसे तो कुछ कट्टरपंथी समूह तो दोनों पक्षों में ही मौजूद हैं जो हिंसा का इस्तेमाल करके ही अपने धार्मिक विचारों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। ये समूह साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा देते हैं और हिंसा को सही ठहराते हैं। पाकिस्तान में सुन्नी समुदाय कतई शिया मुसलमानों को पसंद नहीं करते। इससे साफ है कि इस्लाम अपने मानने वालों को भी नहीं जोड़ता। हालांकि बातें बहुत होती हैं कि सारी दुनिया के मुसलमान एक हैं। लेकिन , ये अपनी इस बात को तो स्वयं ही बार-बार गलत साबित करते रहते हैं ।

पाकिस्तान में शिया मस्जिदों में धमाके और विष्फोट होना भी आम बात हो चुकी है। पेशावर में मई, 2022 में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान हुए दिल दहलाने वाले आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 60 से अधिक शिया नमाजी मारे गए थे।। हमलावरों ने निशाना बनाया था शिया मुसलमानों और उनकी इबादतगाह को। यह भी याद रखा जाए कि एक इस्लामिक मुल्क में ही शिया मुसलमानों का जीना मुश्किल हो गया है। वे हर वक्त डर-भय के साए में जीने को मजबूर बने रहते हैं। यह हाल उस पाकिस्तान का है जो मुसलमानों के वतन के रूप में बना था।पेशावर की शिया मस्जिद में हुआ हमला कोई अपने आप में पहली बार नहीं हुआ था। वहां पर शिया मुसलमानों पर लगातार जुल्मों-सितम होते रहे हैं। पाकिस्तान में लगातार प्रतिबंधित संगठन शियाओं के खिलाफ़ खुलेआम प्रदर्शन भी करते हैं। इस तरह के ज्यादातर प्रदर्शन लाहौर, क्वेटा, पेशावर वगैरह शहरों में देखने को मिलते हैं। वहां पर शिया मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाने वाला साहित्य भी हर जगह आसानी से वहाँ पर आम लोगों को आसानी से उपलब्ध है।तालिबान और इसी तरह के अन्य अतिवादी समूहों के विचारों का प्रभाव पाकिस्तान में है, जो साम्प्रदायिक संघर्षों को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह समूह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए शिया-सुन्नी संघर्ष का उपयोग आम तौर पर करते हैं। पाकिस्तान में कुछ सियासी नेता साम्प्रदायिक तनाव को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे मतदाताओं को लुभाने के लिए और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के लिए साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काते हैं।बेशक,



पाकिस्तान सरकार की सुन्नी परस्त नीति के कारण साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने में नाकामी, या यहां तक कि कुछ मामलों में इसमें सहयोग करने से, इस समस्या को और बढ़ावा मिलता है। पाकिस्तान में कुछ सुन्नी जिन्ना को भी शिया बताते हैं। कौन जाने की एक बार जिन्ना शिया साबित कर दिए गए तो उनकी विरासत को भी बिना कुछ जाने समझे ही पाकिस्तान में धूल में मिला दिया जायेगा।पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर शिया मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों और सिखों के साथ भेदभाव के कई जटिल कारण हैं, जिनमें धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक उद्देश्य और कई सामाजिक-आर्थिक कारक शामिल हैं। कोई एकल कारण नहीं है, बल्कि ये कारक आपस में जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान में कुछ अतिवादी आतंकी धार्मिक समूहों का प्रभाव काफी है , जो सुन्नी इस्लाम के एक विशेष व्याख्या का प्रचार करते हैं जो अन्य धर्मों और शिया इस्लाम के प्रति असहिष्णुता को बढ़ावा देता है।कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल किया है। वे अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं, उन्हें ÷दूसरे÷ के रूप में चित्रित करते हैं, जिससे सामाजिक विभाजन बढ़ता है।पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित किया जाता है। उन्हें अच्छी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुँच होती है, जिससे वे और भी हाशिए पर आते ही चले जाते हैं।

यह आर्थिक असमानता सामाजिक भेदभाव को और बढ़ाती है। एक समस्या यह भी है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाले अपराधों में अक्सर अपराधियों को सजा नहीं मिलती है, जिससे उन्हें अन्याय का सामना करना पड़ता है और भेदभाव जारी ही रहता है। न्याय प्रणाली में सुधारों की कमी से अल्पसंख्यकों का भरोसा कम होता है। अगर आप पाकिस्तान के इतिहास को देखें तो पायेंगे कि पाकिस्तान की स्थापना के समय से ही अल्पसंख्यकों के साथ लगातार अत्याचार और भेदभाव होता रहा है। यह सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कारक आज भी भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। पाकिस्तान में हिन्दुओं को भी नफरत की निगाह से देखने वाले भी कम नहीं हैं। हालांकि लगभग सारे पाकिस्तानियों के पुरखे हिन्दू ही तो थे। पाकिस्तान का इतिहास हिन्दुओं के खिलाफ नाइंसाफी और खून से लथपथ है। हालांकि 11 अगस्त,1947 को मोहम्मद अली जिन्ना ने एक भाषण में यह कहा था कि पाकिस्तान में सभी धर्मों के मानने वालों को अपने धार्मिक स्थानों में जाने की अनुमति होगी। यानी पाकिस्तान के विश्व मानचित्र में आने से सिर्फ तीन दिन पहले। उन्होंने अपनी कैबिनेट में जोगिन्दर नाथ मंडल नाम के एक हिन्दू को शामिल भी किया था। वे पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से थे।मंडल को जिन्ना ने अपनी कैबिनेट में विधि मंत्री की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा था कि इस्लामिक पाकिस्तान में सबके हक सुरक्षित हैं। पर हुआ इसके ठीक विपरीत। मंडल पाकिस्तान के पहले और शायद आखिरी हिन्दू मंत्री बने। वे वहां पर अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेता थे। मंडल अपने को बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों से बहुत प्रभावित बताते थे। वे दलित समुदाय से आते थे। वे 1946 में पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में भी विधि मंत्री थे।जिन्ना की 11 सितंबर, 1948 को मौत के साथ ही मंडल की वहां पर दुर्गति चालू हो गई थी। उनकी हर सलाह को नामंजूर कर दिया जाता। नतीजा यह हुआ कि वे पाकिस्तान को छोड़कर भारत आ गए। ये 1951 के आसपास की बातें हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ नाइंसाफी होती है। इसलिए उनका पाकिस्तान में रहना मुमकिन नहीं होगा। मंडल उसके बाद कोलकत्ता आ गए। उनका 1968 में निधन हो गया। मंडल ने जो कहा था, वह अक्षरशः सही निकला। पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ कभी न्याय नहीं हुआ। इसी का नतीजा था कि जिन्ना का करीबी एक दलित हिन्दू मंत्री तक पाकिस्तान में नहीं रह सका। कुल मिलाकर बात यह है कि पाकिस्तान में अभी तो सिर्फ सुन्नी ही सुरक्षित हैं।आगे क्या होगा शायद खुदा को खुद भी पता न हो । आगे - आगे देखिये होता है क्या?**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## सरोकार

# क्यों बढ़ रही है देश में वर्ष दर वर्ष आत्म हत्याओं की घटनाएं ?

**अशोक भाटिया**

हाल ही में राजधानी दिल्ली में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली. 30 साल के अमित कुमार मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे थे । अमित कुमार ने हॉस्टल के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली । एक रपट में कहा गया है कि हमारी शिक्षा प्रणाली में अंकों पर जोर दिया जाता है। इसमें माता-पिता का दबाव, स्वयं तथा शैक्षणिक संस्थाओं से की जाने वाली अपेक्षाएं अंततः आत्महत्या का कारण बनती हैं। भारत के उन्नीस राज्यों में विश्लेषण से पता चला कि करीब बीस फीसद कालेज छात्र इंटरनेट के आदी हैं, जिनमें से एक तिहाई युवा साइबर ठगी का शिकार होते हैं और उसमें से एक तिहाई आत्महत्या कर लेते हैं। राजस्थान के कोटा शहर में तो छात्रों की आत्महत्या की लगातार बढ़ती घटनाओं से हर कोई आहत है, जहां नीट, जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए आने वाले छात्र निरंतर जान देते रहे हैं। ऐसी घटनाओं को रोकना सरकार और प्रशासन दोनों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।हाल ही में 28 अगस्त, 2024 को एनसीआरबी के आंकड़ों के आधार पर 'छात्र आत्महत्याएंः भारत में फैली महामारी' नामक रपट जारी की गई, जिसमें चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। इस रपट के अनुसार किशोरों में आत्महत्या का कारण मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं (54 फीसद), नकारात्मक पारिवारिक मुद्दे (36 फीसद), शैक्षणिक तनाव (23 फीसद), सामाजिक और जीवनशैली कारक (20 फीसद), हिंसा (22 फीसद), आर्थिक संकट (9.1 फीसद) और भावनात्मक संबंध (9 फीसद) हैं। शारीरिक और यौन शोषण, कम उम्र में विवाह, कम उम्र में मां बनना, घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव आदि कई ऐसे कारण हैं, जिनके चलते युवा लड़कियां आत्महत्या कर लेती हैं।इंटरनेट पर जब ढूंढेंगे तो छात्रों की आत्महत्या के ढेरों मामले मिल जाएंगे. लेकिन छात्रों की आत्महत्या को लेकर अब जो नया खुलासा हुआ है, वो वाकई चौंकाने वाला है.एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में आबादी इतनी तेजी से नहीं बढ़ रही, जितनी तेजी से छात्रों की आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं. इससे पता चलता है कि भारत में छात्रों में सुसाइडल टेंडेंसी तेजी से बढ़ रही है ।दरअसल हमारे देश ही नहीं, पूरी दुनिया में अकेलेपन, अवसाद और आत्‍महत्‍या के मामले बढ़ रहे हैं। बल्कि यूं कहना ठीक होगा कि आत्‍महत्‍या एक महामारी का रूप धरती जा रही है। लोग कई वजहों से आत्‍महत्‍या करते हैं, ऐसे में अगर उन्‍हें समय रहते पेशेवर सहायता मिल जाए, दोस्‍त-परिवार वाले उनकी मदद करें तो हम आत्‍महत्‍या के मामलों को कम कर सकते हैं। पिछले साल दुनियाभर में आठ लाख लोगों ने आत्‍महत्‍या की और हमारे देश में 1,64,033 ने आत्‍महत्‍या करके अपनी जान गंवाई। समाज विज्ञान के जानकारों के अनुसार बढ़ती महंगाई तथा आम आदमी की लगातार घटती कमाई आत्महत्या के मामले बढ़ने का प्रमुख कारण है। दरअसल कमाई कम होने या रोजगार नहीं होने के कारण लोगों में तनाव बहुत बढ़ गया है, जिससे बहुत से मामलों में पारिवारिक क्लेश पैदा होता है और परिणामस्वरूप आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। वर्ष 2016 में जहां आत्महत्या के कुल 1064033 मामले दर्ज हुए थे और 2017 में 1.29 लाख लोगों ने आत्महत्या की थी, वहीं 2017 से 2021 तक ये मामले 26 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 1.64 लाख से भी ज्यादा हो गए।गैर-लाभकारी संस्था ढ्ढष्3 की एक नई रिपोर्ट ने भारत में छात्र आत्महत्याओं में खतरनाक वृद्धि पर प्रकाश डाला है, जिसमें खुलासा हुआ है कि महाराष्ट्र ऐसी घटनाओं की सबसे अधिक संख्या वाला राज्य बनकर उभरा है। रिपोर्ट, जिसमें 2021 और 2022 के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया, में पाया गया कि इस अवधि के दौरान छात्र आत्महत्याओं की कुल संख्या में थोड़ी कमी आई थी , लेकिन पिछले दो वर्षों में इन दुखद घटनाओं की दर में लगातार वृद्धि हुई है।

तमिलनाडु और मध्य प्रदेश आत्महत्या के मामलों में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पूरे भारत में ऐसे 1,64,033 मामले दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार ये आंकड़े सामने आए हैं। पेशे या करियर से संबंधित समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत और वित्तीय नुकसान देश में आत्महत्या की घटनाओं के मुख्य कारण हैं। आत्महत्या करने वालों में करीब 64 फीसदी यानी 1.05 लाख लोग ऐसे हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम थी।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक बीते वर्ष देश में कुल 164033 लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें से 118979 पुरुष, 45026 महिलाएं और 28 ट्रांसजेंडर थे। आत्महत्या करने वाली आधी से भी ज्यादा 23178 गृहिणियां थी जबकि 5693 छात्राओं और 4246 दैनिक वेतनभोगी महिलाओं ने आत्महत्या की।

गृहिणियों द्वारा आत्महत्या के सर्वाधिक मामले तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में क्रमशः 3221, 3055, 2861 दर्ज किए गए, जो गृहिणियों द्वारा की गई आत्महत्या के मामलों का क्रमशः 13.9, 13.2 और 12.3 फीसदी है। आत्महत्या के मामलों में महिला पीड़ितों का अनुपात दहेज जैसे विवाह संबंधी मुद्दों, नपुंसकता और बांझपन में अधिक देखा गया। पेशेवर समूहों में स्वरोजगार करने वालों में भी आत्महत्या के मामले करीब 16.73 फीसदी बढ़े हैं। देश में 2020 में आत्महत्या के कुल 153052 मामले दर्ज हुए थे और 2021 में आत्महत्या की दर में 7.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई।

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 33.2 फीसदी लोगों ने पारिवारिक समस्याओं के कारण जबकि 18.6 फीसदी ने बीमारी के कारण मौत को गले लगाया।

आत्महत्या के अन्य मुख्य कारणों में 6.4 फीसदी मादक पदार्थों का सेवन और शराब की लत, 4.8 फीसदी विवाह संबंधी मुद्दे, 4.6 फीसदी प्रेम प्रसंग, 3.9 फीसदी दिवालियापन या कर्ज, 2.2 फीसदी बेरोजगारी, 1.6 फीसदी पेशेवर कैरियर की समस्या, 1.1 फीसदी गरीबी और 1 फीसदी परीक्षा में असफलता शामिल रहे।आत्महत्या करने वालों में 18-30 वर्ष से कम आयु वर्ग के 34.5 फीसदी और 30-45 वर्ष से कम आयु के 31.7 फीसदी लोग शामिल हैं जबकि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में 3233 आत्महत्याएं पारिवारिक समस्याओं के कारण, 1495 प्रेम संबंध और 1408 बीमारी के कारण हुई।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### पिता मात्र एक शब्द नहीं....

पिता मात्र एक शब्द नहीं
पिता एक उत्तरदायित्व है। एक आशीर्वाद है...
जो सदैव हमारे साथ होता है,
पिता होना सही मायने में, जीवन का एक ऐसा क्षण होता है।
एक ऐसा फल होता है जो जीवन में सबसे सफल होता है।
पिता से ही उनकी संतानों का आज और कल होता है।
पिता अपने बच्चों की खुशियों के लिए हर पल जीता जाता है।
जीवन के अन्य क्षेत्र, अन्य लक्ष,
अपनी स्वयं की सुख को, अरमानों को, महत्वाकांक्षाओं की तिलांजलि देकर,
खुश होता है।
पिता मात्र एक शब्द नहीं
पिता एक उत्तरदायित्व है।
संतानों के आगे बढ़ने पर, सफल होने पर पिता का आशीर्वाद होता है।
दुआए होती है,
खुदा होता है, ईश्वर होता है।
जो साथ में सदैव संतान के पीछे होता है।
पिता अपनी संतानों को निरंतर उत्तरोत्तर पथ पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है,
जब वही संतान पिता होता है,
तो उसे पिता को होने का दर्शन होता है।
पिता मात्र एक शब्द नहीं
पिता एक उत्तरदायित्व है।
पिता एक दर्शन है.. विधायक है, चिंतन है..
पिता शब्द मात्र नहीं ईश्वर है।
सर्वशक्तिमान है ,
सब पर कृपा करने वाला, खून पसीने बहा कर परिश्रम और निरंतर कर्मठता दिखाकर,
पिता सदैव अपनी संतानों के सुख के लिए जागता है सोता है।
पिता पिता होता है।
पिता एक उत्तरदायित्व कर्म धर्म दर्शन एक दिव्या सत्कर्म होता है।।
पिता मात्र एक शब्द नहीं
पिता एक उत्तरदायित्व है।



**बेकस रमन (स.अ.)**
**सीतापुर उत्तर प्रदेश**

### सुनो ना

तुम्हें पता
जैसे सूर्य हर रोज आकर
हम सबके जीवन को प्रकाशित करता है
ऐसे ही तुम्हारे सान्निध्य में
मेरे अंधकार भरे
मन को जीवन को रोशन पाया मैनें
तुम मेरे जीवन में
उस चन्द्रमा की भाँति स्थापित हो
जो हर अमावस के बाद
धीरे धीरे बढ़ कर
एहसास दिलाता है के
अंधेरे से लड़ना इतना कठिन नही
तुम हो मेरे लिए पहाडों से बहते
किसी निर्मल झरने सी
जो ऊँचाई से गिरते वक़्त भी
अपनी
खोता नही है सुंदरता
तुम हो मेरे लिए
नदियों में सर्वोपरि गंगा की भाँति
जिसकी शरण प्राप्त होने पर
सिर्फ जीवित ही नही
बल्कि मृत देह भी
शीतलता और विश्राम पाते हैं
तुम हो मेरे लिए धरा की भाँति
जो इतनी सहनशील है
के अपना सीना फाड़ने वाले को भी
प्रतिकार स्वरूप
प्रेम का दान देती है
ताकि उसका और उसकी नसलों का
भरण पोषण हो सके सम्भव
सुनो ...
ईश्वर प्रदत्त इन सब शक्तियों के गुण
तुममें समाहित हैं
अदृश्य और दृष्यमान रूप में
मेरे मन का
ईश्वर ही तो हो तुम
जिसके सान्निध्य में मेरा तन मेरा मन
विश्राम पाता है ...



**डॉ इंदु भार्गव**
**जयपुर राजस्थान**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। जो लोग जॉब की तलाश में हैं उनको अच्छा रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है, नहीं तो रिश्तो में दूरियां भी देखने को मिल सकता है। आपका पुराना मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सुबह की सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे।। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल- मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छाशक्ति की कमी है। |
| सिंह | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार का तनाव लेने की जरूरत नहीं है। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बढ़ेगी। परिवार में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकता है। घर में अच्छा माहौल बना रहेगा। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है |
| वश्चिक | आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा।आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर हर जगह से आपको काम के लिए ऑफर मिलते दिखायी देंगे। |
| धनु | आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। |
| मकर | आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य संबंध के तनाव से छुटकारा पाने के लिए आप अपने रिश्तों में थोड़ी ढ़ील देंगे।इस दौरान आप नेगेटिव विचारों से बचें। |
| कुम्भ | आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जायेगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिला सकता है। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा। |
| मीन | आज आपका दिन बेहतर रहेगा।आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में कुछ मनमुटाव की स्थिति रहेगी। लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। रिश्तों में ईमानदारी बनाए रखें।आपके लिए अच्छा रहेगा। रहें।आज आपके अंदर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। |

# बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अल्पसंख्यक भारतीयों की सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार है लापरवाह -प्रमोद तिवारी

**▶▶राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने कार्मिशियल गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर भी केन्द्र की किया तल्ख आलोचना**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बांग्लादेश में ताजा घटना क्रम के तहत हिन्दू मंदिरों में तोड़फोड़ तथा हिंसा की घटना पर केन्द्र की मोदी सरकार की लगातार कायराना चुप्पी की तल्ख आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के साथ अन्य अल्पसंख्यक भारतीय पूरी तरह से असुरक्षित है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश के साथ इन घटनाओं पर मोदी सरकार द्विपक्षीय कूटनय में कड़ा प्रतिरोध नहीं जता पा रही है। वहीं उन्होंने मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा की केन्द्र सरकार बांग्लादेश समेत हाल ही में कनाडा, ब्रिटेन तथा अमेरिका में भी हिंदू मंदिरों पर हमले के मामले में प्रतिरोध को लेकर कमजोर प्रदर्शन से विदेशों में रह रहे भारतीयों की रक्षा करने में अक्षम साबित हो रही है।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां तोड़ी जा रही है। फिर भी मौजूदा केन्द्र सरकार भारतीयों की चिन्ता दूर करने को लेकर कोई भी ठोस प्रयास नहीं कर पा रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसा कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदूओं समेत भारतीयों को अपमान के कड़वे घूंट से पीने की विवशता से बाहर निकालने के लिए इन्दिरा गांधी की समाधि पर जायें और उन्नीस सौ इकहत्तर के शौर्य से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि इस काम के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की अनुचित गिरफ्तारी को लेकर भी मोदी सरकार की कमजोर विदेशनीति के चलते वैश्विक समर्थन की प्रक्रिया मंद पड़ी हुयी है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कार्मिशयल गैस सिलेण्डर के दामों में फिर बढ़ोत्तरी को लेकर भी मोदी सरकार की तगड़ी घेराबंदी की है। उन्होंने कहा है कि पिछले कई माह से लगातार कार्मिशयल गैस सिलेण्डर के दामों में सरकार महंगाई में वृद्धि पर आमादा है। उन्होंने कहा कि कार्मिशयल गैस के दामों में ऊँची मूल्य बढ़ोत्तरी आम उपभोक्ताओं के समूह पर महंगाई का हमला है। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार के क्षेत्र में भी महंगाई और बढ़ेगी तथा इसकी कीमत देश के आम वर्ग को चुकानी पड़ेगी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का यह बयान रविवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## दहेज हत्या का नामजद आरोपी पति गिरफ्तार

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बहरामई बड़गौं गांव निवासी सुभाष की पत्नी मोनी गौतम की संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को सुबह मौत हो गई। मृतका की मां द्रौपदी देवी ने दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पति, सास, ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी मामले में दरोगा नदीम खान ने शनिवार को आरोपी सुभाष को बड़गों गांव के मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल

## घर से निकला युवक लापता

**कुंडा प्रतापगढ़।**नगर पंचायत मानिकपुर के खानकाह मोहल्ला निवासी सुरेश कुमार मौर्या का 18 वर्षीय बेटा राहुल कुमार मौर्या 24 नवंबर को सुबह करीब आठ बजे किसी काम से घर से निकला। घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कहीं पता नहीं चला। बेटे के साथ किसी अनहोनी की आशंका में परेशान परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

# जनसत्ता दल के कार्यकर्ता की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**▶▶अंतिम संस्कार में पहुंचे राजा भइया, जताया गहरा दुःख**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।**बाबूगंज बाजार कुंडा निवासी श्री लाल सोनकर कुंडा तहसील में अमीन के पद से सेवानिवृत्त है। उनके दो बेटे थे। बड़ा बेटा उमेशचंद्र सोनकर व छोटा बेटा शानू सोनकर। छोटा बेटा 24 वर्षीय शानू सोनकर रविवार को सुबह करीब 6ः00 बजे हौदेश्वर नाथ धाम हर रविवार होने वाले स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए अपने बुलेट मोटरसाइकिल से जा रहा था।

अभी वह कुंडा बेती मार्ग पर दूवर नाले से चंद कदम आगे ही बढ़ा था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने दाहिनी जाकर बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे शानू दूर जाकर गिरा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शानू का शरीर क्षत विक्षत हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हथिगवां पुलिस



बिखरे हुए शवों को एकत्रित कर कुंडा सीएचसी ले गई। घटना की जानकारी होने के बाद बाबागंज विधायक विनोद सरोज, पूर्व प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह, बछरौली समाज सेवी साके सिंह भारी संख्या में जनसत्तादल लोकतांत्रित कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर सुनते ही स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। एचएसओ नंदलाल सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है चालक समेत डंपर को कब्जे में लिया गया है ।

शाम को पोस्टमार्टम के बाद सव वापस आने पर मानिकपुर राजघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया राजघाट मानिकपुर पहुंच कर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। घटना को लेकर राजा भइया ने गहरा दुख जताया है। अंतिम संस्कार में कुंडा बाबागंज के जनसत्ता दल के कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचकर शामिल हुए।

## वांछित 2 हत्यारों को पुलिस ने दबोचा,कुल्हाडी बरामद

**कोहड़ौर,प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश के कारण सिर में कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया,अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण बैश के नेतृत्व में थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री राधेश्याम मय हमराह उ0नि0 रामजन्म पाण्डेय, उ0नि0 श्री विवेक कुमार यादव, कां0 पुष्पेन्द्र यादव, कां0 सौरव द्वारा 02 अभियुक्तों 01. अरुण कुमार गुप्ता उर्फ सुभाष पुत्र भागीरथी निवासी ग्राम गंगापुर थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ 02. बाबूलाल गुप्ता पुत्र प्रभू गुप्ता निवासी ग्राम डुहिया पूरब पट्टी थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 30.11.2024 को थानाक्षेत्र कोहड़ौर के मलाक मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर मृतक के सिर पर मारकर जिस कुल्हाड़ी से हत्या की गई थी उस कुल्हाड़ी को अरुण के ट्यूबेल के पास स्थित खेतध्बाग से लोहे व गत्ते के कबाड़ से बरामद किया गया।पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मृतक से पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर दिनांक 24.11.2024 की रात्रि में हम दोनो ने रात्रि में सो रहे मृतक ओम प्रकाश गुप्ता को कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से मार दिया था। जिससे ओम प्रकाश गुप्ता की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**मानधाता,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0 678ध्24 धारा 131 घरेलू हिंसा अधिनियम थाना पट्टी से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त हमीद पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम टिकरी हरखपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दूसरे दिन 682 मरीजों की हुई जांच

**▶▶रानीगंज के शिवकुमारी दुबे इंटर कॉलेज नौडेरा में आयोजित किया गया है त्रिदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुवंशा।** तीन दिवसीय निशुल्क संपूर्ण स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन दिल्ली एम्स, एसजीपीजीआई लखनऊ, बीएचयू बनारस, मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया और निशुल्क दवाइयां वितरित की।

रानीगंज तहसील, विकासखंड गौरा क्षेत्र के शिवकुमारी दुबे इंटर कॉलेज नौडेरा में दूसरे दिन कॉलेज के प्रबंधक राजेश दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने डॉक्टर उमा कुमार दिल्ली एम्स को गुलदस्ता भेंट किया। संपूर्ण स्वास्थ्य शिविर में आए हुए डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इनमें डॉक्टर सचिन कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ उमा कुमार दिल्ली एम्स गठिया रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर रिचा त्रिपाठी स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सुनील पाण्डेय बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ अविनाश गुप्ता जनरल फिजिशियन, प्रोफेसर प्रीति गुप्ता दिल्ली एम्स हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ रोहित कुमार दिल्ली एम्स फेफड़ा रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर असजद महमूद दिल्ली एम्स हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर गौरव पाण्डेय एसजीपीजीआई लखनऊ पेट व आंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अभिषेक अभिनय बाल रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर शिखा सचान स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर केपी पटेल चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर संदीप कुमार नाक कान गला विशेषज्ञ, डॉक्टर सुष्मिता बानरा दिल्ली एम्स चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सुमित ग्रोवर दिल्ली एम्स नेत्र रोग विशेषज्ञ आदि शामिल रहे। विभिन्न रोगों के डॉक्टरों ने आए हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इन सभी रोगियों को डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयां निशुल्क वितरित की गई। सुबह से शाम तक मरीजों की भीड़ लगी रही। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रविवार को कुल 682 मरीज देखे गए।

# अध्यक्ष पद के सपा प्रत्याशी राजकुमार 3 दिसम्बर को करेंगे नामांकन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़ ।** नगर पालिका अध्यक्ष पद के सपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह राय साहब आगामी 3 दिसंबर 2024 को अपना नामांकन दाखिल करेंगे ।

ज्ञात हो कि नगर पालिका अध्यक्ष रहे हरि प्रताप सिंह का निधन हो जाने के कारण अध्यक्ष पद रिक्त हो गया था, जिलाधिकारी प्रशासक के रूप में कार्यभार ग्रहण किए थे ।

अब अध्यक्ष पद का चुनाव घोषित किया जा चुका है जिसके लिए समाजवादी पार्टी और भाजपा में टिकट टिकट पाने की कोशिश पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चल रही थी । समाजवादी पार्टी की ओर से पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार सिंह राय साहब को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया गया है ।ज्ञात हो कि राजकुमार सिंह राय साहब वर्ष 2005 से वर्ष 2010 तक सदर



ब्लाक प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं उसके पश्चात वर्ष 2010 में उनकी पत्नी श्रीमती शांति सिंह एडवोकेट ब्लॉक सदर की ब्लॉक प्रमुख चुनी गई थी । राजकुमार सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती शांती सिंह राजनीति में पिछले कई वर्ष से सक्रिय हैं । शांति सिंह ने बताया कि उनके पति राजकुमार सिंह03 दिसम्बर को नामांकन करेंगे ।

# अवैध पिस्टल के साथ महिला गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है । अभियुक्ता का सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र के साथ फोटो हुआ था वायरल।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के निकट मार्गदर्शन में दिनांक 30.11.2024 को प्रभारी निरीक्षक हथिगवां श्री नन्दलाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अमित कुमार चौहान मय हमराह म0उ0नि0 राखी सिंह, म0का0 पूजा, म0का0 नीलम, वाहन चालक अमित थाना हथिगवां द्वारा जाँच व तलाश सोशल मीडिया पर वायरल पिस्टल के साथ युवती की जाँच के दौरान, थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जहानाबाद से 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्ता की निशांदेही पर हथिगवां से लालगोपालगंज रोड़ पर हरिशंकरपुर खाले का पुरवा मोड़ के पास से 01 अवैध पिस्टल 32 बोर बरामद किया गया ।

अवैध पिस्टल बरामदगी के आधार पर थाना हथिगवां में अन्तर्गत धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट बनाम 01 अभियुक्ता पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्ता ने पिस्टल के साथ वायरल फोटो के बारे में पूछताछ में बताया कि मैंने शौकिया पिस्टल का प्रदर्शन किया था तथा सुभम सिंह ने फोटो खींच लिया था । मुझे पिस्टल का शौक था इसलिये यह पिस्टल सुभम सिंह से ले लिया । हमारे और सुभम सिंह से अनबन होने के कारण उक्त फोटो पर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया ।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त रामसजीवन पटेल गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ ढॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) सजंय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के कुशल नेतृत्व में थाना महेशगंज से उ0नि0 श्री शिवपाल सिंह मय हमराह हे0का0 जयप्रकाश मिश्रा, का0 लालबहादुर वर्मा द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 186 ध् 2024 धारा 191 (2)ध191 (3)ध190ध109ध110ध् 333ध117(2)ध115(2)ध352ध351 (3) ठछै से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त रामसजीवन पटेल पुत्र स्व. रामनाथ पटेल निवासी ग्राम जगतपुर ऐंधा थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को हीरागंज बाजार से गिरफ्तार किया गया ।

## पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफतार

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ ढ़ॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के नेतृत्व में दिनांक 01.12.2024 को थाना कोतवाली देहात से उ0नि0 अखिलेश प्रताप मय हमराह द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 137(2), 87, 64 बीएनएस व 3ध4 पॉक्सो एक्ट में प्रकाश में आया वांछित राहुल पटेल पुत्र वकील पटेल निवासी समेरा (झुगवा) थाना कसेया जनपद कुशीनगर उम्र 22 वर्ष को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत भुपियामऊ चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# वीर रस की कविता वीरों के अदम्य साहस और बलिदान का जीता जागता प्रमाण - डॉ सुधा रानी सिंह




**मेरठ ।** शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधव पुरम मेरठ में गत दिवस विभागीय परिषद के तत्वावधान में वीर रस पर आधारित कविता वाचन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिन्दी विषय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा ज्ञान प्रदायिनी वाग्देवी मां शारदे पर माल्यार्पण कर किया गया । संयोजन एवं संचालन प्रो0 सुधा रानी सिंह, डी0 लिट्0, हिन्दी विभागाध्यक्ष ने किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्राओं में वीरता, साहस और ऊर्जा का संचार करने के साथ ही उनमें देशभक्ति की भावना जागृत करेगी । वीर रस देश के गौरवशाली इतिहास, वीरों के अदम्य साहस और बलिदान का जीता जागता प्रमाण है जो परिस्थितियों से लड़ना और चुनौतियों का सामना करना सिखाता है ।प्रतियोगिता में कुमारी यशिका एम ए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, कु0 आरजू एम ए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा कु0 निकिता एम ए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु0 निशा पाल एवं कु0 ज्योति बी ए तृतीय वर्ष तथा डॉली बीए प्रथम वर्ष ने चतुर्थ स्थान पर रहकर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं को एक मंच तो मिलता ही है साथ ही उनकी काव्य प्रतिभा भी प्रदर्शित होती है । उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी। प्रो0 मोनिका चौधरी एवं डॉ0 राजकुमार सिंह ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार एक की मौत, एक जख्मी

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लेहदरी की ओर से आ रही कार अनियंत्रित होकर भानीपुर के नजदीक पेड़ से टकरा गई, हादसे में कार में सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा जख्मी हो गया, हादसा देख आसपास मौजूद लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । बताया जाता है कि फ्तेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के अमौली निवासी अजीत दीक्षित पुत्र विजय नारायण 38 वर्ष कार से अपने साथी कानपुर जनपद के किदवई नगर निवासी अभिनव त्रिपाठी पुत्र नंद किशोर के साथ शनिवार की रात लेहदरी की ओर से घर के लिए लौट रहे थे, कार जैसे ही कड़ा धाम थाना क्षेत्र के भानीपुर के नजदीक पहुंची तभी अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई हादसे में अजित दीक्षित की मौत हो गई जबकि अभिनव त्रिपाठी घायल हो गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया

# तपस्वी सीएम योगी ने लहराया सनातन का परचम- अखाड़ा परिषद

### अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष बोले, मोदी-योगी ने बढ़ाया हिंदुत्व का मान

**देव सेनापति कार्तिकेय का अनुसरण करते हैं निरंजनी अखाड़ा के संत**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** तपस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व में सनातन का ऐसा परचम लहराया है, जो आज तक किसी ने नहीं किया है। 2019 का कुम्भ दिव्य और भव्य था और सीएम योगी की अगुवाई में महाकुम्भ 2025 उससे भी ज्यादा दिव्य और भव्य होगा। ये बातें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हिंदुत्व का मान बढ़ाने वाला बताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को अलौकिक रूप देने में लगे हैं, जिसमें देश दुनिया के साधु संत भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में देशभर के शीर्ष महात्माओं का प्रयागराज में आगमन शुरू हो चुका है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी भी प्रयागराज पहुंचकर अखाड़ों की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।उन्होंने कहा कि तपस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन का ऐसा परचम लहराया है कि देश विदेश की नजरें भारत पर आकर टिक गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन की परंपरा को बुलंद किया है। देश के ऐसे शीर्ष नेतृत्व ही दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महा आयोजन को साकार कर सकते हैं।

दिव्यता और भव्यता के लिहाज से इस बार का महाकुम्भ सबसे अलौकिक होने जा रहा है, जिसमें



पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त होने जा रहे हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने निरंजनी अखाड़ा के माहात्म्य के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि निरंजनी अखाड़ा के संत देव सेनापति कार्तिकेय का अनुसरण करते हैं। इसके अलावा यहां दीक्षा लेने के बाद सभी को गुरु भाई बनाया जाता है। यहां किसी को अलग से नया गुरु बनाने की कोई परंपरा नहीं है। हम सबके गुरु निरंजन देव जी हैं। महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की ओर से वर्षों पूर्व तैयारी शुरू हो जाती है।

इस बार के महाकुम्भ को लेकर 3 साल पहले से ही योजनाएं शुरू कर दी गईं। यहां महाकुम्भ में भक्तों के प्रसाद के लिए करीब 3 साल पहले से ही जरूरी संसाधन जुटाए जाने लगे। जिसमें देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और स्वादिष्ट प्रसाद का इंतजाम किया गया है। जिसमें पांच पांच हजार लोग एक पंक्ति में बैठकर महाकुंभ के पवित्र प्रसाद का आनंद लेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेंगे सनातन बोर्ड के गठन पर फैसला

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को महाकुम्भ में धर्म संसद का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश भर के प्रमुख साधु संत हिस्सा लेंगे। यहीं से सनातन बोर्ड के गठन का प्रस्ताव तैयार होगा। जिसे केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। हम चाहते हैं कि जो भी बोर्ड बने वह केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त हो। साथ ही हमारी कोशिश है कि इस बोर्ड में कोई भी त्रुटि नहीं होनी चाहिए। 26 जनवरी को संगम की रेती पर चारों पीठ के शंकराचार्य, 13 अखाड़ों के प्रमुख संतों और अन्य धर्माचार्यों को आमंत्रित किया जाएगा।

# महिला आयोग की सदस्या ने सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्यायें

**जिला कारागार नैनी, जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) एवं नारी निकेतन खुल्दाबाद का किया निरीक्षण**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महिला आयोग की सदस्या श्रीमती गीता विश्वकर्मा द्वारा आज रविवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला से संबंधित प्रकरण की जनसुनवाई की गयी। महिला जनसुनवाई में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित कुल 7 प्रकरण आए , माननीय सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को उक्त प्रकरणों को समय से निस्तारित कराये जाने के लिए कहा है और साथ ही साथ उन्होंने पुलिस अधिकारियों को महिलाओं से संबंधित मामलों में महिला पुलिसकर्मियों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने के लिए कहा है।जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, अवैध कब्जे से सम्बंधित शिकायतों सहित अन्य शिकायतें सुनवाई के लिए आयी। सदस्या ने कहा कि महिला आयोग का गठन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ही हुआ है। यदि किसी महिला को न्याय मिलने में कोई परेशानी आ रही है तो वे अपनी समस्या को लेकर महिला जनसुनवाई में जरूर आये।

जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की पूरी सहायता की जायेगी। उन्होंने कहा कि महिला जन सुनवाई में आने वाले शिकायती प्रकरणों के निस्तारण की मानिटरिंग सुनवाई के बाद नियमित रूप से आयोग के स्तर पर की जाती है इसलिए प्रकरणों को बेवजह लम्बित करने तथा पीड़ित महिलाओ को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्ट्रेट -3 सुदामा वर्मा, जिला प्रोवेशन अधिकारी सर्बजीत सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।तत्पश्चात सदस्या ने जिला कारागार नैनी में महिला बैरक, जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) में प्रसव वार्ड तथा महिला वार्ड एवं नारी निकेतन खुल्दाबाद का निरीक्षण कर महिलाओं से मुलाकात की एवं उनके उनसे बातचीत किया।

# बंगलादेश में अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार पर जनाक्रोश




**लोकमित्र से**

**मीरजापुर।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज पर अत्याचार तत्काल बंद हों तथा इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करने की मांग के साथ हिन्दू रक्षा समिति ने पत्रकार वार्ता आयोजित की।सिटी क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए हिन्दू रक्षा समिति के जिला संयोजक अनुपम महाराज ने बताया कि पूज्य संतों के नेतृत्व में तीन दिसम्बर को विरोध प्रदर्शन कर पदयात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है तथा समिति जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजेगी और मांग करेगी कि अल्पसंख्यक समाज के संपत्तियो को लूटने, सरकारी नौकरी से जबरन निकालने, धर्मान्तरण कराने और धार्मिक स्थलो का ध्वस्तीकरण कराने जैसे कुकृत्य को रोकने के लिए भारत सरकार बंगलादेश सरकार पर दबाव बनाये।

उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बांग्लादेश में हिन्दु, बौद्ध, जैन एवं सिख समाज सहित अन्य सभी अल्पसंख्यक समाज पर कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार किए जा रहे हैं जिसके कूटनीतिक समाधान की भारत सरकार से अपेक्षा है बांग्लादेश सरकार द्वारा अराजक तत्वों को दिए जा रहे संरक्षण की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है

अल्पसंख्यको द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दबाने हेतु हिन्दू, बौद्ध, सिख, जैन सहित अन्य अल्पसंख्यक समाज का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। हिन्दू रक्षा समिति बांग्लादेश सरकार से यह आवाहन करती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों तथा चिन्मय कृष्ण दास को यथाशीघ्र कारावास से मुक्त करें।साथ ही समिति महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार से भी यह आवाहन करती है कि अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा के लिए विश्व अभिमत बनाएँ।इस क्रम मे उन्होने बताया कि मीरजापुर का हिन्दू, बौद्ध, जैन और सिख समाज हिन्दू रक्षा समिति के तत्वावधान मे एक विरोध प्रदर्शन के साथ ही पदयात्रा मंगलवार, 3 दिसंबर को घंटाघर परिसर से निकालने जा रही है जो पूरे नगर में भ्रमण करेगी। हिन्दू रक्षा समिति के जिला संयोजक अनुपम महराज ने समस्त हिन्दू समाज से विरोध प्रदर्शन एवं पदयात्रा कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होने का आह्वान किया है।

पत्रकार वार्ता में उनके साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह सच्चिदानंद, विहिप की जिला उपाध्यक्ष मंजूलता, अतुल कुमार, अनिल भी उपस्थित रहे।

## तेलंगाना के भाजपा नेता ने मां विन्ध्यवासिनी मंदिर में मत्था टेका



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** तेलंगाना के महामंत्री संगठन भाजपा चन्द्रशेखर ने विन्ध्यवासिनी मंदिर में आकर दर्शन पूजन किया और राष्ट्र के कुशलता की कामना की। उनका स्वागत नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, राम कुमार विश्वकर्मा, रवि शंकर पांडेय सहित अन्य भाजपा नेताओं ने किया। राजनीतिक चर्चा में उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार पर चिंता व्यक्त की और विश्व के मानवाधिकारवादियों को आड़े हाथों लिया कि वो अभी तक चुप हैं जबकि आतंकियों तक के पक्ष में आंसू बहाते रहते हैं।

## नगर पंचायत में हुआ स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**राजापुर, चित्रकूट-** नगर पंचायत राजापुर में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत चलाये जा रहे स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ किया गया। साथ ही स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत बनाई गई वाल पेंटिंग का अवलोकन भी किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ कर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं ब्रांड एंबेसडर सुरेश जायसवाल व जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने लोगों को स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में वार्ड स्तरीय मूल्यांकन के लिए निर्धारित मापदंडों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चेयरमैन संजीव मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन के अंतर्गत समस्त वार्डों की सफाई निरंतर होती रहती है। अब नगर के 15 वार्डों में ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 1,100 अंकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। पांच दिसम्बर तक मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन वार्ड को जन जागृति दिवस के अवसर पर छह दिसम्बर को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छ शौचालय अभियान के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए 'स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी' थीम के अन्तर्गत नगर के सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों पर स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों द्वारा बनायी गयी सांकेतिक वॉल पेंटिंग का जनप्रतिनिधियों, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया। इस मौके पर सभासद जितेंद्र कुमार सोनकर, उर्मिला देवी, नथुनिया देवी, मोनू सोनकर, गजराज, ऊदल, राममिलन, रामनारायण, सीता देवी, ज्ञानमती, तरणी कुमार शुक्ला, रमन कुमार, राजेश कुमार, संजय देवी, शंकर दयाल जायसवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# तीन चोरियों का खुलासा करते हुए दो चोरों को किया गिरफ्तार




**राजापुर, चित्रकूट-** सुरसेन गांव में चोरी करने वाले कौशाम्बी जिले के वैशकाटी गांव के दो चोरो को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से चोरी किए गए जेवर भी बरामद हुए है।सरधुवा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि बीती पांच अगस्त को सुरसेन निवासी मोहम्मद शरीफ ने सरधुवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार अज्ञात चोरों ने उसके घर में सेंध लगाकर लोहे की अलमारी में रखे जेवर चुरा लिए थे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी और राजापुर क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह के पर्यवेक्षण में सरधुवा थाने की पुलिस को चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद रविवार को थाने के उपनिरीक्षक मुन्नीलाल, मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार, आरक्षी शक्ति सिंह व आरक्षी चालक राहुल पुरी ने कौशाम्बी जिले के करारी थाने के वैशकाटी निवासी मुकेश उर्फ बकोली व संता उर्फ बंटोली को पयस्वनी नदी के पुल के पास गिरफ्तार कर लिया। पूंछतांछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि सुरसेन गांव के अलावा उन्होंने रैपुरा थाने के करौंदी कलां एवं सीतापुर चौकी के रानीपुर भट्ट में भी चोरी की थी और चोरी का माल जमीन के नीचे खोदकर दबा दिया है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जेवर बरामद कर लिए।

## प्राणघातक हमले के मामले में दस्यु गोप्पा को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**चित्रकूट ब्यूरो-** अपने गांव के ही एक युवक को गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में बंद दस्यु भोले उर्फ रामगोपाल उर्फ गोप्पा को न्यायालय ने सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 10 जुलाई 2015 को पहाड़ी थाने के हर्रा गांव के निवासी रामराज पुत्र सूरजदीन ने अपने गांव के ही रहने वाले दस्यु भोले उर्फ रामगोपाल उर्फ गोप्पा यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार दस्यु गोप्पा ने अपने साथियों के साथ जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचे से फायर किया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए घायल का चिकित्सीय परीक्षण काराया था।

# पारस्परिक समन्वय व प्रेम से सम्पन्न हो संगठन पर्व- कौशलेन्द्र पटेल



**चित्रकूट ब्यूरो-** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अभियान के मण्डल अध्यक्ष चुनाव की जिला कार्यशाला का आयोजन रविवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।कार्यशाला में भाजपा के जिला चुनाव अधिकारी कौशलेन्द्र पटेल ने संगठन पर्व को पारस्परिक समन्वय व प्रेम से सम्पन्न कराने के लिए प्रेरित किया।

कहा कि इसमें योग्य कार्यकर्ताओं को पदों पर स्थापित कर सम्मान दिया जाएगा। साथ ही संगठन के गठन में लैंगिग समानता को भी सुनिश्चित किया जाए। इसमें सामाजिक समीकरण के आधार पर समायोजन भी किया जाए।

कहा कि गुटबाजी संगठन हित में ठीक नही होती है। भाजपा लोकतान्त्रिक मूल्यों की संरक्षक पार्टी है।

हम सांगठनिक शक्ति के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बने हैं।जिला सदस्यता सत्यापन प्रभारी ब्रिजकिशोर गुप्ता ने कहा कि भाजपा संगठन में सभी जाति वर्ग का समायोजन किया जाए।

सभी कार्यकर्ता उत्साह से संगठन पर्व में सक्रिय सहभाग करें। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओ को मण्डल के प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर जिला सदस्यता प्रमुख चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सह सदस्यता प्रमुख आलोक पाण्डेय, राघवेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, शिवशंकर सिह, अर्जुन शुक्ला, हरिओम करवरिया, आनन्द पटेल, अश्विनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, अंजू वर्मा, अश्विनी अवस्थी, पंकज अग्रवाल, हीरो मिश्रा, महेन्द्र कोटार्य, ब्रजेश पाण्डेय, देव त्रिपाठी, प्रेमलाल, मनोज तिवारी, श्रवण पटेल, हेमन्त सिंह,
सच्चिदानंद गर्ग, राजेश्वरी, दिव्या, अर्पित जायसवाल, संजय पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, जानकी तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, राकेश कोल, दिनेश पटेल आदि मौजूद रहे।

# आजीवन परिलब्धि पुरस्कार से डॉ वाजपेयी को किया गया सम्मानित



**चित्रकूट ब्यूरो-** लखनऊ के विश्वकर्मा आडिटोरियम में योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, इंडियन योग फेडरेशन एवं ऊप्र नेचुरोपैथी एंड योगा टीचर्स एंड फिजीशियन एसोसिएशन द्वारा मांसपेशीय तंत्र पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का प्रभाव विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष ग्राम चित्रकूट के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी को गत 30 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा से सम्बन्धित 3000 से अधिक लेख लिखने व दो लाख से अधिक रोगियों को भारतीय चिकित्सा पद्धति से स्वास्थ्य प्रदान करने सहित कई पुस्तकें लिखने जैसे योगदान के उपलक्ष्य में उपकुलपति भारतखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आजीवन परिलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा उपकुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। जनपदवासियों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की है।

# इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे शुभारंभ

**चित्रकूट ब्यूरो-** आगामी पांच दिसम्बर को खजुराहो में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस बार जिले में बनी तीन फिल्में सपना देखा है हमने, कालीघाट और बुनियाद प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा बुंदेलखंड की कई प्रतिभाएं यहां अपने हुनर का जलवा दिखाएंगी। फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को समर्पित फेस्टिवल का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे।फेस्टिवल के उत्तर प्रदेश प्रभारी बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पांच से 11 दिसंबर तक आयोजित खजुराहो फिल्म फेस्टिवल में मुंबई की फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा लगेगा। यहां बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को विशेष रूप से मंच प्रदान करने का लक्ष्य रहता है। यहां होने वाले कार्यक्रमों में बुंदेलखंड का जलवा बरकरार रहता है। साथ ही साथ मुंबई के कार्यक्रम दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्मी हस्तियों के अलावा मंच पर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मंत्री और केंद्र सरकार के नेताओं की मौजूदगी रहेगी। बताया कि इस बाद जिले के पाठा क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय बंभिया के बच्चों द्वारा स्वच्छता को लेकर बनाई गई फिल्म सपना देखा है हमने फेस्टिवल में प्रदर्शित की जायेगी। इसके अलावा शार्ट फिल्म बुनियाद और कालीघाट भी दिखाई जायेगी। साथ ही इन फिल्मों से जुड़े कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा।बताया कि खजुराहो परिक्षेत्र में पांच टपरा टॉकीज का निर्माण किया गया है। इनके नाम राजेश खन्ना अभिनीत फिल्मों के नाम पर होंगे। इन्हीं टाकीजों में नवोदित कलाकारों द्वारा बनाई गई सैकड़ों फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही रंगमंच तकनीकी कार्यशाला एवं मास्टर क्लास का विशेष आयोजन होगा। जिसमें देश एवं विदेश के प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली, भारतेन्दु नाट्य अकादमीलखनऊ, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कला, साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा एवं सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। इस बार सिनेमा गांव-गांव टूरिंग टाकीज की शुरुआत कर रहे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्मों को दिखाने का काम करेगी।

### ▶▶ जिले में फेस्टिवल कराने का रखा जाएगा प्रस्ताव

चित्रकूट- फेस्टिवल के उत्तर प्रदेश प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की तर्ज पर जिले में भी फिल्म फेस्टिवल कराने के लिए इस बार प्रस्ताव संयोजक राजा बुंदेला के समक्ष रखा जाएगा। बताया कि जिले में एयर कनेक्टिविटी न होने के चलते फिल्म फेस्टिवल का आयोजन मुश्किल था, लेकिन अब चित्रकूट में भी एयरपोर्ट सुविधा है, ऐसे में अब फिल्म फेस्टिवल जिले में आयोजित कराने का प्रस्ताव खजुराहो में संयोजक राजा बुंदेला के समक्ष रखा जाएगा।

### ▶▶ फेस्टिवल में यह कलाकार होंगे सम्मलित

फिल्म फेस्टिवल में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, डिंपल कपाड़िया, सुनील शेट्टी, ट्विंकल खन्ना, रघुवीर यादव, अनंत महादेवन, महेश मांजरेकर, पंकज त्रिपाठी, बुमन ईरानी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी सहित कई विदेशी कलाकार भी इस फिल्म फेस्टिवल में सम्मिलित होंगे। वही खजुराहो फिल्म महोत्सव के गवर्निंग काउंसिल के मनमोहन शेट्टी, रजत बेदी, रमेश सिप्पी, प्रकाश झा एवं चंद्रप्रकाश द्विवेदी विशेष तौर पर इस फेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगे।

## निशुल्क शिक्षा की सुविधा अब लगभग दोगुने लोगों को

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी के विशेष प्रयास से निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा से अब लाभान्वित होंगे 6474 छात्र जबकि पिछले वर्ष तक ये सुविधा मात्र 3658 लाभार्थियों को ही मिल पाती थी। बेसिक शिक्षाधिकारी अनिल वर्मा ने बताया कि जनपद निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा का लाभ 371 स्कूलों में 3658 लाभार्थियों को ही दिया जाता था।जबकि यू डायस पोर्टल पर जनपद में कुल 788 स्कूल मान्यता प्राप्त हैं, जिलाधिकारी की पहल पर इस सत्र में नए 417 स्कूलों को आर टी ई पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराया गया जिससे अब आर टी ई पोर्टल पर रजिस्टर्ड स्कूलों की संख्या 788 हो जाने से 6474 छात्रों को निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिलेगा।जो विगत शैक्षिक सत्र की तुलना में लगभग दोगुना है। उन्होंने आगे बताया कि नए शैक्षिक सत्र 2025- 26 प्रवेश हेतु आर टी ई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 1 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है जो भी पात्र चाहें वो ऑनलाइन अपना आवेदन पत्र जमा कर दें।

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय पट्टी जिला प्रतापगढ़

वाद संख्या सन

शकुन्तला देवी .....प्रथम पक्ष

बनाम

राम प्रकाश मिश्र.... द्वितीय पक्ष

बनाम - राम प्रकाश मिश्र सुत स्व0 चन्द्र पाल मिश्र निवासी ग्राम पिपरी खालसा पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ ।

मु0 धारा 116 उत्तर प्रदेश रा0 संहिता 2006 भूमि ग्राम खभोर पर 0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़। कंप्यूटरीकृत वाद संख्या ञ्ञ 202402570405056

तारीख पेशी 04-12 - 2024

यह की वादी ने उपरोक्त वाद / प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है एतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04- 12 - 2024को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र टी आई व तनकीह समय प्रातः 10-00 बजे स्वयं या अपने मार्फत वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दावा करें , ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षर किया जाएगा । मेरे हस्ताक्षरता न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक . को जारी किया गया

आज्ञा से

# ऊर्जा क्षेत्र में निजीकरण का जेई संगठन ने किया विरोध

**चित्रकूट ब्यूरो-** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन ने ऊर्जा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निजीकरण का विरोध किया है। संगठन के जनपद सचिव उमाशंकर ने बताया कि ऊर्जा प्रबंधन को निजीकरण के बजाय कार्पोरेशन में सुधार के कार्यक्रम लागू करने चाहिए। संगठन ने पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रस्तावित निजीकरण के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसे निरस्त करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि निजीकरण से जूनियर इंजीनियर सहित सभी विद्युतकर्मियों के सेवा शर्तों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। कहा कि विद्युत विभाग के अंदर सुधार कार्यक्रमों के द्वारा स्थितियां बदली जा सकती है। कार्पोरेशन में केस्को का प्रदर्शन इसका जीता जागता उदाहरण है, जहां ऊर्जा प्रबंधन एवं विद्युतकर्मियों के संयुक्त प्रयास से विद्युत वितरण व्यवस्था वित्तीय रूप से एवं बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने में सक्षम बनी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त देश के कई सार्वजनिक उद्यम जैसे एनटीपीसी, एनएचपीसी, बीएचईएल आदि द्वारा अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि विभाग में नई तकनीकों का अधिकतम प्रयोग करके कार्यदक्षता, पारदर्शिता को बढ़ाया जाए।

साथ ही हर स्तर पर कार्य की जवाबदेही भी तय हो। निजीकरण का आदेश वापस न लेने पर जेई संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मऊ, चित्रकूट-** मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को उपनिरीक्षक रामकृत यादव व आरक्षी प्रवीण पाण्डेय ने कौशाम्बी जिले के गुरौली गांव के निवासी मधु त्रिपाठी व विनय दिवाकर को नौ-नौ लीटर कच्ची महुआ निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सकिपा की मासिक बैठक आज

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय मंझनपुर में 2 दिसम्बर सोमवार समय 12 बजे से होगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अजय सोनी ने बताया कि जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित पार्टी कार्यालय में प्रत्येक माह की एक तारीख को आयोजित होने वाली मासिक बैठक अपरिहार्य कारणों से इस माह एक के बजाय दो दिसंबर को आयोजित होगी। अजय सोनी ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मासिक बैठक में शामिल होने का आह्वान

# छात्रों को दी प्रतिभा के अनुसार कैरियर चुनने की सलाह



**चित्रकूट ब्यूरो-** माध्यमिक शिक्षा परिषद की गाइडलाइन के अनुसार राजकीय हाईस्कूल नोनार में रविवार को करियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा के अनुसार बेहतरीन कैरियर चुनने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री रामजी ने समस्त छात्र एवं छात्राओं को अनुशासन में रहकर अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का मंत्र भी बताया। पहाड़ी थाने के अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव ने महिला सशक्तिकरण एवं पुलिस करियर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्रधानाध्यापिका गुंजन ने फैशन डिजाइनिंग, पॉलिटेक्निक, आर्मी, अध्यापक आदि कैरियर के बारे में जानकारी दी। अभाविप के जिला संयोजक तेज प्रकाश, पहाड़ी नगर मंत्री शिवम चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान प्रेमती वर्मा ने भी कैरियर सम्बन्धी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तैयार की गई पंख डायरी में कक्षा नौ की छात्रा महिमा का प्रदर्शन अच्छा रहा।

साथ ही शिवानी, उर्मिला, रोशनी द्वारा शिक्षक पर लघु नाटक का उत्तम रूप देखने को मिला। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सहायक अध्यापक शिवप्रकाश, सुरभि, मीना, इंद्रेश, अर्चना, भरोसे लाल, रिंकू चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।


9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# बंगलादेश में अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार पर जनाक्रोश




**लोकमित्र से**

**मीरजापुर।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज पर अत्याचार तत्काल बंद हों तथा इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करने की मांग को साथ हिन्दू रक्षा समिति ने पत्रकार वार्ता आयोजित की।सिटी क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए हिन्दू रक्षा समिति के जिला संयोजक अनुपम महाराज ने बताया कि पूज्य संतों के नेतृत्व में तीन दिसम्बर को विरोध प्रदर्शन कर पदयात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है तथा समिति जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजेगी और मांग करेगी कि अल्पसंख्यक समाज के संपत्तियो को लूटने, सरकारी नौकरी से जबरन निकालने, धर्मान्तरण कराने और धार्मिक स्थलो का ध्वस्तीकरण कराने जैसे कुकृत्य को रोकने के लिए भारत सरकार बंगलादेश सरकार पर दबाव बनाये।

उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि बांग्लादेश में हिन्दू, बौद्ध, जैन एवं सिख समाज सहित अन्य सभी अल्पसंख्यक समाज पर कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार किए जा रहे है जिसके कूटनीतिक समाधान की भारत सरकार से अपेक्षा है बांग्लादेश सरकार द्वारा अराजक तत्वों को दिए जा रहे संरक्षण की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है

अल्पसंख्यको द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दबाने हेतु हिन्दू, बौद्ध, सिख, जैन सहित अन्य अल्पसंख्यक समाज का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। हिन्दू रक्षा समिति बांग्लादेश सरकार से यह आवाहन करती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों तथा चिन्मय कृष्ण दास को यथाशीघ्र कारावास से मुक्त करें।साथ ही समिति महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार से भी यह आवाहन करती है कि अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा के लिए विश्व अभिमत बनाएँ।इस क्रम मे उन्होंने बताया कि मीरजापुर का हिन्दू, बौद्ध, जैन और सिख समाज हिन्दू रक्षा समिति के तत्वावधान मे एक विरोध प्रदर्शन के साथ ही पदयात्रा मंगलवार, 3 दिसंबर को घंटाघर परिसर से निकाले जा रही है जो पूरे नगर में भ्रमण करेगी। हिन्दू रक्षा समिति के जिला संयोजक अनुपम महाराज ने समस्त हिन्दू समाज से विरोध प्रदर्शन एवं पदयात्रा कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होने का आह्वान किया है।

पत्रकार वार्ता में उनके साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह सच्चिदानंद, विहिप की जिला उपाध्यक्ष मंजूलता, अतुल कुमार, अनिल भी उपस्थित रहे।

## तेलंगाना के भाजपा नेता ने मां विन्ध्यवासिनी मंदिर में मत्था टेका



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** तेलंगाना के महामंत्री संगठन भाजपा चन्द्रशेखर ने विन्ध्यवासिनी मंदिर में आकर दर्शन पूजन किया और राष्ट्र के कुशलता की कामना की। उनका स्वागत नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, राम कुमार विश्वकर्मा, रवि शंकर पांडेय सहित अन्य भाजपा नेताओं ने किया। राजनीतिक चर्चा में उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार पर चिंता व्यक्त की और विश्व के मानवाधिकारवादियों को आड़े हाथों लिया कि वो अभी तक चुप हैं जबकि आतंकियों तक के पक्ष में आंसू बहाते रहते हैं।

# नगर पंचायत में हुआ स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**राजापुर, चित्रकूट–** नगर पंचायत राजापुर में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत चलाये जा रहे स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ किया गया। साथ ही स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत बनाई गई वाल पेंटिंग का अवलोकन भी किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ कर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं ब्रांड एंबेसडर सुरेश जायसवाल व जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने लोगों को स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में वार्ड स्तरीय मूल्यांकन के लिए निर्धारित मापदंडों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चेयरमैन संजीव मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन के अंतर्गत समस्त वार्डों की सफाई निरंतर होती रहती है। अब नगर के 15 वार्डों में ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 1,100 अंकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। पांच दिसम्बर तक मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन वार्ड को जन जागृति दिवस के अवसर पर छह दिसम्बर को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छ शौचालय अभियान के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए 'स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी' थीम के अन्तर्गत नगर के सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों पर स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों द्वारा बनायी गयी सांकेतिक वॉल पेंटिंग का जनप्रतिनिधियों, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया। इस मौके पर सभासद जितेंद्र कुमार सोनकर, उर्मिला देवी, नथुनिया देवी, मोनू सोनकर, गजराज, ऊदल, राममिलन, रामनारायण, सीता देवी, ज्ञानमती, तरणी कुमार शुक्ला, रमन कुमार, राजेश कुमार, संजय देवी, शंकर दयाल जायसवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# तीन चोरियों का खुलासा करते हुए दो चोरों को किया गिरफ्तार




**राजापुर, चित्रकूट–** सुरसेन गांव में चोरी करने वाले कौशाम्बी जिले के वैशकाटी गांव के दो चोरो को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से चोरी किए गए जेवर भी बरामद हुए है।सरधुवा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि बीती पांच अगस्त को सुरसेन निवासी मोहम्मद शरीफ ने सरधुवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार अज्ञात चोरों ने उसके घर में सेंध लगाकर लोहे की अलमारी में रखे जेवर चुरा लिए थे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी और राजापुर क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह के पर्यवेक्षण में सरधुवा थाने की पुलिस को चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद रविवार को थाने के उपनिरीक्षक मुन्नीलाल, मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र कुमार, आरक्षी शक्ति सिंह व आरक्षी चालक राहुल पुरी ने कौशाम्बी जिले के करारी थाने के वैशकाटी निवासी मुकेश उर्फ बकोली व संता उर्फ बंटोली को पयस्वनी नदी के पुल के पास गिरफ्तार कर लिया। पूंछतांछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि सुरसेन गांव के अलावा उन्होंने रैपुरा थाने के करौंदी कलां एवं सीतापुर चौकी के रानीपुर भट्ट में भी चोरी की थी और चोरी का माल जमीन के नीचे खोदकर दबा दिया है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जेवर बरामद कर लिए।

## प्राणघातक हमले के मामले में दस्यु गोप्पा को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**चित्रकूट ब्यूरो–** अपने गांव के ही एक युवक को गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में बंद दस्यु भोले उर्फ रामगोपाल उर्फ गोप्पा को न्यायालय ने सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 10 जुलाई 2015 को पहाड़ी थाने के हर्रा गांव के निवासी रामराज पुत्र सूरजदीन ने अपने गांव के ही रहने वाले दस्यु भोले उर्फ रामगोपाल उर्फ गोप्पा यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार दस्यु गोप्पा ने अपने साथियों के साथ जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचे से फायर किया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए घायल का चिकित्सीय परीक्षण काराया था।

# पारस्परिक समन्वय व प्रेम से सम्पन्न हो संगठन पर्व- कौशलेन्द्र पटेल



**चित्रकूट ब्यूरो–** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अभियान के मण्डल अध्यक्ष चुनाव की जिला कार्यशाला का आयोजन रविवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।कार्यशाला में भाजपा के जिला चुनाव अधिकारी कौशलेन्द्र पटेल ने संगठन पर्व को पारस्परिक समन्वय व प्रेम से सम्पन्न कराने के लिए प्रेरित किया।

कहा कि इसमें योग्य कार्यकर्ताओं को पदों पर स्थापित कर सम्मान दिया जाएगा। साथ ही संगठन के गठन में लैंगिग समानता को भी सुनिश्चित किया जाए। इसमें सामाजिक समीकरण के आधार पर समायोजन भी किया जाए।

कहा कि गुटबाजी संगठन हित में ठीक नही होती है। भाजपा लोकतान्त्रिक मूल्यों की संरक्षक पार्टी है।

हम सांगठनिक शक्ति के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बने हैं।जिला सदस्यता सत्यापन प्रभारी ब्रिजकिशोर गुप्ता ने कहा कि भाजपा संगठन में सभी जाति वर्ग का समायोजन किया जाए।

सभी कार्यकर्ता उत्साह से संगठन पर्व में सक्रिय सहभाग करें। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओ को मण्डल के प्रत्येक बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर जिला सदस्यता प्रमुख चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सह सदस्यता प्रमुख आलोक पाण्डेय, राघवेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, शिवशंकर सिह, अर्जुन शुक्ला, हरिओम करवरिया, आनन्द पटेल, अश्विनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, अंजू वर्मा, अश्विनी अवस्थी, पंकज अग्रवाल, हीरो मिश्रा, महेन्द्र कोटार्य, ब्रजेश पाण्डेय, देव त्रिपाठी, प्रेमलाल, मनोज तिवारी, श्रवण पटेल, हेमन्त सिंह,

सच्चिदानंद गर्ग, राजेश्वरी, दिव्या, अर्पित जायसवाल, संजय पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, जानकी तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, राकेश कोल, दिनेश पटेल आदि मौजूद रहे।

# आजीवन परिलब्धि पुरस्कार से डॉ वाजपेयी को किया गया सम्मानित




**चित्रकूट ब्यूरो–** लखनऊ के विश्वकर्मा आडिटोरियम में योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, इंडियन योग फेडरेशन एवं ऊप्र नेचुरोपैथी एंड योगा टीचर्स एंड फिजीशियन एसोसिएशन द्वारा मांसपेशीय तंत्र पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का प्रभाव विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष ग्राम चित्रकूट के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी को गत 30 वर्षो से आयुर्वेद चिकित्सा से सम्बन्धित 3000 से अधिक लेख लिखने व दो लाख से अधिक रोगियों को भारतीय चिकित्सा पद्धति से स्वास्थ्य प्रदान करने सहित कई पुस्तकें लिखने जैसे योगदान के उपलक्ष्य में उपकुलपति भारतखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आजीवन परिलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा उपकुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। जनपदवासियों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की है।

# इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे शुभारंभ

**चित्रकूट ब्यूरो–** आगामी पांच दिसम्बर को खजुराहो में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस बार जिले में बनी तीन फिल्में सपना देखा है हमने, कालीघाट और बुनियाद प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा बुंदेलखंड की कई प्रतिभाएं यहां अपने हुनर का जलवा दिखाएंगी। फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को समर्पित फेस्टिवल का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे।फेस्टिवल के उत्तर प्रदेश प्रभारी बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पांच से 11 दिसंबर तक आयोजित खजुराहो फिल्म फेस्टिवल में मुंबई की फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा लगेगा। यहां बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को विशेष रूप से मंच प्रदान करने का लक्ष्य रहता है। यहां होने वाले कार्यक्रमों में बुंदेलखंड का जलवा बरकरार रहता है। साथ ही साथ मुंबई के कार्यक्रम दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्मी हस्तियों के अलावा मंच पर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मंत्री और केंद्र सरकार के नेताओं की मौजूदगी रहेगी। बताया कि इस बाद जिले के पाठा क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय बंभिया के बच्चों द्वारा स्वच्छता को लेकर बनाई गई फिल्म सपना देखा है हमने फेस्टिवल में प्रदर्शित की जायेगी। इसके अलावा शार्ट फिल्म बुनियाद और कालीघाट भी दिखाई जायेगी। साथ ही इन फिल्मों से जुड़े कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा।बताया कि खजुराहो परिक्षेत्र में पांच टपरा टॉकीज का निर्माण किया गया है। इनके नाम राजेश खन्ना अभिनीत फिल्मों के नाम पर होंगे। इन्हीं टाकीजों में नवोदित कलाकारों द्वारा बनाई गई सैकड़ों फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही रंगमंच तकनीकी कार्यशाला एवं मास्टर क्लास का विशेष आयोजन होगा। जिसमें देश एवं विदेश के प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली, भारतेन्दु नाट्य अकादमीलखनऊ, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कला, साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा एवं सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। इस बार सिनेमा गांव-गांव टूरिंग टाकीज की शुरुआत कर रहे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्मों को दिखाने का काम करेगी।

### ▶▶ जिले में फेस्टिवल कराने का रखा जाएगा प्रस्ताव

चित्रकूट– फेस्टिवल के उत्तर प्रदेश प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की तर्ज पर जिले में भी फिल्म फेस्टिवल कराने के लिए इस बार प्रस्ताव संयोजक राजा बुंदेला के समक्ष रखा जाएगा। बताया कि जिले में एयर कनेक्टिविटी न होने के चलते फिल्म फेस्टिवल का आयोजन मुश्किल था, लेकिन अब चित्रकूट में भी एयरपोर्ट सुविधा है, ऐसे में अब फिल्म फेस्टिवल जिले में आयोजित कराने का प्रस्ताव खजुराहो में संयोजक राजा बुंदेला के समक्ष रखा जाएगा।

### ▶▶ फेस्टिवल में यह कलाकार होंगे सम्मलित

फिल्म फेस्टिवल में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, डिंपल कपाड़िया, सुनील शेट्टी, ट्विंकल खन्ना, रघुवीर यादव, अनंत महादेवन, महेश मांजरेकर, पंकज त्रिपाठी, बुमन ईरानी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी सहित कई विदेशी कलाकार भी इस फिल्म फेस्टिवल में सम्मिलित होंगे। वही खजुराहो फिल्म महोत्सव के गवर्निंग काउंसिल के मनमोहन शेट्टी, रजत बेदी, रमेश सिप्पी, प्रकाश झा एवं चंद्रप्रकाश द्विवेदी विशेष तौर पर इस फेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगे।

# यातायात माह में 7,757 वाहनों का हुआ चालान

**चित्रकूट ब्यूरो**–यातायात माह नवम्बर में पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में 7,757 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 45 वाहनों को सीज करते हुए सात वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए जब्त किए गए।यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं जनपदीय नागरिक पुलिस द्वारा यातायात माह नवम्बर में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ 506 दो पहिया वाहनों का तीन सवारी बैठाकर यात्रा करने पर, 5016 वाहनों का बिना हेल्मिट यात्रा करने पर, 46 वाहनों का यात्रा के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर, 480 चार पहिया वाहनों का सीटबेल्ट नहीं लगाने पर, 198 वाहनों का नाबालिक द्वारा बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर, 127 वाहनों का पंजीकरण न होने पर, 403 वाहनों का दोषपूर्ण नंबर प्लेट होने पर, 505 वाहनों का परमिट व बीमा न होने पर, 12 वाहनों का ओवर स्पीड में, 35 वाहनों का गलत दिशा में वाहन चलाने पर, 81 वाहनों का ड्रिंक एण्ड ड्राइव में एवं 66 वाहनों का क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर एमवी एक्ट की धाराओं के तहत कुल 7757 वाहनों से 1,59,88,800 रुपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी। इसके अलावा 45 वाहन सीज कर सात वाहन चालकों के लाइसेंस जब्त किए गए। साथ ही प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे जनपद मे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। पिछले वर्ष 2023 में माह नवंबर में 5030 वाहनों से अधिरोपित जुर्माना 84,06,900 एवं जब्त किए गए 25 वाहन सीज के सापेक्ष यातायात माह नवंबर 2024 में किए गए कुल चालान 7,757 एवं अधिरोपित जुर्माना 1,59,88,800 रुपए तथा 45 वाहन सीज करते हुए एवं सात वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए जब्त किए गए।

# ऊर्जा क्षेत्र में निजीकरण का जेई संगठन ने किया विरोध

**चित्रकूट ब्यूरो–** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन ने ऊर्जा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निजीकरण का विरोध किया है। संगठन के जनपद सचिव उमाशंकर ने बताया कि ऊर्जा प्रबंधन को निजीकरण के बजाय कार्पोरेशन में सुधार के कार्यक्रम लागू करने चाहिए। संगठन ने पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रस्तावित निजीकरण के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसे निरस्त करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि निजीकरण से जूनियर इंजीनियर सहित सभी विद्युतकर्मियों के सेवा शर्तों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। कहा कि विद्युत विभाग के अंदर सुधार कार्यक्रमों के द्वारा स्थितियां बदली जा सकती है। कार्पोरेशन में केस्को का प्रदर्शन इसका जीता जागता उदाहरण है, जहां ऊर्जा प्रबंधन एवं विद्युतकर्मियों के संयुक्त प्रयास से विद्युत वितरण व्यवस्था वित्तीय रूप से एवं बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने में सक्षम बनी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त देश के कई सार्वजनिक उद्यम जैसे एनटीपीसी, एनएचपीसी, बीएचईएल आदि द्वारा अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि विभाग में नई तकनीकों का अधिकतम प्रयोग करके कार्यदक्षता, पारदर्शिता को बढ़ाया जाए।

साथ ही हर स्तर पर कार्य की जवाबदेही भी तय हो। निजीकरण का आदेश वापस न लेने पर जेई संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मऊ, चित्रकूट–** मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को उपनिरीक्षक रामकृत यादव व आरक्षी प्रवीण पाण्डेय ने कौशाम्बी जिले के गुरौली गांव के निवासी मधु त्रिपाठी व विनय दिवाकर को नौ-नौ लीटर कच्ची महुआ निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सकिपा की मासिक बैठक आज

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय मंझनपुर में 2 दिसम्बर सोमवार समय 12 बजे से होगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अजय सोनी ने बताया कि जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित पार्टी कार्यालय में प्रत्येक माह की एक तारीख को आयोजित होने वाली मासिक बैठक अपरिहार्य कारणों से इस माह एक के बजाय दो दिसंबर को आयोजित होगी। अजय सोनी ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मासिक बैठक में शामिल होने का आह्वान

# छात्रों को दी प्रतिभा के अनुसार कैरियर चुनने की सलाह



**चित्रकूट ब्यूरो–** माध्यमिक शिक्षा परिषद की गाइडलाइन के अनुसार राजकीय हाईस्कूल नोनार में रविवार को करियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा के अनुसार बेहतरीन कैरियर चुनने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री रामजी ने समस्त छात्र एवं छात्राओं को अनुशासन में रहकर अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का मंत्र भी बताया। पहाड़ी थाने के अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव ने महिला सशक्तिकरण एवं पुलिस करियर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्रधानाध्यापिका गुंजन ने फैशन डिजाइनिंग, पॉलिटेक्निक, आर्मी, अध्यापक आदि कैरियर के बारे में जानकारी दी। अभाविप के जिला संयोजक तेज प्रकाश, पहाड़ी नगर मंत्री शिवम चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान प्रेमती वर्मा ने भी कैरियर सम्बन्धी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तैयार की गई पंख डायरी में कक्षा नौ की छात्रा महिमा का प्रदर्शन अच्छा रहा।

साथ ही शिवानी, उर्मिला, रोशनी द्वारा शिक्षक पर लघु नाटक का उत्तम रूप देखने को मिला। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सहायक अध्यापक शिवप्रकाश, सुरभि, मीना, इंद्रेश, अर्चना, भरोसे लाल, रिंकू चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# निशुल्क शिक्षा की सुविधा अब लगभग दोगुने लोगों को

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी के विशेष प्रयास से निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा से अब लाभान्वित होंगे 6474 छात्र जबकि पिछले वर्ष तक ये सुविधा मात्र 3658 लाभार्थियों को ही मिल पाती थी। बेसिक शिक्षाधिकारी अनिल वर्मा ने बताया कि जनपद निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा का लाभ 371 स्कूलों में 3658 लाभार्थियों को ही दिया जाता था।जबकि यू डायस पोर्टल पर जनपद में कुल 788 स्कूल मान्यता प्राप्त हैं, जिलाधिकारी की पहल पर इस सत्र में नए 417 स्कूलों को आर टी ई पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराया गया जिससे अब आर टी ई पोर्टल पर रजिस्टर्ड स्कूलों की संख्या 788 हो जाने से 6474 छात्रों को निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिलेगा।जो विगत शैक्षिक सत्र की तुलना में लगभग दोगुना है। उन्होंने आगे बताया कि नए शैक्षिक सत्र 2025- 26 प्रवेश हेतु आर टी ई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 1 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है जो भी पात्र चाहें वो ऑनलाइन अपना आवेदन पत्र जमा कर दें। अंतिम चयन लाटरी से होगा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# योगी जी के राज में भी नही रुक रही जिला अस्पताल में दलाली!

## कुछ भ्रष्टाचारी चिकित्सक मरीजों को लिख रहे हैं बाहर के मंहगे इंजेक्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को अस्पताल से ही दवाएं प्रदान कर समुचित उपचार किया जाए,सरकार ने अस्पतालों में विभिन्न जाँचों को भी नि:शुल्क कर रखा है जिससे गरीब तबके के मरीजों का भी समुचित उपचार हो सके,परन्तु जिले के राना बेनी माधव सिंह जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष तथा ओपीडी में तैनात कुछ चिकित्सक कमीशन के चक्कर में योगी सरकार की मंशा को पलीता लगाने से पीछे नही हट रहे हैं।




गौरतलब है कि जिले के राना बेनी माधव सिंह जिला चिकित्सालय के आपातकालीन कक्ष में पिछले लम्बे अरसे से लगभग हर मरीज को एक छोटी सी पर्ची पकड़ा कर बाहर स्थित मेडिकल स्टोर से दो तरह के विशेष इंजेक्शन मंगवा कर मरीजों को लगाये जाने की चर्चा है,जिनकी कीमत 740 रुपये होती है।बताते हैं कि जहाँ दिन में तैनात कुछ ईएमओ के इशारे पर कुछ मरीजों के तीमारदारों से बाहर से इंजेक्शन मंगाये जाते हैं तो वहीं रात में यही काम बिना किसी संकोच के धड़ल्ले से किया जाता है। कहा जाता है कि मरीज को चाहे बुखार हो चाहे वह किसी दुर्घटना में घायल हो कर यहाँ आया हो,परन्तु जब तक यहाँ के चिकित्सक दोनों विशेष इंजेक्शन मंगवा कर लगवाते नहीं हैं उनका उपचार पूरा नही होता है। यही हाल जिला अस्पताल की ओपीडी का भी है,यह बात अलग है कि ओपीडी तथा ईमरजेंसी कक्ष में दो अलग-अलग कंपनियों के दलाल हावी हैं,जिनके द्वारा पर्ची लिख कर मरीजों तथा तीमारदारों को थमाई जाती है।

**आखिर कौन है ये ड्रग्स माफिया,जिस पर हाथ डालने से कतरा रहा जिला प्रशासन?**

बताते चलें कि चाहे सड़क दुर्घटना में घायल मरीज हो अथवा पेट दर्द या बुखार से पीड़ित मरीज हो,हर मरीज के तीमारदार को वर्षों से लगभग एक इंच की छोटी पर्ची पकड़ा कर कहा जाता है कि जल्दी से यह इंजेक्शन लेकर आओ,बहुत जरूरी इंजेक्शन है,बेचारा डरा-सहमा व अपने मरीज के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित तीमारदार किसी भी तरह से जल्दी से दौड़ कर सिर्फ इमरजेंसी कक्ष के सामने तथा जिला अस्पताल मेन गेट के आसपास स्थित मेडिकल स्टोर में ही उपलब्ध होने वाले उपरोक्त इंजेक्शन ले आता है,वहीं जब कोई जागरूक तीमारदार इसकी शिकायत सीएमएस से करता है तो सीएमएस गोलमोल जवाब देते हुए जाँच करवाने की बात कहते हैं,यह बात अलग है कि आज तक की गयीं दर्जनों शिकायतों की जाँच का रिजल्ट सामने नही आया है। चर्चा तो यह भी है कि जिला अस्पताल चौराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर का संचालक ही इस पूरे संगठन का मास्टर माईड है,जिला अस्पताल के सीएमएस तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों की चुप्पी इस बात की तरफ भी इशारा कर रही है कि ड्रग्स माफिया का मैनेजमेंट बहुत ही तगड़ा है,अब यह मैनेजमेंट मोटे चढ़ावे का है अथवा राजनैतिक पहुंच का,फिलहाल यह जाँच का विषय है,परन्तु इतना जरूर है कि योगी सरकार की जम कर किरकिरी हो रही है।

# जीवन सेवा है और सेवा में ही आनंद है:महेंद्र अग्रवाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सेवा को आनंद समझना चाहिए। सेवा का मिलना परम सौभाग्य समझना चाहिए। सेवा वह मीठा गुड़ है जिसका केवल खाने वाले ही आनंद ले सकते हैं। उक्त बातें महेंद्र अग्रवाल ने व्यक्त किया।समाज में यदि ऐसे लोग हैं जो अवांछित हैं, निराश्रित हैं ,कुपोषित हैं तो ईश्वर की कृपा से, मदद के लिए उठने वाले हाथ भी उससे कम नहीं हैं। इसी भाव को चरितार्थ करते हुए, जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र के कुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं की मदद के लिए हर समय तैयार रहने वाले वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र अग्रवाल,मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय, योगाचार्य बृजमोहन तथा श्रीमती यशोदा अग्रवालएवं आयुषी अग्रवाल जैसे परहित सरिस धर्म नहीं भाई को जीवन का आदर्श मानकर चलने वाले मानव सेवा को समर्पित लोग भी कम नहीं। हमारी एक आवाज पर बच्चों के लिए सुंदर-



सुंदर खिलौने, दलिया तथा फल एवं माताओं के लिए बिस्कुट, लइया, चना तुरंत उपलब्ध करा देना इनके लिए जैसे सुअवसर के समान है।इस पुनीत कार्य में ये पुण्य आत्माएं तनिक भी देर नहीं करतीं। पोषण पुनर्वास केंद्र, जिला चिकित्सालय की पूरी टीम, इन समाज सेवियों को धन्यवाद ज्ञापित करती है एवं हृदयतल की गहराइयों से इनका आभार व्यक्त करती है। उक्त बातें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी एवं नर्सिंग ऑफिसर अंजली सिंह ने व्यक्त ने व्यक्त किया।

# जिला कारागार में कैदी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या,लापरवाही बरतने का जेल वॉर्डर पर लगा आरोप

**रायबरेली।** जिला कारागार में हुई कैदी की मौत के बारे में अधीक्षक, जिला कारागार रायबरेली ने बताया कि मृतक विचाराधीन बंदी वारिस राईन कुंजडा पुत्र आरिफबाबा निवासी मोहल्ला- कंचाना कस्बा व थाना- जायस जनपद-रायबरेली अपराध संख्या-358/2019 498ए,307,304 बी, 302 आईपीसी व 3/4 डी0पी एक्ट थाना- मोहनगंज, अमेठी 07 नवम्बर 2019 से विचाराधीन बंदी के रुप में निरुद्ध था, इस मृतक बंदी का वाद/प्रकरण सक्षम न्यायालय एफ0टी0सी-प्रथम, रायबरेली के समक्ष निस्तारण हेतु लम्बित था। पिछले पाँच वर्षो में मृतक बंदी का रहन-सहन, कार्य, व्यवहार संतोषजनक रहा है तथा कभी भी अवसाद ग्रसित नहीं लगा।मृतक बंदी द्वारा 28 नवम्बर 2024 की सायंकाल 16:25 बजे कारागार पी0सी0ओ0 से अपने पिता (आरिफ बाबा) से बातचीत की गयी थी जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी कारागार को प्राप्त है। कॉल रिकॉर्डिंग सुनने पर पाया गया कि इस मृतक बंदी और उसके पिता द्वारा जो वार्तालाप की गयी कुछ इस प्रकार है कि उसने अपने पिता से पूछा की आप मुलाकात हेतु जेल पर आये नही तो उसके पिता ने जवाब दिया कि यहाँ रविवार को शादी-बयाह है आने का समय नही है तथा तबियत भी ठीक नही है और आने जाने में एक दिन खराब हो जाता है मिलने से ज्यादा जरूरी बेल कराना है जिससे तुमने कहा था बेल के लिए उसको बोल दिया है आयी समझ, आने वाली 02 तारीख को बोला है बेल करा देगे गारण्टी है हो ही जाएगी तब बंदी ने पूछा कल आओगे मुलाकात के लिए तो उसके पिता ने कहा कल नही आएगे आने जाने में पूरा दिन खराब हो जाता है अगर कुछ चाहिए हो तो बताओ किसी के हाथ भिजवा देगे बाकी 02 तारीख को बात करके बताएगे जिस पर बंदी ने निराशा जाहिर की और कहा इतना समय बीत गया है 2-2 जजों द्वारा बेल अर्जी खारिज की जा चुकी है इसी महिना हो जाएगी ऐसा बोल-बोल कर 05 साल बीत गये है लगता है अब बिना सजा काटे नही छूट नहीं पायेंगे, जिस पर पिता ने कहा हम 02 तारीख को बात करके बताएगे तब उसने जवाब दिया किसी को बताने की जरूरत नही है अब बेल नही हो पायेगी यदि किसी को पैसे दोगे तो मुझे बता कर ही देना, किसी को पैसे देने की जरूरत नही है अब नही हो पाएगी ऐसा बोलते हुए बंदी की आवाज लडखडा रही थी तथा उसकी आवाज में निराशा साफ झलक रही थी तभी निर्धारित 05 मिनट पूरे होने के कारण कॉल कट हो गयी, उसकी बात पूर्ण नही हो पायी। दोनों की आपस में हुई बातचीत स्पष्ट प्रतीत होता है कि विचाराधीन बंदी वारिस राईन कुंजड़ा पुत्र आरिफबाबा की बेल नहीं हो पाने से अपने परिवारीजनों से क्षुब्ध था।सायंकाल बंदी गणना करने के दौरान एक बंदी (वारिस राईन कुंजड़ा) कम पाये जाने पर कारागार प्रशासन द्वारा फौरी तौर पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों को चेक कराया गया। जेल लाकिंग के समय 01 नफर बंदी गणना में कम पाये जाने पर इसकी सूचना मुख्य चीफ हेड वॉर्डर द्वारा जेलर हिमांशु रौतेला को फौरन दी गयी। बन्दियों की रिहाई कर रहे जेलर द्वारा सूचना प्राप्ति तुरन्त बाद सम्पूर्ण जेल परिसर में इस बंदी की सघन तलाशी प्रकिया शुरु करा दी गयी। कारागार स्थित कण्ट्रोल रुम में स्थापित सी0सी0टी0 कैमरों की जाँच होने पर पता चला कि 28 नवम्बर 2024 को बंदी (वारिस राईन कुंजड़ा) सायंकाल-16:30 बजे कारागार पी0सी0ओ0 द्वारा अपने परिजनों से बातचीत कर के सर्किल में गया तथा पुनः सायंकाल-17:37 बजे सर्किल से निकल कर गिर्दा गेट होते हुए कारागार चिकित्सालय की तरफ जाते देखा गया। खोजबीन के दौरान जेलर, हिमांशु रौतेला के नेतृत्व में तलाशी दस्ते को सायंकाल 7:25 बजे अन्दर कमान में बनी दीवानी के पास नीम के पेड़ से सिर पर बंधे हुए मफलर को फांसी का फंदा बना गले में डाल कर लटका हुआ मिला। कारागार में घटित घटना की सूचना जेलर हिमांशु रौतेला द्वारा तुरन्त ही जेल अधीक्षक एवं कारागार चिकित्सक को अपने सी0यू0जी0 नम्बर द्वारा प्रदान की गयी। सूचना पा कर देर शाम 7:40 बजे मौके पर पहुँचे कारागार चिकित्सक सुनील अग्रवाल द्वारा परीक्षणोपरान्त इस बंदी को मृत घोषित कर दिया गया।विचाराधीन बंदी वारिस राईन कुंजड़ा द्वारा अत्महत्या कारित किये जाने की घटना की जानकारी जेल अधीक्षक द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों एवं जनपदीय अधिकारियों तथा फोरेंसिक टीम को प्रदान कर दी गयी। नायब तहसीलदार सदर तेजस्वी त्रिपाठी व इंस्पेक्टर कोतवाली नगर रायबरेली राजेश सिंह द्वारा घटना स्थल व शव का निरीक्षण फोरेंसिक टीम के साथ किया। मौके पर पहुँची फोरेंसिक टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य, फोटो/वीडियोग्राफी करायी गयी। फोरेंसिक टीम द्वारा बताया गया कि बंदी के शव पर कोई चोट के निशान नहीं हैं, बंदी द्वारा आत्महत्या की गयी है। फोरेंसिक टीम द्वारा बंदी के शव को कारागार में ही सील बंद कर पंचनामा व पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। बंदी की मृत्यु की सूचना उसके परिवारीजनों को कारागार के पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से रात्रि समय- 08:50 बजे प्रदान कर दी गयी थी। मृतक बंदी के परिजनों ने कहा कि साधन का अभाव है इसलिए कल 29 नवम्बर 2024 को सुबह ही आ सकेंगे। कारागार के द्वारा बंदी के शव का पंचनामा, पोस्टमार्टम तथा पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराये जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट रायबरेली से अनुरोध किया गया। बंदी की मृत्यु की सूचना रेडियोग्राफ द्वारा मा0 राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग तथा शासन को प्रेषित की गयी। अधीक्षक, जिला कारागार रायबरेली द्वारा बताया गया कि इस कार्यालय द्वारा न्यायिक जॉच हेतु मजिस्ट्रेट नामित करने के लिए माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, रायबरेली से अनुरोध किया गया है। विचारीधीन बंदी वारिस राईन कुंजड़ा के पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण अंकित है। बंदी वारिस के पंचनामा रिपोर्ट में कोई चोट के निशान नहीं पाये गये। इस पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है कि इस बंदी द्वारा अपने वाद/प्रकरण के सम्बन्ध में बेल नहीं हो पाने की अपने परिजनों से हुयी बातचीत से आहत होकर आत्महत्या की गयी है।सी0सी0टी0वी0 फुटेज में पाया गया कि गिर्दा कमान ड्यूटी में तैनात हेड जेल वॉर्डर कमलेश कुमार तथा कमान प्रभारी जेल वॉर्डर अनुज राजवंशी द्वारा बंदी वारिस राईन कुजड़ा की गतिविधियों पर पैनी नजर नहीं रखी गयी जिस कारण उसे अस्पताल की तरफ जाने मौका मिल गया। हेड जेल वॉर्डर कमलेश कुमार तथा जेल वॉर्डर अनुज राजवंशी द्वारा अपनी ड्यूटी के प्रति घोर लापरवाही/अनुशासन हीनता तथा कर्तव्यों की उपेक्षा की गयी। इस कार्यालय द्वारा हेड जेल वॉर्डर कमलेश कुमार के विरुद्ध अनुशासनत्मक कार्यवाही किये जाने हेतु वरिष्ठ अधीक्षक, आर्दश कारागार लखनऊ से अनुरोध किया गया तथा अनुज राजवंशी जेल वॉर्डर को निलम्बित कर अनुशासनिक कार्यवाही की संस्थित किये जाने की संस्तुति प्रेषित की गयी है।

## प्रतिबंधित स्थान की रेल पटरी से बाइक निकालना पड़ा महंगा,पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**लालगंज रायबरेली।** बिना रेलवे गेट वाले स्थान की रेल पटरी से बाइक निकालना युवक को महंगा पड़ गया एक तो उसकी बाइक रेल पटरी में फंसने और ट्रेन आ जाने से मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और वहीं रेलवे पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाही भी की है। बताया जाता है कि मुबारकपुर निवासी नीरज कुशवाहा पुत्र मुनेश्वर कुशवाहा गांव के सामने नहर पुलिया के बगल से रेल पटरी बाइक से क्रॉस कर रहे थे तभी उनकी मोटरसाइकिल दोनों पटरियो के बीच में फस गई और धड़-धड़ा कर ट्रेन आ गई। ट्रेन आ जाने से नीरज कुशवाहा तो जान बचाकर किसी तरह भागा लेकिन उसकी मोटरसाइकिल ट्रेन की रफ्तार में बाधक बन गई जिससे रेलगाड़ी रुक गई और सूचना पर मौके पर रेलवे पुलिस पहुंची। लेकिन पुलिस ने चेचिस नंबर के सहारे बाइक धारक को ढूंढ लिया और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है।

# दृष्टिबाधित विद्यालय की समस्याओं का जल्द होगा निस्तारण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज में , बांदा में छात्रों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद डीएम ने छात्रों को शिक्षा और जीवन शैली के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्रों की समस्याओं को सुनने के साथ उन समस्याओं को उन्हें यथाशीघ्र निस्तारित करने का आश्वाशन दिया । जिलाधिकारी ने विद्यालय की मेस में दोपहर के भोजन का प्रबंध किया गया। उन्होंने छात्रों से बात का करते हुए उनके संबंध में शिक्षा एवं अन्य कार्यो की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), एसडीएम सदर के साथ राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ विद्यालय के स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# समाजवादी चिंतक के शांति भोज कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,रायबरेली।** प्रखर समाजवादी और लोहियावादी विचार रखने वाले चिंतक के शांति भोज कार्यक्रम में सैकड़ों चाहने वालों ने प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि 17 नवंबर को इलाज के दौरान घोसियाना मोहल्ला निवासी देवीदीन उर्फ बप्पा का निधन हो गया था। गुरुद्वारा रोड लालगंज घोसियाना मोहल्ला स्थित निज निवास में शांत भोज कार्यक्रम में उनके चाहने वाले सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया इस अवसर पर राम बहादुर यादव,रमेश यादव,बीएमपीएस निदेशक सुनील सिंह,प्रबंधक शांतनु सिंह,प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह,प्रिंसिपल अभिषेक रंजन,विनय श्रीवास्तव, शिरीष तिवारी,रवींद्र सिंह, सूर्यकांत,एमपी सिंह,बी एन यादव, संदीप पांडे,निखिलेश,विनोद चौधरी, पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह मुन्ना, एडवोकेट शिव सेवक शर्मा,पूर्व प्राचार्य निरंजन राय,बैसवारा ट्रस्ट के विशिष्ट सदस्य कुंवर ब्रह्म प्रकाश सिंह,बैसवारा बीटीसी प्राचार्य सुनील कुमार शुक्ला,स्वयंवर सिंह,केशव यादव,शिव बहादुर यादव,डीसी यादव,शीतला गुप्ता,रणवीर सिंह, सभासद राघवेंद्र सूर्यवंशी, शिक्षक नेता महेंद्र यादव,हरिओम यादव, शिरीष बहादुर यादव,राजेश यादव, विजय यादव,ओम प्रकाश यादव, डॉक्टर वीपी सिंह,जितेंद्र सिंह, डॉक्टर डीके सिंह,डॉक्टर हनुमान पाल, अनिल सिंह यादव,रन रंजीत यादव, रामकुमार यादव,अशोक यादव, जितेंद्र यादव,कुंवर बहादुर यादव, विमला यादव,डॉक्टर उर्मिला यादव, चंद्रमणि यादव,सतीश यादव,रिंकू यादव,विजय बहादुर यादव, इंद्र बहादुर यादव,वंश बहादुर यादव, राज यादव,राजमणि यादव,सिमरन यादव, यशी यादव,अंशिका यादव,दीपिका यादव,कंचन यादव,गुड़िया यादव,अंशु यादव,एडवोकेट अजय यादव,राम प्रसाद यादव,भवानी दीन यादव,डॉ विनोद यादव,वीरेंद्र कुमार यादव, कुलदीप यादव,आमिनी सहित डीडी परिवार के सभी सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी उनके पुत्र यश बहादुर यादव ने दी।

# उप्र खाद्य निगम के घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की जाय: विजय विद्रोही

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लि0 के प्रबन्ध निदेशक तथा प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद व उद्यम ब्यूरो प्रमुख उ0 प्र0 सरकार के इशारे पर निगम को दिवालिया घोषित करने में लगे हुए है ताकि निगम को औने पौने दाम पर किसी बड़े पूंजीपति को बेच कर इस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के निजीकरण का रास्ता प्रशस्त हो और अपनी जेबें भरी जा सकें। हाईकोर्ट इलाहाबाद की 15 नवंबर को खाद्य निगम पर की गई टिप्पणियों ने यह बिल्कुल साफ कर दिया है। गौरतलब है कि, खाद्य निगम में आरओ व एआरओ के 186 पदों में हो रही भर्ती घोटाला मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह पाया है कि भर्ती में घोटाला हुआ है और निगम में हर पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। हाईकोर्ट की इस कठोर टिप्पणी से साफ हो गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लि0 में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और हर न्यायोचित काम को दरकिनार किया जा रहा है। साफ है कि, खाद्य निगम की गड़बड़ियों और घोटाले के लिए राज्य की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। यह बात ऐक्टू के राज्य अध्यक्ष विजय विद्रोही ने प्रेस बयान के माध्यम से कही।उन्होंने कहा कि, इसके साथ ही खाद्य निगम के पूर्व नियमित कर्मचारी जिनका निगम में नौकरी करते हुए आकस्मिक निधन हो गया उन मृतक आश्रित परिवारों की निगम के ऊपर बकाया धनराशि को निगम के भ्रष्टाचारी अधिकारी आपस में बंदर बांट कर हड़पना चाहते हैं तथा मृतक आश्रितों की नियुक्तियों को उ0 प्र0 शासन और प्रशासन अपने रिश्तेदारों को देना चाह रहे हैं। यह भी संज्ञान में आया है निगम द्वारा लखनऊ में अधिकतम किराए पर घरों को गोदाम ऑफिस उपयोग के लिए लिया जा रहा है। निगम द्वारा खुद 2015 से 2024 तक कितने जिलों को बंद किया जा चुका है। यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि क्या निगम के पूर्व कर्मचारियों का रिकॉर्ड निगम के अधिकारियों ने नीलम करदिया है या नष्ट करदिया है इसी कारण से निगम का भ्रष्टाचार उजागर हो ही गया इसी तरह 10 साल से मृतकों के आश्रितों के लाखों रुपया निगम के भ्रष्ट रिश्वतखोर अधिकारी कर्मचारियों ने मृतकों के परिवारों का हड़प लिया है। मुख्य पीड़ित परिवार निगम में स्वयं गया, निगम को पत्र भेजे, सूचना का अधिकार के अंतर्गत सूचना मांगी लेकिन निगम ने कोई जवाब नहीं दिया 10 साल से निगम ने लगातार पीड़ित परिवार को आर्थिक रूप से इतना प्रताड़ित किया जिस कारण स्व0 श्रीराम कोहली जी की पत्नी पुष्पा देवी जो कि पैरों से लाचार थी पैसे के आभाव में सही इलाज नहीं मिलने के कारण उनकी भी अकाल मृत्यु हो गई वह कोई सामान्य मृत्यु नहीं थी ये निगम के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा सोच समझकर साजिशन हत्या की गई है, उनके अलावा अन्य मृतक आश्रित भी दर दर भटकने को मजबूर हैं। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) मांग करता है कि हाई कोर्ट इलाहाबाद की टिप्पणी के बाद उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लि0 के विगत 15 वर्षो के कार्यकलाप की जाँच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाय और मृतक आश्रित परिवारों को उनके बकाया का तत्काल भुगतान करते हुए उनके परिजन को मृतक आश्रित कोटे से यथाशीघ्र नियुक्ति प्रदान की जाएं।

# लक्ष्य के सापेक्ष हासिल की जाए प्रगति - डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** डीएम नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में शनिवार देर शाम जिला स्वास्थ्य समिति और पल्स पोलियो की जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो और सभी सूचकांकों की समीक्षा की गई। उन्होंने समीक्षा में पाया कि जननी सुरक्षा योजना में लक्ष्य के सापेक्ष अभी कम संस्थागत प्रसव हो रहे हैं ,जिसमें सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति को हासिल करें। जिलाधिकारी ने टीकाकरण की समीक्षा में पाया गया कि कुछ ब्लॉक कम है उन्हे प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में यूनिसेफ द्वारा बताया गया



कि सपोर्टिव सुपरविजन बहुत कम है जिस पर सभी को निर्देशित किया गया कि समस्त टीकाकरण सत्रों का भ्रमण कराएं। इसी तरह आशा चयन की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि जनपद में 60 आशाओ का चयन किया जाना था, जिसमें से मात्र 14 का है चयन किया गया।, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एक माह के अंदर समस्त आशाओं का चयन करा लिए जाए। उन्होंने आगामी 8 दिसंबर 2024 से शुरू होने पल्स पोलियो कार्यक्रम की सभी तैयारियां को पूर्ण किए जाने के निर्देश चिकित्सा विभाग के संबंधित सभी अधिकारियों को दिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों पल्स पोलियो के दिन अवकाश पर खोले जाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, सीएमओ डॉ. अनिल श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रपत्रों की फीडिंग समय से की जाए - एएसपी



**बांदा।** एएसपी ने सभी थानों के उप निरीक्षकों, कंप्यूटर ऑपरेटर और सीसीटीएनएस कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ। सभी को गिरफ्तारी और जांच प्रपत्रों समेत विभिन्न पोर्टलों की ससमय फीडिंग करने के निर्देश दिए। एएसपी शिवराज ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त थानों के उपनिरीक्षकों, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सीसीटीएनएस कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान सभी को गिरफ्तारी और जांच प्रपत्रों एवं विभिन्न पोर्टलों आदि को ससमय फीड करने के साथ-साथ दुर्घटना संबंधी मामलों में आईआरडीए की फीडिंग एप्लीकेशन की फीडिंग के लिए निर्देशित किया गया। एएसपी ने कहा कि अपराधियों पर पैनी निगाह रखी जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह व जनपद के समस्त थानों के उपनिरीक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर व सीसीटीएनएस कर्मी आदि मौजूद रहे।

# गड्ढेदार सड़कों पर आवागमन हुआ मुश्किल, हो रहे हादसे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** एक तरफ सूबे की सरकार है कि सड़कों का गड्ढा मुक्त किए जाने के लिए लगातार आदेश दर आदेश जारी कर रही है, दूसरी तरफ सरकारी नुमाइंदे इन आदेशों की अवहेलना करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जसपुरा तिराहा और जसपुरा झंझरी रोड पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है। ऐसी दशा में वाहनों के आवागमन के दौरान हादसे हो रहे हैं।जसपुरा तिराहा और जसपुरा झंझरी रोड पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। हालात इतने खराब हैं कि इन रास्तों से गुजरने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बांदा-हमीरपुर रोड कस्बा जसपुरा तिराहा पर भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। यहां भी गड्ढों की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।घटिया किस्म की मिक्स डीजल तार कोल से गड्ढे भर दिए जाते है जो दो दिन बाद ओर लोडिंग बालू के ट्रकों से उखड़ जाता है। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। वाहन चालक अक्सर अपनी गाड़ियों के टूटने और समय की बर्बादी की शिकायत करते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये सड़कें लंबे समय से बदहाल हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। आए दिन इन गड्ढों की वजह से बाइक सवार गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वहीं, बड़े वाहन भी धीमी गति से चलते हैं, जिससे जाम की समस्या बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इन सड़कों की मरम्मत करवाई जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस समस्या का समाधान करता है और लोगों को राहत मिलती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए सड़कों की मरम्मत करवाए जाने की मांग की है ताकि आवागमन में लोगों को दुश्वारियों से न जूझना पड़े।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** अंतरराष्ट्रीय अमिटी स्कूल और बच्चपन प्ले स्कूल का वार्षिक उत्सव आनंदम सिटी में भव्य रूप से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद कृष्णा देवी पटेल मौजूद रहीं। दर्षक दीर्घा में बैठे लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की।

विशिष्ट अतिथियों में युवराज सिंह, पूर्व विधायक, हमीरपुर; मालती बसु,चेयरमैन बांदा; पूर्व मंत्री शिव शंकर पटेल, पुष्पक तहसीलदार, महोबा; और धनंजय कुमार, नायब तहसीलदार शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, रोहित गोयल, मोती लालवानी,आशीष यादव, निदेशक, ग्लोबस आनंदम सिटी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में अन्य विद्यालयों के प्रबंधक भी उपस्थित रहे। डॉ. मनीष गुप्ता, अंकित कुशवाहा, श्याम निगम, सौरभ यादव, पवनेश यादव,आलोक त्रिपाठी, चंद्र मौली भारद्वाज, रामेंद्र शर्मा, शेख शादी जमा,सुनील सक्सेना, नरेंद्र सिंह, राजेश दुबे, मनु बंसल,अल्बर्ट रस्किन ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई और समस्त विद्यालय के शिक्षक-शिक्षाकाओं समेत विद्यालय का स्टाफ और बच्चों के परिजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम का लुफ्त उठाते हुए सराहना की कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती



वंदना के साथ किया गया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गायन और नाटक जैसे कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि सांसद कृष्णा देवी पटेल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को छात्रों के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान के लिए सराहा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रबंधक विप्रांश यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। यह कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने वाला एक सफल आयोजन रहा।

# छात्र की सिर कूच कर हत्या, घर मे मचा कोहराम




**लोकमित्र ब्यूरो**
**उत्तराव ।** उतराव थाना क्षेत्र के गांव सराय इस्माइल मजरा लालापुर में एक नौवी की छात्र की हत्या कर दी गई। वहीं घटनास्थल से कुछ दूर पर चप्पल फरसी व कीपैड मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है। सूचना पाकर मौके पर एसीपी हंडिया सुनील सिंह ,थाना अध्यक्ष उतराव, इंस्पेक्टर सराय ममरेज समेत भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची। वहीं किशोर की मौत से घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने रात में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है की सरायइस्माइल लाला का पूरा थाना उतराव निवासी अश्वनी कुमार यादव जो सैदाबाद स्थित फिटर में मीटर रीडर के पद पर तैनात हैं।

शनिवार को उनका बेटा शैलेश कुमार यादव लगभग 15 वर्ष गांव मे तेरही मे शामिल होकर घर पर आया। उसके बाद वह कहीं चला गया। कुछ देर बाद जब घर नहीं लौटा तो घर वाले खोजबीन शुरू किये। काफी खोजबीन के बाद लगभग रात लगभग दस बजे के करीब घर से 200 मीटर दूरी पर तालाब के पास खेत मे शैलेश कुमार का खून से लथपथ शव मिला। वही सिर में गंभीर चोटे थी। परिजनों ने फौरन इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर उतराव पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई।

वहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वाड भी पहुंचकर जांच पड़ताल की व सैंपल लिए। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूर पर चप्पल की पैड मोबाइल वह एक फरसी जिसमें खून लगा हुआ था बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक शैलेश कुमार मोतिहां स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज का नौवी का छात्र था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। शैलेश की मौत से माता अनीता देवी व घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूत्रों की माने तो मामला आशनाई से जुड़ा हुआ है। फिल हाल पुलिस संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## परिवहन विभाग की बसों का संचालन न होने से यात्री परेशान

**लेड़ियारी( प्रयागराज )** परिवहन विभाग की बसों का संचालन न होने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । बसों का संचालन न होने के कारण लोगों को आवागमन के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ है । किराए के नाम पर निजी वाहन चालकों द्वारा मनमाना शोषण यात्रियों का किया जा रहा है । आए दिन इसी बात को पर विवाद भी होता रहता है । राकेश कुमार कुशवाहा , सुनील कुमार कुशवाहा , विनोद कुमार दुबे, विष्णु प्रताप सिंह , देवराज सिंह , श्याम नारायण बिंद राजेन्द्र प्रसाद केशरी, शंकर दयाल तिवारी ने बताया कि पूर्व में बड़ोखर वाया प्रयागराज , खीरी , टौंगा , बहरैचा , कैथवल, देईबाध , रतेवरा नारीबारी, चाकघाट, लखनऊ तक परिवहन निगम की बसें संचालित की जाती थी । लेकिन एक दशक पूर्व से बंद किए जाने से लोगों की दिक्कत उठानी पड़ रही है । राज्य परिवहन निगम की बसें न होने से लोगों के सामने जटिल समस्या लगातार बनी हुई है ।

## छात्रों को कराया गया भ्रमण दिए गए प्रोत्साहन



**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** ब्लॉक संसाधन केंद्र के निर्देशन में राष्ट्रीय आविष्कार योजना अंतर्गत विज्ञान और गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया। टूर की बस को खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों उच्च प्राथमिक विद्यालय भीटा, पचखरा, कांटी,बीकर,भिस्कुरी, घुरपुर , जसरा , इरादतगंज, मनकवार, पाण्डर, रेही के 100 छात्र-छात्राओं ने दो बसों के माध्यम से भ्रमण किया।

भ्रमण के पूर्व ही छात्रों को भ्रमण सामग्री जिसमें एक बैग , कॉपी , पेन के साथ उनके खाने पीने की सामग्री दिया गया।छात्रों को सबसे पहले संगम व अकबर का ऐतिहासिक किला का भ्रमण कराया गयो । इसके पश्चात छात्र-छात्राएं प्रयागराज संग्रहालय आजाद पार्क एवं का दर्शन कराया गया। छात्राओं ने टूर का भरपूर आनंद और मनोरंजन लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व एआरपी सतीश कुमार कुशवाहा, , जितेंद्र कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा एवं गिरीश कुमार सिंह रहे। शिक्षक शिक्षिकाओं में बच्चों के मार्गदर्शन के रूप में हरनाम सिंह होरीलाल दिवाकर,सुनील गौतम , श्यामा कान्त द्विवेदी,नम्रता निषाद, मृदुला गुप्ता, विनय कुमार,नुजहत जहां,निशा त्रिपाठी रहे। छात्र-छात्राओं ने प्राप्त स्टेशनरी के माध्यम से अपने अनुभव लिखित शेयर किये। कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। और सभी छात्र - छात्राओं को उनके निवास स्थान तक पहुंचाया गया।

## गोवंशों को नहीं मिल रही छत, फसलों पर हमला



**लेड़ियारी(प्रयागराज )।** बेसहारा गोवंशों को आश्रय देना प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है । लेकिन प्रशासन की लापरवाही के चलते एक तरफ गोवंश भुखमरी की कगार पर हैं। तो वहीं दूसरी ओर किसानों की फसलें नष्ट हो रही है । कस्बे के ग्रामीण क्षेत्रों में खेती किसानी का काम जोरों पर है । गोवंशों के आश्रय स्थल न पहुंचने के कारण इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों गोवंशों का झुंड फसलों पर हमला बोल रहे हैं । हालांकि काश्तकार अपनी फसलों की सुरक्षा के तमाम इंतजाम तो जरूर किए हैं । लेकिन भूख मिटाने के लिए गोवंश फसलों को नष्ट कर रहे हैं । यदि इन बेसहारा गोवंशों को आश्रय स्थल पहुंचा दिया जाए । तो उन्हें चारा पानी के साथ उनका इलाज की भी समुचित व्यवस्था कर दी जाए । तो इससे किसानों को भी राहत मिल सकती है । जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते उन्हें आश्रय स्थल की छत नहीं मिल पा रही है । और न ही बीमार होने पर उन्हें समुचित इलाज मिल पा रहा है । इससे असहाय गोवंश काल के गाल में समा रहे हैं । वहीं उनके बाद चारे का भी इंतजाम ठीक से नहीं हो पा रहा है । कोरांव बीडिओ मनोज कुमार सिंह से बात करने का प्रयास किया । लेकिन मोबाइल आउट ऑफ नेटवर्क बताने के चलते बात नहीं हो सकी।

## बढ़वारी कला क्रय केंद्र पर धान नहीं ले जा पा रहे किसान, शिकायत के बावजूद जिम्मेदार मौन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव(प्रयागराज)।** खाद्य विभाग के विपणन शाखा के क्रय केंद्र जो प्रथम वर्ष बढवारी कला में खोला गया है जिसमें उक्त केंद्र के एम आई अल्पना चौरसिया द्वारा मनमाने तरीके से निजी मकान में व्यापारियों से मीलरों से मिल जुल के क्रय केंद्र खोल दिया गया है। उक्त बातें समाज सेवी प्रमोद मिश्र पयासी ने कही और उन्होंने बताया कि शासन का शासनादेश है कि किसी भी निजी मकान में अथवा व्यापारी के मकान में क्रय केंद्र नहीं खोला जाना चाहिए उक्त केंद्र प्रभारी द्वारा मनमानी तरीके से अनुचित लाभ लेने हेतु किसानों की धान ना लेकर बिचौलियों और दलालों की धान ली जा रही है जिससे किसानों में एवं क्षेत्रीय ग्रामीण में आक्रोश व्याप्त है। बढ़वारी कला ग्राम पंचायत में गलत स्थान का चयन कर लेने से सुगम रास्ता न होने की वजह से अगल-बगल के गांव के किसान




गजाधरपुर पचेड़ा लछनपुर नेवढ़िया मझगवां आदि गांव के किसान भी धान रास्ता सही ना होने से नहीं ले जा पा रहे हैं जिससे सरकारी मंशा धान खरीद की नहीं पूरी हो पा रही है। बीते दिनों में उक्त केंद्र पर एमसी आई के द्वारा 1200 कुंटल धान खरीदने का अंगूठा लगवाया गया जिसमें प्रमाणित है कि लगभग आधा धान उक्त क्रय केंद्र जिस मकान में खोला गया है, मकान मालिक का अंगूठा पाया गया इससे स्पष्ट है की एम आई द्वारा किसानों की धान नहीं ली जा रही बल्कि निजी लाभ हेतु शॉर्टकट करके व्यापारी मिलर एवं बिचौलियों दलालों की धान खरीदी जा रही क्षेत्रीय किसानों के द्वारा खाद्य विभाग से संबंधित तहसील स्तर से लेकर जिले तक के अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया शिकायत की गई लेकिन अधिकारी उक्त कर्मचारी एमआई द्वारा उस स्थान को इतनी शिकायत पर भी ना बदलने पर अडिग हुई है यह दुर्भाग्य है। पूरा विभाग एमआई पर अपना रहमों करम बनाए हुए हैं उसे पर किसी कार्यवाही से भाग रहे हैं और आज और कल करके शिकायतकर्ताओं से बहाना बना रहे हैं। इसी क्रम में हम सभी क्षेत्रीय किसान एवं गांव की जनता मांग करते हैं की एमआई द्वारा चयन किए गए स्थान को बदलकर विवादित स्थान को बदलकर किसी भी सार्वजनिक स्थान अथवा सरकारी पंचायत भवन में क्रय केंद्र को खुलवाने की मांग कर रहे हैं। जिससे किसानों को आवागमन में सुविधा हो और किसान अपनी धान लेकर वहां पहुंच सके और सरकारी मनसा पूरी हो। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य जो सरकार ने तय किया है वह मिल सके उक्त मांग में सपा के चर्चित नेता समाजसेवी किसान नेता उसी गाँव के निवासी प्रमोद मिश्र पयासी, प्रधान गजाधरपुर बृजभूषण पांडेय, रामकृष्ण पांडे, विमलेश मिश्रा, अशोक कोल, सुरेश तिवारी, विनोद विंद, रामकुमार पांडेय, दयाशंकर पांडेय आदि शामिल हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** प्रयागराज के दारागंज थाना क्षेत्र के शास्त्री पुल पर शनिवार देर शाम सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे युवक का मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों ने पोस्ट मार्टम हाउस पहुंचकर शव का शिनाख्त किया। हादसे की सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अनुज दयाल 24 वर्ष पुत्र राजेश कुमार निवासी पुरानी झूंसी हवेलिया शनिवार को अपने बुआ के घर में अल्लापुर गया था। देर शाम तकरीबन उसका भाई आलोपी बाग के पास छोड़कर कर चला गया था। अनुज आलोपी बाग से पैदल ही झूंसी जा रहा था। शास्त्री पुल पर जैसे ही पहुंचा पीछे से आ रही किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारते फरार हो गया। गाड़ी की जोरदार टक्कर से युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दिया किन्तु घंटों युवक का शिनाख्त नहीं हो सका था।



सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दारागंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 112 एंबुलेंस से पोस्ट मार्टम के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भेज दिया। युवक देर शाम तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया तो ज्ञात हुआ कि शास्त्री पुल सड़क हादसे में एक युवक की शाम तकरीबन 7 बजे मौत हो गई है। परिजनों ने तत्काल पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव का शिनाख्त अनुज के रूप में किया। मौत की खबर परिजनों तक पहुंची तो घर में कोहराम मच गया।

## गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए नीरज द्विवेदी

### संगम तट पर विश्व हिंदू महासंघ प्रदेश का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा के संगम तट पर चल रहे तीन दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र में रविवार को संगठन के मंडल प्रभारी नीरज कुमार द्विवेदी को गुरु गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गौ रक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया। संभाग प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी को गोरक्षनाथ मेंमेंटो से सम्मानित किया गया।

संगठन के धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंडलेश्वर झांसी हरिओम पाठक ने नीरज कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया।

गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर मठ से निर्धारित लोगों को यह सम्मान दिया गया है। महंत दिग्विजय नाथ को पत्रकारिता सम्मान, अमिताभ



अग्निहोत्री को राष्ट्र संत अवैद्यनाथ समरसता सम्मान, महंत विद्या चैतन्य महराज नैमिषारण्य एवं योगी आदित्यनाथ संत सम्मान, महंत प्रेम गिरी महाराज को दिया गया है।

सम्मान समारोह में भिखारी प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती अस्मिता भंडारी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, महंत नारायण गिरी पीठाधीश्वर देवदेव सर्तनाथ मंदिर, श्रीमती सृष्टि नारायण सिंह प्रदेश अध्यक्ष मातृ शक्ति छत्तीसगढ़, श्रीमती सुमिती विधानी प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सहित कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों के समक्ष यह सम्मान दिया गया।

मौके पर डॉ हरिओम पाठक, ओम प्रकाश यादव, दिग्विजय सिंह राणा, प्रवीन दुबे, भगवान सिंह यादव, श्रीमती संतोष मिश्र, शनि विश्वकर्मा, माधव शुक्ला, अरुण सिंह, अरविन्द प्रताप, अजय मिश्र, नरेश योगी, बिल्लू प्रधान सहित कई लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं को किया गया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर।** थाना फूलपुर की महिला पुलिस उप निरीक्षक शिवानगी एवं कांस्टेबल प्रियंका ने नगर पंचायत के कई मोहल्लों नेहरू बाजार आदि में घर-घर जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों कर्तव्यों के प्रति प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिसमें सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन, सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान योजना, हेल्पलाइन 1090, वूमेन पावर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1076 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि की विस्तृत जानकारी दी।

महिला पुलिस टीम ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने महिलाओं को हेल्पलाइन के माध्यम से बहुत बड़ा हथियार दिया है। अब आप अपने को ना असुरक्षित महसूस करिए और ना ही मजबूर ।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस परिसर में आज स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। बताते चले कि पुलिस महानिरीक्षक, मध्य सेक्टर दिन रविवार को स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा की औपचारिक शुरुवात सुनित राय, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज केरिपुबल प्रयागराज द्वारा ग्रुप केन्द्र परिसर में तैनात जवानों एवं अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में ग्रुप केन्द्र परिसर में रविवार सुबह स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

÷स्वच्छता पखवाड़ा ÷ के दौरान सुनित राय ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता के साथ साथ पर्यावरण को संरक्षित रखने के उद्देश्य से अपनी दैनिक जीवन में कार्यालयी / निजी गतिविधियों में प्रयोग में लिए जाने वाले सभी प्रकार के एकल प्रयोग प्लास्टिक (एकल प्रयोग) का उपयोग



नहीं करने का आव्हान किया एवं सभी को इस हेतु प्रेरित करने पर जोर दिया ताकि स्वच्छता साथ साथ पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। इस क्रम में उन्होंने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता का स्थायीकरण करने के लिए मान्यता प्राप्त तकनिक जैसे कि ÷एस एस (सूचीबद्ध, कम में सेट करना, शाइन, मानकीकरण एवं स्थिर /आत्मङ्कअनुशासन) का प्रयोग कर कार्यालय में बेहतर कार्यस्थल प्रबंधन के अंतर्गत स्वच्छता को स्थायी रूप से बनाए रखने की दिशा पर जोर दिया और कहा कि यदि हम अपनी सोच व दृष्टि को भी स्वच्छ रखेंगे तो हम अपने विकास के प्रति तत्परता से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान ÷स्वच्छता÷ पर नारा प्रतियोगिता के साथ-साथ कैम्प परिसर में इससे संबंधित बैनर, पोस्टर्स का प्रदर्शन किया गया,

साथ ही कर्मचारियों की समूह द्वारा कैम्प परिसर के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों में जाकर सफाई अभियान, स्वच्छता जागरूकता से संबंधित बैनर, पोस्टर्स का प्रदर्शन भी किया गया। सुनित राय पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेंज केरिपुबल प्रयागराज ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के आयोजन के दौरान श्रेष्ठ स्वच्छता बनाए रखने वाले उत्कृश्ठ कर्मचारियों को चिन्हित कर उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाय।

उक्त स्वच्छता अभियान में माननीय सुनित राय, पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेंज केरिपुबल प्रयागराज के साथ ग्रुप केन्द्र केरिपुबल प्रयागराज, 224 बटा0, 91 वीं वाहिनी द्रुत कार्यबल, रेंज प्रयागराज एवं ए0टी0सी0 प्रया0 के अधिकारी उदय प्रताप सिंह (कमाण्डेंट, ग्रु0के0 प्रया0), अमित कुमार सक्सेना (द्वि0क0अ0, रेंज प्रया0), के0 के0 झा (उपकमा0/मं0). श्री प्रज्ञेश कुमार अटल (उप कमा0), सिताराम एस0 सिरसाट (उप0कमा0), डी0एन0 बोराना (सहा0कमा0), चन्द्रभान सिह (सहा0कमा0) एवं कैम्प परिसर में तैनात अन्य सभी कर्मचारी व कैम्प परिसर में निवासरत कर्मचारियों की परिवार जन सामिल हुए।

## मार-पीट में घायल वृद्ध की कुछ महीने के बाद हुई मौत परिजनों में मचा कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** थाना क्षेत्र के रामगढ़ कोठारी निवासी आकाश कुमार पटेल ने रविवार को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 16 अप्रैल 2024 को जमीन विवाद व पेड़ काटने को लेकर उसके बड़े पिता लालचन्द्र पटेल व उसके पुत्र जसवंत ने मिलकर मेरे पिता बड़ेलाल को लाठी व डंडे से जमकर पीटा था जिससे उसके पिता बड़ेलाल के सिर में गम्भीर चोटे आयी थी ।

उस समय आकाश ने बहरिया थाने में तहरीर देकर मुकदमा लिखवाया था । और उसके बाद से ही आकाश के पिता बड़ेलाल का एक अस्पताल में इलाज चल रहा था । जिनका करीब कुछ महीनों के बाद रविवार को सुबह मौत हो गयी । बड़ेलाल के मौत की सूचना घर पर पहुंची तो परिजनों में चीख-पुकर मच गयी ।

बड़ेलाल तीन भाईयों में सबसे छोटा था उसके दो पुत्र व चार पुत्रियां है । शिर्फ एक पुत्री की ही अभी शादी हुई है । आकाश ने उक्त घटना की लिखित तहरीर बहरिया थाने में दी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। थानाध्यक्ष बहरिया महेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कुछ महीना पहले भाईयों में मारपीट हुई थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## मारपीट में चार पर मुकदमा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी राम सिंह पटेल का आरोप है कि गांव के दबंग क़िस्म के लोगों द्वारा शनिवार को अनायास ही उन्हें जबरन मारा-पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्र के द्वारा रामसिंह पटेल की तहरीर पर चार नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बताया जाता है कि खानपुर गांव के सूरज कुमार, महेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, निखिल यादव व कई अज्ञात दबंग क़िस्म के लोग हैं। शनिवार को राम सिंह पटेल को उक्त लोगों द्वारा जबरन मारा-पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में राम सिंह की तहरीर पर चार नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## जे पी मेमोरियल हॉस्पिटल ग्रुप ऑफ कालेज के छात्रों द्वारा निकली गयी जागरूकता रैली

**नारीबारी (प्रयागराज)।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जे पी मेमोरियल हॉस्पिटल ग्रुप ऑफ कॉलेज कोहड़िया अस्पताल प्रबंधक बृजेश त्रिपाठी एवमं प्रधानाचार्य नेहा प्रजापति के नेतृत्व में छात्र छात्राओं द्वारा हर्रो टोल प्लाजा से नारी बारी तक पैदल यात्रा निकाली गई। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एड्स एवम यातायात जागरूकता रैली अधीक्षक अनूप सिंह एवमं नारीबारी चौकी इंचार्ज अनूप सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया रैली में छात्र छात्राओं द्वारा हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए हुए एड्स से बचने के सम्बन्ध में नारे लगाए गए ,और नारी बारी पहुंच कर छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ सभा कर लोगो का मन मोहा। साथ ही साथ नारी बारी की हरिजन बस्ती के सामने रुककर



अशिक्षित महिलाओं एवम युवकों को एड्स से बचने एवम नशा न करने के लाभ बताए और समाज में फैल रही कुरीतियों से बचने के लिए प्रेरित किया ।

साथ ही लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने का भी संदेश दिया गया । गन्ने चौकी इंचार्ज मयंक सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया रैली में प्रमुख रूप से डायरेक्टर ओ पी सिंह,डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, नईम अहमद, महेंद्र यादव, प्रबंधक बीके त्रिपाठी एवं नर्सिंग स्टाफ उर्मिला,अंजू,प्रीति, प्रदीप,, राहुल, संदीप,,सुनील साथ नर्सिंग कोर्स करने वाले सैकड़ो की संख्या में छात्र- छात्राएं रैली में प्रमुख भूमिका निभाई।

## सब्जी से लदी मैजिक पलटी बाल-बाल बचे

**लेड़ियारी ( प्रयागराज)** रविवार को सब्जी लादकर मैजिक लेड़ियारी बाजार आ रही थी कि टायर्स फटने से पलट गई। जबकि चार लोग सवार थे। लेकिन सभी लोग बाल - बाल बच गए।

बताया जाता है कि खीरी थाना क्षेत्र के बघोल मोड़ पहुंचते ही पीछे हिस्से के टायर फटने से सब्जी से लदी मैजिक



पलट गई। उसमें चार सब्जी विक्रेता बैठे हुए थे। जानकारी के मुताबिक गौहनिया से नारीबारी, खीरी होकर लेड़ियारी बाजार क्रय करने के आ रहे थे। वाहन के पलटने से आसपास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गए।

## दरभंगा कृषकों का कृषक प्रशिक्षण-सह-परिभ्रमण कार्यक्रम का समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स द्वारा जनपद दरभंगा, बिहार के चयनित कृषकों का कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण (आत्मा) घटक का पांच दिवसीय राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण-सह-परिभ्रमण कार्यक्रम का समापन किया गया। निदेशक प्रसार डा0 प्रवीन चरन ने कृषकों को श्रीअन्न की महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शित करते हुए कहा कि श्रीअन्न फसलें स्वास्थ्यवर्धक, पौष्टिकता से भरपूर होती हैं तथा अन्य अनाजों की तुलना में इसमें बेहतर सूक्ष्म पोषक तत्व एवं बायोएक्टिव फ्लेवोनायड पाये जाते हैं। मुख्य अतिथि प्रति कुलपति डा0 विश्वरूप मेहरा ने कृषकों को वैज्ञानिक उत्पादन एवं मूल्य संवर्द्धन के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे देश में एशिया का लगभग 80 प्रतिशत और विश्व का 20 प्रतिशत मोटा अनाज पैदा होता है इन फसलों




में रोग भी कम लगते हैं तथा कीटनाशकों का उपयोग भी न के बराबर होता है चूँकि यह असिंचित भूमि पर आसानी से हो सकती है अतः मांग बढ़ने पर भारतवर्ष में इसकी पैदावार कई गुना बढ़ायी जा सकती है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बांस संवर्द्धन परियोजना एवं ड्रैगन फ्रूट की खेती एवं लाभ के विषय में कृषकों के समक्ष चर्चा की। महिला उत्प्रेरक श्रीमती मीना नेथन, वैज्ञानिक डा0 रामपाल सिंह, प्रशिक्षण समन्वयक डा0 मनीष कुमार केसरवानी ने भी ने प्रशिक्षणार्थी कृषकों को तकनीकी जानकारी दी। समापन अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रयागराज के वरिष्ठ वैज्ञानिक व हेड डा0 मुकेश पी0 मसीह, प्रसार निदेशालय के समन्वयक डा0 अरूण यादव तथा वैज्ञानिकगण डा0 योगेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा0 सरवेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं डा0 मदन सेन सिंह आदि सम्मिलित रहे। किसानों को प्रमाण-पत्र, प्रशिक्षण साहित्य एवं बैग इत्यादि का वितरण किया गया।

## 13वें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन में शुआट्स शोधकर्ताओं ने जीता सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुतिकरण पुरस्कार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में आईआरआरआई दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईएसएआरसी) और राष्ट्रीय बीज अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (एनएसआरटीसी) द्वारा वाराणसी में आयोजित 13वें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन में आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के शुआट्स शोधकर्ताओं शिवम राय और निधि पांडे ने सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुतिकरण पुरस्कार जीता। उद्यानिकी, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शुआट्स के विद्वानों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कहा कि 13वें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन 2024 में हुए विचार-विमर्श और सिफारिशें उत्तर प्रदेश की बीज प्रणालियों को मजबूत बनाने और राज्य को गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन का केंद्र बनाने के लिए एक खाका के रूप में काम करेंगी।

# आरएलडी की प्रदेश कार्यकारिणी में कई प्रस्ताव पास

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** अगले विधानसभा चुनाव के लिए बनी रणनीतिलखनऊ- राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की तरफ से विकास और किसानों के उत्पादन की एमएसपीकी बढ़ोतरी पर धन्यवाद दिया है। यूपी में बन चुके और बन रहे हाईवे व स्टेट हाईवे से उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। राष्ट्रीय लोकदल और एनडीए के लिए यह गर्व की बात है। ये बातें रविवार को आरएलडी के प्रदेश अध्यक्ष रामशीष राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति लम्बे समय से चली आ रही चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग को प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार की तरफ से प्रदान किया गया इसके लिए आरएलडी आभार व्यक्त करती है। पिछले लोकसभा 2024 और विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयन्त चौधरी के आह्वान पर जिस तरह कार्यकर्ताओं और जनता ने एकजुट होकर एनडीए को जिताया है उसके लिए सभी कार्यकर्ताओं और जनता को धन्यवाद पारित किया गया।

राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति ने आगामी दिनों में राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का फैसला किया है। अपने आगामी कार्यक्रमों को व्यापक रूप से तैयार किया है जिससे एनडीए को ताकत मिलेगी और 2027 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारी बहुमत से जीत कर फिर सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल आगामी छह दिसम्बर को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस से 23 दिसम्बर को भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयन्ती किसान दिवस तक समरसता व समता भाईचारा बनाये रखने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक जिले और विधानसभाओं में आयोजित होंगे। इसके लिए प्रदेश में जिला प्रभारियों की नियुक्ति की जायेगी।

आरएलडी अध्यक्ष रामशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों के हितों की चिंता करने वाली पार्टी है। प्रदेश में कायम शान्ति व्यवस्था को कुछ स्वार्थी असामाजिक तत्व भड़काने पर अमादा हैं। सरकार इस प्रकार के तत्वों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। सरकार का मानना है कि निर्दोषों को छेड़ो मत, दोषियों को छोड़ो मत। प्रदेश में राजनीतिक दलों के बयान भड़काने वाले नहीं होने चाहिए बल्कि रचनात्मक सहयोग देने वाले होने

### ये प्रस्ताव पास हुए

6 दिसम्बर अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस से 23 दिसंबर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जयन्ती तक समता, समरसता पखवाड़ा।

31 दिसंबर तक सम्पूर्ण प्रदेश की क्षेत्रीय/जिला/महानगर एवं प्रकोष्ठ की कमेटियों का गठन पूर्ण कर लिया जायेगा।

31 मार्च तक जिला सम्मेलन, महानगर सम्मेलन, विधानसभाओं में बूथ कमेटियों के संयोजक और प्रत्येक विधान सभा में सेक्टर प्रभारियों का गठन व उनका सम्मेलन।

जिला पंचायत, क्षेत्रों में 11 सदस्यीय कमेटी का गठन और बूथ प्रभारी का सम्मेलन पंचायत क्षेत्रानुसार 30 अप्रैल तक किया जाए जिसमें प्रदेश पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

एक जून 2025 से 31 जुलाई 2025 तक कार्यकर्ता प्रशिक्षण/कैम्प क्षेत्रीय स्तर आयोजित किये जाएंगे। जिसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी जाएगी।

# पर्यटन में सर्वाधिक विकास करने वाला राज्य बन उत्तर प्रदेश: जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** अपने समृद्ध अतीत की कहानी बयां कर रहे उत्तर प्रदेश के किले, कोठी और पैलेस विकास की नई गाथा लिखेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इसकी नींव रखने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में सात दिसंबर को लखनऊ स्थित होटल ताज में हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन होगा।

इसमें 60 से अधिक राजा-महाराजा के साथ संवाद के लिए देश भर से लगभग 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल स्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट आएंगे। सहमति बनी तो उत्तर प्रदेश विरासत पर्यटन में भी देश-दुनिया को आकर्षित करने वाला प्रमुख गंतव्य स्थल बनेगा।

योगी सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाल के वर्षों में पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य बनकर उभरा है। बीते वर्ष 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य तीर्थ स्थल सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उत्तर प्रदेश में हेरिटेज टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। यहां बड़ी संख्या में किले, पैलेस और कोठिया हैं, जिन्हें उपयोगी बनाकर



पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। विरासत पर्यटन में अग्रिम पंक्ति में खड़े राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों की तर्ज पर पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश में भी तैयारी कर रहा है।

### 250 से अधिक लोगों को किया गया आमंत्रित

पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य में अनेक संपत्तियां जो राजा-महाराजा के पास है, इनका विकास कर उपयोगी बनाने की मंशा है। विभाग द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में 60 से अधिक राजा-महाराजा और देश भर से लगभग 250 प्रसिद्ध होटल मालिक, इन्वेस्टर्स, रियल एस्टेट व्यवसायी और कंसल्टेंट को आमंत्रित किया गया।

### कॉन्क्लेव में होंगे कई एमओयू

प्रदेश में स्थित किले, पैलेस और कोठियों को उनके वास्तविक स्वरूप, वास्तुकला और जो उनकी अन्य विशेषताएं हैं, उन्हें बरकरार रखते हुए यहां हेरिटेज होटल, वेडिंग डेस्टिनेशन, वेलनेस सेंटर, रिजार्ट, कल्चरल सेंटर आदि बनाने की योजना है। इसके तहत पर्यटन विभाग अपनी छह प्रापर्टीज चुनार का किला मीरजापुर, बरुआसागर का किला झांसी, छतर मंजिल लखनऊ, बरसाना महल मथुरा, शुक्ल तालाब कानपुर देहात और रोशन-उद-दौला लखनऊ को हाल ही में पीपीपी पर दिया है। कॉन्क्लेव में इनका एमओयू भी होगा। विभाग की ऐसी अन्य प्रापर्टी को पीपीपी पर विकसित करने की तैयारी है।

इनके बीच सीधा संवाद होने से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

### रोजगार के अवसर लेकर आएगा कॉन्क्लेव

पर्यटन मंत्री ने बताया कि हेरिटेज कॉन्क्लेव प्रदेश में हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। गंतव्य स्थलों पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में आगंतुक आएंगे। यह प्रयास स्थानीय लोगों के सामने रोजगार का बड़ा अवसर लेकर आएगा।

# उपचुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

## पांच मंत्रियों को सौंपी कमान,दो बूथ संभालेगा एक संगठन का पदाधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कुंदरकी व कटेहरी सीट पर उपचुनाव की जीत से उत्साहित भाजपा का अगला टारगेट मिल्कीपुर है। मिल्कीपुर में चार मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गयी थी, अब पांच मंत्रियों को मिल्कीपुर में कमल खिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मंडल है। प्रत्येक मंडल की कमान एक मंत्री के हाथ में होगी।

कुंदरकी व कटेहरी सपा के गढ़ रहे है और उपचुनाव में दोनों क्षेत्रों में भगवा परचम लहराकर भाजपा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मिल्कीपुर भी सपा का गढ़ माना जाता है। भाजपा कुंदरकी व कटेहरी की तरह मिल्कीपुर का लक्ष्य भेदने की रणनीति बना रही है। चार मंत्रियों कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीशचंद्र यादव, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व खाद्य रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा को मिल्कीपुर सीट का जिम्मा दिया गया। अब सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राठौर संगठन में लंबा अनुभव के साथ ही वह कुंदरकी उपचुनाव में भाजपा की जीत में अहम रोल निभा चुके हैं। दो विधानपरिषद सदस्य अवनीश पटेल व डा.धर्मेंद्र सिंह को भी लगाया गया है। अवनीश पटेल जातीय समीकरण साधेंगे, धर्मेंद्र सिंह सांगठनिक कार्यो को गति देंगे।

एमएलसी व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. धर्मेंद्र सिंह की कटेहरी उपचुनाव में मिली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उपचुनाव में भाजपा के 35 वर्तमान व पूर्व विधायक को भी टास्क दिया जाएगा। बाहरी जिलों के पदाधिकारी व प्रदेश के पदाधिकारियों को भी लगाया जाएगा। एक पदाधिकारी को दो बूथ की मानीटरिंग की जिम्मेदारी मिलेगी।मिल्कीपुर से सपा के विधायक रहे अवधेश प्रसाद के सांसद निर्वाचित होने के बाद उपचुनाव होना है। संपन्न उपचुनावों में यहां पर भी चुनाव होना था लेकिन उच्च न्यायालय में याचिका लंबित होने से उपचुनाव नहीं हो सका। अब याचिका वापस लेने के बाद यहां उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है और मिल्कीपुर में राजनीतिक हलचल तेज हो चुकी है।मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के 414 बूथों को भाजपा ने चार श्रेणी में विभाजित किया है।ए श्रेणी के बूथ जो भाजपा हर बार जीतती है और बी श्रेणी में वह बूथ चिंहित किए जाएंगे, जहां वह बराबर पर रहती है। सी श्रेणी के बूथ जहां पार्टी कमजोर है और डी श्रेणी के वह बूथ होंगे जहां पर भाजपा को बहुत कम मत मिलते हैं। भाजपा संगठन की दृष्टि से 61 शक्ति केंद्र है। एक शक्ति केंद्र में पांच से सात बूथ समाहित किए गये हैं। प्रत्येक शक्ति केंद्र पर एक संयोजक, एक प्रभारी व एक प्रवासी को जिम्मेदारी दी गयी है।

# सर्वोदय विद्यालयों की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ





लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आज से शुरू हुई सर्वोदय विद्यालयों की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने किया। उद्घाटन समारोह में उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और गुब्बारे उड़ाकर खेलों का शुभारंभ किया। पहले दिन बालक और बालिका वर्ग में दौड़, कबड्डी और वॉलीबॉल के मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित होने वाले जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों की खेल प्रतियोगिता में खेलों के दौरान छात्रों में जोश और उत्साह देखने लायक था। प्रतियोगिता में बालकों के 6 जोन बनाए गए हैं, जिसमें आगरा ,मेरठ ,प्रयागराज, मिर्जापुर ,गोरखपुर और लखनऊ मंडल शामिल हैं।इसी प्रकार बालिकाओं के 4 जोन में बरेली, प्रयागराज ,गोरखपुर एवं लखनऊ मंडल शामिल हैं। बालक वर्ग में 100, 200 और 400 मीटर दौड़ के साथ ही बालिका वर्ग की कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का ध्यान खींचा। समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने खेल भावना और टीम वर्क की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और टीम प्रबंधकों के ठहरने और भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है। समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सराहनीय पहल है। अगले दो दिनों में लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक और बैडमिंटन जैसे खेलों के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक, आरके सिंह, उपनिदेशक, जयराम एवं अमरजीत सिंह के साथ ही टीमों के साथ सर्वोदय विद्यालयों के शिक्षक, टीम मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

# जम्मूतवी एक्सप्रेस का बांगरमऊ स्टेशन पर कराएं स्टॉपेज

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।**सांसद साक्षी महाराज ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र से जुड़े रेल संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने उन्नाव और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों की सुविधाओं के लिए विभिन्न ट्रेनों के ठहराव, परिचालन आदि की मांग रखी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी मांगों को सुना। उन्होंने इन पर अमल करने का आश्वासन भी दिया।

सांसद साक्षी महाराज ने जम्मूतवी एक्सप्रेस का बांगरमऊ रेलवे स्टेशन पर ठहराव के अलावा बांगरमऊ स्टेशन से गुजरने वाली जम्मूतवी एक्सप्रेस का भी स्टॉपेज उन्नाव में करने की मांग की। प्रयागराज संगम इंटरसिटी का तकिया पाटन स्टेशन पर ठहराव करन की मांग की।

सांसद ने जैतीपुर-हरौनी रेलवे लाइन पर अंडरपास के निर्माण की भी मांग की। बताया कि जैतीपुर और हरौनी के बीच गेट संख्या 16 पर पूर्व में मौजूद फाटक को हटाए जाने के कारण किसानों और आमजन को परेशानी हो रही है। लोगों को असुविधा से बचाने के लिए अंडरपास जरूरी है। श्रमशक्ति एक्सप्रेस का परिचालन उन्नाव होकर चलाने की मांग की। नई दिल्ली जाने वाली श्रमशक्ति एक्सप्रेस को कानपुर से ऊंचाहार वाया उन्नाव चलाने का सुझाव दिया, जिससे व्यापारियों और यात्रियों को अधिक सुविधा हो सके।

# जीएसटी अधिकारियों पर निगरानी कर उत्पीड़न करने पर सपा सुप्रीमों को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी व्यापार सभा, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जीएसटी विभाग के सचल के अधिकारियों द्वारा प्रदेश के पान मसाला और लोहा-स्टील फैक्टरियों के बाहर मुख्य द्वार पर 24 घण्टे निगरानी कर प्रत्येक गाड़ियों की जांच कर कड़ी कार्यवाही से नाराज व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलकर ज्ञापन पत्र सौंपा। आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय के लोहिया सभागार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं व्यापारी नेता श्री प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के उद्यमियों एवं व्यापारियों की तरफ से व्यापारिक समस्याओं के संदर्भ में ज्ञापन पत्र सौंपा और व्यापार और व्यापारी हित में उक्त समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया।व्यापारी विरोधी उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य कर विभाग के तुगलकी फरमान पर प्रदेश के कल-कारखानों के मुख्य द्वार पर अब लगातार 24 घंटे सचल दल के अधिकारियों द्वारा फैक्ट्ररियों (इकाइयों) के अन्दर आने-जाने वाले प्रत्येक गाड़ियों की चेकिंग करने से उत्पीड़ित उद्यमी अब उत्तर प्रदेश से अपने कर-कारखानों को दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और हरियाणा आदि राज्यों में ले जाने (सिफ्ट) से उत्तर प्रदेश की भारी राजस्व क्षति होने के सन्दर्भ में ज्ञापन। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर राज्य कर विभाग द्वारा लगातार छोटे दुकानदारों व व्यापारियों से लेकर उद्यमियों का उत्पीड़न करने का कार्य किया जा रहा है, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य कर विभाग के व्यापार व व्यापारी विरोधी हिटलरशाही निर्देश पर सचल दल के अधिकारियों द्वारा विगत 10 दिनों से पान मसाला और लोहा-स्टील के कल-कारखानों के मुख्य द्वार पर 24 घंटे निगरानी कर शत-प्रतिशत इवे बिल की स्कैनिंग व चेकिंग के नाम पर अनावश्यक रूप से उद्यमियों का मानसिक एवं व्यापारिक उत्पीड़न किया जा रहा है, जोकि एकदम अव्यवहारिक और व्यापारी विरोधी कदम है, इससे उत्तर प्रदेश में इन्स्पेक्टर राज पुनः स्थापित हो गया है। विदित हो कि व्यापारियों द्वारा व्यापार करके अपनी खून-पसीने की कमाई से केंद्र और प्रदेश सरकार को विभिन्न प्रकार से कर (टैक्स) देने पर भी उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा व्यापारियों को हमेशा चोर की दृष्टि से देखा जाता है, इकाइयों के मुख्य द्वार पर राज्य कर के अधिकारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी कर कठोर कार्यवाही वाले इस तुगलकी फरमान से बड़े उद्यमियों से लेकर छोटे एवं स्थानीय व्यापारियों के साथ फ्रक्टोरियों (इकाइयों) में कार्यरत कर्मचारी और मजदूरों व उनके परिवार में अपने आजीविका एवं अपने बच्चों के पालन-पोषण को लेकर असुरक्षा और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है और इस निर्देश पर कड़ाई से इकाईओं का उत्पादन लगभग ठप्प हो गया है। जिससे अब निराश व परेशान उत्तर प्रदेश के पान मसाला और लोहा-स्टील निर्माता कुछ उद्यमी अब अपने कर-कारखानों एवं इकाइयों को दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और हरियाणा आदि अन्य राज्यों में ले गए और बाकी ले जाने (सिफ्ट) को मजबूर हो गए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश को राजस्व की व्यापक हो रही है। विदित हो कि आयुक्त राज्य कर विभाग के निर्देश पत्र संख्या- स0द0ध304ध2024-25ध263 दिनांक 21 नवम्बर, 2024 के अनुसार अब राज्य कर के सचल दल के अधिकारियों को उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिलों में स्थापित पान मसाला और लोहा-स्टील फैक्टरियों (इकाइयों) में इवे बिल की शत्-प्रतिशत स्कैनिंग करने हेतु इकाइयों के मुख्य द्वार पर 24 घंटे निगरानी करने के लिए अब 12-12 घण्टे का रोस्टरवार ड्यूटी बॉडीवार्न कैमरा पहनाकर तैनात कर दिया गया है, सचल दल के अधिकारियों को फैक्ट्री से निकलने वाली प्रत्येक गाड़ी का ईवे बिल की शत्-प्रतिशत स्कैनिंग करने हेतु तथा कोई चूक मिलने पर कठोर कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए हैं। राज्य कर विभाग के सचल दल अधिकारियों द्वारा इस प्रकार से पान मसाला और लोहा-स्टील निर्माण फैक्टरियों के बाहर 24 घंटे जांच करने से भय के माहौल में उत्पादन कार्य ठप्प हो गया है, अब इस समय कर चोरी की नकली व अनब्रांडेड पान मसाला एवं लोहा स्टील उत्तर प्रदेश के कई अवैध इकाइयों से एवं अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश के हर जिले की बाजारों में आसानी से पहुंच जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश सरकार की करोड़ों रुपए प्रतिदिन की राजस्व की क्षति हो रही है। विदित है कि डबल इंजन की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक तरफ पिछले साल ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट करके हजारों करोड़ रुपए से अधिक के डवन् का फर्जी दावा करने वाली सरकार अनिवार्य रूप से उत्तर प्रदेश में वर्तमान में ही स्थापित उद्यमों के लिए विकसित औद्योगिक क्षेत्र के मानक के अनुसार जरूरी संसाधन जैसे- बिजली, पानी, सड़क तो दे नहीं पा रही है ।

# प्रमोद तिवारी ने बांग्लादेश हिंसा पर मोदी सरकार की लगातार चुप्पी की आलोचना की

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बांग्लादेश में ताजा घटना क्रम के तहत हिन्दू मंदिरों में तोड़फोड़ तथा हिंसा की घटना पर केन्द्र की मोदी सरकार की लगातार कायराना चुप्पी की तल्ख आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के साथ अन्य अल्पसंख्यक भारतीय पूरी तरह से असुरक्षित है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश के साथ इन घटनाओं पर मोदी सरकार द्विपक्षीय कूटनय में कड़ा प्रतिरोध नहीं जता पा रही है। वहीं उन्होंने मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा की केन्द्र सरकार बांग्लादेश समेत हाल ही में कनाडा, ब्रिटेन तथा अमेरिका में भी हिंदू मंदिरों पर हमले के मामले में प्रतिरोध को लेकर कमजोर प्रदर्शन से विदेशों में रह रहे भारतीयों की रक्षा करने मं अक्षम साबित हो रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियां तोड़ी जा रही है फ्रि भी मौजूदा केन्द्र सरकार भारतीयों की चिन्ता दूर करने को लेकर कोई भी ठोस प्रयास नहीं कर पा रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसा कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदूओं समेत भारतीयों को अपमान के कड़वे घूंट पीने की विवशता से बाहर निकालने के लिए इन्दिरा गांधी की समाधि पर जायें और उन्नीस सौ इकहत्तर के शौर्य से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि इस काम के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की अनुचित गिरफ्तारी को लेकर भी मोदी सरकार की कमजोर विदेशनीति के चलते वैश्विक समर्थन की प्रक्रिया मंद पड़ी हुयी है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कार्मिशयल गैस सिलेण्डर के दामों में फ्रि बढ़ोत्तरी को लेकर भी मोदी सरकार की तगड़ी घेराबंदी की है। उन्होंने कहा है कि पिछले कई माह से लगातार कार्मिशयल गैस सिलेण्डर के दामों में सरकार महंगाई में वृद्धि पर आमादा है। उन्होंने कहा कि कार्मिशियल गैस के दामों में ऊँची मूल्य बढ़ोत्तरी आम उपभोक्ताओं के समूह पर महंगाई का हमला है। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार के क्षेत्र में भी महंगाई और बढ़ेगी तथा इसकी कीमत देश के आम वर्ग को चुकानी पड़ेगी।

# आप की छात्र विंग की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**छात्रों की छात्रवृति और पेपर लीक के मुद्दे पर प्रदेशभर में होगा कार्यक्रम: अरूण वर्मा**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी की छात्र विंग (सीवाईएसएस) उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश कार्यालय लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और यूपी सीवाईएसएस प्रभारी वंशराज दुबे ने संगठन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा, भा.ज.पा. देश और प्रदेश में नफरत फैलाने के लिए सोशल मीडिया को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। वे जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाकर समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं, लेकिन हम प्रदेश के छात्रों और युवाओं के मुद्दों को न केवल जमीन पर, बल्कि सोशल मीडिया पर भी उठाकर भाजपा को एक्सपोज करेंगे।

वंशराज दुबे ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए हर संभव प्रयास करें और युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने का काम करें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का उद्देश्य प्रदेश में शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याओं को प्राथमिकता देना है।

वही नवनियुक्त छात्र विंग प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दो माह के अंदर उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आम आदमी पार्टी की छात्र विंग का संगठन और ज्यादा मजबूत करने का काम किया जाएगा जिससे प्रदेश के छात्रों और युवाओं के मुद्दों को और मजबूती से आम आदमी पार्टी की छात्र विंग उठा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में छात्रवृत्ति के नाम पर जबरदस्त घोटाले हो रहे हैं चाहे पेपर लीक का मामला हो या युवाओं से जुड़े अन्य मामले हो भाजपा सरकार पूरी तरह से मौन है

बैठक में मुख्य रूप से छात्र विंग प्रदेश महासचिव अनीत रावत, अंशुल यादव, जुबैर, रघुकुल, कुलदीप, नीलेश, मोहित, अमरेंद्र, दिलशाद, रूपेश, गगन, सचिन,पवन, कौशल, अमरेन्द्र सिंह आदित्य, अभिषेक, राकेश, गुलफाम ख़ान,आकाश,बितुल सोनी समेत छात्र विंग के प्रदेश भर से कार्यकर्ता मौजूद थे और उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कई सुझाव दिए। आगामी कार्यक्रमों के लिए रणनीतियाँ बनाई गईं, ताकि आम आदमी पार्टी की छात्र विंग की उपस्थिति और प्रभाव प्रदेश में और बढ़ सके।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को रौंदा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सीतापुर रोड पर भिठौली क्रासिंग के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को कुचल दिया। पहिया बुजुर्ग के सिर पर से गुजर गया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद ट्रक चालक सीतापुर की तरफगाड़ी लेकर भाग गया। घटना रविवार करीब 4.00 बजे की है। कमलाबाद बढ़ौली थाना सैरपुर के रहने वाले नियाज मोहम्मद (62) पुत्र स्वर्गीय खलील भिठौली चौराहे के पास केला लेकर पैदल सड़क पार कर रहे थे। तभी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की तो जेब से बिजली के बिल की जमा पर्ची मिली। जिससे उनकी पहचान हुई। परिवार से संपर्क करने पर पता चला कि नियाज अहमद बिजली का बिल जमा करने निकले थे। बिल जमा कर शाम 4 बजे वह जानकीपुरम की तरफसे पैदल ही भिठौली ओवरब्रिज के नीचे पहुंचे थे। तभी ष्ड रोड की तरफसे आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। हादसा देख अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की पर वह तेज रफ्तार में भाग निकला। नियाज के परिवार में एक बेटी और दो बेटे हैं। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया, आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। परिवार की ओर से अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में दयाल पैराडाइज के पास महिला कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार कार में फंसकर घसीटता चला गया। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां से रेफर कर दिया गया। परिवार मेदांता लेकर गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार व महिला को चालक को हिरासत में ले लिया है। गोसाईगंज के मंगहुआ गांव निवासी मोहन सिंह शनिवार को निजी काम से गोमती नगर की तरफआए थे। वहाँ से लौटते वक्त रास्ते में दयाल पैराडाइज चौराहे के पास एक वाइट कलर की स्विफ्ट डिजायर यूपी 78 डीई 3393 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार कार में फंस गया। कुछ देर घसीटने के बाद कार उसे कुचलते हुए निकल गई। मोहन सिंह के भाई ने शिकायत में कहा मौके पर पहुंचे तो उनकी हालत बहुत गंभीर थी। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस घायल हालत में लोहिया हॉस्पिटल गोमती नगर लेकर गए। वहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद वहां से सुशांत गोल्फसिटी के मेदांता अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर गोमती नगर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस ने रविवार को आरोपी महिला सुरभि सिंह को हिरासत में ले लिया। घटना में इस्तेमाल कार को भी कब्जे में लिया है।

### मोटर साइकिल सवार अचानक गिरा

**लखनऊ।** लखनऊ सीतापुर हाईवे पर मोटरसाइकिल से जा रहा व्यक्ति अचानक गिर गया। राहगीरों ने इसकी सूचना बीकेटी थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। यहां उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया है। अशोक कुमार (40) देवरी रुखारा थाना बीकेटी का रहने वाला है। पुलिस ने एक्सीडेंट की सूचना घायल के परिजनों को दी है। जानकारी पाकर अस्पताल पहुंचे घायल के भतीजे आशीष राजपूत ने बताया कि घायल अशोक उसके मामा हैं। वह मूल रूप से कुर्सी, जिला बाराबंकी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि अशोक मानसिक रूप से परेशान रहते थे। जिसके चलते वह नशे की दवाई खाने के आदी थे। वहीं उनकी पत्नी बहुत पहले उन्हें छोड़कर चली गई थी। एक बेटी है उसकी शादी कर चुके हैं। आज उनके बाबा की मौत हो गई थी लिहाजा उन्होंने मामा से कहीं भी जाने के लिए मना भी किया था लेकिन नहीं माने और यह घटना हो गई।

### टप्पेबाज गिरोह ने महिला का जेवरों से भरा बैग उड़ाया

**लखनऊ।**सावधान...शहर में फिर से आटो-ई रिक्शा टप्पेबाज गिरोह सक्रिय हो गया है। कृष्णानगर में ई-रिक्शा सवार टप्पेबाज गिरोह ने शादी से लौट रही महिला का जेवरों से भरा बैग उड़ा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णानगर कोतवाली में तहरीर देकर बड़ा बरहा रेलवे कालोनी आलमबाग निवासी प्रियंका यादव ने कहा कि 26 नवंबर की सुबह चार साल के बेटे के साथ अलीनगर सुनहरा में रहने वाले भाई के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। अगले दिन वह ई-रिक्शे से घर लौट रही थी। दो बैग थे, पास में एक व्यक्ति बैठा था। कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन के पास झपकी आ गई। आलमबाग बस अड्डे पर उतरकर घर पहुंची। घर में बैग खोलकर देखा तो उसके अंदर रखा पर्स गायब था। पर्स में जेवर रखे थे। घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद कृष्णानगर कोतवाली में तहरीर दी। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर रास्ते से सीसी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। प्रियंका के मुताबिक बैग में सोने का हार, तीन अंगूठी, एक मांग टीका, एक जोड़ी झुमके, नाक की नथ, मंगलसूत्र और कमर पेटी थी। पीड़िता न बताया कि एक एक रुपया जोड़कर उसने जेवर बनवाए थे। एक झटके में टप्पेबाज पार कर ले गए।

### इंदिरा नगर में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**लखनऊ।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति की बैठक इंदिरा नगर में देवी शरण त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इंदिरा नगर और आसपास कॉलोनियों व पार्कों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग हुई। महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने कहा कि कॉलोनी व पार्कों में बच्चे, महिलाएं व वरिष्ठ नागरिक सुबह शाम वॉक करते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। महासमिति की ओर से पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर सर्दी में इंदिरा नगर की कॉलोनियों में गश्त बढ़ाने की मांग की गई है। बैठक में सविता शुक्ला, सुनीता श्रीवास्तव, विनोद चौधरी, सुरेश पांडेय, नरेश द्विवेदी, ममता श्रीवास्तव, नितिन पटेल, सुभाष शर्मा, शैलेंद्र सिंह आदि रहे।

### एक ही जमीन का दोबारा किया सौदा, गिरफ्तार

**मोहनलालगंज**। मोहनलालगंज पुलिस ने एक ही जमीन का दोबारा सौदा करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने जमीन बेचने के बदले रुपये लिए थे। वजीरगंज चौधरी गढ़ैया निवासी हाला फरीदी ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों ने वीर सिंह की जमीन के फर्जी कागज बना कर हाला फरीदी को बेचा था। पीड़िता से करीब साढ़े चार लाख रुपये भी लिए थे। 11 मई को प्रापर्टी बेचने वाले श्याम सुंदर, मोहित और रोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जांच में पता चला कि निगोहां निवासी ओम प्रकाश भी धोखाधड़ी में शामिल है। जिसे रविवार को गिरफ्तार किया गया।

### पति की पिटाई से परेशान होकर महिला ने लगाई थी फांसी

**लखनऊ।** पति की मारपीट से आजिज होकर महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की थी। यह आरोप लगाते हुए महिला की मां ने दामाद के खिलाफ दुबग्गा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मलहा निवासी गिल्ला के मुताबिक करीब 13 वर्ष पहले बेटी चांदनी (35) ने विपिन से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद विपिन पत्नी को मायके जाने से रोकता था। फिर भी पति की नजर बचा कर चांदनी घर आती थी। इस दौरान चांदनी ने मां को बताया कि विपिन शराब पीकर अक्सर मारपीट करता है। गिल्ला के मुताबिक 22 नवंबर को पता बेटी के खुदकुशी करने का पता चला। आरोप है कि विपिन की पिटाई से परेशान होकर चांदनी ने फांसी लगा कर खुदकुशी की थी। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दाउद नगर, जीएसआई उपकेंद्र में आज बिजली गुल रहेगी

**लखनऊ।** लेसा के दाउद नगर उपकेंद्र के भार्गव कॉलोनी में सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। लौलाई उपकेंद्र के मल्हौर और माधव ग्रीन फीडर सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बिजली बंद रहेगी। जीएसआई उपकेंद्र के श्रीनगर फीडर सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक बिजली बाधित रहेगी। प्रियदर्शिनी फीडर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी।

# लक्ष्य ने पहली बार जीता सैयद मोदी इंटरनेशनल, 31 मिनट में खिताबी मुकाबला किया अपने नाम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से चूके लक्ष्य सेन ने रविवार को सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। बाबू बनारसी दास स्पोर्टस अकादमी के इंडोर स्टेडियम में आज दो लाख दस हजार अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाली चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले खेले गये, जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु से पहले महिला युगल का खिताब दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद ने जीता हालांकि मिश्रित युगल और पुरुष युगल का खिताब जीतने से भारतीय जोड़ियां चूक गयीं।

टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जैसन को सीधे गेम में 21-6,21-7 से हरा कर पहली बार सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब अपने नाम किया है। लक्ष्य को पहला गेम जीतने में मात्र 12 मिनट लगे जबकि दूसरे गेम में उन्होने 16 मिनट में अपने नाम किया।

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से चूके लक्ष्य सेन ने रविवार को सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। बाबू बनारसी दास स्पोर्टस अकादमी के इंडोर स्टेडियम में आज दो लाख दस हजार अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाली चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले खेले गये, जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु से पहले महिला युगल का खिताब दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद ने जीता हालांकि मिश्रित युगल और पुरुष युगल का खिताब जीतने से भारतीय जोड़ियां चूक गयीं।

टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जैसन को सीधे गेम में 21-6,21-7 से हरा कर पहली बार सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब अपने नाम किया है। लक्ष्य को पहला गेम जीतने में मात्र 12 मिनट लगे जबकि दूसरे गेम में उन्होने 16 मिनट में अपने नाम किया।

इससे पहले शीर्ष वरीय स्टार शटलर पीवी सिंधु ने चीन की वू लुओ यू को सीधे गेम में 21-14,21-16 से हरा कर तीसरी बार सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब जीता। सिंधु ने चिर परिचित आक्रामक शैली में खेल की शुरुआत की और शानदार स्मैश और ड्राप से प्रतिद्धंदी को असहज करने में सफलता हासिल की। हालांकि गैर वरीय यू ने सिंधु का दिलेरी से सामना किया मगर 47 मिनट तक चले मैच में सिंधु के अनुभव के आगे उन्होने घुटने टेक दिये।

# मां ने बेटे को प्रसाद में दिया जहर

> पति का आरोप- एक साल से अलग रहती है पत्नी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के एमिसियो अस्पताल में भर्ती बेटे को उसकी मां ने जहर दे दिया। बेटे का 15 दिन पहले एक्सीडेंट हुआ था। उसका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

मां उसे देखने पहुंची और प्रसाद में जहर मिलाकर खिला दी। मामला गोमती नगर इलाके का है। पत्नी पर यह गंभीर आरोप उसके पति मनीष कुमार शुक्ला ने लगाए हैं। मनीष प्रापर्टी डीलिंग का काम करते हैं। वह सरस्वतीपुरम खरगापुर गोमती नगर विस्तार में रहते हैं। इनके दो बेटे और एक बेटी है। पत्नी हीना मिश्रा और मनीष का एक साल से विवाद चल रहा है। हीना बेटी को लेकर दूसरे व्यक्ति श्वेतांग दिवेदी के साथ रहती है। मनीष अपने दोनों बेटों के साथ रहते हैं। मनीष का आरोप है कि पत्नी का चरित्र ठीक नहीं है, इसलिए दोनों बेटे उससे बात नहीं करते। मनीष का कहना है कि 17 नवंबर को बेटे का एक्सीडेट हुआ। चार दिन बाद पत्नी हीना उससे मिलने पहुंची। इस दौरान मैं उससे बोला था कि सिर्फ देखकर आ जाना। कुछ खिलाना मत। इस बात से वह भड़क गई थी। चिल्लाना शुरू कर दी। सड़क पर भीड़ इक्ट्ठा हो गई। वह जिस श्वेतांग के साथ रहती है उसे फोन की। मौके पर 5-6 लोग आए और मारपीट करने लगे। इस दौरान मनीष वीडियो बनाने लगा तो श्वेतांग स्कूटर पर लात मारकर गिरा दिया। इसके बाद हमला कर दिया। मनीष के हाथ के अंगूठे में चोट आई है। पुलिस को सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वह खुद मेडिकल कराकर डीसीपी ईस्ट से शिकायत किया। जिसके बाद मामला दर्ज हुआ। मामले में इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी का कहना है कि पति-पत्नी का आपसी विवाद है। इसके पहले महिला केस दर्ज करा चुकी है। मामले की जांच की जा रही है।

## आठ महीने में ही टूट गया क्रास ड्रेन, उखड़ने लगी सड़क

**लखनऊ।** पारा कॉलोनी में लोगों की बहुत कोशिशों के बाद लगभग आठ महीना पहले सड़क और नाली बनी। अब खराब गुणवत्ता के कारण नाली पर बना क्रास ड्रेन टूटने लगा है। सड़क उखड़ने लगी है। लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम से की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। सेंट मेरी स्कूल रोड पर नेहरु नगर न्यू पारा कॉलोनी में आठ महीना पहले उक्त निर्माण नगर निगम की ओर से किया गया था। स्थानीय निवासी राजेश्वर प्रसाद द्विवेदी बताते हैं कि नाली और सड़क निर्माण के लिए क्षेत्र के लोगों ने काफी मशक्कत की थी। कई बार नगर निगम में अनुरोध किया गया तब जाकर फरवरी महीने में कॉलोनी में इसका निर्माण किया गया। अब यह टूटने लगे हैं। क्रास ड्रेन की दीवारें टूट गईं हैं, जिससे नाली धंस गई है। इसके पास बनी सड़क की गिट्टी भी उखड़ने लगी है। कहा कि देख कर ही लगता है कि निर्माण कार्य में सरिया मानक के अनुसार नहीं है।

# युवक को रॉड से पीट कर दांत तोड़ा, मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** बंथरा में दबंगों ने शुक्रवार को रॉड से एक युवक की पिटाई कर दी। पिटाई से नाक की हड्डी और दांत टूट गया। बीच-बचाव कर रहे उसके दो साथियों को भी पीटा। पीड़ित की मां की तहरीर पर बंथरा पुलिस छह नामजद व 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

बंथरा के बीबीपुर निवासी मोनालक्ष्मी चौरसिया के मुताबिक बेटा हर्ष शुक्रवार को खटोला स्थित रिश्तेदार दीपक के घर दो दोस्तों के साथ गया था। शाम को वह घर लौटते समय भागूखेड़ा के पास पहुंचा ही था। तभी विशाल गौतम, विवेक लोधी, मंगल लोधी, जतिन लोधी, उदयवीर गौतम, कल्लू लोधी व 10 अज्ञात लोगों ने बेटे को रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपितों ने रॉड से उस पर वार कर दिया। हमले में हर्ष की नाक की हड्डी और दांत टूट गए और सिर फट गया। खून से लथपथ होकर वह गिर पड़ा। आरोपित बेटे को मृत समझकर भाग निकले। बीच बचाव करने पर उसके दोनों दोस्तों की भी पिटाई कर दी। हर्ष का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर बंथरा राम सिंह के मुताबिक दोनों पक्षों में पहले से रंजिश चल रही है। आरोपितों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कैंट को हजरतगंज से जोड़ने वाला पुराना कटाई पुल टूटेगा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कैंट से हजरतगंज को जोड़ने वाला कटाई वाला पुल बनकर तैयार हो गया है। अगले 15 दिन के भीतर डामरीकरण का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद ट्रैफिक संचालन शुरू हो जाएगा। पिछले दिनों रेलवे और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने कटाई वाले पुल का संयुक्त निरीक्षण किया था। इस दौरान सोमनाथ द्वार के सामने की रोटरी को शिफ्ट करने, साइन बोर्ड लगाने पर सहमति बनी थी। बाराबंकी की ओर से चारबाग रेलवे स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों को सुगमता से पहुंचाने के लिए सदर आउटर को फोर लेन बनाये जाने का काम तेजी से किया जा रहा है। इसमें सबसे बड़ी अड़चन कटाई पुल को लेकर आ रही थी। इसके नीचे जगह की कमी के कारण इसको तोड़ा जाना था, जबकि इस पुल से हर रोज करीब 50 हजार वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में लोगों की दिक्कतों को देखते हुए रेलवे ने इसके ठीक बगल में एक नया ओवरब्रिज तैयार करने का फैसला लिया। पुल बनकर तैयार हो गया है। डामरीकरण का काम बाकी है।

**अब ट्रेनों को आउटर पर नहीं रोका जाएगा:** रेलवे अधिकारियों के मुताबिक सदर आउटर फोरलेन बन जाएगा, तो चारबाग स्टेशन पहुंचने से पहले जिन ट्रेनों को आउटर पर काफी देर तक रोकना पड़ता था, अब नहीं रोकना पड़ेगा। कई बार ट्रेन के चारबाग रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में देर होती थी और यात्री परेशान होते थे। फोरलेन बनने के बाद ट्रेनों को आउटर पर नहीं रोका जाएगा। इससे, लगभग हर ट्रेन की 15 मिनट से लेकर आधे घंटे तक की बचत होगी।

**रोटरी शिफ्ट होगी:** कटाई वाला पुल कैंट में सोमनाथ द्वार के सामने बना है। नया पुल बनने से कैंट एरिया, तेलीबाग, शहीद पथ से आने वाले वाहन चालक सीधे हजरतगंज और चौक पहुंच जाते हैं। नये पुल पर ट्रैफिक शुरू होने से रोटरी को शिफ्ट किया जाएगा। साइन बोर्ड लगाए जाएंगे।

**पुराने पुल को तोड़ा जाएगा:** नये पुल पर ट्रैफिक शुरू होने के बाद कटाई वाले पुल को तोड़ने का काम शुरू होगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक इसकी जगह पर भी दो लेन का एक नया ओवरब्रिज बनाया जाएगा। यानि दो-दो लेन के दो ओवरब्रिज हो जाएंगे। चार लेन के दो ओवर ब्रिज होने से ओवरब्रिज पर चढ़ने वाले यात्रियों को तो सहूलियत मिलेगी।

# नर्स से दुष्कर्म के आरोप में टेक्नीशियन गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित हॉस्पिटल में नर्स के साथ टेक्नीशियन ने दुराचार किया। विरोध करने पर धमकी दी। हॉस्पिटल मालिक से शिकायत करने पर उन्होंने भी नर्स की बात को अनसुना कर दिया। पीड़िता ने ठाकुरगंज कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

नाइट शिफ्ट के वक्त की वारदात

पारा निवासी युवती तीन माह से निजी हॉस्पिटल में स्टाफ नर्स के तौर पर काम कर रही है। पीड़िता के मुताबिक हॉस्पिटल में काकोरी हलुआपुर निवासी टेक्नीशियन निखिल कुमार भी काम करता है। जो कई बार नर्स के साथ अभद्रता कर चुका था। पीड़िता के मुताबिक 18 नवंबर को उसकी नाइट शिफ्ट थी। करीब 11 बजे आरोपी विमल कुमार ने बात करने के लिए कमरे में बुला कर गलत काम किया था। विरोध करने पर विमल ने युवती के साथ मारपीट करते हुए शिकायत करने पर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। टेक्नीशियन की हरकत से खौफजदा नर्स ने हॉस्पिटल मालिक कमलेश अग्रवाल और उनके भाई राजेश अग्रवाल पर भी गम्भीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के मुताबिक विमल की शिकायत करने पर मालिक कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। उल्टे नर्स से कमलेश और राजेश ने भद्दे सवाल किए। जिन्हें सुन कर युवती और भी घबरा गई। मदद नहीं मिलने पर पीड़िता ठाकुरगंज कोतवाली पहुंची और मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि स्टाफ नर्स की तहरीर पर दुराचार, मारपीट और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया।

# एलडीए टीम और किसानों के बीच झड़प

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजिनी नगर के कालिया खेड़ ग्राम में एलडीए टीम जब साल 2012-13 में एक्वायर की गई जमीन पर कब्जा लेने पहुंची तो मौके पर जमकर बवाल हो गया। एलडीए की टीम को ग्रामीणों के जबरदस्त गुस्से का सामना करना पड़ा। इस दौरान कुछ महिलाएं जेसीबी की आगे लेट गई। एलडीए के साथ पहुंची पुलिस की टीम के साथ ग्रामीणों की जमकर झड़प भी हो गई। जिसके बाद एलडीए प्रशासन की ओर से फिलहाल कब्जा लेने का कार्य रोक दिया गया है। किसानों और एलडी अधिकारियों के बीच वार्ता चल रही है। वार्ता होने के बाद ही आगे की जमीन पर कब्जा किया जाएगा।

एलडीए अधिकारियों ने बताया कि साल 2012-13 में करीब 300 एकड़ भूमि इंडिया की ओर से मोहन रोड योजना के लिए एक्वायर की गई थी। जिसका मुआवजा साल 2015-16 में किसानों को दे दिया गया है। वहीं किसान अब जमीन पर कब्जा करने नहीं दे रहे हैं। जबकि किसानों की जो फसल इस वक्त लगी है। उसका मुआवजा भी मौके पर एलडीए और राजेश टीम की ओर से दिया जा रहा है। वहीं किसानों का कहना है कि एलडीए की ओर से अभी गांव के करीब 276 मकान लिए जा रहे हैं। उसको मुआवजा नहीं दिया गया है, ना ही फसलों और पेड़ों का मुआवजा दिया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों और एलडीए प्रशासन के बीच जमकर झड़प हुई। जेसीबी से खेतों पर कब्जा किए जाने से नाराज होकर गांव की कुछ महिलाएं जेसीबी के आगे लेट गई। जिसके चलते काफी देर तक काम बाधित रहा।

एलडीए अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि करीब 2012-13 में 300 एकड़ भूमि मोहन रोड एलडीए योजना के लिए एक्वायर की गई थी। जिसका मुआवजा 2015 - 16 में ग्रामीण को दे दिया गया है। मौके पर जो भी फसले हैं उनका मुआवजा किसानों को दिया जा रहा है जो मकान का सर्वे किया गया है उनका मुआवजा बनने के बाद ही मकान तोड़े जाएंगे।

## संजय सेठ ने पालीटेक्निक छात्रों को बांटे टैबलेट

**लखनऊ।** राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने पालीटेक्निक छात्रों को राज्य सरकार की स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत रविवार को लखनऊ के महानगर स्थित हीवेट पालीटेक्निक में छात्र-छात्राओं को टैबलेट बांटें। इस दौरान सांसद संजय सेठ ने वर्ष 2023-24 के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के 462 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया। उन्होंने कहा कि हीवेट पालीटेक्निक उत्तर भारत की सबसे प्राचीनतम संस्था है। उन्होंने संस्था द्वारा 100 फीसदी प्रवेश क्षमता के साथ एआईसीटीई के मानकों के तहत शिक्षण कराने की सराहना करते हुए अपनी सांसद निधि से संस्था को 25 लाख रुपये की धनराशि भी प्रदान की। उन्होंने संस्था के प्रधानाचार्य कुंदर सिंह की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. एस अस्थाना, सदस्य राजेश अस्थाना व संजय अस्थाना और संपूर्ण कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भांजे ने मौसी से 97 लाख हड़पे, विरोध करने पर पीटा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** पारा कोतवाली में महिला ने भांजे के खिलाफ 97 लाख की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने महिला का विश्वास जीत कर रुपये निजी खाते में ट्रांसफर कर लिए। भांजे की करतूत पता चलने पर महिला ने विरोध किया। जिस पर आरोपी ने कमरा बंद कर मौसी की पिटाई की। यह आरोप लगाते हुए महिला ने पारा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। गोविंदनगर निवासी कुसुमा (45) का पति देवरीदीन के साथ एसबीआई आरडीएसओ ब्रांच में ज्वाइंट अकाउंट था। जुलाई 2020 में देवरीदीन की मौत हो गई। इसके बाद कुसुमा का भांजा शैलेंद्र घर आकर मदद करने लगा। मौसी का विश्वास जीतने के बाद शैलेंद्र ने टुकड़ों में करीब 97 लाख रुपये चेक के जरिए अपने खाते में जमा किए। मौसा की मौत के बाद मिलने वाली पेंशन भी आरोपी चेक के जरिए निकालता था। कुसुमा के मुताबिक वह कम पढ़ी लिखी है। इस वजह से शैलेंद्र पर भी भरोसा कर उससे बैंक के काम कराती थी। पीड़िता के मुताबिक भांजे के कहने पर उन्होंने केसरीखेड़ा में एक हजार वर्ग फीट का प्लॉट खरीदा था। जिसमें से भी कुसुमा का मात्र सौ वर्ग फीट हिस्सा दिखाया गया। वहीं, 900 वर्ग फीट जमीन शैलेंद्र ने अपने नाम करा ली है। लाखों रुपये ऐंठने के बाद शैलेंद्र के व्यवहार में बदलाव आ गया। आरोपी ने मौसी को कमरे में बंद कर पीटा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। यह आरोप लगाते हुए कुसुमा ने पारा कोतवाली में भांजे शैलेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## मां को लाठियों से पीट रहा था युवक,भाई पर उड़ेला खौलता पानी

> माल इलाके में हुई घटना, आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज - नशे में धुत युवक मां से कर रहा था मारपीट, छोटा भाई पहुंचा था बचाने

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** माल के हरिहरपुर गांव में नशे में धुत एक युवक मां को लाठियों से पीट रहा था। छोटा भाई मां को बचाने पहुंचा तो उस पर खौलता पानी उड़ेल दिया। इसके बाद आरोपित भाग निकला। ग्रामीणों नेमां-बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

माल थाना प्रभारी विनय कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक हरिहरपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि छोटा भाई अवधेश नशे का लती है। आए दिन शराब के नशे में हंगामा और मारपीट करता है। गुरुवार को वह नशे में धुत घर पहुंचा। मां फूलमती से गाली-गलौज करने लगा। मां के विरोध पर वह लाठी लेकर दौड़ा और मां को पीटने लगा। राजकुमार के मुताबिक वह घर के बाहर बैठे थे। मां की चीख-पुकार सुनकर वह बचाने के लिए दौड़े तो अवधेश ने खौलता हुआ पानी उनके ऊपर उड़ेल दिया। इसके बाद भाग निकला। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए। दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे। शुक्रवार को घटना की तहरीर माल थाने में दी। इंस्पेक्टर माल विनय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपित अवधेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# नववर्ष पर में यूपी को मिलेगा बड़ा तोहफा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ और पूर्वी यूपी के जिलों के बीच यात्रा अब आसान हो जाएगी क्योंकि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस में नए साल पर वाहनों का आगमन के लिए खोल दिया जाएगा। नवीनतम प्रगति रिपोर्ट का विवरण साझा करते उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि परियोजना पर 98 फीसदी काम हो चुका है ।91 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे गोरखपुर के बीच आजमगढ़ अंबेडकर नगर और संत कबीरनगर के माध्यम से आवाजाही सुविधाजनक बनाने के लिए एक लिंक मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। 110 मीटर के अधिकार के साथ चार लेन वाले एक्सप्रेसवे से लखनऊ और गोरखपुर के बीच यात्रा का समय मौजूद 6 घंटे से कम होकर तीन-चार घंटे से भी कम होने की उम्मीद है।प्राधिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसपी शाही के मुताबिक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का मुख्य कैरिजवे बनकर तैयार है। कुछ संरचनाओं और इंटरचेंज पर काम चल रहा है और काम पूरा होने में कुछ और सप्ताह लगेंगे। सलारपुर और जैतपुर शुरुआत और अंत बिंदु के बीच बनने वाली 343 संरचनाओं में से 337 तैयार हैं और शेष पर काम अंतिम चरण में है। प्राधिकरण के सामने गंगा एक्सप्रेसवे को समय पर पूरा करने की चुनौती है प्राधिकरण ने मेरठ और प्रयागराज को जोड़ने वाले 594 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे पर वाहनों की आवाजाही की अनुमति देने के लिए 24 दिसंबर की समय सीमा तय की है।13 जनवरी, 2025 को महाकुंभ शुरू होने वाला है।

लोकमित्र
• लखनऊ, सोमवार 2 दिसम्बर 2024



## संक्षिप्त खबरें

### बहला फुसलाकर कर किशोरी को भगा ले जाने का कराया मामला दर्ज

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज क्षेत्र में किशोरी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने को लेकर थाना अलीगंज में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया है। थाना अलीगंज के हतसारी निवासी नीरज कुमारी नें थाना अलीगंज में प्रार्थना पत्र देकर मामला दर्ज कराते हुए बताया कि देवर रामौतार व देवरानी विमला देवी दोनो लोगो की मृत्यु हो चुकी है उनसे पैदा 18 वर्षीय पुत्री नेहा व नीलू का पालन पोषण मैं खुद करती हू तथा मेरे पास ही रहती है। 25 नवंबर को नेहा को गांव के लव कुमार पुत्र रामवीर बहला फुसला कर घर से ले गया जिसमे उसके पिता रामवीर पुत्र बालकराम व उजेंद्र, बबलू, कुश कुमार, शिव कुमार पुत्रगण रामवीर व कुमारी नन्ही पत्नी रामवीर व सलोनी पत्नी उजेंद्र निवासी हत्सारी अबनीश पुत्र प्रेम चंद्र व कबिता पत्नी अवनीश नगला गोदाम थाना कायमगंज जिला फरुर्खाबाद के निवासी का सहयोग है. इन सभी की सलाह मशविरा से ले गया है शादी के लिए रुपये एक लाख 90.हजार और एक लाख 50 हजार कीमती जेवर के साथ ले गये है। थाना पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### देवी देवताओं पर अनर्गल टिप्पणी से हिन्दू समाज में रोष

**अलीगंज/एटा।** सोशल मिडिया पर आये दिन एक दूसरे धर्म के लोग फिजा खराब करने के लिए अपमानजनक टीका टिप्पणी करने का मामला आये दिन आता हैं लेकिन पुलिस ज़ब मामले को सज्ञान लेती हैं तो कार्यवाही की जाती हैं लेकिन कुछ ऐसे अराजक तत्व हैं जो समाज में आपसी भाई चारे को लेकर धर्म देवी देवताओं के प्रति गलत टिप्पणी करते हैं जिससे समाज व कसवे में रोष बढ़ जाता हैं ऐसा ही एक मामला अलीगंज सर्किल के थाना न्यागांव के कस्वा सराय अगस्त का हैं कोतवाली नयागांव में सत्यराम पुत्र रविदास निवासी सराय अगहत ने तहरीर देते हुए बताया कि कसवे के धर्म विशेष दो युवक मुन्ना भाई व आकिव कुरैशी निवासी सराय अगहत ने शोसल मिडिया पर हिन्दू देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक टीका टिप्पणी क़ी हैं जिन्होंने कस्बे में सामाजिक माहौल खराब करने प्रयास किया जिससे हिन्दू समाज में जो पोस्ट सोशल मिडिया पर डाली गयी उसे पढ़कर समाज में आक्रोश व्याप्त हैं समाजिक सौहार्द बिगड़ने क़ी आशंका हैं तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर कार्यवाही किये जाने क़ी मांग क़ी हैं पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर जाँच पड़ताल में जुट गयी।

### पीआरकेएस के चुनाव प्रचार में राज्य कर्मचारी संघः रुपेश

**गोरखपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गोरखपुर के अध्यक्ष रुपेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे के यूनियन मान्यता चुनाव के अंतिम चरण में मोटर साइकिल द्वारा जनसंपर्क कर सभी रेल कर्मचारियों विशेष कर युवा एवं ऊर्जावान जो 2004 के बाद भर्ती हुए हैं से अपील करना है कि आगामी चार, पांच, छः दिसम्बर को होने वाले मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए तिरंगे झंडे के बीच लिखे हुए पीआरकेएस निशान पर भारी मतदान करें तथा अन्य को भी बूथा तक पहुंचने की अपील करें। पीआरकेएस को ही समर्थन क्यों, पर रुपेश ने कहा कि बीते दिनों पुरानी पेंशन की लड़ाई में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के साथ साझा संघर्ष प्रमाण है कि विनोद राय (पीआरकेएस) ही कर्मचारियों की लड़ाई में ईमानदारी एवं बेबाकी से अपनी बात रखने में सक्षम हैं। पी आर के एस के सदस्यों ने राज्य कर्मचारी संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारी के साथ मिलकर आज मोटरसाइकिल रैली निकाली। रुपेश, पंडित श्याम नारायण शुक्ल, अशोक पाण्डेय, इजहार अली ने संयुक्त रूप से समस्त रेल कर्मचारी साथियों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले चार, पांच छः दिसम्बर को अपने चहेते विनोद राय को जिताएं और पुरानी पेंशन सहित अन्य सभी मुद्दों पर संघर्ष की गारंटी लें। मोटर साइकिल जुलूस में विनोद राय के साथ रुपेश श्रीवास्तव, अशोक पाण्डेय, पंडित श्याम नारायण शुक्ल, राजेश सिंह,इजहार अली, दीपक चौधरी, देवेश सिंह, राजेश मिश्र, अनूप, अशोक शर्मा, फिरोज उल हक, अंशुल पाठक, निशांत, अवध बिहारी आदि लोग शामिल रहे।

# नारी की शक्ति से बदल सकता है समाज, यही है मिशन शक्ति का राज

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा/ कासगंज।** महिला सुरक्षा अभियान केवल सरकार या पुलिस का काम नहीं है । यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराएं । हम सभी को मिलकर काम करना होगा ताकि महिलाएं स्वाभिमान से जी सकें। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिलाओं को हिंसा, उत्पीड़न और असुरक्षा से बचाना है । मिशन शक्ति अभियान विभिन्न रूपों में होता है और जिसका लक्ष्य महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्रदान करना है ।

*महिला सुरक्षा अभियान के मुख्य उद्देश्य*ः 1- जागरूकता फैलानाः समाज में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के बारे में जागरूकता फैलाना , 2- समाज में बदलाव लानाः महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया बदलना और उन्हें समानता प्रदान करना, 3- सहायता सेवाएं प्रदान करनाः पीड़ित महिलाओं को कानूनी, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक सहायता प्रदान करना । महिला सुरक्षा अभियान के विभिन्न पहलूः 1- शिक्षाः महिलाओं को शिक्षित करना ताकि वे अपने अधिकारों के बारे में जान सकें और खुद को बचा सकें, 2- सशक्तिकरणः महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना ताकि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकें, 3- कानूनी सुधारः महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए कानूनों को और अधिक प्रभावी बनाना, 4- तकनीक का उपयोगः महिलाओं की सुरक्षा के लिए तकनीक का उपयोग करना, जैसे कि सुरक्षा ऐप्स और ट्रैकिंग डिवाइस, 5- समाज में बदलावः समाज में लैंगिक समानता लाने के लिए प्रयास करना। रविवार को जनपदीय महिला बीट एंव पुलिस अधिकारियों द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत विस्तार से अवगत कराते हुऐ बताया कि समाज के लिए नशा, चाहे वह किसी भी रूप में हो-शराब, तंबाकू, ड्रग्स, या अन्य मादक पदार्थ - व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालता है । यह समस्या न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों को भी नुकसान पहुँचाती है । ऐसे में नशा मुक्ति की दिशा में कदम उठाना बेहद जरूरी हो जाता है नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए सभी का सहयोग जरूरी है । यह सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह नशे को जड़ से समाप्त करने में योगदान दे। नशा मुक्ति एक कठिन लेकिन आवश्यक प्रक्रिया है।

# कॉल करके बैंक खाते की जानकारी ली, फिर निकाले रुपये



**खाते से 50 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर बैंक ने खाते को होल्ड कर दिया**

लोकमित्र ब्यूरो

**इंदिरापुरम।** वसुंधरा निवासी व्यक्ति के पास जालसाज ने फोन करके उनकी बैंक संबंधी जानकारी ली। इसके बाद खाते से 50 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर बैंक ने खाते को होल्ड कर दिया। इंदिरापुरम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वसुंधरा सेक्टर तीन के गार्डेनिया ग्लैमर फेज दो निवासी ओमपाल सिंह मीना ने बताया कि 16 नवंबर को उनके फोन पर अंजान नंबर से कॉल आई थी। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने बातों के झांसे में लेकर पीड़ित से बैंक खाते की पूरी जानकारी ली। इसके बाद उनके बैंक खाते से 25-25 हजार रुपये दो बार में दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के मोबाइल पर जैसे ही रुपये कटने का मैसेज पहुंचा, उन्होंने तुरंत बैंक से शिकायत की। बैंक ने जिस खाते में रुपये ट्रांसफर हुए उसमें होल्ड लगा दिया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बैंक से जानकारी मांगी गई है। साथ ही जालसाज को ट्रेस करने के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम भी लगाई गई।

# देहरादून में बुजुर्ग दंपति का खोया बेटा, बनकर भावनाओं से खेला

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** पन्नू उर्फ राजू की कहानी में नया मोड़ आने के बाद अब नया खुलासा हुआ है। देहरादून पुलिस के पास पहुंचकर भी राजू ने खुद को 16 साल पहले लापता होना बताया था। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद देहरादून के एक बुजुर्ग दंपति पुलिस के पास पहुंचे और राजू को अपना बेटा बताया था। लापता होने के 31 साल बाद जिस राजू के मिलने पर साहिबाबाद के शहीद नगर का रहने वाला परिवार खुशियां मना रहा था। उनकी खुशियां एक ही पल में दूर चली गईं। मामले का रुख पूरी तरह से बदल गया है। राजू को लेकर एक और खुलासा हुआ है। खोड़ा पहुंचने से पहले जुलाई 2024 में राजू उत्तराखंड के देहरादून पहुंचा था।

यहां देहरादून पुलिस के पास पहुंचकर भी राजू ने खुद को 16 साल पहले लापता होना बताया था। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद देहरादून के एक बुजुर्ग दंपति पुलिस के पास पहुंचे और राजू को अपना बेटा बताया था। वहीं राजू ने भी गाजियाबाद की तरह देहरादून पुलिस को भी राजस्थान और भेड़ चराने, प्रताड़ित होने की कहानी सुनाई थी। वहीं देहरादून थाने में पहुंचते ही बुजुर्ग महिला को राजू ने गले से लगा लिया था। अपनी मां और बुजुर्ग को पिता के रूप में पहचाना। इसके बाद आठ महीने तक राजू बुजुर्ग दंपति के साथ उनका 16 साल पहले लापता हुआ बेटा बनकर रहा।

अब वह गाजियाबाद के साहिबाबाद थानाक्षेत्र स्थित शहीद नगर में एक परिवार के साथ 31 साल पहले लापता हुआ उनका बेटा राजू उर्फ भीमसिंह उर्फ पन्नू बनकर रह रहा है। वहीं देहरादून की कहानी सामने आने के बाद से ही साहिबाबाद थाना पुलिस ने राजू को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ चल रही है।

# जेएमएसआईटी गाजियाबाद की दिल्ली ज्ञान यात्रा सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद।** जेएमएसआईटी गाजियाबाद ने अपने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय दिल्ली हेरिटेज वॉक का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम संस्थान के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल जी, निदेशक प्रॉफ. डॉ. अनिरुद्ध विश्वास एवं प्राचार्य प्रॉफ. डॉ. प्रवीण गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आयोजन का समन्वय कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा द्वारा किया गया।इस शैक्षणिक यात्रा में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों से चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में उपस्थिति, सेशनल परीक्षा के अंक, और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी को प्राथमिकता दी गई। छात्रों के साथ संस्थान के प्रोफेसर भी शामिल हुए और ऐतिहासिक स्थलों की गहन समझ विकसित करने हेतु कई गतिविधियाँ आयोजित कीं।

**यात्रा का विवरण**

छात्रों और प्रोफेसरों ने दिल्ली के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया, जिनमें हुमायूं का मकबरा, कुतुब मीनार, इंडिया गेट, राज घाट और लोटस टेंपल शामिल थे। इस दौरान छात्रों ने

1. वॉक विद टॉक प्रोफेसरों के साथ छोटे समूहों में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चर्चा।
2. बुक रिव्यू और गूढ़ चर्चाः पूर्व निर्धारित विषयों पर विचार-विमर्श।
3. तकनीकी और वैज्ञानिक विश्लेषण ऐतिहासिक स्थलों से जुड़े तकनीकी पहलुओं की व्याख्या।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने चर्चा, निरीक्षण, और प्रश्न पूछने में गहरी रुचि दिखाई। उनके विचारशील प्रश्नों ने न केवल उनके जिज्ञासु दृष्टिकोण को दर्शाया बल्कि समूह में सार्थक संवाद को भी प्रोत्साहित किया। यात्रा के अंत में, छात्र-छात्राएं थकान के बावजूद ज्ञानवर्धक अनुभव से उत्साहित और आत्मविश्वास से परिपूर्ण दिखाई दिए। इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से जेएमएसआईटी छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अन्नदाताओं की बढ़ी मुसीबत, सचिव का अल्टीमेटम, वेतन नहीं तो, डीएपी नहीं

**एक माह से दलशाहपुर में नही आयी डीएपी, किसानों में हाहाकार**

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** डीएपी को लेकर अन्नदाताओं में एक बार फिर हाहाकार मचा हुआ है। चेकों पर हस्ताक्षर को लेकर अध्यक्ष और सचिव की बीच चल रही तनातनी के चलते बीते एक माह से दलशाहपुर साधन सहकारी समिति पर में डीएपी नही आ सकी है। जहाँ सहकारी सचिव द्वारा वेतन नही मिलने तक डीएपी नही लाने की बात कही जा रही है।

तो वही अध्यक्षा द्वारा सचिव पर खाद की बकाया धनराशि जमा नही किये जाने तथा डीएपी के लिए चेको पर हस्ताक्षर नही कराये जाने का आरोप लगाया गया है। परिणाम स्वरूप डीएपी नही मिलने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। तहसील क्षेत्रान्तर्गत साधन सहकारी समिति दलशाहपुर क्षेत्र के किसान एक माह से डीएपी के लिए परेशान है। जबकि इन दिनों गेंहू की बुबाई का समय चल रहा है। मगर किसानों को लाख कोशिशों के बाबजूद डीएपी नही मिल रही है। सहकारी समिति के उपाध्यक्ष वेदवीर, संचालक नरेश गौड़, पूर्व प्रधान प्रेम प्रकाश वर्मा, महेन्द्र पाल,जितेन्द्र सिंह,बदन सिंह आदि किसानों ने बताया कि सहकारी समिति अधिकाँश बन्द ही रहती हैं। सचिव आते नही है। बीते एक माह से समिति पर डीएपी नही आयी है। क्षेत्रीय किसान डीएपी के साथ साथ खाद लिए भी परेशान हैं।

साधन सहकारी सचिव अनिल कुमार ने बताया कि अध्यक्ष नीलम देवी द्वारा माह अक्टूबर के वेतन चेक पर हस्ताक्षर नही किये गये।

जिससे अभी तक अक्टूबर व नवम्बर माह का वेतन तक नही मिला है। जिसकी वजह से उन्होंने अध्यक्षा से डीएपी के चेको पर हस्ताक्षर नही कराये है। सहकारी समिति पहुंचने पर किसानों द्वारा डीएपी व खाद नही मिलने पर अभद्रता की जाती है। सचिव ने कहा कि अध्यक्षा द्वारा जब तक वेतन चेक पर हस्ताक्षर नही किये जायेंगे। तब तक वह समिति पर डीएपी नही लायेंगे।

सहकारी समिति अध्यक्षा के पति, संचालक एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह ने बताया कि गत 16 अक्टूबर को डीएपी व एनपीके खाद के चेक पर हस्ताक्षर कराकर सचिव द्वारा जानबूझकर लगभग 15 दिन बाद 30 अक्टूबर को 587400 रुपये का आरटीजीएस कराया गया था। उसके बाद आज तक खाद के चेको पर कोई भी हस्ताक्षर नही कराये गये है।

उन्होंने बताया कि बीते चार माह में सचिव कुल 54479 रुपये की वेतन मद में आय संग्रहित की गई है जबकि 54724 रुपये सचिव द्वारा वेतन के रूप में आहरित कर लिया गया है।

अक्टूबर माह के 200 पैकेट एनपीएस एवं 280 पैकेट डीएपी समिति के लिए आवंटित की चुकी है। जिसका उठान नही हुआ। इसके अलावा लगभग 800-900 पैकेट डीएपी अन्य समितियों के साथ साथ आवंटित होकर आनी थी। जो नही आयी है।

# आईएमए गाजियाबाद द्वारा 89 वे वार्षिक चिकित्सा सम्मेलन यूपी कांन 2024 का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर 2024 फॉर्चून डिस्टिक सेंटर संजय नगर एवं आईएमए भवन गाजियाबाद में किया गया । चिकित्सा सम्मेलन में 20 व्याख्यानों एवं कार्यशालाओं को सम्मिलित किया गया था , जिसका उद्देश्य प्रदेश के सभी चिकित्सकों को आधुनिकतम चिकित्सा प्रणाली एवं नई खोजो व कठिन परिस्थितियों वाले चिकित्सा परीक्षणों एवं शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं को कैसे सरलता पूर्वक संपन्न किया जाता है से अवगत कराया गया ।इसके लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सकों द्वारा यह कार्य शालाएं एवं व्याख्यान संपादित कराए गए। जिनमें प्रमुख कार्यशालाओं में सीटी एंजियोग्राफी ,पैट स्कैन का रोल , यूरोलॉजी में रोबोटिक सर्जरी का रोल, टी सेल्स थेरेपी का रक्त कैंसर में रोल,आंत्र रोगों में प्रोबायोटिक का रोल, न्यूरोसर्जरी एवं स्पाइन सर्जरी की नई तकनीक रही। इस बीच 30 नवंबर को सात कार्यशालाएं संपन्न हुई एवं 1 दिसंबर को 13 कार्यशालाओं का आयोजन हुआ जिनमें माइक्रोबायोलॉजी में कलर की ग्रोथ कैसे करें ,इनटूयूबेशन कैसे करें, इमरजेंसी में ट्रेकियोस्टॉमी में कैसे करें इत्यादि का पुतलों के ऊपर विद्यार्थियों को अभ्यास कराया गया एवं व्याख्यानों का संपादन किया गया ।इसमें लगभग 200 मेडिकल स्टूडेंट एवं 300 प्रेक्टिस करने वाले चिकित्सकों ने प्रदेश के विभिन्न भागों से आकर भाग लिया।

30 नवंबर को सत्र 2023 -24 की चतुर्थ वर्किंग कमिटी मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को सीएमओ रजिस्ट्रेशन की अवधि एक वर्ष से बढाकर 5 वर्ष किए जाने पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया ।आई एम ए यू पी स्टेट के वार्षिक कार्यकलापों की रिपोर्ट सचिव डॉ वी बी जिंदल एवं कोषाध्यक्ष रिपोर्ट डॉक्टर आशीष अग्रवाल द्वारा वह विभिन्न कमेटियों की रिपोर्ट पटल पर रखी गई एवं अनुमोदित कराई गई ।प्रदेश भर से सम्मिलित पदाधिकारी की समस्याओं को सुनकर निराकरित की गई एवं कुछ विषयों को भविष्य के विचार विमर्श के लिए रखा गया ।सत्र 2024 -2025 के लिए चुने गए प्रतिनिधियों को माननीय सचिव आई एम ए हेड क्वार्टर डॉ अनिल जे नायक द्वारा शपथ दिलाई गई। जिसमें आई एम ए यू पी स्टेट के अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर पवन कुमार अग्रवाल शाहजहांपुर सचिव के रूप में डॉक्टर आशीष अग्रवाल वित्त सचिव के रूप में डॉक्टर वाणी पुरी रावत गाजियाबाद के साथ 70 अन्य पदाधिकारी ने शपथ ली ।डॉक्टर एम एम पालीवाल द्वारा कॉलर पहनाकर डॉक्टर पी के अग्रवाल को चार्ज सौंप दिया गया । 1 दिसंबर 2024 को 143 वी स्टेट वर्किंग काउंसिल की बैठक का आयोजन नई टीम की अध्यक्षता में फॉर्चून डिस्टिक सेंटर में संपादन किया गया। विगत टीम को उसके कार्य के पुरस्कृत किया गया ।इसमें आई एम ए गाजियाबाद में डॉक्टर सत्य प्रकाश अग्रवाल को 95 वर्ष की आयु में आई एम ए गाजियाबाद में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया डॉक्टर वाणी पुरी रावत को बेस्ट प्रेसिडेंट एवं डॉक्टर शलभ गुप्ता को बेस्ट मेमबर आईएएए यूपीस्टेट नवाजा गया ।इस बीच प्रदेश के लगभग 70 ब्रांचो के विभिन्न श्रेणियां के अवार्ड वितरित किए गए। इस दौरान एक स्मारिका का विमोचन भी किया गया जिसमें अत्यंत महत्वपूर्ण 20 लेखो का प्रकाशन डॉक्टर अशोक अग्रवाल डॉ मधु पोददार डॉक्टर नवनीत वर्मा एवं लक्ष्य गोयल के निर्देशन में किया गया ।आई एम ए यूपी स्टेट के जनरल के चतुर्थ अंक का भी प्रशासन एवं वितरण किया गया ।इस वर्ष की सीएमई की थीम ÷इन्नोवेटिव हेल्थ केयर फॉर टुमारो÷ रही ।डॉक्टर शरद कुमार अग्रवाल प्रेसिडेंट आई एम ए हेड क्वार्टर सत्र 2022-23, के दिशा निर्देशन में ÷89 वे आई एम ए यू पी स्टेट चिकित्सा सम्मेलन÷ एवं उसके आयोजको डॉ प्रदीप सिंह डॉक्टर राजीव गोयल डॉक्टर अमिताभ गोयल डॉक्टर शलभ गुप्ता डॉक्टर आशीष अग्रवाल डॉक्टर वी बी जिंदल डॉक्टर अरुण कुमार इत्यादि ने प्रदेश भर से सम्मिलित हुए चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। आई एम ए गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ राजीव गोयल ई एन टी सर्जन एवं उनकी टीम को इस सफल आयोजन के लिए सभी ने हृदय से धन्यवाद किया ।

# फ्लैट ओनर्स फेडरेशनः राज नगर एक्सटेंशन इकाई, गाजियाबाद द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** फ्लैट ओनर्स फेडरेशन, राज नगर एक्सटेंशन इकाई, गाजियाबाद ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रथम कैंप फॉर्च्यून रेजीडेंसी के क्लब हाउस में संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस कैंप के दौरान, श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर हॉस्पिटल, गाजियाबाद के चिकित्सकों ने सत्तर वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा प्रदान की।फेडरेशन के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी ने कहा, ÷हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि इतने सारे वरिष्ठ नागरिकों ने इस कैंप में भाग लिया और आयुष्मान कार्ड बनवाया। महासचिव कैप्टन गोपाल सिंह ने कहा, स्वास्थ्य ही धन है, और वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की अधिक आवश्यकता है। आयुष्मान कार्ड का होना उनके लिए जरूरी है।

इस अवसर पर फॉर्च्यून रेजिडेंसी के ए ओ ए के अध्यक्ष कपिल त्यागी ने फेडरेशन के इस कार्य की सराहना की।श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर हॉस्पिटल, गाजियाबाद के चिकित्सकों ने इस कार्य में लगातार सहयोग करने में अपनी खुशी जाहिर की। जगन्नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट के कैंप संयोजक अंकित गोयल ने फ्लैट ओनर्स फेडरेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में हम फ्लैट ऑनर्स फेडरेशन के माध्यम से 70 वर्ष आयु से ज्यादा के वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाने में सफल होंगे।मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने हर्ष जाहिर करते हुए बताया कि राजनगर एक्सटेंशन और इसके आस पास के 70 वर्ष से अधिक आयु वालों 50 से ज्यादा पहुंचे वरिष्ठ नागरिकों ने मोदी सरकार की योजना का लाभ लेने में प्रसन्नता व्यक्त कर रहे थे।

फेडरेशन की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा एवं कैंप प्रभारी डॉक्टर नीतिका शुक्ला जी ने बताया कि इसी तरह का द्वितीय कैंप एम सी सी सिग्नेचर हाइट, राजनगर एक्सटेंशन में रविवार 08 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा।फ्लैट ओनर्स फेडरेशन की ओर से उसके संरक्षक डॉक्टर जी पी सिन्हा, डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार अग्रवाल, सह मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश भटनागर, महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख डॉक्टर नीतिका शुक्ला, संयुक्त सचिव अरुण शुक्ला, कपिल त्यागी अध्यक्ष ए ओ ए फॉर्च्यून रेजीडेंसी, संतोष झा, उपाध्यक्ष आदि ने अपना बहुमूल्य समय पूरे कैंप के दौरान दिया और कैंप को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

फेडरेशन इस तरह के कार्यक्रमों को आगे भी आयोजित करता रहेगा ताकि समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचाया जा सके।

# कारोबारी से रंगदारी व मारपीट मामले में फरार आरोपी पार्षद गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन के मुख्य बाजार स्थित बी-15 निवासी सरिया-सीमेंट कारोबारी महबूब मलिक से रंगदारी मांगने और उसके विरोध में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे पार्षद आदिल मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। पार्षद से पहले पुलिस करीब पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। 21 नवंबर को महबूब मलिक के घर में घुसकर करीब दर्जन भर लोगों ने उनसे मारपीट की थी। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

महबूब मलिक ने मामले में पार्षद समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि पार्षद आदिल मलिक ने उनसे डेढ़ लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी।

साथ ही मारने की धमकी भी दी थी। इसका विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ उनकी दुकान पर पहुंचकर बुरी तरह मारपीट कर लाठी-डंडे और सब्बल से तक जानलेवा हमला किया।

मामले में शालीमार गार्डन पुलिस ने सात नामजद समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को देर शाम पुलिस ने मामले में फरार चल रहे पार्षद आदिल मलिक को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पार्षद की गिरफ्तारी कर ली गई है। पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुछ लोग अभी भी फरार चल रहे हैं, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

### विकासखंड जामों में 05 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सहयोग से बी0एम0सी0 जगेसरगंज का किया गया पुर्नसंचालन

**अमेठी।** दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा जनपद के विकास खण्ड जामों में लगभग एक दशक से बन्द बी0एम0सी0 जगेसरगंज का पुर्नसंचालन आज 01 दिसम्बर 2024 से 05 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सहयोग से प्रारम्भ किया गया। क्षेत्र के पूर्व विधायक तेजभान सिंह द्वारा बी0एम0सी0 जगेसरगंज का उद्‌घाटन किया गया तथा मौके पर उपस्थित दुग्ध समिति के सचिवगण, दुग्ध उत्पादक्कों को सम्बोधित करते हुए सहकारिता पर बल देते हुए अधिकाधिक दुग्ध उपार्जन किये जाने का मंत्र दिया गया। इस दौरान उपरोक्त समारोह में दुग्धशाला विकास विभाग के जनपद अमेठी में कार्यरत स्थानीय प्रभारी सुनील कुमार सिंह, विपणन प्रभारी एस0के0 सिंह, बी0एम0सी0 संचालक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, बी0एम0सी0 के प्रेरणा स्रोत एवं स्थानीय पोस्ट मास्टर सतेन्द्र प्रताप सिंह सहित क्षेत्र पर्यवेक्षक हरिकेश व डेयरी के इंजीनियर कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### झाड़ी में मिला नवजात शिशु



**अमेठी।** रविवार को ग्राम गईमऊ झाड़ी में वन विभाग के पास नाले के बगल नवजात शिशु लावारिस हालत ने मिला हंसराज मौर्य ने इसकी सूचना चाइल्ड लाइन 1098 एवं संबंधित थाना भले सुल्तान शहीद स्मारक को दिया गया जिसमें चाइल्डलाइन टीम द्वारा और पुलिस बल के साथ जगदीशपुर सीएससी दिखाया गया डॉक्टर के रेफर करने के उपरांत जिला अस्पताल मलिक मोहम्मद जायसी में आईसीयू वार्ड में एडमिट कर दिया प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव एवं काउंसलर सत्यम मिश्रा रुचि सिंह एवं प्रियंका पाल देवी सिंह रोशन लाल ड्यूटी पर उपस्थित रहे साथ में सिपाही विवेक कुमार ड्यूटी कर रहे है।

### खिलाड़ियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**अमेठी।** जिले में चल रहे 5 दिवसीय कैंप के चौथे दिन प्रश्न और जवाब सेशन में पूर्व भारतीय खिलाड़ी उबैद कमाल से खिलाड़ियों ने गेजबाजी लाइन लेंथ स्पीड बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण सवाल पूछे जिसमें कमाल ने सभी पूछे गए खिलाड़ियों के सवाल का जवाब देते हुए सभी को अनुशासन के साथ मेहनत करने की सलाह दी है,साथ ही कमाल ने पत्रकारों से साक्षात्कार देते कहा कि यहां के खिलाड़ियों के पास बहुत ही ऊर्जा है यही सब आगे के फ्यूचर है,खिलाड़ियों को गेजबाजी के साथ साथ बैटिंग फील्डिंग की बारीकी सिखाई साथ ही नेट पर बल्लेबाजी और गेजबाजी कराकर खिलाड़ियों को निखारा सभी खिलाड़ियों को बताया कि खेल में बिना अनुशासन के कुछ भी नहीं हो सकता है,इसके बाद सभी खिलाड़ियों के साथ कमाल ने प्रैक्टिस मैच खेला, उक्त अवसर पर सचिव राजेश तिवारी, निदेशक प्रांजल तिवारी,मुकेश यादव,गोविंद मौर्य मौजूद रहे।

### विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई सम्पन्न

**बीघापुर, उन्नाव।** सुमेरपुर विकास खंड व बीघापुर विकासखंड की विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के तहत तहसील क्षेत्र में केंद्र बनाए गए कमलापति इंटर कॉलेज में सुबह की पाली में हुई बालिका वर्ग की परीक्षा में बीघापुर विकासखंड क्षेत्र के पंजीकृत 110 छात्राओं में 63 सुमेरपुर विकासखंड के 126 छात्राओं में 33 उपस्थित रही। शाम की पाली में छात्रों की हुई प्रवेश परीक्षा में सुमेरपुर विकासखंड के 111 छात्रों में 24 बीघापुर विकासखंड के 100 छात्रों में 48 छात्र उपस्थित रहे। कमलापति इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेंद्र दीक्षित ने बताया कि शाम की पाली में पंजीकृत 211 छात्रों में कुल 72 छात्र सुबह की पाली में पंजीकृत 236 छात्रों में 96 छात्रों की उपस्थिति रही परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### सोशल मीडिया पर भगवान श्री राम के विरूद्ध अनर्गल टिप्पणी करने वाला पुलिस हिरासत में

**बांगरमऊ,उन्नाव।** बेहटा मुजावर पुलिस ने एक वायरल वीडियो में भगवान राम के विरुद्ध अपशब्दों का प्रयोग करने के आरोप के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस युवक के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने में जुटी है। क्षेत्र में आज एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में एक युवक भगवान राम के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर रहा है। वीडियो प्रसारित होते ही बेहटा पुलिस ने लोगों से उसकी शिनाख्त कराई। शिनाख्त में अपशब्दों का प्रयोग करने वाला युवक बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ही ग्राम शादीपुर के मजरा करकेलिया निवासी सुमित चिंहित किया गया। प्रभारी निरीक्षक फूल सिंह ने बताया कि युवक को हिरासत में ले लिया गया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जबकि ग्रामीणों के अनुसार हिरासत में लिए गए युवक का मानसिक संतुलन खराब चल रहा है और वह अक्सर अनाप-शनाप बोलता रहता है।

### भैंस चोरी की बढ़ती घटनाओं से पशु पालकों मे दहशत

**पाटन,उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मनिकापुर के मजरा मानपुर निवासी राम शंकर पासी उर्फ घूरु की दो भैंसें बीती रात चोर चुरा ले गए । जिससे परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। विकलांग राम शंकर ने बताया कि उन्होंने मार्च माह मे होने वाली अपनी बेटी की शादी के लिए भैंसें पाल रखी थीं । जिनके चोरी हो जाने से उनकी बेटी भी बहुत दुखी है। उनका कहना है कि अब शादी कैसे होगी। इस रात एक और घटना में, ग्राम सभा सुल्तानपुर के मजरा चकभगन खेड़ा में नन्हकू यादव के दरवाजे से भी दो भैंसें चोरों ने चुरा लीं। इन घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। चोरों के बढ़ते हौसलों और पुलिस प्रशासन की अनदेखी पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।पीड़ित परिवारों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### मारपीट की घटना के वाछितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पाटन,उन्नाव।** मारपीट के वांछित आरोपियों बाप बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाजितपुर में लड़की की चौथी लेने आए लोगों के साथ गाड़ी हटाने को लेकर प्रेम शंकर आदि द्वारा गत दिवस मारपीट कर दी गई थी। शिव शंकर पुत्र भीखू लाल निवासी ग्राम पीथू पुर थाना सरेनी जनपद रायबरेली द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। मुकदमे में वांछित चल रहे पिता पुत्र प्रेम शंकर पुत्र हरिश्चंद्र व सुमित सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी बाजितपुर को उनके घर से गिरफ्तार कर शांति भंग की सर पट धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है।

### खुद पर जूता-चप्पल फेंकवाकर ड्रामा कर रहे केजरीवाल

**गोण्डा।** जनपद में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कैसरगंज विधानसभा से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने केजरीवाल पर दिल्ली की जनता को गुमराह करने और खुद पर हमले का ड्रामा रचने का आरोप लगाया। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, दिल्ली की असली हालत देखने के लिए आपको झुग्गी-झोपड़ियों और नालों के बीच जाना होगा। कनॉट प्लेस और मुख्य सड़कों को देखकर मत समझिए कि दिल्ली शानदार है। अंदर की सच्चाई ये है कि अरविंद केजरीवाल ने यमुना को बर्बाद कर दिया है। ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, और दिल्ली गंदगी के ढेर में तब्दील हो गई है।ष् उन्होंने आरोप लगाया कि झुग्गी-झोपड़ी और नालों के पास हालात इतने खराब हैं कि वहां 15 मिनट भी खड़े रहना मुश्किल है। बृजभूषण ने सीधे तौर पर कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा पर जो आरोप लगाते हैं, वह केवल एक नाटक है। उन्होंने कहा, यह सब केजरीवाल खुद करवाते हैं। चप्पल-जूता फेंकने से लेकर भाजपा पर आरोप लगाने तक, सब उनका ड्रामा है। दिल्ली की जनता अब सब समझ चुकी है।

# गैस एजेंसी पर डकैती

## [गैस 147 भरे सिलेंडर लेकर भागे बदमाश]

लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** वाराणसी में रविवार तड़के गैस एजेंसी में डकैती हुई। 15 से अधिक बदमाशों ने गार्ड और कर्मचारियों को गन पॉइंट पर ले लिया। फिर बदमाशों ने सीसीटीवी तोड़े और 147 भरे सिलेंडर लेकर भाग गए। बदमाशों ने कर्मचारियों के साथ जमकर गाली-गलौज की और पुलिस को भी चुनौती दी। सभी बदमाश मुंह बांधे थे और एक-दूसरे का नाम नहीं ले रहे थे। वे सिलेंडर को डीसीएम पर लादकर ले गए। वारदात की जानकारी सुबह कर्मचारियों ने गैस एजेंसी मालिक को दी। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। हालांकि अभी तक कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगा है। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के छतेरी गांव में इंडेन गैस की एजेंसी है। एजेंसी के पास में ही कंपनी का गोदाम है। इस पर गैस एजेंसी मालिक ने रखवाली के लिए गार्ड प्रमोद तिवारी और देखरेख के लिए कर्मचारी सीताराम पाल को रखा था। दोनों शनिवार की देर रात 2 बजे तक जागते रहे। फिर मेन गेट चेक करके सोने चले गए। इसके बाद लगभग 15-16 बदमाश एजेंसी में दीवार फांदकर घुस गए और तमंचा-चाकू की नोक पर दोनों कर्मचारियों को बंधक बना लिया।




दोनों कर्मचारियों को पीटा। उनसे मेन गेट की चाबी ली, फिर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद अंदर से मेन गेट खोलकर सिलेंडर ले गए। रविवार को अन्य जगहों पर छुट्‌ट्टी होती है। गैस एजेंसी खुली रहती है। ऐसे में आज ज्यादा संख्या में लोग सिलेंडर लेने पहुंचे थे।

सिलेंडर न मिलने पर उन्हें लौटना पड़ा। एजेंसी के प्रबंधक संजय तिवारी की सूचना पर मिर्जामुराद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीपी गोमती प्रमोद कुमार, एडीसीपी गोमती आकाश पटेल समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एजेंसी के प्रबंधक संजय तिवारी ने बताया 147 भरे गैस सिलेंडर गोदाम से बदमाश लूट ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। एजेंसी पर काम करने वाले एक कर्मचारी ने बताया एक सिलेंडर की कीमत आज के रेट में 3066 रुपए है। अगर कोई एक सिलेंडर लेता है तो 2200 रुपए सिक्योरिटी मनी और भरे सिलेंडर की कीमत 866 रुपए होती है। इस तरह 3066 रुपए का एक सिलेंडर पड़ता है। ऐसे में 147 सिलेंडर की कीमत करीब 4.50 लाख रुपए होती है।

पुलिस ने अब तक 40 से ज्यादा सीसीटीवर फुटेज खंगाले हैं और आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस दोनों गार्ड से पूछताछ कर रही है। जांच में गैस एजेंसी पर स्टॉक मानक से अधिक पाया गया है। गैस एजेंसी के सभी कैमरे पुलिस को बंद मिले हैं। सोलर पैनल भी खराब हैं।

## अधिवक्ता व नगर पालिका के सभासदों के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** अधिवक्ता व नगर पालिका के सभासदों के मध्य हुए फ्रेंडली क्रिकेट प्रतियोगिता में नगर पालिका सभासदों द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज करी गई !

अकरमपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में टॉस जीत कर अधिवक्ताओं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 08 ओवर के खेल में 55 रन बनाते हुए सभासदों को 56 रनों का लक्ष्य दिया जिस पर लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगर पालिका के सभासदों की टीम द्वारा ओपनिंग करने आए फहद सिद्दीकी एवं मोनू दीक्षित ने संभल कर खेलते हुए धीमी शुरुवात दिलाई।इसके बाद आए मनीष शुक्ला ने बीच के ओवरों में तेजी से खेलते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाते उससे पहले ही उन्हें रिटायरहर्ट होना पड़ा।जिसके बाद टीम के उपकप्तान सर्वेश गुप्ता और अराफात ने मोर्चा संभाला ।अंत में आरिफ शानू और मनीष शुक्ला ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 7.4 ओवर में जीत दर्ज करी ।विजेता टीम के कप्तान मोनू दीक्षित ने बताया जीत का पूरा श्रेय उनकी पूरी टीम के हर खिलाड़ी को जाता है।

### अंजान फोन आने पर लाभ के झांसे में ना आएं

**गोण्डा।** बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और लोगों को सतर्क करने के लिए गोंडा पुलिस ने ष्साइबर कवचष् अभियान शुरू किया है। यह अभियान 27 नवंबर से शुरू होकर एक सप्ताह तक चलेगा। इसके तहत जिले भर में गोष्ठियों, वर्कशॉप और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज नवाबगंज थाने में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने ग्राम प्रधानों, व्यापार मंडल के सदस्यों और स्थानीय संभ्रांत व्यक्तियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की। इस गोष्ठी में साइबर अपराधों से बचने के उपायों और सुरक्षा के तरीकों पर चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर जनपद में ऑपरेशन साइबर कवच की शुरुआत की गई है। किसी भी अनजान कॉल पर बैंक डिटेल्स साझा न करें। व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें और गोपनीयता का ध्यान रखें।

## निराला की पैतृक जन्मस्थली में हुआ काव्य समारोह का आयोजन

कवियों ने रचनाओं के माध्यम से निराला जी को किया याद

लोकमित्र संवाद

**बीघापुर,उन्नाव।** तहसील क्षेत्र निराला की पैतृक जन्मस्थली में निराला साहित्यिक जागृति मंच द्वारा निराला स्मृति भवन में काव्य समारोह का आयोजन किया गया कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से निराला को याद किया वहीं सामाजिक कुरीतियों पर भी रचनाएं सुनाई। काव्य पाठ का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ ।सरस्वती वन्दना करते हुए कवि राम भरोसे सिंह ने सुनाया

वंदन करूंगा हे शारदे तुम्हारी हर शब्द शब्द झंकार कर दे, मदद हमारी।

मगरायर के वरिष्ठ साहित्यकार कवि जय कृष्ण पांडे ने पढ़ा

झूठ के आगे सत्य डर रहा,
बाजारू अब प्यार हो रहा
कामचोर उपहार ले रहा,
कर्मनिष्ठ लाचार हो रहा।

कवि एडवोकेट चंद्रकांत बाजपेई ने पढ़ा वक्त की दरगाह में सब कब्र होते जाएंगे, हम न होंगे तुम न होंगे बस वही रह जाएंगे, हमने माना जिंदगी भी एक अनबुझी पहेली, कब किसे क्या कौन किसको कहां को हम जाएंगे ।राम विकास सिंह राम ने पढ़ा होली नहीं चिताएं हैं यह वीरों के वालीदानो की, धरा नहीं है बलिवेदी है प्राणों की।

हास्य कवि के वरिष्ठ कवि संजीव तिवारी पिंटू ने पढ़ा

नहीं बोले दिया आवाज बड़ा धोखा होईगा हम का उन पर रहा है बड़ा नाज बड़ा धोखा होईगा।

मनोज कुमार सरल, लोधेश्वर , राम लखन वर्मा, मुकेश दुबे ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में आए कवियों का सम्मान वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद सिंह लोधी व समाजसेवी डॉक्टर गंगाधर वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि अनुज तिवारी व अध्यक्षता चंद्रकांत वाजपेई ने की।

## 15 दिसम्बर तक चुने जायेंगे मण्डल अध्यक्ष: अवधेश पाण्डेय

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी जनपद के अंतर्गत मंडल चुनाव कार्यशाला गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय रहे।

जिला अध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र ने कार्यशाला में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि अवधेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों का चुनाव सभी मंडल चुनाव अधिकारी 15 दिसंबर तक कर लेंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव में जो समर्पित पूर्व में पदाधिकारी दो बार से सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारी रहा हो वही मंडल अध्यक्ष के लिए नामांकन कर सकता है। मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए सभी वर्गों का समावेश एवं सभी वर्गों से अच्छे कार्यकर्ता चुनकर आए चुनाव अधिकारी इसका भी ध्यान रखेंगे मंडल अध्यक्ष 45 साल की उम्र का ही बनेगा जो लगातार दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं वह मंडल अध्यक्ष तीसरी बार नहीं बनेगा मंडल अध्यक्ष सभी वरिष्ठ एवं कार्यकर्ताओं की आम सहमति एवं सर्वसम्मत से चुना जाएगा मंडल अध्यक्ष के चुनाव में सभी कार्यकर्ता सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का समावेश होना आवश्यक है।

प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया कार्यशाला में प्रमुख रूप से काशी प्रसाद तिवारी क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा उमाशंकर पांडेय पूर्व जिला अध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी सुरेश तिवारी काली भगत सिंह गिरीश चंद्र शुक्ला प्रवीण सिंह राकेश सिंह अंजनी सिंह डब्बू अशोक मौर्य मनोज जायसवाल प्रभात शुक्ला उमा रमन सिंह भागीरथी मौर्य श्रीमती आशा बाजपेई शंकर बख्श सिंह महेंद्र मिश्रा मनोज तिवारी जयप्रकाश तिवारी पंकज अवस्थी गौरव श्रीवास्तव अजय द्विवेदी राजकिशोर पांडे अनिल सिंह, घनश्याम चौरसिया संतोष द्विवेदी अजय सिंह अरुण मिश्रा राजा सूर्य नारायण तिवारी महेश प्रताप सोनकर भानु सोनकर रणवीर सिंह विकास मौर्य नीलम भारती सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चलती ट्रेनों में चोरी करने वाला गिरफ्तार,चोरी के आभूषण व नकदी बरामद

**गोण्डा।** पुलिस ने ट्रेनों में चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। 30 नवंबर की रात को कोतवाली नगर पुलिस टीम ने सतईपुरवा रोड पर संदिग्ध व्यक्ति को रोका और चेकिंग की। इसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली और आरोपी मोबिन के पास से 1 मंगलसूत्र, 5 अंगूठियां, 1 जोड़ी झुमका, 1 पायल, दस हजार रुपये नगद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल के निर्देश पर की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत और क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ वर्मा के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान इस गिरोह के सदस्य को दबोच लिया। आरोपी मोबिन ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी आदिल के साथ मिलकर गोण्डा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के एसी बोगी से सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चुराता था। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफकोतवाली नगर थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। गोंडा नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि यह गिरफ्तारी ट्रेनों में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए की गई है।

## भीड़ पर नियंत्रण, पुलिस लाइन में कराया गया बलवा ड्रिल

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिले में आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने तथा शान्ति, सुरक्षा एवं समाज में भय मुक्त वातावरण बनाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में दंगा/विधि विरुद्ध भीड़ नियंत्रण का पूर्वाभ्यास कराया गया। बलबा ड्रिल का उद्देश्य कानून व्यवस्था के उल्लंघन एवं विधि विरुद्ध भीड़ के जमाव की स्थिति में पुलिस बल को तेजी से प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाना है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज/पुलिस लाइन श्री अखिलेश वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षणाधीन श्री दिनेश कुमार मिश्रा व मौजूद अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, स्मोक गन, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि दंगा नियंत्रण उपकरणों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए दंगा/विधि विरुद्ध भीड़ नियंत्रण का आभ्यास किया गया तथा पुलिस कर्मियों को दंगाइयों/बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में एवं वज्र वाहन को इस्तेमाल करने की जानकारी दी गयी। इस दौरान मौजूद समस्त पुलिसकर्मियों को कुल 10 विभिन्न पार्टियों- एलआईयू पार्टी, सिविल पुलिस, फायर सर्विस, घुडसवार पुलिस, टियर गैस गन/एण्टी राइट गन पार्टी, लाठी पार्टी, फायरिंग पार्टी, रिजर्व पार्टी, फस्ट एड पार्टी व वीडियो ग्राफी पार्टी में बांटकर पार्टियों द्वारा किये जाने वाले सभी कार्यवाही को कराते हुए पूर्वाभ्यास कराया गया।

## सरसों का तेल निकलवाने गए युवक की कोल्हू में फंसकर हुई मौत



लोकमित्र संवाद

**हसनगंज, उन्नाव।** तहसील हसनगंज में सरसों का तेल निकलवाने गए युवक की कोल्हू से खली निकालते समय हुआ हादसा,हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई ,मृतक के परिजनों ने सड़क जामकर किया हंगामा, मौके पर उपजिलाधिकारी व कई थानोबकी पुलिस फोर्स ने पहुंच कर मामला शांत करवाया और आवागमन चालू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना औरास क्षेत्र के मैंनी भावा खेड़ा में सचिन पुत्र राम आसरे उम्र लगभग 18 वर्ष कोल्हू की मशीन में खली निकालते समय फंसकर मौत हो गई।

सचिन शनिवार शाम को सरसो का तेल पेराने के लिए गोविंद सिंह के कोल्हू पर गया था जहां कोल्हू से खली निकालते समय उसका हाथ कोल्हू में फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई परिजनों ने कार्यवाही हेतु मांग को लेकर रोड पर जाम लगा दिया जिस पर एस. डी. एम. रामदेव निषाद,सी.ओ. बांगरमऊ व औरास थाना पुलिस ने परिजनों को शांत करा कर हर संभव मदद की कार्यवाही का भरोसा दिला कर जाम को खुलवाया पुलिस ने पंचनामा कर शव को विच्छेदन हेतु भेजा था जिसका आज गांव में ही प्रशासन की देख-रेख में अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## निर्माणाधीन सई नदी पुल के पहुंच मार्ग के बीच में आया बिजली विभाग का खंबा

जिम्मेदारों ने दिया आश्वासन, बोले बिजली विभाग को लिखेंगे पत्र

लोकमित्र संवाद



**औरास उन्नाव।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव में निर्माणाधीन सई नदी पुल के पहुंच मार्ग के बीच में स्थित बिजली विभाग का खंभा ग्रामीणों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है खंभा हटाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए फोन के माध्यम से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जहां से खंभा हटवाए जाने का आश्वासन मिलने पर ग्रामीण शांत हुए

जानकारी के अनुसार औरास थाना क्षेत्र के मिर्जापुर अजिगांव में सई नदी पर लोक निर्माण विभाग के द्वारा पुल निर्माण कराया जा रहा है जिस पर ग्रामीणों की पहुंच के लिए लोक निर्माण विभाग के द्वारा गांव से लिंक मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जिसके बीच में पूर्व से बीच सड़क पर विद्युत विभाग का पोल स्थापित है जिसको लोक निर्माण विभाग के द्वारा अनदेखा करते हुए सड़क निर्माण किया जा रहा है। बीच सड़क में खंभे स्थापित होने के कारण सड़क की उक्त जगह पर चौड़ाई काफी कम हो गई है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी होने के साथ ही अनचाही मुसीबत का भी सामना किसी समय कर ना पड़ सकता है जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को निर्माणाधीन पुल के पास एकत्र होकर आक्रोश व्यक्त करते हुए बीच सड़क से विद्युत पोल हटवाए जाने की मांग की तत्पश्चात दूरभाष के माध्यम से जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जहां से समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने पर ग्रामीण शांत हुए

वही इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एक्स ई एन सुबोध कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिली है बहुत जल्द विद्युत विभाग को खंबे हटाने के लिए लेटर लिखा जाएगा।

### पुलिस ने लुटेरे को किया गिरफ्तार, नकदी व जेवरात बरामद

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा छपिया और खोडारे थाना में हुई लूट की घटनाओं का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया था। खोडारे और छपिया थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए लूट की घटना को अंजाम देने वाली बस्ती जिले के रहने वाले जेतन कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से लूट का 15210 रुपए, एक पीली धातु की अंगूठी, दो टॉप्स, दो सफेद धातु की छोटी पायल, दो सफेद धातु की बड़ी पायल और घटना में प्रयोग की गई एक राइडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। अपने शौक पूरा करने के लिए और आर्थिक लाभ कमाने के लिए आरोपी द्वारा लगातार चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। बीते 27 नवंबर को छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत साधनगर पुलिया के पास एक महिला से लूट करके पैसे और उसके आभूषण लेकर के आरोपी चेतन कुमार फरार हो गया था।

## दो वांछित अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

टीम द्वारा अभियुक्त को कैंटोनमेंट एरिया वसंत विहार पश्चिमी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया एवं अपहृता को सकुशल बरामद किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान में रविवार को उ0नि0 विनोद कुमार वर्मा थाना बाजारशुक्ल मय हमराह देखभाल क्षेत्र, चेकिंग में मु0अ0सं0 196/24 धारा 137(2),87,64 बी0एन0एस0 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त सुरेश पुत्र जगजीवन निवासी ग्राम किशनी थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को पूर्वांचल एक्सप्रेस अन्डर पास पुलिया के पास से समय करीब 11.52 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया।

थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। तो वहीं उ0नि0 बी0एल0 रावत थाना गौरीगंज मय हमराह मु0अ0सं0 30/23 धारा 363,366 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी से संबन्धित वांछित अभियुक्त विष्णु पुत्र राममिलन निवासी ग्राम अन्नीबैजल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष की पतारसी सुरागरसी एवं अपहृता की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिल्ली रवाना थे।

उक्त टीम द्वारा अभियुक्त को कैंटोनमेंट एरिया वसंत विहार पश्चिमी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया एवं अपहृता को सकुशल बरामद किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कार्यालय में पेश किया गया।

संक्षिप्त खबरें

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकला डिप्टी सीएम का काफिला



**औरास उन्नाव।** हरदोई जनपद के तहसील संडीला में स्थित सेठ एमआर जयपुरिया कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में बतौर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आगमन शाम को हुआ वही उनको लखनऊ से कार के जरिए लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के रास्ते औरास से संडीला जाना था हालांकि सूचना पर उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया के अलावा थाना प्रभारी औरास अश्वनी मिश्रा व अन्य स्टाफ टोल प्लाजा पर मुस्तैद रहा वही डिप्टी सीएम के काफिले में कोई समस्या ना उत्पन्न हो जिसको लेकर औरास से लेकर परोरी बॉर्डर तक प्रत्येक चौराहे पर पुलिस तैनात रही वही उन्नाव संडीला मार्ग इतना जर्जर होने के बावजूद भी डिप्टी सीएम का काफिला जर्जर मार्ग से संडीला को रवाना हो गया वहीं पिरौरी बॉर्डर डिप्टी सीएम का काफिला क्रॉस होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार एवं सै0 माऊज बिन आसिम, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर-खीरी के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर 2024 द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय लखीमपुर-खीरी एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा। नोडल अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव योगेश कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले धारा-138 परकाम्य लिखित अधिनियम के वाद विद्युत एवं जल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद ) राजस्व वाद, पारिवारिक वाद, व्यवहारिक वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य वाद / प्रकरण अधिकाधिक संख्या में निस्तारित किये जायेंगे। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाये। समस्त वादकारियों से अपील करते हुए प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि कि 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें।

### निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति की हुई समीक्षा बैठक

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली के अन्तर्गत रू0 एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने जनपद मीरजापुर में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के द्वारा मेडिकल कालेज बनाए जा रहे मल्टीपर्पज हाल के प्रगति के बारे में अवगत कराया गया कि अभी जियो जारी नही हुआ है जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जियो जारी कराते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराएं। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरशन लिमिटेड मीरजापुर के द्वारा 50 सैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय के कार्यो में लापरवाही बरतने सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए मण्डलायुक्त ने शासन को पत्राचार करने का निर्देश दिया। अति पिछड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र मीरजापुर के मड़िहान तहसील में 100 छात्र क्षमता के बालिका छात्रावास के निर्माण के बारे में सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। जिला कारागार मीरजापुर में टाइप-2 के 06 नग आवास एक ब्लाक का निर्माण के बारे में भी बताया गया कि कार्य समय से पूर्ण करा लिया जाएगा। वृहद गौ संरक्षण देवरी कला तहसील मड़िहान के निर्माण में कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है। जिस पर मण्डलायुक्त ने उप निदेशक पशुपालन को निर्देशित किया कि गुणवत्ता के परीक्षण हेतु समय समय पर निरीक्षण भी करना सुनिश्चित करें। निर्माण खण्ड-2 लोक निर्माण विभाग के द्वारा जनपद मीरजापुर से घोरावल मार्ग पर बकहर नदी पर निर्माण कार्य के बारे में बताया गया कि कार्य में कुछ स्थानों पर वन विभाग की जमीन आने का कारण कार्य में बाधा आ रही है जिस पर मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक कमेटी बनाते हुए समस्या समाधान कराया जाए। मण्डलायुक्त एस0सी0 जल निगम, अधिशासी अभियन्ता जल निगम सोनभद्र की खराब प्रगति पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। उन्होंने एस0सी0 आर0ई0डी0, मण्डल अभियन्ता विद्युत के बैठक में अनुपस्थित रहने, अधिशासी अभियन्ता आर0ई0डी0 के पर्यवेक्षणीय दायित्वयों का निवर्हन न करने, ए0ई0 सी0एल0डी0एफ0 गौशालाओं की प्रगति खराब होने स्पष्टीकरण की मांग की गई तथा एस0सी0 बन्धी की स्वीकृत लागत व अनुबंध लागत में विसंगति होने पर स्पष्टीकरण एवं कमेटी गठित कर जांच करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार जनपद सानेभद्र व भदोही में निर्माणाधीन परियोजनाओं की मण्डलायुक्त द्वारा बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कार्यो प्रगति लाते हुए समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो में सम्बन्धित कार्यदायी संस्था गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गुणवत्ता खराब पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# बोले उपराष्ट्रपतिः सही रास्ते पर ले जाने वाली शिक्षा से ही जीवन बनता बेहतर

सुनील बाजपेई




**कानपुर।** आज यहां रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा जीवन को बेहतर बनाती है, और वही सही रास्ते पर ले जाती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ यहां सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो टैलेंट है वह गरीब, ग्रामीण इलाके में भी है। वहां भी जयपुरिया जैसी क्वालिटी की पहुंचने की जरूरत है।

अपील करते हुए उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कॉर्पोरेट घराने बेहतर स्कूल खोले और शिक्षा में मदद करें। ष्टस्क्र फंड का प्रयोग करें ताकि हर वर्ग तक शिक्षा पहुंच सके। पहले अभिभावक सिर्फ मार्कशीट देखते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।'राष्ट्रगान से शुभारंभ किए गए इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने पिछले 10 सालों में कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो हमारे देश के लिए काफी बेहतर है। पहले हम सपना देखते थे क्या भारत विकसित होगा? लेकिन अब यह सपना नहीं हम लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अब शिक्षा डिग्री तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण विकास के लिए है। छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आप उम्र के साथ-साथ ऐसा व्यवहार करें कि आपका ज्ञान खुद ही दिखाई देने लगे। माता-पिता के प्रति समर्पण की भावना रखें, गुरुजनों के सामने अनुशासन की भावना रखें और सोशल मीडिया से जितना हो सके उतना दूर रहे। मन में एक जिज्ञासा रखें जो मन में है वही काम करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने अभी कहा कि पहले शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावक सिर्फ मार्कशीट देखते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि समाज में जो विकार पहले हैं वह शिक्षा ही दूर कर सकती है। इसीलिए सभी व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार दिया गया है। शिक्षा समय बदलने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि असफलता हार नहीं बल्कि हमारी पूंजी है। इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज के बच्चों को नवाचार की ओर आगे बढ़ना चाहिए।

# विधायक ने जनता को हेलमेट लगाने के लिए किया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी विधानसभा 144 से नवनिर्वाचित विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह पंचायती राज विभाग के सभापति विधानसभा क्षेत्र में हो रही आए दिन एक्सीडेंट से मौत को लेकर दुख प्रकट करते हुए स्वयं विधायक जी ने स्कूटी पर बैठकर हेलमेट लगाकर रोड पर चलकर जनता को संदेश देते हुए कहा इस हेलमेट को लगाने से लोगों की जो एक्सीडेंट दुर्घटना में जाने जा रही हैं । इस हेलमेट को लगाने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है इसलिए घर से निकलते ही मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें हेलमेट को लगाने से कई तरीके से फायदे हैं ।एक तो ठंडी के मौसम में सर में आपको मुखलर व टोपा लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी गाड़ी चलाते समय यदि आपकी बाइक गिर जाती है ।तो सर में आपके चोट नहीं लगेगी और कई तरीके से हेलमेट लगाने का फायदा है । विधायक ने जनता से अनुरोध करते हुए एक संदेश के माध्यम से सभी क्षेत्र वासियों को जागरूक करने के लिए खुद हेलमेट लगाकर जनता को एक संदेश देते हुए कहा हेलमेट का प्रयोग हम लोग पुलिस से बचने के लिए नहीं कर रहे हम अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करते हैं ।

# वीर रस की कविता वीरों के अदम्य साहस व बलिदान का जीता जागता प्रमाण

लोकमित्र ब्यूरो




**मेरठ।** शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधव पुरम मेरठ में गत दिवस विभागीय परिषद के तत्वावधान में वीर रस पर आधारित कविता वाचन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिन्दी विषय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा ज्ञान प्रदायिनी वाग्देवी मां शारदे पर माल्यार्पण कर किया गया । संयोजन एवं संचालन प्रो0 सुधा रानी सिंह, डी0 लिट्0, हिन्दी विभागाध्यक्ष ने किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्राओं में वीरता, साहस और ऊर्जा का संचार करने के साथ ही उनमें देशभक्ति की भावना जागृत करेगी । वीर रस देश के गौरवशाली इतिहास, वीरों के अदम्य साहस और बलिदान का जीता जागता प्रमाण है जो परिस्थितियों से लड़ना और चुनौतियों का सामना करना सिखाता है ।

प्रतियोगिता में कुमारी यशिका एम ए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, कु0 आरजू एम ए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा कु0 निकिता एम ए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु0 निशा पाल एवं कु0 ज्योति बी ए तृतीय वर्ष तथा डॉली बीए प्रथम वर्ष ने चतुर्थ स्थान पर रहकर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं को एक मंच तो मिलता ही है साथ ही उनकी काव्य प्रतिभा भी प्रदर्शित होती है । उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी। प्रो0 मोनिका चौधरी एवं डॉ0 राजकुमार सिंह ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

# खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**परिषदीय विद्यालयों के नामांकित बच्चों के मध्य आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता**

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** विकास क्षेत्र रमिमाबेहड की ग्राम पंचायत कफारा में शनिवार को श्रीलीलानाथ शिव मंदिर परिसर कफारा के मेला मैदान में न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न हुई।परिषदीय विद्यालयों के नामांकित बच्चों के मध्य आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, गोला फेंक, दौड़ प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ प्रतियोगिता आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को पू मा शिक्षक संघ रमियाबेहड़ के अध्यक्ष उमेश चौरसिया, नोडल शिक्षक संकुल प्रदीप पांडेय, राजीव सेंगर, अनिल गुप्ता आदि ने ट्रॉफी देकर व मैडल पहनाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिक्षक बांकेलाल, धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सतीश कुमार,विनय यादव, पदुम कुमार, रमन वर्मा, प्रेम पाल, अंकित अवस्थी, चतुर्भुज, निशि यादव, लक्ष्मी मौर्या, आजाद सिंह, सगीर अहमद, वीरेंद्र पाल, मनोज कुमार, पवन शर्मा, संजीव तिवारी, अंशुल गुप्ता, अमित गुप्ता, र ईश अहमद, राजकिशोर, अनिल कुमार आदि समेत न्याय पंचायत कफारा के समस्त स्कूलों के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# भारतीय हिंदू परिषद का द्वितीय स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**मितौली-खीरी।** तहसील मितौली क्षेत्र के अन्तर्गत गत ग्राम पंचायत मदारपुर में गोला कस्ता रोड भारतीय हिन्दू परिषद का द्वतीय स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन के उपलक्ष में पांच दिवसीय विशाल गौ आराधना महोत्सव संत समागम ज्ञान यज्ञ 26 नवंबर से 30 नवंबर तक संगठन की निजी भूमि मदारपुर में आयोजित किया रहा है।

अधिवेशन में नैमिष धाम से पधारे महंत बजरंग दास, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, भारतीय हिंदू परिषद के संस्थापक राष्ट्र प्रहरी पवनेश महाराज ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा विश्व के पांच देशों व 28 राज्यों में अंतरराष्ट्रीय संगठन कार्यरत है। दूर दराज से सभी अतिथियों को व संगठन के सभी पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारतीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को पूरे देश में हिंदुत्व गौ माता, गंगा माता, भारत माता की रक्षा के लिए प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिए जाने के संबंध में प्रस्ताव पारित तथा सनातन बोर्ड के गठन के लिए विचार विमर्श किया गया राष्ट्रीय अधिवेशन संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अवस्थी ने गौ माता की सेवा और गौ माता की महिमा को बताया उन्होंने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में सभी पदाधिकारी को एकजुट होकर गौ माता की सेवा करने की बात कही। इस अवसर पर अखंड भारत विश्व हिंदू परिषद के समस्त कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी, गौ प्रेमी क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नीमगांव प्रभारी सुनीता कुशवाहा को संगठन की तरफ से उत्कृष्ट कार्य को लेकर समस्त स्टाफ को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

# केवप रस्म अदायगी साबित हो रहा किसान मेला, किसानों को मेले की नहीं मिलती जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**बांकेगंज-खीरी।** शनिवार को विकासखंड बांकेगंज के परिसर में किसान मेले का आयोजन किया गया। बहुत कम संख्या में किसानों के पहुंचने से किसान मेला महज रस्म अदायगी बन कर रह गया। क्षेत्र के कई किसानों से जब बातचीत की गई तो उन्होंने मेले की जानकारी न होने की बात कही।




किसान मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों में कृषि से जुड़ी जागरूकता पैदा करना होता है। मेले में लगी विभिन्न स्टालों पर बैठे लोगों द्वारा खेती किसानी की नई तकनीकों से अवगत कराया जाता है ताकि किसान अधिक उपज ले सकें और उनमें होने वाली समस्याओं को दूर करने के उपाय जान सके। इसी तरह पशुपालन के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। शासन द्वारा किसानों के हित के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी जा सके परंतु विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की लापरवाही के कारण शासन की मंशा पूर्ण नहीं हो पाती है। किसान मेला को रस्म अदायगी की तरह मनाने से अधिकांश किसानों को मेले के संबंध में जानकारी ही नहीं मिल पाती है जिससे गिने चुने लोग मेले में पहुंच जाते हैं। जिससे किसानों को लाभ नहीं मिल पाता है। कुछ यही हाल विकासखंड बांकेगंज के परिसर में लगे किसान मेले का हुआ। बांकेगंज क्षेत्र में से हजारों की संख्या में कृषक हैं परंतु किसान मेले में महज सौ किसान ही पहुंच सके। यह संख्या एडीओ कृषि अनूप पटेल ने ही बताई। मेले के नाम पर अपने परिचित किसानों को बुला लिया जाता है तथा व्यवस्था से जुड़े लोग पहुंच जाते हैं और मेला पूर्ण हो जाता है।

बांकेगंज निवासी कृष्ण किशोर मिश्रा, मित्र बिंद्रा फॉर्म निवासी कृषक ठाकुर खजान सिंह, बांकेपुर निवासी कृषक रामदुलारे वर्मा, कोठीपुर निवासी कृषक राम सिंह, श्यामपुर निवासी कृषक रामनरेश, रायपुर निवासी कृषक राम लखन, बाबूपुर निवासी सोहनलाल, सुधीर कुमार, बांकेगंज निवासी बाबूराम कहते हैं कि हम भी कृषक हैं परंतु हमें कभी भी मेले के संबंध में जानकारी नहीं मिली और न ही हम लोग वहां जा पाए। यदि हमें जानकारी मिलती तो हम भी वहां अवश्य जाते। किसानों को नाराजगी भी है कि लापरवाह कर्मचारियों की वजह से किसानों को उचित जानकारी नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि कर्मचारियों को अपने रवैये में सुधार करना चाहिए।

# अवैध कालोनियों व प्लाटिंग करने वालों की आ चुकी है बाढ़

**कृषि भूमि की श्रेणी बगैर बदलवाए व बगैर ले आउट पास कराए और बगैर नक्शा पास कराए ही मकानों का जारी है निर्माण**

**भूस्वामी कोई और प्लाटिंग कर रहा है कोई, प्लाटिंगकरने वाले खाकपति से करोड़ पति बनकर काली कमाई से चमक रही है सफेदी**

लोकमित्र ब्यूरो

**गोलागोकर्णनाथ खीरी।** तहसील गोला के क्षेत्रांतर्गत नगर व बाहर कृषि भूमि की बगैर श्रेणी परिवर्तन कराए ही अवैधकालोनी बसाया जा रहा है और तमाम सरकारी जमीनों पर कब्जा किया जा चुका है जोकि राजस्व विभाग गोला से मिलकर कागजों में हेरफेर कर सरकारी भूमि को आवासीय प्लाटिग कर भूमि को बेच रहे हैं और आवास तक बनना चालू है। जानकारी के अनुसार गोलागोकर्ण नाथ जनपद लखीमपुर खीरी व उसके आसपास कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिग करने का सिलसिला जारी है अवैध प्लाटिंग में भूस्वामी कोई और प्लाटिंग कर रहा है कोई आलम यह है कि तहसील के पास भी सरकारी भूमि पर भी अवैध प्लाटिग कर मकान बनाने का सिलसिला चालू है।

गोलागोकर्णनाथ व बाहर सीमाओं पर तथा आसपास ग्रामों में गोला देहात, कोरैया, नगरासलेमपुर, दतेली, अहमदनगर जैसे ग्रामों में खुलेआम कृषि भूमि पर अवैध व वैध प्लाटिग करने का सिलसिला जारी है।

भू-माफियाओं व राजस्व विभाग का तालमेल अच्छा होने के चलते जिम्मेदार अधिकारियों की खामोशी साफ नजर आ रही है।

गौरतलब है कि हजारों एकड़ कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिग करने के चलते कृषि भूमि का रकबा कम हो चुका है वह अलग की बात 80 वन व बगैर भूमि की श्रेणी बदलवाए ही अवैध प्लाटिंग ही नही? मकान तक बन चुके हैं?।

भू-माफियाओं की हठधर्मिता व अवैधकमाई की ललक के चलते ग्राम पंचायत की भूमि और चरागाह व खलिहान कीभूमि को भी नहीं छोड़ रहे हैं उनपर भी प्लाटिंग करने व मकान बनाने का सिलसिला चालू कर रखा है।तहसील गोला से लगी हुई।

चारागाह व खलिहान की भूमि पर पहले बड़े कृषि फार्मरों का असामीय पटटा को तहसील प्रशासन ने कर दिया बाद में निरस्त किया जिसके बाद आयुक्त लखनऊ मंडल के न्यायालय से कागजों में हेरफेर कर असामीय निरस्त पटटा बहाल नही हुआ बल्कि असामीय की जगह कृषि भूमि का बाकायदा पटटा करने का आदेश कर दिया जिसके बाद पटटा धारकों ने इस सरकारी भूमि पर आवासीय प्लाटिग कर इसकी बिक्री चालू कर दी जिसमें अब मकान बनाने का खेल खेला जा रहा है और एक पहले और एक बाद में मकान बन चुका है बाकी जमीन पर प्लाटिंग कर बिक्री का अभियान चला रखा है। तमाम शिकायतों के बाद तहसील गोला के जिम्मेदार अधिकारियों ने सरकारीभूमि पर बाउंड्रीवाल बनवाने व पिलर आदि लगा कर कब्जा कर लिया हैऔर इसके खरीदार के अनुसार उन्होंने बकायदा रजिस्ट्रार आफिस से रजिस्ट्री (बैनामा) कराया है, अब तहसील गोला से दाखिल खारिज का प्रयास किया जा रहा है तबतक अपना प्लाट पर कब्जा कर हदबंदी की है।

इधर जिम्मेदार अधिकारियों ने जब दाखिल खारिज नही किया और मकान बनाने पर रोक लगाने से प्लाट खरीदने वाले अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं इस गंभीर मामलें की जांच व कारवाई के लिए देश के प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री को रजि0डाक से शिकायत भेजी है और मुख्यमंत्री की हेलफलाइन पर भी शिकायतों का सिलसिला जारी है।

### दौड़ प्रतियोगिता में अवनी पाण्डेय को मिला प्रमाण पत्र एंव मैडल



**सोनभद्र।** सेंट. जोसेफ़ कॉन्वेंट हाई स्कूल रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र में दौड़ प्रतियोगिता हुआ सम्पन्न। गौरतलब है कि सेंट. जोसेफ़ कॉन्वेंट हाई स्कूल रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र में दौड़ प्रतियोगिता का योग्यता प्रमाण पत्र शैक्षणिक वर्ष के दौरान कक्षा तीन (सेक्शन ए) कि छात्रा अवनी पाण्डेय को प्रदान किया गया। अवनि पाण्डेय सेकेंडरी ए रिले रेस में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए 2024-25 दिनांक 28/11/25 को कॉन्वेंट हाई स्कूल द्वारा प्रमाण पत्र एंव मैडल दिया गया।

# नगर उद्योग व्यापार मंडल की चुनावी सुगबुगाहट हुई शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

**सिंगाही-खीरी।** नगर उद्योग व्यापार मंडल की चुनावी सुगबुगाहट शुरू हो गई। निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कस्बे में चुनाव 8 दिसम्बर को होगा।

निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जैन ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया नगर पंचायत के मैरिज हाल में संपन्न कराई जाएंगी। नगर कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के पदों पर चुनाव होगा। 1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। 4 दिसंबर को पर्चा वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन होगा। 8 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। तीन बजे से मतगणना के बाद विजयी पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की जाएगी। तहसील महामंत्री मुन्ना खान ने बताया कि व्यापार मंडल की तहसील इकाई की ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सभी पदों के नामांकन पत्र वितरण एवं जमा करने का केंद्र सिंगाही स्थित पंचोली ट्रेडर्स के यहां किया जाएगा। इस केंद्र पर उपस्थित रहकर नामांकन प्रक्रिया पूरी कराने का दायित्व तहसील उपाध्यक्ष शिखर पंचोली, तहसील मंत्री अखिलेश कुमार गुप्ता, तहसील संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह को सौंपा गया है।

संक्षिप्त खबरें

## मुख्य मार्गों पर प्रतिबंध को लेकर हुई बैठक



**अयोध्या ।** प्रमोदवन नयी कालोनी स्थित कृष्णानंद पैलेस में एक बैठक अयोध्यावासियों की तरफ से बुलाई गयी जिसमें प्रशासन द्वारा हर मौके पर अयोध्या की समस्त मुख्यमार्गों पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है जिससे यहां रहने वाले आम नागरिकों तथा बाहर से अयोध्या आने वाले समस्त श्रद्धालुओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इस विषय पर चर्चा हुई,बैठक में मौजूद अयोध्या वासियों ने ये मांग की कि श्री राम जन्मभूमि की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल राम पथ पर ही प्रतिबंध रहे बाकी सभी प्रमुख मार्गों को प्रतिबंध से मुक्त रखा जाय।बैठक की अगुवाई कर रहे कुलभूषण द्विवेदी ने कहा कि प्रशासन को पूर्ण प्रतिबंध के बजाय उचित विकल्प तैयार करना होगा अन्यथा यह समस्या जस की तस बनी रहेगी मुकुद माधव त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में रामनवमी का मेला सावन मेला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाने के कारण प्रशासन की भेंट चढ़ गया अगर अयोध्या में श्रद्धालु नहीं आएंगे मेलार्थी नहीं आएंगे तो कौन आएगा छात्र नेता अजय मिश्रा साकेत ने कहा कि अयोध्या पहले भी प्रतिबंधों की दंश झेली है आज भी प्रतिबंधों की दंश झेल रही है जो उचित नहीं है।बैठक में तय हुआ कि अयोध्या प्रशासन के आला अधिकारियों से वार्ता करने के बाद आगे की रणनीति तय की जायेगी बैठक में विकास सिंह , इन्द्र मोहन पाठक प्रदीप सरोज लालजी गौरव तिवारी बीरू आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

## शहादत दिवस समारोह में होगी प्रतियोगी परीक्षा

**अयोध्या।** काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले शहादत दिवस समारोह में प्रतियोगी परीक्षा के पुरस्कार तथा गरीब छात्रों को सहायता दी जाएगी। समारोह बृहस्पतिवार 19 दिसंबर को प्रेस क्लब सिविल लाइंस अयोध्या में आयोजित किया जाएगा। अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि मनोहर लाल इंटर कालेज रिकाबगंज में 14 दिसंबर को प्रतियोगी परीक्षा गीता देवी स्मृति निबंध प्रतियोगिता तथा डॉ शैलैश पाण्डेय स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा संयोजक वरिष्ठ अध्यापक दान बहादुर सिंह तथा केन्द्र व्यवस्थापक कालेज के प्राचार्य होंगे।उन्होंने बताया कि दो सत्रों में आयोजित परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक तथा दूसरी परीक्षा 11 बजे से 12 बजे तक होगी। परीक्षा के परिणाम केंद्र व्यवस्थापक तथा संयोजक द्वारा दिया जाएगा। इसी प्रकार सहायता के लिए चयनित गुरुकुल, यतीमखाना तथा मूक-बधिर स्कूल के एक एक छात्र को शांति सिंह स्मृति सहायता राशि भी शहादत दिवस पर प्रदान की जाएगी।

## खाद समस्या के लिए जदयू नेता ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को लिखा पत्र

**बांदा।** खाद के लिए किसान परेशान है। चारों ओर खाद के लिए सुबह से किसानों को लाइन लगानी पड़ रही है। इस समस्या को लेकर जदयू महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष ने कृषि मंत्री को पत्र भेजकर खाद की पर्याप्त उपलब्धता कराए जाने की मांग की है। जदयू ने अधिकारियों के ऊपर भी आरोप लगाया। खासकर जिला प्रशासन पर लगातार जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से लेकर केंद्रीय कृषि किसान कल्याण राज्य रामनाथ ठाकुर से प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री गृहमंत्री जेडीयू के कार्यकर्ता जिले के अधिकारियों के माध्यम संबोधित ज्ञापन भेजते आ रहे हैं, फिर भी जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारी किसानों की खाद की समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। नरैनी क्षेत्र के गोखराही, बहेरी, बांदा तिंदवारी मुरवल ,करहिया आदि शहर से लेकर गांव तक किसान खाद के धक्के खा रहा है। यह सिर्फ जिला का मामला नहीं है, यह पूरे प्रदेश का मामला है। किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। प्राइवेट दुकानों में अधिक मूल्य पर खाद बेची जा रही है। जदयू नेता ने केंद्रीय कृषि मंत्री से खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की है ताकि किसान समय से खेतों की बुवाई कर सकें।

## निर्धारित समय में आयोजित होगा सिमौनी भंडारा और मेला

**बांदा।** सीताराम अखंड संकीर्तन की वर्षगाठ में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मौनीबाबा महोत्सव अन्तर्गत 15, 16, 17 को दिसम्बर तीन दिवसीय विशाल भंडारा और 13, 14, 15, 16, 17 दिसम्बर को होने वाला मेला प्रदर्शनी अपने निर्धारित समय में आयोजित किए जाएंगे। शिवकला मंदिर, घड़ौली_मयूर विहार, नई दिल्ली स्थित आश्रम में स्वामी अवधूत ट्रस्ट तथा श्रमदानी कार्यप्रभारियो की आपात बैठक के बाद परम् पूज्य स्वामी अवधूत महाराज के आकस्मिक निधन से ग्राम सिमौनी स्थित मौनीबाबा धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशाल भंडारा,मेला प्रदर्शनी को लेकर पैदा हुई भ्रम की स्थिति को समाप्त करते हुए स्वामी अवधूत ट्रस्ट के सदस्य और परम पूज्य स्वामी जी महाराज के प्रमुख शिष्य लक्की चौधरी ने बताया कि पूज्य स्वामी अवधूत महाराज के आदेशानुसार तीन दिवसीय विशाल भंडारा व पांच दिवसीय मेला प्रदर्शनी का आयोजन पूर्व की भांति किया जाएगा। पूज्य स्वामी जी अदृश्य रूप में हम लोगों के बीच रहेंगे और हम सब को यह कार्य पूर्ण करने की शक्ति प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि पूरा मौनीबाबा महोत्सव पूज्य गुरुदेव जी की स्वाभाविक इच्छा अनुसार ही संपन्न किए जाएंगे। बैठक में स्वामी अवधूत ट्रस्ट के लक्की चौधरी, उदय कौशिक, अनुज आत्रेय, गंगासागर मिश्रा सहित श्रमदानी कार्यप्रभारियो में बच्चा सिंह, राजेश द्विवेदी, आनंद स्वरुप द्विवेदी, शिवम सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रोटी बैंक पदाधिकारियों ने मरीजों को वितरित किए फल



**बांदा।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर रोटी बैंक की महिला टीम ने सैकड़ों मरीजों को फलों और बिस्किट का वितरण किया। इसके साथ ही मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। रविवार को जिला महिला चिकित्सालय में रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सदी जमा के संरक्षण में महिला टीम की अध्यक्ष तबस्सुम फात्मा की अध्यक्षता में महिला टीम की सदस्यों ने फल और बिस्किट का वितरण किया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।महिला टीम की सदस्य रेणुका गुप्ता के नेतृत्व में महिला टीम के विशेष सहयोग से महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनीता सिंह की उपस्थिति में हर अवसरों पर और आज भी विश्व एड्स दिवस पर महिला जिला चिकित्सालय के मरीजों और तीमारदारों को फल, बिस्किट आदि का वितरण किया गया। इसके साथ ही महिला टीम की उपाध्यक्ष तरन्नुम फ़ात्मा और प्रमोद रेखा द्विवेदी की ओर से मरीजों को एड्स और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। फल, बिस्किट आदि पाकर मरीज़ों और उनके तीमारदारों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाज़ा। फल वितरण कार्यक्रम में रिज़वान अली अध्यक्ष,मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दननाका, रिया खान महिला महामंत्री, प्रीती शिवहरे महिला संगठन मंत्री, नग्गो खातून, राबिया खान, फूलकली, शहाना खान,अनम खान, खुर्शीद खान आदि मौजूद रहे।

# साड़ी बैंक के एक वर्ष पूरे होने पर निशुल्क साड़ी वितरण कार्यक्रम

## कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने किया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** रविवार को तुलसी नगर पूरे हुसैन खान अयोध्या निकट महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास साड़ी बैंक के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर निशुल्क साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने साड़ी बैंक को गरीब महिलाओं के लिए एक वरदान बताया, जहां महिलाएं कम लागत में उच्च गुणवत्ता की साड़ियां प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने साड़ी बैंक की प्रभारी रश्मि वर्मा के कार्य की सराहना भी की।इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने लगभग 100 साड़ियां गरीब महिलाओं को वितरित कीं। उल्लेखनीय है कि साड़ी बैंक की शुरुआत 29 नवंबर 2023 को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा की गई थी, और यह प्रदेश का पहला साड़ी बैंक है। यह बैंक तुलसी नगर, पूरे हुसैन खां में स्थित है और इसका उद्देश्य उन महिलाओं को महंगी साड़ियां उपलब्ध कराना है, जो आर्थिक रूप से उन्हें खरीदने में सक्षम नहीं हैं। महिलाओं को साड़ी की आवश्यकता होने पर वे आधार कार्ड और 10 रुपये के शुल्क पर साड़ी प्राप्त कर सकती हैं, जिसे बाद में वापस किया जा सकता है।साड़ी बैंक की प्रभारी रश्मि वर्मा ने बताया कि यह केंद्र गरीब, दलित, पिछड़े और जरूरतमंद महिलाओं के सपनों को साकार करने का कार्य करेगा, ताकि वे भी पारिवारिक समारोहों में महंगी साड़ी पहन सकें। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम अयोध्या टीम द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रही।इस अवसर पर संयुक्त यादव ,रुचि सिंह ,निहारिका सिंह ,विमलेश सक्सेना ,अर्चना, दीपिका, कार्यक्रम संयोजक राजीव कुमार इंदर वर्मा दीपांजलि, अमृत शास्वत, ब्रह्मानंद गुप्ता सागर त्रिपाठी डॉक्टर अनिल शर्मा अनुराग श्रीवास्तव संदीप यादव अभिनव कुमार ,यश पांडे, श्याम कुमार अभिनव पांडे ,अरुणेश, मनोज कुमार प्रियदर्शी, शिवम यादव, हरीश राम आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आसान किया अयोध्या में निवेश का तरीका

**अयोध्या।** भव्य मंदिर के निर्माण के बाद बड़े कारोबारियों के लिए अयोध्या में निवेश के रास्ते खुल गए हैं। बड़े-बड़े होटल्स व आउटलेट्स चलने शुरू हो गए हैं। रामनगरी को अब आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ ही बड़ा रोजगार देने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए योगी सरकार ने औद्योगिक विकास की खातिर निजी औद्योगिक पार्कों के लिए प्लेज पार्क योजना लेकर आई है, जिसमें आपको अपने निजी जमीनों पर औद्योगिक प्लेज पार्क बनाने का मौका दे रही है। प्लेज पार्क बनाने के लिए सरकार एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा कई अन्य छूट और सुविधाएं भी देगी।

### जानिए क्या है योजना

उद्योग विभाग के उपयुक्त अमरेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सरकार द्वारा एक जगह पर कई औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के लिए नई योजना प्लेज पार्क (क्क्ष्रुख्रश्व = प्रमोटिंग लीडरशिप एंड एंटरप्राइज फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ ग्रोथ इंजन्स) शुरू की है। अयोध्या जैसे सांस्कृतिक और धार्मिक नगर को अब औद्योगिक हब के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से छोटे और बड़े निवेशकों को एक व्यवस्थित स्थान प्रदान किया जाएगा, जहां वे आधुनिक और सुरक्षित औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर सकते हैं। निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना में ऐसे लोग औद्योगिक प्लेज पार्क बना सकेंगे जिनके पास 10 एकड़ से 50 एकड़ तक जमीन होगी।

### यह है नियम

नियमानुसार प्लेज पार्क बनाने के लिए सरकार प्रति एकड़ के हिसाब से 50 लाख का लोन एक प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध कराएगी। योगी सरकार मुख्य मार्ग तक सड़क भी बना कर देगी, जिससे औद्योगिक प्लेज पार्क तक आने जाने का रास्ता आसान होगा।निजी औद्योगिक पार्क को विकसित करने के लिए योगी सरकार कई तरह की छूट और सुविधाएं भी मुहैया कराएगी। प्लेज पार्क का निर्माण इस प्रकार से होगा जिससे कई अलग-अलग तरह की कई कंपनियां संचालित हो सके।

## अयोध्या में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

**अयोध्या।** नेहरू युवा केंद्र अयोध्या, युवा कार्यक्रम विभाग (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) और युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद अयोध्या के संत कबीर सभागार में हुआ।कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें युवा प्रतिभागियों ने अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में शक्ति मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में अंजली यादव ने, कविता प्रतियोगिता में अनुप्रेक्षा ने, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में सुमन राय ने, और कहानी लेखन प्रतियोगिता में मौसम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त हस्तशिल्प प्रतियोगिता में अनु, सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शुभंकर वर्मा की टीम, लोक नृत्य एकल में लता सोनी, लोक गायन सामूहिक में पूजा कौशल की टीम, साइंस मेला एकल में शिवानी मिश्रा और लोक गायन एकल में दुष्यंत श्रीनिवास ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में अयोध्या जनपद के नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने करकमलों से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को चेक और प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत सरकार इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से गांव की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती है, ताकि वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन जिले, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कर सकें।कार्यक्रम में अन्य प्रमुख उपस्थित लोग थे- सुधीर पांडे (जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र अयोध्या), ऋषिपाल सिंह (जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास अधिकारी अयोध्या), राहुल पाठक (कार्यक्रम प्रभारी), और पत्रकार सूर्य नारायण सिंह, पत्रकार प्रमोद कुमार पांडेय, पत्रकार सुरजीत वर्मा, श्रवण कुमार मिश्रा, गौरव मिश्रा, पीयूष सिंह। कार्यक्रम का संचालन ललित तिवारी ने किया।

## प्रीत भोज के दौरान डीजे बजाने को लेकर बिछु गैंग के हमले मे नौ लोग घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**तारुन -अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत फतेहपुर कमासिन मजरे केवटहिया में शनिवार की रात प्रीत भोज के दौरान डीजे बजाने को लेकर विपक्षियों ने लाठी डंडे से घरवालों पर हमला कर दिया। जिसमें आधा दर्जन लोग लहूलुहान हो गये। एक आरोपी क्षेत्र में बिच्छू गैंग का मुखिया बताया जा रहा है। पीड़ित ने चार महिलाओं सहित नौ आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है चोटहिल मनोज कुमार निषाद ने बताया कि चचेरे भाई राहुल पुत्र स्व जियालाल निषाद की बारात वापसी के बाद शनिवार को घर पर प्रीति भोज का आयोजन किया गया था।इस दौरान घर पर डी जे बज रहा था। जिसे करीब नौ बजे बन्द करा दिया गया। इसी दौरान गांव निवासी बिच्छू गैंग का लीडर मोनू निषाद पुत्र पवन ने जबरिया डी जे बजाने के लिये उसके चालक सूरज और हिमांशु निवासी रामपुर भगन से गाली गलौज शुरू कर दिया। जब परिजन बीच बचाव के लिये पहुचे तो विपक्षीगण राम प्रवेश, जानकी, शिवम, दीपक, लक्ष्मी,सावित्री, गुड़िया,राम चन्दर, और मोनू ने अचानक लाठी डंडे से हमला बोल दिया। जिसमें साधू 65 वर्ष,लालमुना 60 वर्ष विनोद 45,मनोज 40,मंजू लता 27वर्ष ओर कुसुम 17 वर्ष लहूलुहान हो गये। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुचीं पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में ले लिया। परन्तु मुख्य आरोपी फरार हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन पर डॉ नन्हकूराम सरोज व फार्मासिस्ट चन्द्र प्रकाश वर्मा घायलों का मेडिकल कर इलाज किया। इसमें गम्भीर रूप से घायल तीन लोगों को रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभी घायलों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## रेलवे पुलिस ने अयोध्या कैंट स्टेशन के प्रतीक्षालय से 94 कछुओं को बरामद किया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** राजकीय रेलवे पुलिस ने अभियान के तहत जांच और तलाशी के दौरान अयोध्या कैंट स्टेशन के प्रतीक्षालय से 94 कछुओं को बरामद किया। हालांकि पुलिस इसको लाने वाले को नहीं पकड़ सकी। बोरी और बैग में रखे इन कछुओं को वन विभाग के हवाले से बरामद किया गया है। बताया गया कि जांच के दौरान रेलवे पुलिस को यात्री विश्राम हाल में शौचालय के पास सीमेन्टेड सीट पर एक सफेद बोरी, एक काले रंग का बैग और नारंगी रंग का धारीदार प्लास्टिक का झोला रखा दिखा। आसपास के लोगों से सामान के बारे में पूछताछ की गई, लेकिन सभी ने अपना होने से इंकार कर दिया। संदिग्ध वस्तु की आशंका के चलते पुलिस ने खोलकर जांच की तीनों बैगों से कुल 94 नफर जिंदा लावारिस कछुआ बरामद हुआ। आशंका जताई जा रही है कि कछुओं को तस्करी कर कहीं ले जाया जा रहा था, हालांकि पुलिस इसके हैंडलर को नहीं पकड़ पाई। छानबीन के दौरान सीसीटीवी फुटेज में ट्रैक सूट पहने एक संदिग्ध युवक दिखा है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक समर सिंह ने बताया कि लावारिश हाल में कुल 94 कछुए मिले हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी को सूचित कर बरामद कछुओं को उनके हवाले किया गया है।

## दशरथ महल में शुरु हुआ श्री सीताराम विवाह महोत्सव 6 दिसंबर को निकलेगी बारात




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** चक्रवर्ती राजा दशरथ के राज महल में श्री सीताराम विवाह महोत्सव शनिवार को शुभारम्भ हो गया। जिसके प्रथम दिवस श्रीराम कथा का कथा व्यास जगतगुरु राम दिनेशचार्य के द्वारा शुरू हुई। महंत बिन्दूगाद्याचार्य देवेंद्र प्रसादाचार्य ने बताया कि इस बार राम विवाहोत्सव पर इस वर्ष मंदिर राम लला अपने मंदिर में विराजमान हो गए है इसी लिए श्री राम विवाह उत्सव का उल्लास दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि, भगवान राम चेतना के प्रतीक हैं और माता सीता प्रकृति शक्ति की। चेतना और प्रकृति का मिलन ही सीताराम विवाहोत्सव है।

महंत कृपाल राम भूषण दस ने कहा कि श्री सीताराम विवाहोत्सव प्रभु के समीप ले जाने का सशक्त माध्यम है।उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को मंदिर से पूरे राजसी भव्यता के साथ रामबारात निकाली जाएगी। रस रूपी परमात्मा से जुड़ने के लिए जीवात्मा अनेक पद्धतियां अपनाता है। माधुर्य की उपासना या यूं कहे कि प्रभु के विवाह की उपासना उनके करीब ले जाती है। विवाह उपासना से प्रभु का सामीप्य पाया जा सकता है।

## सभासद के प्रयासों से रामगंज बाजार को मिली विद्युत आपूर्ति में सुधार की सौगात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोसाईगंज (अयोध्या)=** गोसाईगंज बाजार से सटे रामगंज बाजार के निवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। अब उन्हें गर्मी, सर्दी और बारिश के दिनों में विद्युत कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। गोसाईगंज के विद्युत उपकेंद्र पर एक नया, स्वतंत्र फीडर स्थापित किया गया है, जिससे रामगंज बाजार के नागरिकों को गोसाईगंज बाजार की तरह लगातार विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी।गौरतलब है कि रामगंज बाजार में सागर इंडस्ट्रीज, मां अन्नपूर्णा राइस मिल, पंकज इंडस्ट्रीज, शिव शक्ति इंडस्ट्रीज सहित कई अन्य छोटे और बड़े व्यवसायों के साथ-साथ दर्जनों घरेलू कनेक्शन भी संचालित हो रहे हैं। यहाँ की विद्युत आपूर्ति, जो कि सरैया फीडर से होती थी, अक्सर समस्याओं का कारण बनती थी, जिससे उद्योगों और आम लोगों को गंभीर परेशानी होती थी। इसके परिणामस्वरूप न केवल घरेलू जीवन प्रभावित होता था, बल्कि उद्योगों की उत्पादन क्षमता भी घट जाती थी, जिससे विभाग को राजस्व की भी हानि हो रही थी।इस समस्या का समाधान करने के लिए गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्रीमती आरती जायसवाल ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री और अयोध्या क्षेत्र के प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर रामगंज बाजार की विद्युत आपूर्ति को गोसाईगंज के टाउन फीडर से जोड़ने की मांग की थी। उनके इस प्रयास के फलस्वरूप, अब रामगंज बाजार को भी गोसाईगंज की तरह स्थिर और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति मिलेगी।

अवर अभियंता विकास पटेल ने भी इसकी पुष्टि की है कि रामगंज बाजार के लिए गोसाईगंज बिजली घर पर एक नया फीडर स्थापित किया गया है, जिसकी लागत लगभग 26 लाख रुपये आई है। अब इस क्षेत्र के घरेलू, व्यवसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। परियोजना, जो संतोष यादव के ठेकेदार फर्म द्वारा 26 लाख रुपये की लागत से पूरी की गई है, गोसाईगंज बाजार की तरह रामगंज बाजार के लिए भी विद्युत आपूर्ति की स्थिति को सुधारने में मदद करेगी। इस सकारात्मक कदम के परिणामस्वरूप, रामगंज बाजार के व्यवसायी और आम नागरिक जल्द ही राहत महसूस करेंगे।

## हनुमान जी और श्रीराम जी के चित्रों के सामने मूत्रशाला- विरोध जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** नगर निगम द्वारा भगवान श्रीराम और हनुमान जी के चित्रों के सामने मूत्रशाला का निर्माण किए जाने से नाराज स्थानीय लोग धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि जब तक यह निर्माण कार्य रोका नहीं जाता और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे धरना समाप्त नहीं करेंगे।

स्थानीय नागरिकों ने कहा है कि धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की अनदेखी और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

# भाजपा नेता के माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष बनने पर हुआ स्वागत



**अयोध्या।** माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट का 20 वीं बार जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह का भाजपा नेताओं ने लड्डू खिला कर तथा पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट के प्रदेश सम्मेलन में शनिवार को उन्हें 20 वीं बार शिक्षक संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया था।भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक को हम पथ प्रदर्शक के रुप में देखते है। छात्रों के भविष्य का निर्माणकर्ता शिक्षक ही होता है। शिक्षको की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर दूर होनी चाहिए। जिससे उसका पूरा फोकस शिक्षण पर रहे।माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षको की अपेक्षाओं पर खरा उतरना व उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने को प्राथमिकता दी जाती है। सामूहिकता के आधार निर्णय लिया जाता है। शिक्षकों की आवाज को उठाने का लगातार काम किया जा रहा है। इस कारण से लगातार शिक्षको का मिल रहा समर्थन इसका परिचायक है। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री, जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंह, दिवाकर सिंह, कर्मवीर सिंह, सौरभ गुप्ता, नीरज ओझा, लालू, राजेश सिंह सहित शामिल रहे।

# स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए खेल जरूरी- सुयश

## खेल के माध्यम से बच्चों ने दिखाई उत्कृष्ट प्रतिभा, सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड में वार्षिक खेल दिवस का हुआ आयोजन

**बलरामपुर।** सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया ।विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न खेलों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ निदेशक सुयश कुमार आनंद ,सह निदेशिका सुजाता आनंद, वरिष्ठ समन्वयक रेखा ठाकुर व समन्वयक सीमा बंका द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।अतिथियों का स्वागत बच्चों ने स्कूल बैंड व मशाल दौड़ करके किया गया।





कार्यक्रम का संचालन अर्चना पटवा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए किया। कक्षा नर्सरी के बच्चों में टेडी रेस की प्रतियोगिता हुई । जिसमें आयान मिश्रा प्रथम, मेंहदी अब्बास द्वितीय तथा आदिश्री अग्रवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी क्रम में एल.के.जी के बच्चों ने बॉल कलेक्टिंग दौड़ में प्रतिभाग किया, जिसमें लड़कों में आबान मोहसिन प्रथम,अगम्य सिंह द्वितीय तथा आयांश तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। लड़कियों में शताक्षी पाण्डेय प्रथम,जयंती मिश्रा द्वितीय,आराध्या साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसके बाद यू.के.जी के बच्चों द्वारा हूलाहुप रेस में प्रतिभाग किया गया जिसमें बालक वर्ग में असद आलम प्रथम,मो.हसनैन द्वितीय तथा श्रेष्ठ पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।बालिका वर्ग में नियति चौहान प्रथम,वैष्णवी देव शर्मा द्वितीय, अनाबिया कलाम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा 1 के बच्चों ने स्पून मार्बल रेस में प्रतिभाग किया गया जिसमें बालक वर्ग के अभिषेक तिवारी प्रथम,जयंत मिश्रा द्वितीय व अभिजीत पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।बालिका वर्ग में पावनी सिंह प्रथम, पावनी गुप्ता द्वितीय,व अनिका श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।कक्षा-2 के छात्रों ने मेंढक दौड़ में प्रतिभाग किया जिसमें बालकवर्ग में अयान राणा प्रथम,साकेत शुक्ला द्वितीय,व अद्विक पाल को तृतीय स्थान मिला।बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक गण एवं पी. टी. आई अंजलि सिंह का विशेष योगदान रहा।

# अनुशासन एवं राष्ट्रीय प्रेम का प्रतीक स्काउट गाइड-मृदुला आनंद

## एमएलकेपीजी कॉलेज में स्काउट गाइड जांच शिविर कार्यक्रम संपन्न

**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज में चल रहे भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पांच दिवसीय प्रवेश/निपुण प्रशिक्षण जांच शिविर का समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोवर्स-रेंजर्स को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ,मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद व मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद रेंजर्स द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि स्काउट गाइड आंदोलन का उद्देश्य युवाओं के शारीरिक ,बौद्धिक, सामाजिक, भावात्मक और आध्यात्मिक विकास



में मदद कर उन्हें स्थानीय ,राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने सभी रोवर्स रेंजर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रोवर्स प्रभारी डॉ एस के त्रिपाठी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया जबकि रेंजर्स प्रभारी डॉ वंदना सिंह ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व रेंजर्स आकांक्षा सिंह के एकल नृत्य व समूह नृत्य को खूब सराहा गया। साथ ही रोवर्स रेंजर्स द्वारा तैयार किये गए टेंट का अतिथियों द्वारा निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर प्रो0 एस पी मिश्र,प्रो रेखा विश्वकर्मा, डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ अनामिका सिंह,डॉ स्वदेश भट्ट,डॉ प्रखर त्रिपाठी,सचिव स्काउट गाइड मुईनुद्दीन सिद्दीकी, सिराजुल हक़,कायमा सलीम व प्रशिक्षक संतोष कुमार सहित महाविद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे।

# गोमती मित्रों के प्रयास से मनोरम दिखने लगा सीताकुंड धाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** पिछले कई वर्षो से लगातार हो रहे प्रयास का परिणाम अब सीताकुंड धाम पर दिखने लगा है, हर तरफ स्वच्छता, बड़े पेड़ों की छाया, मां गोमती के तट तक लोग आराम से पहुंच सकें इसकी पूरी व्यवस्था और यही वजह है कि अब सीताकुंड धाम जनपद के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में नंबर एक पर रहने लगा है, हर रविवार शाम होने वाली आरती में उमड़ने वाला जन सैलाब आरती में शामिल होने के साथ-साथ हफ्ते के छः दिनों की व्यस्तता के बाद सुकून की तलाश में सीता कुंड धाम तक खिंचा चला आता है। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह व वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश सिंह दद्दू संयुक्त रूप से बताते हुए गौरवान्वित होते हैं कि इतने वर्षो की अथक मेहनत के बाद अब कुछ सुकून महसूस होता है लेकिन अभी विश्राम का नहीं गतिमान रहने का समय है क्यूंकि मुख्य लक्ष्य है मां गोमती की निर्मल धारा। रविवार साप्ताहिक श्रमदान के दिन गोमती मित्रों ने दो घंटे तक मेहनत करके पूरे धाम को साफ सुथरा किया और शाम की आरती की भी तैयारी पूरी की। मुख्य आकर्षण था तीन वर्ष का बच्चा विराज मौर्या जो रामायण के गिलहरी के पात्र को चरित्रार्थ करते हुये इधर उधर गिरी पन्नीयों को उठा रहा था, श्रमदान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, राकेश मिश्रा, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, राकेश सिंह दद्दू, विकास शर्मा, महेश प्रताप, विधायक जी, मौर्या जी, सतेंद्र कल्लू फौजी, रामकुमार मौर्या, अभय, अर्पित, संतोष सैनी, श्याम मौर्या, विराज मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# आजाद समाज सेवा समिति का 29वां वार्षिकोत्सव आठ दिसम्बर को



**सुल्तानपुर।** नगर में आयोजित होने वाले आजाद समाज सेवा समिति द्वारा अमर शहीद खुदीराम बोस की पूण्य स्मृति में संस्था का 29वां वार्षिकोत्सव 8 दिसंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत समाचार के प्रधान संपादक बृजेश मिश्रा, अध्यक्षता डॉक्टर संदीप पांडे रेमन मैग्सेसे से पुरस्कृत एवं कार्यक्रम का संचालन पूर्व की भांति संस्था संस्थापक राज्यसभा सांसद संजय सिंह द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अंतिम तैयारी बैठक नगर की एक मैरिज लाइन में संस्था के अध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए संस्था पदाधिकारीगण शराफत खान, श्याम नारायण पांडे, बबलू सिंह प्रधान, ओमप्रकाश गौड़, जीडी पांडे, डॉ आशीष द्विवेदी, दिलीप सिंह, गिरीश तिवारी, बबलू मयंक पांडे, रविंद्र तिवारी, शैलेश वर्मा, मोहम्मद अहमद, मकसूद अंसारी, अजय सिंह, व रियासत अली को जिम्मेदारी दी गई। अन्य संस्था पदाधिकारी गण कार्यक्रम सफल करने हेतु इनका सहयोग करेंगे, तथा समस्त पदाधिकारी द्वारा निर्णय लिया गया कि संस्था के मीडिया प्रभारी के रूप में सर्वेश सिंह के साथ साथ रवि दूबे को भी जिम्मेदारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से संस्था संरक्षक माशूक अली, रविंद्र बहादुरसिंह, विंध्या यादव, मोईद खान, मुसीद अहमद, रियासत अली, विद्या प्रकाश शुक्ला, आलोक निषाद, विनोद रावत, मसूद अहमद बीडीसी, वैभव श्रीवास्तव, चंद्रिका प्रसाद यादव शिव नायक वर्मा, मोहम्मद यूनुस, दिनेश यादव, शिव शंकर सिंह एडवोकेट, अनिल सिंह एडवोकेट, इदरीश घोषी, हंसराज यादव, अशोक तिवारी, सुमित यादव सोनू, आदि समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# सप्ताह पूर्व मिले लावारिस व्यक्ति की सेवा व देखभाल कर रही है समिति

**सुल्तानपुर।** आजाद समाज सेवा समिति की कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान को नगर के पंच रस्ता के पास 24 नवंबर एक दोनों आंख का अंधा लावारिस गंदगी की अवस्था में मिला। तब से लगातार संस्था पदाधिकारी दिलीप सिंह, अजय सिंह, यो शराफत खान सहित दो छोटे बच्चे बच्चे मोहम्मद हुसैन व बेटी हलीमा फिर्दोष द्वारा नहलाना धुलाना भोजन आदि की ब्यवस्था जा रही है। संस्था को मिली लावारिस व्यक्ति की पहचान रायबरेली जनपद के सलोन तहसील निवासी के रूप में हुई है। संस्था द्वारा लावारिस व्यक्ति घर पर कई बार संपर्क किया गया लेकिन परिजन उसको लेने को तैयार नहीं है। परन्तु ग्राम सभा प्रधान बंधन का पूरवा, सलोनी, तुलसीराम द्वारा अपनी सुपुर्द की में लेने को तैयार हैं।



जिसके लिए संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा बबलू सिंह प्रधान, शराफत खान, अजय सिंह, दिलीप सिंह, शैलेश वर्मा, मोईद खान, व बिन्ध्या प्रसाद यादव को जिम्मेदारी दी गई की लावारिस व्यक्ति को उसके गृह जनपद रायबरेली के सलोंन बंधन का पुरवा ग्राम प्रधान को सौंपकर उसकी प्राप्ति रसीद प्राप्त करने की जिम्मेदारी दी है।

# विद्याज्ञान परीक्षा में 742 हुए शामिल, 990 में छोड़ी परीक्षा

## जिले के तीन केंद्र पर आयोजित हुई विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा





**बलरामपुर।** रविवार को राज्य सरकार की सहयोगी संस्था शिव नाडर फाऊंडेशन के तत्वाधान में विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा 2025 का आयोजन जिले के तीन केंद्रों पर किया गया। परीक्षा में कुल 1754 परीक्षार्थी के सापेक्ष 742 में परीक्षा दी है। 990 छात्र अनुपस्थित रहे।

विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा 2025 जिले के तीन केंद्र आयोजित हुई इनमें मुख्य रूप से एम पी पी इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में 336 के सापेक्ष 184 उपस्थित रहे हैं ।वहीं द्वितीय पाली में 320 में 150 उपस्थित रहें है। भगवती आदर्श इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में 210 में 73 उपस्थित रहे हैं। द्वितीय पाली में 202 में 79 में परीक्षा दी है इसी क्रम में डीएवी इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में 342 के सापेक्ष 116 ने परीक्षा दी है वित्तीय पाली में 344 में 139 उपस्थित रहे हैं बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला की निगरानी में तीन केंद्र पर परीक्षा आयोजित परीक्षा दो पाली में आयोजित हुई । कल 1754 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे हैं इनमें 742 में परीक्षा भी है 990 में परीक्षा छोड़ दी है परीक्षा केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक घनश्याम वर्मा विनय चौधरी रमेश कुमार स्वामीनाथ शमशेर बहादुर को दोनों पाली की परीक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। तीनों केंद्र पर शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई है केंद्र व्यवस्थापक विद्यालयों के प्रधानाचार्य रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के पटल सहायक दिले राम ने बताया कि तीनों केंद्र पर प्रधानाचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारियों की निगरानी में दो पाली में परीक्षा आयोजित हुई है। परीक्षा में सफल होने के बाद परीक्षार्थी को छठवीं कक्षा में सामाजिक संस्था शिव नाडर के विद्याज्ञान स्कूल में इंटर तक आवासीय शिक्षा का अवसर मिलेगा।

# प्रिंसिपल के निजी सहयोग से गर्ल्स कॉलेज में बना सृजनकक्ष

**बलरामपुर।** शनिवार को बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रिंसिपल रेखा देवी के सहयोग से निर्मित सृजन कक्ष का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं प्रबंधक सहित जिला विद्यालय निरीक्षक बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्मित सृजन कक्ष का फीता काटकर अतिथियों ने उद्घाटन किया है जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने कहा कि जिले के लिए बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज प्रिंसिपल ने नजीर पेश की है अपने निजी सहयोग से बेटियों की शिक्षा के लिए सृजन कक्ष का निर्माण कराया है उनके इस कार्य से अन्य शिक्षक एवं प्रधानाचार्य को सीख लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि इस कक्ष के निर्माण से भविष्य में छात्राओं को बैठकर तालीम हासिल करने का अवसर मिलेगा ।

# सुल्तानपुर का सितारा राजधानी में चमका

**सुलतानपुर।** यातयात के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए लखनऊ के एक निजी होटल में गाना मिश्र के पुरवा निवासी कटका खानपुर के सौरभ मिश्र विनम्र को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। वहीं कार्यक्रम के दूसरे सत्र का संबोधन केन्द्रीय सड़क परिवहन और राज्य मंत्री नितिन गडकरी ने किया। सौरभ मिश्र अध्यक्ष कटका क्लब सामाजिक संस्था एवं इनकी टीम ने यातायात के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र को उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने सजग नागरिक सम्मान से सम्मानित किया । बीते दिनों सौरभ मिश्र विनम्र के द्वारा जनपद में बड़े पैमाने पर 'एंबुलेंस को रास्ता दें' अभियान और बेसहारा पशुओं को रेडियम बेल्ट लगवाने का कार्य किया था। वहीं दूसरे तरफ सौरभ मिश्र द्वारा क्षतिग्रस्त




हो चुके कटका- मांयग रोड और बगिया चौराहे से बिरसिंहपुर रोड के संबंध में अधिकारियों को अवगत कराने से लेकर गड्ढे को भरने का कार्य किया जा चुका है। जिसको लेकर सौरभ ने अखबारों की खूब सुर्खियां बटोरी थी। सौरभ मिश्र विनम्र कटका क्लब के अध्यक्ष पद पर हैं। यातयात के क्षेत्र में पूरे प्रदेश से केवल चार लोगों का सम्मान किया गया है। जिसमें सौरभ को भी सम्मानित किया गया। सौरभ अपनी इस अपार सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक शिक्षक एवं साहित्यकार सर्वेशकांत वर्मा को देते हैं। कटका क्लब के संरक्षक राज कुमार मिश्र को सौरभ ने अपना सहयोगी बताया।

इस समारोह में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी एवं अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश में जनपद सुलतानपुर का नाम रोशन करने वाले सौरभ को सजग नागरिक सम्मान मिलने पर जनपद में खुशी की लहर फैल गई । इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी अमरजीत मिश्र, कवयित्री कांति सिंह, शीतला प्रसाद पांडेय, उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ रवींद्र प्रकाश सिंह, सुधांशु तिवारी, नफीसा खातून, गुलफूल बेगम, मोनू यादव, नीरज शर्मा, सूरज विश्वास, रामरती इं.कालेज के प्रबंधक भूपेंद्र नाथ वर्मा, सुनीता श्रीवास्तव, ऋषभ देव शुक्ला,आदि जनपद वासियों ने सौरभ के सम्मानित होने पर बधाई दी है।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल में भी प्रतिभा दिखाना जरूरी- कैलाश नाथ

## मदरलैंड पब्लिक स्कूल में एनुअल गेम कंपटीशन 2024 कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बलरामपुर।** रविवार को फुलवरिया बाईपास के शंकरपुर में संचालित मदरलैंड पब्लिक स्कूल में एनुअल गेम कंपटीशन 2024 का आयोजन किया गया। कंपटीशन के तहत विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। ऑक्टोपस रेस में गौरव प्रजापति एवं साइकिल रेस में वैष्णवी वर्मा को स्वर्ण पदक के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम एवं तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ प्रांतीय संरक्षक राजकुमार जायसवाल रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया ।सदर विधायक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल जगत में भी आगे बढ़ना चाहिए ।खेल न केवल करियर का मार्गदर्शन करेगा , बल्कि शरीर को स्वस्थ एवं फिट भी रखेगा। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि बुनियादी स्तर पर बच्चों को खेल में आगे बढ़ाना निश्चित तौर पर उन्हें खेल के क्षेत्र में पूरी तरह से परिपक्व बनाना है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि कोई जरूरी नहीं कि बच्चा शिक्षा के क्षेत्र में ही आगे बढ़े, खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकता है।

इसलिए उसे खेल में प्रतिभा दिखाने का अवसर ऐसे ही कंपटीशन देते हैं। विद्यालय प्रबंधक मीरा कश्यप एवं प्रधानाचार्य अतुल गौरव की निगरानी में गेम कंपटीशन आयोजित हुआ ।इसमें मुख्य रूप से खो खो, कबड्डी साइकिल रेस, बैडमिंटन ,चेयर रेस ,ऑक्टोपस रेस आदि विभिन्न खेल में बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाई है। ऑक्टोपस रेस में गौरव प्रजापति को स्वर्ण पदक के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

वही साइकिल रेस में वैष्णवी वर्मा ,बैडमिंटन में आदित्य यादव को स्वर्ण पदक के साथ मेडल पहनाकर अतिथियों ने सम्मानित किया है ।इस अवसर पर जयप्रकाश मिश्रा,डॉक्टर पम्मी पांडेय, वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के जिलाध्यक्ष गंगाराम शर्मा, उपाध्यक्ष विजय पांडे , विजय चौहान सहित तमाम शिक्षक अभिभावक एवं स्थानीय बुद्धिजीवी मौजूद रहे हैं।

# कागजों में सड़क बना लाखों डकार गए जिम्मेदार

## जिला पंचायत निधि का बोर्ड लगा जनता की आँख में धूल झोंक रहा ठेकेदार

**सुल्तानपुर।** सड़क निर्माण के नाम पर खुलेआम घोटाला किया जा रहा है। कागजों में सड़क बना कर लाखों लाख सरकारी रुपयों का बंदर बांट कर अफसर और ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं, वहीं जनता दुश्वारियों की शिकार हो रही है। जनप्रतिनिधि भी अपनी हिस्सेदारी लेकर खुश हैं, जनता को मुश्किलें झेलनी पड़ें उनकी बला से। ऐसा ही ताजा मामला जिला पंचायत परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 37 में देखने को मिला है, जहां बिना सड़क निर्माण हुए बोर्ड लगा कर जनता को बेवकूफ बनाया गया है।



बात कर रहे हैं वार्ड नंबर 37 (भदैया ब्लॉक मुख्यालय के उत्तरी दिशा) की। कुछमुछ-छतौना मार्ग पर मलिकपुर गांव है। मलिकपुर गांव से इस्लामगंज गांव में स्थित मा मरी माता मंदिर तक करीब एक किलोमीटर का संपर्क मार्ग है। दशकों पहले जिला पंचायत सदस्य शायरा बानों के पति यार मोहम्मद उर्फ ननकू नेता ने जिला पंचायत निधि से पिच करवाया था। उक्त मार्ग वर्तमान में खस्ताहाल हो चुका है। बीते दिनों सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ तो लोगों को बेहतर मार्ग की उम्मीद जगी, लेकिन मार्ग का निर्माण भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ गया। महज 10-15 मीटर सड़क बनाई गई वह भी घटिया किस्म की। जो बनते ही उखड़ गयी है। कई दिनों तक लोग इस इंतजार में रहे कि शायद मजदूर छुट्टी पर चले गए हैं, इसलिए काम रोका गया। लेकिन सप्ताह भर पहले जब सड़क के पूरा निर्माण का बोर्ड लगाया गया तो फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया।

### 'अंजान बने रहे जिला पंचायत सदस्य'

वार्ड नंबर 37 की जनता ने आसिफ खान को जिला पंचायत सदस्य चुना है। नेता जी जब से जीत का स्वाद चखे हैं, वे मुड़ कर जनता की तरफ देखे तक नहीं। यही कारण कि उनके क्षेत्र में उनकी ही निधि से सड़क निर्माण में फर्जीवाड़ा हो गया और उन्हें भनक तक नहीं लगी। जबकि बोर्ड में उनके द्वारा लोकार्पण किया जाना दर्शाया गया है। सड़क निर्माण की जानकारी जब जिला पंचायत सदस्य आसिफ़ खान से की गयी तो पहले उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है। बोर्ड और सड़क की फोटो भेजने को कहा, जब पूरी जानकारी और फोटो उनके पास पहुंची तो उन्होंने तहकीकात शुरू किया। कुछ देर बाद फोन करके उन्होंने बताया कि, ठेकेदार से जानकारी मिली है कि सड़क बहुत जर्जर हो चुकी है। उसकी मरम्मत होने थी, लेकिन बजट केवल 1.95 लाख ही मिला था। कम बजट होने की वजह से पूरी सड़क नहीं बन पायी है। हालाँकि उन्होंने, फिर से प्रस्ताव भेजने की बात कहीं है।

# प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने बीमा धारक को 10 लाख की बीमा राशि देकर की आर्थिक मदद

**बलरामपुर।** क्षेत्रीय प्रबंधक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक एवं फ्यूचर जनरली लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से बीमा दिवंगत कमलेश कुमार तिवारी की पत्नी गायत्री देवी को 10 लाख का बीमा राशि चेक के माध्यम से दिया गया है। यह कार्यक्रम क्लेम निपटान प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की मणिपुर शाखा में दिवंगत कमलेश कुमार तिवारी की पत्नी गायत्री देवी को क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव एवं शाखा प्रबंधक नीतिश शर्मा के मौजूदगी में फ्यूचर जनरली लाइफ इंश्योरेंस के अखिलेश कुमार सिंह ने चेक देकर परिवार को आवश्यक वित्तीय सहायता दी है। शाखा प्रबंधक ने कहा कि फ्यूचर जनरली एवं प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने ग्राहकों की सेवा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए इस क्लेम का त्वरित निपटान किया है।

# पोस्टमार्टम, जेल, माघ मेला ड्यूटी व अन्य आवश्यक सेवा में भी हमारे डॉक्टर लगाए जाते है: डॉ.ओम प्रकाश

**सुल्तानपुर।** आए दिन स्वास्थ विभाग में डाक्टर, फर्मासिस्ट, दवाई व विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े होने से मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने सभी पीएचसी, सीएचसी के अधीक्षक व डाक्टरों की चूड़ी टाइट करना शुरु कर दिया है। सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि मेरे द्वारा जनपद की समस्त पीएचसी व सीएचसी के अधीक्षको को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यदि डाक्टर या अन्य स्टाफ समय से काम पर नही पहुंचता है, तो उसकी त्वरित सूचना मेरे कार्यालय में भेजिए। उन्होनें बताया कि एसीएमओ व उप मुख्य चिकित्साधिकारियों को औचक निरीक्षण के लिए कहा गया है, साथ ही सभी अधीक्षको को अपने-अपने अस्पताल का प्रातः निरीक्षण करने के पश्चात रिपोर्ट मुख्यालय प्रेषित करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि सभी सीएचसी पर रात्री पहर की इमर्जेंसी चलती है, इमर्जेंसी करने वाले डांक्टरों का दूसरे दिन रहता है। सीएमओ डां.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि मौजूदा समय में हमारे 15 डाक्टर पीजी कर रहे है, साथ ही डाक्टर व अन्य स्वास्थ्य कर्मी माघ मेले की ड्यूटी में भेजे गए है। दो डाक्टर पोस्टमार्टम में लगाए गए है, उसके बाद भी हमारी सभी पीएचसी व सीएचसी बगैर किसी शिकायत के चल रही है। सीएमओ डां.ओम प्रकाश चौधरी ने स्पष्ट रुप से कहा है कि यदि इसके बाद भी आम जनता को किसी प्रकार के ईलाज या डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा समस्या हो रही है,तो केंद्र अधीक्षक को अवगत कराए, या किसी भी कार्य दिवस में मुख्य चिकित्याधिकारी कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने कहाकि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मरीजों को शत-प्रतिशत पहुंचाना हमारा दायित्व है।

# तपस्वी सीएम योगी ने लहराया सनातन का परचम- अखाड़ा परिषद

## अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष बोले, मोदी-योगी ने बढ़ाया हिंदुत्व का मान

### देव सेनापति कार्तिकेय का अनुसरण करते हैं निरंजनी अखाड़ा के संत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** तपस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व में सनातन का ऐसा परचम लहराया है, जो आज तक किसी ने नहीं किया है। 2019 का कुम्भ दिव्य और भव्य था और सीएम योगी की अगुवाई में महाकुम्भ 2025 उससे भी ज्यादा दिव्य और भव्य होगा। ये बातें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हिंदुत्व का मान बढ़ाने वाला बताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को अलौकिक रूप देने में लगे हैं, जिसमें देश दुनिया के साधु संत भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में देशभर के शीर्ष महात्माओं का प्रयागराज में आगमन शुरू हो चुका है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी भी प्रयागराज पहुंचकर अखाड़ों की तैयारियों का जायजा ले

**➪महाकुम्भ में गुरु निरंजन देव की दी जाएगी दीक्षा, 5000 लोग एक साथ छकेंगे प्रसाद**

रहे हैं।उन्होंने कहा कि तपस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन का ऐसा परचम लहराया है कि देश विदेश की नजरें भारत पर आकर टिक गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन की परंपरा को बुलंद किया है। देश के ऐसे शीर्ष नेतृत्व ही दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महा आयोजन को साकार कर सकते हैं।

दिव्यता और भव्यता के लिहाज से इस बार का महाकुम्भ सबसे अलौकिक होने जा रहा है, जिसमें पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त होने जा रहे हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद



के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने निरंजनी अखाड़ा के माहात्म्य के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि निरंजनी अखाड़ा के संत देव सेनापति कार्तिकेय का अनुसरण करते हैं। इसके अलावा यहां दीक्षा लेने के बाद सभी को गुरु भाई बनाया जाता है। यहां किसी को अलग से नया गुरु बनाने की कोई परंपरा नहीं है। हम सबके गुरु निरंजन देव जी हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेंगे सनातन बोर्ड के गठन पर फैसला

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को महाकुम्भ में धर्म संसद का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश भर के प्रमुख साधु संत हिस्सा लेंगे। यहीं से सनातन बोर्ड के गठन का प्रस्ताव तैयार होगा। जिसे केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। हम चाहते हैं कि जो भी बोर्ड बने वह केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त हो। साथ ही हमारी कोशिश है कि इस बोर्ड में कोई भी त्रुटि नहीं होनी चाहिए। 26 जनवरी को संगम की रेती पर चारों पीठ के शंकराचार्य, 13 अखाड़ों के प्रमुख संतों और अन्य धर्माचार्यों को आमंत्रित किया जाएगा।

महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की ओर से वर्षों पूर्व तैयारी शुरू हो जाती है। इस बार के महाकुम्भ को लेकर 3 साल पहले से ही योजनाएं शुरू कर दी गई। यहां महाकुम्भ में भक्तों के प्रसाद के लिए करीब 3 साल पहले से ही जरूरी संसाधन जुटाए जाने लगे। जिसमें देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और स्वादिष्ट प्रसाद का इंतजाम किया गया है। जिसमें पांच पांच हजार लोग एक पंक्ति में बैठकर महाकुंभ के पवित्र प्रसाद का आनंद लेंगे।अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने बताया कि इस बार के महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए साधु संत भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र सुगंधित जड़ी बूटियों के हवन से महक उठेगा। यहां सभी सनातनी एकत्र होने जा रहे हैं। महाकुम्भ में दुनिया भर के संत महात्माओं का आगमन हो रहा है। जिसके लिए यज्ञ के माध्यम से संपूर्ण वायुमंडल को सुगंधित बनाए जाने की तैयारी है।

## महिला आयोग की सदस्या ने सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्यायें

### जिला कारागार नैनी, जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) एवं नारी निकेतन खुल्दाबाद का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महिला आयोग की सदस्या श्रीमती गीता विश्वकर्मा द्वारा आज रविवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला से संबंधित प्रकरण की जनसुनवाई की गयी। महिला जनसुनवाई में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित कुल 7 प्रकरण आए , माननीय सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को उक्त प्रकरणों को समय से निस्तारित कराये जाने के लिए कहा है और साथ ही साथ उन्होंने पुलिस अधिकारियों को महिलाओं से संबंधित मामलों में महिला पुलिसकर्मियों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने के लिए कहा है।जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, अवैध कब्जे से सम्बंधित शिकायतों सहित अन्य शिकायतें सुनवाई के लिए आयी। सदस्या ने कहा कि महिला आयोग का गठन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ही हुआ है। यदि किसी महिला को न्याय मिलने में कोई परेशानी आ रही है तो वे अपनी समस्या को लेकर महिला जनसुनवाई में जरूर आये।

जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की पूरी सहायता की जायेगी। उन्होंने कहा कि महिला जन सुनवाई में आने वाले शिकायती प्रकरणों के निस्तारण की मानिटरिंग सुनवाई के बाद नियमित रूप से आयोग के स्तर पर की जाती है इसलिए प्रकरणों को बेवजह लम्बित करने तथा पीड़ित महिलाओ को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्ट्रेट -3 सुदामा वर्मा, जिला प्रोवेशन अधिकारी सर्बजीत सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।तत्पश्चात सदस्या ने जिला कारागार नैनी में महिला बैरक, जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) में प्रसव वार्ड तथा महिला वार्ड एवं नारी निकेतन खुल्दाबाद का निरीक्षण कर महिलाओं से मुलाकात की एवं उनके उनसे बातचीत किया। उन्होंने वहां पर साफ सफाई एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पुलिस अधिकारियों ने किया रेलवे स्टेशनों का भ्रमण, दिए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन के दृष्टिगत आज पुलिस आयुक्त प्रयागराज, मण्डलायुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण, यातायात एवं मूवमेंट की सुदृढ़ एवं व्यवस्थित कार्ययोजना किये जाने हेतु विभिन्न रेलवे स्टेशनों का वाह्य मूवमेंट प्लान तैयार किये जाने के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों का भ्रमण किया गया।

श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों के सुगम आवागमन हेतु प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज संगम, प्रयाग स्टेशन, सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन व खुशरो बाग का भ्रमण व निरीक्षण किया गया। विभिन्न स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के मूवमेंट प्लान पर चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान महाकुंभ के दृष्टिगत चल रही तैयारियों की समीक्षा की गयी, होल्डिंग एरिया, पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, स्टेशन को आने एवं जाने वाले मार्गो का निरीक्षण कर व्यवस्था को और अधिक बेहतर किये जाने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गयी।

उक्त भ्रमण व निरीक्षण में अपर पुलिस आयुक्त, प्रयागराज, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे, मेलाधिकारी, जिलाधिकारी प्रयागराज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला, पुलिस उपायुक्त नगर यातायात, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात व अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

## लेखपाल संघ ने साथियों को दी विदाई, किया सम्मान



**प्रयागराज।** उ0प्र0 लेखपाल संघ प्रयागराज द्वारा लेखपालों को राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए 14 व 7 राजस्व निरीक्षक व लेखपाल सेवानिवृत्त होने पर संयुक्त विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन तहसील सदर में किया गया।

इसी क्रम में राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार पर पर प्रोन्नत हुये जगदेव चौरसिया का भी सम्मान लेखपाल संघ द्वारा किया गया। लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार सागर व जिलामंत्री अवनीश पाण्डेय ने बताया कि प्रयागराज में विभिन्न तहसीलों से 14 लेखपाल राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुये हैं। जिनका प्रोन्नत नियुक्ति जनपद प्रयागराज में जिलाधिकारी द्वारा की गयी है। जिलाध्यक्ष राजकुमार सागर ने बताया सेवानिवृत्त हुये लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक में क्रमशः राजेन्द्र शुक्ल, रमा निवास यादव, रामकुमार वर्मा, बब्बू प्रसाद, नूर मोहम्मद, भूपेन्द्र तिवारी व हर्ष श्रीवास्तव का विदाई समारोह किया गया। जिलामंत्री अवनीश पाण्डेय ने बताया कि राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुये साथियों में क्रमशः राम बहादुर, सूर्यकान्त शुक्ल, जगदीश प्रसाद पुष्पाकर, अनिल कुमार, सुभाष शुक्ल, अशरफ अली, रमाशंकर शुक्ल, प्रभात पाण्डेय, नवीन श्रीवास्तव, क्षेत्रेश पाण्डेय, ईश्वर चन्द्र, भगौती प्रसाद शुक्ल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।विदाई सम्मान समारोह में राज कुमार सागर, अवनीश पाण्डेय, विकास सिंह, राकेश चन्द्र यादव, राजकुमार पाण्डेय, मंसूर अली, रामलाल सिंह, विनोद कुमार, दुर्गा प्रसाद, गंगा प्रसाद आदि पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या में लेखपाल मौजूद रहे तथा साथ ही साथ प्रोन्नत हुये लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों व सेवानिवृत्त हुए लेखपालों की ढोल व बाजे के साथ विदाई की गयी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में संपन्न हुआ मिलनोत्सव कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**टेवां, कौशाम्बी।** जवाहर नवोदय विद्यालय टेवां कौशाम्बी में मिलनोत्सव कार्यक्रम रखा गया पुराने छात्र छात्राओं का विदाई समारोह एवं मिलन उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएस कौशाम्बी मौजूद रहे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने एवं उनको अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर नमन किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम करके मनोरंजन व हौसला अफ्जाई किया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय का भूमि पूजन कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्यालय मंझनपुर में समदा के अटल बिहारी वाजपई नगर में स्थित भूमि पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में विभाग सहसंचालक सीताराम, सह विभाग कारवाह सूबेदार, जिलासंचालक केदारनाथ, जिला सह संघसंचालक कृष्णा पांडे, जिला कारवां दिलीप, जिला प्रचार प्रमुख शशांक खरे जिला सह व्यवस्था प्रमुख सत्यनारायण, जिला शारीरिक प्रमुख शशि प्रकाश सह जिला सेवा प्रमुख दीपक नगर कारवां चंद्रप्रकाश समेत तमाम स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आर ए एफ के जवानों ने 35वां स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया

**फाफामऊ।** राष्ट की सेवा में सदैव तत्पर 101 आर.ए.एफ. वाहिनी द्वारा 35वाँ स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।इस शुभ अवसर पर मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 ने शहीद स्मारक पर शहीद पुलिस कार्मिकों द्वारा देश के लिए दी गई कुर्बानियों को याद किया एवं उनको श्रद्धांजली अर्पित की और क्वार्टर गार्ड में गार्ड के समक्ष सलामी ली, तथा सभी कार्मिको एवं उनके परिवारजनों को वाहिनी के 35वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी साथ ही गार्ड व जवानों को मिठाई वितरित की।

कमाण्डेन्ट महोदय ने वाहिनी के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया की इस वाहिनी ने कर्तव्य और समर्पण की सर्वोपरि मिसाल दी है, तत्पश्चात सभी कार्मिको से अपने कार्यो को पूर्ण दृढ़ता व ईमानदारी से



करने पर बल दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर वाहिनी में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें महोदय ने आगामी होने वाले महाकुम्भ मेले को पूर्ण शान्ति व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी से अवगत कराया। संध्या के समय सांस्कृतिक कार्यकम एवं बड़ा खाना का भी आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर हरिओम सागर, द्वि.कमा.अधि., डॉ. अशोक कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, टी.एन. सिंह, उप. कमा. अन्य अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

## स्वराबितन म्यूजिक सोसायटी ने किया मनोमय संध्या का आयोजन

**प्रयागराज।** स्वराबितन म्यूजिक सोसाइटी के सदस्यों और छात्रों ने आज ÷रवींद्रालय÷ (जगत तारन स्वर्ण जयंती परिसर) प्रयागराज में 30वां वार्षिक कार्यक्रम मनाया।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) विश्वरूप महेरा, प्रति कुलपति (प्रशासन) शुआट्स, प्रयागराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण किया और प्रयागराज की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में स्मारिका का विमोचन किया। सोसायटी के अध्यक्ष अरुण चट्टोपाध्याय ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इसके बाद वरिष्ठ छात्रों और स्वराबितन के सदस्यों द्वारा आरंभिक गीत प्रस्तुत किए गए, जिसका निर्देशन डॉ. राका मित्रा ने किया और नेतृत्व श्रीमती अर्चना दास ने किया। रवीन्द्र नृत्य का प्रदर्शन असम विश्वविद्यालय, सिलचर,



असम के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुजीत घोष द्वारा किया गया। सयोनी अहोनाओ ने रवीन्द्र नृत्य प्रस्तुत किया जिससे दर्शक उत्साहित हो गये। सुश्री सयोनी भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित स्वराबितन के छात्रों द्वारा भरतनाट्यम नृत्य और रवीन्द्र नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच सज्जा एवं तैयारी श्रीमती गोपा चटर्जी एवं सदाशिव पांडा द्वारा की गयी। कोलकाता से आए बंगाली बड़े और छोटे पर्दे के प्रसिद्ध गायक मनोमय भट्टाचार्य ने कोलकाता के संगीतकारों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में 350 से अधिक प्रतिष्ठित हस्तियां और दर्शक मौजूद थे और स्वराबितन को खूब तालियां मिलीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शर्मिला देब घोष और मलय घोष ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सोसायटी के महासचिव प्रोफेसर दीपक कुमार बोस ने दिया।

## विधायक ने किया स्वामी पैथोलॉजी का लोकार्पण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले के गोहरी में स्थित सुजीत कुमार सरोज द्वारा संचालित स्वामी पैथालॉजी सेंटर का उद्घाटन करते रानीगंज विधानसभा के विधायक एवं विधान सभा में समाजवादी पार्टी के उप सचेतक डा0 आर0 के0 वर्मा ने कहा कि बीमार व्यक्तियों को इससे काफी राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ इलाज की दशा में जांच जरूरी होती है और उसी के बाद इलाज किया जाता है। अब गंभीर मरीजों को जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और यह पैथोलॉजी काफी कारगर सिद्ध होगी।इसके उपरान्त सुजीत सरोज, पार्षद श्याम बाबू गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष जीतेन्द्र सरोज, दीप्तिमान कोचिंग के संचालक महेंद्र, मनोज कुमार माही, डा. मंजीत कुमार, मनोज इलाहाबादी, अनिल राज पासी, एड. रमेश सरोज एवं युवा साथियों द्वारा केक काटकर डा0 आर0 के0 वर्मा का जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर डॉ. विनोद कुमार, मोनू पटेल, अनुराग वर्मा सूरज वर्मा सूरज मिश्रा राजेश आदि उपस्थित रहे।

## आरोपः पति का जेठानी से अवैध संबंध, विरोध किया तो मारापीटा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के उतरांव गाँव में एक नव विवाहिता पत्नी ने पति को जेठानी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा तो नव विवाहिता की ससुराली जनों ने जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद नव विवाहिता को घर से मारपीट कर भगा दिया गया। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती का 27 अप्रैल 2024 को उतरांव गांव निवासी एक युवक से शादी हुई थी। नव विवाहिता का आरोप है कि उसके पति का उसकी जेठानी से अवैध संबंध है। 29 अप्रैल को वह दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़कर विरोध किया तो आरोप है कि पति और जेठानी के साथ सभी ससुरालीजनों ने मिलकर नव विवाहिता की जमकर पिटाई करने के बाद उसे घर से खदेड़ दिया गया। पीड़ित युवती यूपी 112 पुलिस को भी घटना से अवगत कराया। रविवार को युवती अपने भाई के साथ थाने पर पहुंचकर पति और जेठानी के कुकर्मो की तथा दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दिया है। विवाहिता ने बताया कि उसके पति और जेठानी की अवैध संबंधों के कारण उसकी हत्या भी हो सकती है।

## महिला का हमलावर भेजा गया जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव में शनिवार की सुबह जमीन के विवाद में एक वृद्ध के द्वारा महिला पर फावड़े से हमला कर दिया गया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मामले में कई लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की केस दर्ज कर फावड़े के साथ वृद्ध संत लाल यादव को पकड लिया गया। वही पुलिस ने आला कत्ल फावड़ा को बरामद कर जान लेवा हमले का आरोपी संतलाल यादव को रविवार को जेल भेज दिया गया। वहीं गंभीर रूप से फावड़े की मार से घायल महिला ममता यादव का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## प्रयागराज एयरपोर्ट पर फायर सेफ्टी टीम ने की मॉक ड्रिल

**प्रयागराज।** विमानन संरक्षा जागरूकता सप्ताह 2024 के तहत भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की फायर सेफ्टी टीम ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर अपनी अद्वितीय रेस्क्यू और फायर फाइटिंग क्षमताओं का प्रदर्शन किया। फायर सेफ्टी टीम ने मॉक ड्रिल आयोजित किया जिसमें आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान एक विमान दुर्घटना की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसमें आग लगने और यात्रियों के फंसे होने की स्थिति दर्शाई गई। फायर सेफ्टी टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस प्रदर्शन ने दर्शाया कि टीम किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। फायर सेफ्टी टीम के प्रमुख ने बताया कि इस तरह की मॉक ड्रिल्स नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में तैयारियां परखी जा सकें। कार्यक्रम में एयरपोर्ट प्रशासन, सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## बैठक में बीएसए ने विद्यालयों की विकास खंडवार की समीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला परियोजना कार्यालय में जिला समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निपुण भारत मिशन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, छौ परीक्षा की तैयारी, कंपोजिट ग्रांट को खर्च करने की प्रक्रिया व अपलोडिंग की स्थिति पर चर्चा की गई।निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सभी एकेडमिक मेंटर्स की नवंबर माह का सपोर्टिव सुपरविजन सौ प्रतिशत रहा। इसी प्रकार डीटीएफ का निरीक्षण 875 के सापेक्ष 886 किया गया। सभी खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी विद्यालयों में नैट परीक्षा में 98 उपस्थित को सराहा गया, साथ ही इसे आगे भी नियमित प्रयास कर उपस्थिति बढ़ाने पर समीक्षा की गई। एनए परीक्षा के संदर्भ में सभी विद्यालयों के कक्षा 3 एवं 6 के बच्चों का ओएमआर शीट पर अभ्यास के साथ कठिनाई स्तर वाले प्रश्नों का उपचारात्मक शिक्षण व अभ्यास कराने का कड़ाई से पालन करने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट में सभी आठों ब्लाक को 5 दिसंबर तक सम्पन्न कराई जाय इसकी तिथि तय हो गयी है। इसी प्रकार ऐतिहासिक भ्रमण के लिए सभी आठ ब्लॉक के 200 बच्चों को 10 दिसंबर को चित्रकूट जाने के लिए निश्चित किया गया। डी बीटी पेंडेंसी की समीक्षा भी की गयी। विद्या ज्ञान परीक्षा की तैयारी पर आवश्यक निर्देश दिये गये। आपरेशन कायाकल्प पर ब्लाक वाइज समीक्षा करते हुए प्रत्येक बिंदुओ पर समीक्षा की गयी। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, दोनों एस आर जी व पटल सहायक उपस्थित रहे।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक रणविजय सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित वांछित आरोपी नितिन पाल निवासी बंधवा रजभर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को छोगरियन का पुरवा मोड़ समदा के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है।

**वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पुलिस उप



निरीक्षक विमल कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा फौजदारी अपील सम्बन्धित वारण्टी आरोपी लखन निवासी गौरये थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 09 आरोपी गिरफ्तार**

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 04, थाना महेवाघाट से 02, थाना पिपरी से 02, थाना कोखराज से 01) कुल 09 आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## जूनियर इंजीनियर्स संगठन ने निजीकरण का किया विरोध

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन की जनपद इकाई ने ऊर्जा क्षेत्र में निजीकरण के किसी भी प्रकार के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। संगठन ने कहा है कि विभागीय सुधार कार्यक्रमों के माध्यम से ही समस्याओं का समाधान संभव है और निजीकरण की जरूरत नहीं है। संगठन के जनपद सचिव अभय कुमार यादव ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि विभाग के प्रदर्शन को सुधारने के लिए निजीकरण नहीं, बल्कि आंतरिक सुधार कार्यक्रमों को लागू किया जाना चाहिए।